The

BRAJAJIVAN PRACHYABHARATI GRANTHAMALA
86

# RUDRAYĀMALAṂ

## ( UTTARATANTRAṂ )

**PART ONE**

**( From 1 to 45 Paṭala )**

*WITH* **SARALĀ** *HINDI TRANSLATION*

*Edited & Translated*
*By*

**Dr. SUDHAKAR MALAVIYA**

*M. A., Ph. D. Sahityacharya*

Deptt. of Sanskrit : Arts Faculty,
Banaras Hindu University
Varanasi

**CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN**

**DELHI**

# सम्पादकीयम्

अथेदानीं सप्रश्रयं सामोदं च विद्वज्जनसमक्षं प्रस्तूयते हिन्दीव्याख्यासहितस्य रुद्रयामलस्य ( उत्तरतन्त्रस्य ) प्रथमादिपञ्चचत्वारिंशपटलात्मकः प्रथमो भागः।

आनन्दभैरवआनन्दभैरवीसंवादरूपात्मके नवतितमपटलात्मकेऽत्र रुद्रयामले प्रायः षट्सहस्रश्लोकमध्ये कुण्डलिनीयोगः प्रतिपादितः। प्रथमभागे मुख्यप्रतिपाद्य-विषयास्तु —

उपक्रमणिका, विविधसाधनानि, भावप्रशंसा, गुरुमहिमा स्वमहिमा च, पशुभावेन वीरभावसाधनम्, गुरुमहिमा गुरुकृत्यञ्च, चक्रस्वरूपं साधनञ्च, दीक्षाविधानं चक्रविन्यासश्च, शिवचक्रम्, विष्णुचक्रम्, वर्णक्रमेण राशयो नक्षत्राणि च, अङ्केन साधनायाः फलानि, ब्रह्मचक्रसाधनम्, उल्काचक्रसाधनम्, चतुश्चक्रस्वरूपम् सूक्ष्मचक्रस्वरूपम्, महाकथहचक्रस्वरूपम्, पशुभावः, कुलकुण्डलिनीदेव्याः स्तवनम् वीरभावो दिव्यभावश्च, भावमाहात्म्यम्, कुमारीपूजनविधिर्माहात्म्यञ्च, कुमार्यां जपहोमौ, कुमारीकवचमाहात्म्यम्, कुमारीसहस्रनामानि ( १—१० )।

दिव्यभावः, दिव्यभावे वीरभावः, भावप्रश्नार्थबोधः, आज्ञाप्रश्नार्थबोधः, अकाराद्यक्षरक्रमेण प्रश्नफलम् कलिकालोद्भवः, भरण्यादिपुष्यनक्षत्राणां राश्यधिपानां च फलानि, रव्यादिवारप्रश्नफलम्, श्लेषादिनक्षत्रप्रश्नफलम्, तत्तन्नक्षत्रदेवतानां प्रश्ने फलम्, योगिब्रह्मज्ञानिवैष्णवादिसिद्धानां प्रश्नोत्तराणि, सामवेदमधश्चक्रस्वरूपम्, शक्त्याचारसमन्वितमथर्ववेदलक्षणम्, वायवीसिद्धिः, वसिष्ठतपः प्रभावः, कामचक्र-स्वरूपम् प्रश्नचक्रस्वरूपम्, सिद्धमन्त्रस्वरूपम् ( ११—२० )।

वीरभावस्वरूपम्, षट्चक्रफलोदयः, ब्रह्ममार्गः आसनस्वरूपं तस्य भेदाश्च, नरासन-स्वरूपम्, शवासन-साधनम्, तत्त्वब्रह्म-स्वरूपम् ब्रह्मज्ञानमुखेन प्राणायामस्वरूपम्, प्राणायामे जपध्यानकरणम्, दिव्यवीरपशुक्रमेण कुण्डलीसाधनम्, कुलस्नानम्, कुलसन्ध्यादिकम्, कुलदर्शने दश पुष्पाणि होमसाधनानि च, प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-ध्यान-समाधि-स्वरूपम्, मन्त्रसिद्धेर्लक्षणम्, षट्चक्रभेदक्रिया-स्वरूपम्, षट्चक्रयोगाः, मूलपद्म-स्वरूपम् ( २१—३० )।

भेदिन्याः साधनम्, छेदिन्याः स्तवः, योगिनीस्तोत्रसारम्, कुण्डलिनीशक्तिस्वरूपम्, कुण्डलीकवचम्, पञ्चस्वर-महायोगः, अष्टाङ्गादि-धारणे पञ्चस्वरसिद्धौ पञ्चामरक्रियाविधानम्, विजयासेवनमन्त्राः महाकुल—

# Introduction

मध्ये वर्त्म समीरणद्वयमिथः संघट्टसंक्षोभजं
शब्दस्तोममतीत्य तेजसि तडित्कोटिप्रभाभासुरे ।
उद्यन्तीं समुपास्महे नवजवासिन्दूरसन्ध्यारुणां
सान्द्रानन्दसुधामयीं परशिवं प्राप्तां परां देवताम् ॥
गमनागमनेषु जाङ्घिकी सा तनुयाद्योगफलानि कुण्डली ।
मुदिता कुलकामधेनुरेषा भजतां काङ्क्षितकल्पवल्लरी ॥

*"We pray to the Parādevatā united with Śiva, whose substance is the pure nectar of bliss, red like unto vermilion, the young flower of the hibiscus, and the sunset sky; who, having cleft Her way through the mass of sound issuing from the clashing and the dashing of the two winds in the midst of Suṣumnā, rises to that brilliant Energy which glitters with the lustre of ten million lightnings. May She, Kuṇḍalinī, who quickly goes to and returns from Śiva, grant us the fruit of Yoga ! She being awakened is the Cow of Plenty to Kaulas and the Kalpa Creeper of all things desired for those who worship Her."*

**- Śāradātilaka Tantram 25.67-68.**

## Tantrika Literature

Tantrika literature has two main divisions : -

(i) Original works or Śāstra-proper and
(ii) Śāstric treatises.

The revealer of the first is Śiva. The second class is the work of human authors.

The tantras are usually presented in the form of dialogues between Śiva and Pārvatī, or put in the form of Bhairava and His Śakti Bhairavī. In the **Āgamas** it is Śiva who teaches the Devi and in the **Nigamas** the latter assumes the form of the **guru.**[1] Thus, it is Pārvatī, who in the Uḍḍīṣa

---

१. आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजामुखे ।
मतं हि वासुदेवस्य तस्मादागम उच्यते ॥ (स्वच्छन्दतन्त्रे)

Tantra instructs Śiva; and Bhairava, who in the **Śakti-Tantra** is the disciple of Bhairavī. In the present Text, RudraYāmal Ānanda Bhairava-is a disciple of Ānanda Bhairavī. In some cases Śiva reveals the Tāntrika doctrine to others, such as, Nārada, Kārtikeya and Bramha Bhairava. Original works on Tantra, according to the **Samayācāra**[1] are sixty four in number, together with eight works called **Yāmalas** and three called **Dāmaras**, besides numerous supplementary works which are designated Upa-tantras, including, according to the **Vārāhī Tantram**[2], those which were revealed by the Bauddhas. A Tantra, properly so called, is said to have, like the Purāṇas several distinctive features[3] called Lakṣaṇa, which indicate the usual subject matters of discourse. Few works on Tantras are, however, now found to conform completely to this ideal.

In Rudra-Yāmala, the main subject is **Kuṇḍalinī** Yoga, described in ninty Patalas. In Rudra-Yāmal the description of

---

1. The Tantrika Tradition is said to consist of three geographical divisions - 1. The Asvakrāntā, 2. the Rathakrāntā and the Viṣṇukrāntā. The Samayācāre gives us the works known to one division only. The total numbers would, therefore, come to 192 works which include several Yāmalas and Dāmaras.

२. बौद्धोक्तमुपतन्त्राणि कापिलोक्तानि यानि च ।

३. सर्गश्च प्रतिसर्गश्च मन्त्रनिर्णय एव च ।
देवतानाञ्च संस्थानं तीर्थानाञ्चैव वर्णनम् ॥ १ ॥
तथैवाश्रमधर्मश्च विप्रसंस्थानमेव च ।
संस्थानाञ्चैव भूतानां यन्त्राणाञ्चैव निर्णयः ॥ २ ॥
उत्पत्तिर्विबुधानाञ्च तरूणां कल्पसंज्ञितम् ।
संस्थानं ज्योतिषाञ्चैव पुराणाख्यानमेव च ॥ ३ ॥
कोषस्य कथनञ्चैव व्रतानां परिभाषणम् ।
शौचाशौचस्य चाख्यानं नरकाणाञ्च वर्णनम् ॥ ४ ॥
हरचक्रस्य चाख्यानं स्त्रीपुंसोश्चैव लक्षणम् ।
राजधर्मो दानधर्मो युगधर्मस्तथैव च ॥ ५ ॥
व्यवहारः कथ्यते च तथा चाध्यात्मवर्णनम् ।
इत्यादि लक्षणैर्युक्तं तन्त्रमित्यभिधीयते ॥ ६ ॥

— महाविश्वेश्वरतन्त्रम्

Tīrthas for the Yogis, method of Japa for the Yogis, and Adhyātmajñana, the method of piercing the Six Cakras, the form of meditation of Devi for the Vīra-Sādhakas. subtle Sādhanās of the Yogis, Kaulika Sandhyā, Kaulika Tarpaṇa, Mānas Pūjā, Mānas Homa, Worship with Pañca-Makāra the five M's i.e. 1. Madya, 2. Māṁas, 3. Matsya, 4. Mudrā and 5. Maithuna and glory of the Pañca-Ṃakāra worship, the characteristics of Prāṇāyāma, Pratyāhāra, glory of Bhāva, Dhāraṇā, Dhyāna and Samādhī, the aims of Dhyāna, the characteristics of the Mantra-Sīddhī, Bhairavī and Bhairavī-worship and the Kandavāsinī Stotra, the method for piercing the Mūlalotus, Dākinī, Sādhānā and Dākinī Stotra. [21-30]

The Bhedinī Sādhanā, Bhedinī Stotra, Chedinī Sādhanā and the Yoginī Stotra, the Dhyāna of Kandavāsinī and Her Stotra, the Kandavāsinī Kavaca, the Yogās of the Five Svaras, Vijayā Mantras, Netī-Yoga and Dantī-Yoga, the Dhauti-Yoga and Nevali-Yoga, the one thousand and eight names of Kuṇḍalinī, the Sādhanā of Śrī Krīṣṇa in the Svāḍhisṭhāna, the Mantras of Śrī Kṛīṣṇa, Narasimha, variants of Kṛīṣṇa Mantras, Dhyāna and worship of Śrī Kṛīṣṇa, the Śrī Kṛīṣṇa Stotra, the importance of determination in the Yoga Sādhanā. [31-40]

The Rākiṇī Stotra, the Sādhanā of Rākiṇī and Her Mantrās, Śrī Kṛīṣṇa-Rākiṇī Sahasranāma, the mysteries of the Yoga, the mysteries of the Six Cakras, the method of piercing the Maṇipūra Cakra and the Stotra of Lākinī Śaktī. the time etc. of the Yogīc acts and the Sādhanā of the Maṇipūra Cakra. [41-45]

In ch. 17 besides Kuṇḍalinī Yoga, there is also a detailed description of Buddha-Vasiṣṭha Legend which is related to the worship of Tārā (one of the ten Mahāvidyās). This Legend is described also in Brahma Yāmala.[1] According to these authorities, the worship of Tārā appears to have been introduced by Vasiṣṭha from the country of Mahācīna, situated by the side of the Himālayan mountains. This

1. Few relevant text of Brahma Yāmala edited in our Hindī **introduction.** ***p 94.***

tradition is also inconsonance in the Samayācāra Tantraṁ that Tārā belongs to the Uttarāmnāya.

Besides being very useful for the Tāntrika practitioners ( Sādhakas ) the Legend has great research value, because it traces the common origin of the Indian Tantrika cult and the Buddhist Tantrika cult.

**The Buddha-Vasiṣṭha - Legend**

The great sage Vasiṣṭha, son of Brahmā practised the most severe austerities for a long time meditating upon a *Mantra* received from his father. He practised Yoga as it was then taught by the orthodox teachers, who enjoined self-denials of all sorts upon their disciples. Vasiṣṭha discovered that he derived no benefit from the practices, and so he again prayed his father for another *Mantra*. He was, however, advised to continue with his *Mantra* for a further period and to follow the *Yogamārga* for the worship of the Devī called Buddheśvarī, according to a *śākhā* of the **Atharvaveda**.

Vasiṣṭha now repractised on the sea-shore according to the Rudra-Yāmala, or to the Kāmākhyā hills ( near Gauhātī in Assām ) according to the Brahma Yāmala, and once again applied himself to the strict observance of the orthodox methods of *Yoga*.

As he did so for a long time without any result, he cursed the Devī in a fit of anger. Devī, thereupon condescended before him and said that he had adopted an altogether wrong path. Her worship, said Devī, was unknown to the Vedas, it was known only in the country of Mahācīna, a country of Buddhistic practices, and Vasiṣṭha would gain his object, if he received instructions from Viṣṇu, now residing there, in his incarnation as Buddha. So Vasiṣṭha practised Mahācīna. But here he was amazed to find that Buddha was drinking wine in the company of women. His doubts were soon dispelled by Buddha, who ultimately initiated him into the mysteries, and told him to acquire a perfect unperturbed state of mind, which alone could be called a state of perfect purity.

This work has been in hand for six years, but because of the difficulties of the subject and those created by the ill health its publication has been delayed. I wished to include some other plates of original paintings and drawings on the subject, but above mentioned problems did not allow to include them. Therefore, I have thought it better to publish the book as it stands rather than risk further delay.

**- Sudhakar Malaviya**

*Gurūpurnimā,* July 28, 1999
Deptt. of Sanskrit, Arts Faculty
Banaras Hindu University
Varanasi - 221005

# दो शब्द

तन्त्रशास्त्र में शक्ति उपासना कुण्डलिनी जागरण के नाम से प्रसिद्ध है । इसमें शिव-शक्ति का अद्भुत सामरस्य होता है । कुण्डलिनी को ही महाशक्ति माना गया है । यह जाग्रत् होने पर ऋतम्भरा-शक्ति या दिव्य-ज्ञान को प्रकट कर देती है । उसकी दिव्य क्रीड़ा साधक को दिव्य-ज्ञान से सम्पन्न कर देती है और लोकोत्तर दिव्य आनन्द प्रदान करती है । कुण्डलिनी की सात्त्विक उपासना-विधि रुद्रयामलतन्त्र में वर्णित है । पशुभाव, वीरभाव और दिव्य भाव इस विधि के सोपान हैं । कुण्डलिनी-सहस्रनाम, कुमारी-सहस्रनाम, स्तोत्र, कवच आदि के पाठ से साधक देवताओं के समान बन जाता है । वस्तुत: सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की चिच्छक्ति को 'शक्ति' के नाम से अभिहित किया गया है । इनको काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी आदि दश महाविद्या के रूपों में उपासना की जाती है । शक्ति की उपासना कई प्रकार से होती है । इनमें अहिंसात्मक पद्धति, जिसमें किसी तामसी या अपवित्र वस्तुओं का प्रयोग नहीं होता, सर्वोत्तम साधना है । इसी पद्धति से काली, तारा, त्रिपुरा आदि की उपासना भी विशेष फलवती होती है । यह अहिंसात्मक पद्धति 'समयाचार' के नाम से प्रसिद्ध है । रुद्रयामलतन्त्र में इन सभी का विवेचन आनन्दभैरव एवं आनन्दभैरवी के संवाद के बीच हुआ है ।

प्रस्तुत रुद्रयामल तन्त्र मूल एवं उसकी आनुपूर्वी हिन्दी व्याख्या के साथ मुद्रित है । प्रारम्भ में एक विस्तृत भूमिका एवं विषयानुक्रमणिका दी गयी है । ग्रन्थ के अन्त में एक पारिभाषिक कोष और श्लोकानुक्रमणिका भी प्रस्तुत की गयी है । इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या करना अत्यन्त दुरूह कार्य है । जितना शिवशक्ति के अनुग्रह से मुझे अवगत हुआ वह आज विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत है । यद्यपि मूल को संशोधित करने का प्रयास मैंने अन्य उद्धृतियों से मिलाकर किया है किन्तु यह आमूलचूल शुद्ध ही हो यह मैं नहीं समझता । यथासम्भव मन्त्रमहोदधि, मन्त्रमहार्णव, शाक्तप्रमोद आदि तन्त्रग्रन्थों से इसके मूल को शुद्ध करने का प्रयास किया गया है, फिर भी कोई सर्वज्ञ नहीं है, त्रुटि सम्भावित ही है । हिन्दी व्याख्या मात्र एक प्रयास है, बहुत से अंश एवं बीज मेरे समझ से परे रहे हैं जिन्हें मैंने वहीं पर प्रश्नवाचक चिन्ह ( ? ) द्वारा इंगित किया है जिसे आगे के गवेषकों को शुद्ध करना है । यद्यपि विमर्श में यथासम्भव मन्त्रोद्धार किया गया है किन्तु उन पर पूर्ण आधारित नहीं होना चाहिए ।

बिना गुरु के मन्त्रदीक्षा लिए इनका प्रयोग नहीं करना चाहिए । इनमें आयी हुयी साधनाओं को यदि बिना गुरु के सम्पादित किया जाय तो वे उसी प्रकार फल नहीं देतीं एवं नुकसान करती है जिस प्रकार एक बिना पूर्ण ज्ञान के हाथी पर अंकुश रखने वाला महावत

चोट खा जाता है । **अत: साधकों से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि वे बिना सक्षम गुरु के इन क्रियाओं को कदापि सम्पादित न करें ।**

तन्त्र सम्प्रदाय के इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या एवं सम्पादन करके मैं अपने आपको अत्यन्त भाग्यशाली मानता हूँ क्योंकि शिव एवं शक्ति तत्त्व के मनन एवं संयोजन में समय का सदुपयोग हुआ । इस ग्रन्थ में जो कुछ भी मेरी गति हो सकी है या मैं इसे समझ सका हूँ उसमें मेरे पूज्य गुरुवर पं० हीरामणि मिश्र का ही कृपा प्रसाद है । तन्त्र साहित्य में मुझे गति प्रदान करने वाले उन गुरुवर्य के चरणों में मेरा शतश: प्रणाम है ।

प्रस्तुत रुद्रयामल के संस्करण को सम्पादित करने के लिए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित रुद्रयामल एवं जीवानन्द द्वारा प्रकाशित रुद्रयामल को आधार ग्रन्थ के रूप में स्वीकार किया गया है । इसके लिए लेखक उनके सम्पादकों का अत्यन्त आभारी है । ज्यौतिष सम्बन्धी प्रश्नों के समाधान पं० हीरालाल मिश्र, प्राध्यापक, ज्यौतिष विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और डॉ० सत्येन्द्र मिश्र, पञ्चाङ्ग विभाग से प्राप्त हुए जिसके लिए मैं इन दोनों विद्वानों का आभारी हूँ । मूल के अनेक भ्रामक स्थलों को मैंने अपने मित्र डा० महेशचन्द्र जोशी, पुराण विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, से विचार विमर्श करके शुद्ध किया है जिसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ ।

तन्त्र शास्त्र का यह अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ जो इस रूप में आज विद्वानों के समक्ष आ सका है उसके लिए मैं चौखम्बा प्रतिष्ठान के संचालक श्री वल्लभदास गुप्त का हृदय से आभारी हूँ । वे ही मेरे प्रेरणास्रोत हैं । इनके अनवरत आग्रह के कारण ही आज यह ग्रन्थ पूर्णता को प्राप्त हुआ है । मेरे चिरञ्जीव श्रीरामरञ्जन एवं श्रीचित्तरञ्जन ने कम्प्यूटर द्वारा ग्रन्थ के सम्पादन में मेरी अत्यन्त सहायता की है । भगवान् शंकर एवं भगवती जगदम्बा पार्वती इनका अभ्युदय करें । अन्तत: शिव एवं शक्ति से करबद्ध प्रार्थना है कि इस ग्रन्थ से मानव मात्र का अजस्र कल्याण हो ।

**पुस्तकाभिकरां वामे दक्षेऽक्षवरधारिणीम् ।**
**शुक्लां त्रिनयनामाद्यां बालां श्रीत्रिपुरां श्रये ।।** इति ।।

**विद्वद्वशंवद:**
**सुधाकर मालवीय:**

**गुरुपूर्णिमा, २८ जुलाई, १९९९**
**बी. ३१ / २१ ए, लंका,**
**वाराणसी — २२१००५**

# भूमिका

योगरन्धितकर्माणो हृदि योगविभाविते ।
योगिनो यं प्रपश्यन्ति योगेशं तं नतोऽस्म्यहम् ।।

—श्रीमद्भाग० ८.३.२७

योग के द्वारा कर्म, कर्म वासना और कर्मफल को भस्म करके योगी जन योग से विशुद्ध अपने हृदय में जिन योगेश्वर भगवान् का दर्शन करते हैं । उन्हें मैं प्रणाम करता हूँ ।

ब्रह्म अर्थात् अन्तर्यामी में समस्त कर्मों को समर्पित करके निरपेक्ष भाव से भगवदर्थ कार्य करने वाला योगी पाप और पुण्य से वैसे ही लिप्त नहीं होता जैसे कमल की पंखुड़ीयाँ पानी पड़ने पर उससे लिप्त नहीं होतीं ।

पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभू-
स्तस्मात्पराङ् पश्यति नान्तरात्मन् ।
कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्ष-
दावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन् ।।

—कठोपनिषद् २.१.१

समस्त जन संसार में स्वभावतः बहिर्मुख ही उत्पन्न होते हैं । उनमें कोई विरला योगी ही अमृतत्व की कामना से अन्तर्मुख होकर प्रत्यगात्मा को देखता है ।

ओंकार का जप और तेज का ध्यान ही शब्दब्रह्म की उपासना है । इस लोक में दो प्रकार के शब्द सुने जाते हैं, एक नित्य तथा दूसरा कार्यरूप अनित्य । जो शब्द सुना जाता है या उच्चरित होता है, वह लोक व्यवहार के लिए प्रवृत्त वैखरी रूप कार्यात्मक अनित्य है । पश्यन्ती रूप शब्द ब्रह्मात्मक बिम्ब के ही वर्ण ( मातृकाएँ ), पद और वाक्य प्रतिबिम्ब हैं । पश्यन्ती रूप नित्य शब्दात्मा समस्त साध्य साधनात्मक पद और पदार्थ भेद रूप व्यवहार का उपादान कारण है । अकार ककारादि क्रम का वहाँ उपसंहार हो जाता है । अतः समस्त कर्मो का आश्रय, सुख-दुःख का अधिष्ठान, घट के भीतर रखे हुए दीपक के प्रकाश की भाँति भोगायतन शरीर मात्र का प्रकाशक 'शब्दब्रह्म' उच्चारण करने वाले जनों के हृदय में विद्यमान रहता है । योगी उसी शब्द तत्त्व स्वरूप महानात्मा के साथ ऐक्य लाभ करता हुआ वैकरण्य ( लय ) को प्राप्त करता है ।

नादयोग में साधक दक्षिणकर्ण में 'अनाहत नाद' को सुनता है । अभ्यास करने पर क्रमश: घण्टा-वादन, मेघ-गर्जन एवं तालवादन आदि दस प्रकार के नाद सुनायी पड़ते हैं । अन्तिम नाद ओंकार है, उसी में मन का लय करना चाहिए । तभी स्वरूपस्थिति प्राप्त होती है । ऐसा ही नादबिन्दूपनिषद् में कहा भी है—

सिद्धासने स्थितो योगी मुद्रां सन्धाय वैष्णवीम् ।
शृणुयाद् दक्षिणे कर्णे नादमन्तर्गतं सदा ।।

हठयोगप्रदीपिका ( ४. २९, ८३. ५९ ) में कहा गया है कि—

इन्द्रियाणां मनोनाथो मनोनाथस्तु मारुत: ।
मारुतस्य लयो नाथ: स लयो नादमाश्रित: ।।
अभ्यस्यमानो नादोऽयं ब्राह्ममावृणुते ध्वनिम् ।
पश्चाद् विक्षेपमखिलं जित्वा योगी सुखी भवेत् ।।
कर्पूरमनले यद्वत् सैन्धवं सलिले यथा ।
तथा संधीयमानं च मनस्तत्त्वे विलीयते ।।

यह लय योग ही कुण्डलिनी योग के नाम से प्रसिद्ध है—

लयक्रिया साधनेन सुप्ता सा कुलकुण्डली ।
प्रबुद्ध्य तस्मिन् पुरुषे लीयते नात्र संशय: ।।
शिवत्वमाप्नोति तया सहृदयस्य साधक: ।

यह कुण्डलिनी योग इस प्रकार से जाना जाता है—शरीर में मेरुदण्ड के नीचे 'मूलाधार' के नाम से प्रसिद्ध एक कन्द है । बहत्तर हजार नाड़ियाँ उससे निकलकर सम्पूर्ण देह में व्याप्त रहती हैं । उनमें इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना नामक तीन नाड़ियाँ मुख्य हैं । मेरुदण्ड के वामभाग में चन्द्ररूपिणी इडा का, दक्षिण भाग में सूर्यरूपिणी पिङ्गला का और मध्य छिद्र में सुषुम्ना का मार्ग है । भ्रूमध्य में संगम प्राप्त करके ये नाड़ियाँ सिर में ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्त जाती हैं । मूलाधार में महाशक्ति कुलकुण्डलिनी सोती रहती है । ध्यान और जप आदि से उसे जगाकर सहस्रार चक्र ( मस्तिष्क ) में विराजमान परमेश्वर में लीन करना ही लय योग या कुण्डलिनी योग है । सम्पूर्ण रुद्रयामल के ९० अध्यायों में इन्हीं महाशक्ति कुलकुण्डलिनी के जागरण की प्रक्रिया का साङ्गोपाङ्ग दिग्दर्शन परिलक्षित होता है ।

**रुद्रयामलतन्त्र एवं योग**—प्रस्तुत रुद्रयामल प्राय: ६ हजार श्लोकों में उपनिबद्ध है । इस तन्त्र की मुख्य विषयवस्तु महाशक्ति कुलकुण्डलिनी के जागरण से सम्बन्धित है । इस योग की सिद्धि के लिए साधक ( योगी ) के जीवन में **यम** एवं **नियम** का अनुष्ठान परमावश्यक है । साथ ही साथ **आसन** सिद्ध करना भी आवश्यक है । कुछ कुछ मात्रा में **प्राणायाम** के अभ्यास से प्राणों ( श्वासों ) की गति में समत्व लाना भी नितान्त आवश्यक है । जिसका **आहार** विकृत होता है, उसके प्राण ( श्वसन

तन्त्र आदि ) भी विकृत एवं कुपित हो जाते हैं । जिनके प्राण विकृत या कुपित होते हैं उनका मन कभी एकाग्र नहीं होता । अतः प्राणों की स्थिरता एवं समत्व के लिए आहार की शुद्धि परमावश्यक होती है । योग के इन्हीं अङ्गों की प्रयोग पद्धति का वर्णन रुद्रयामल में किया गया है । प्रयोग पद्धति में पूजा एवं अर्चना के लिए ८ सहस्रनाम अनेक कवच एवं स्तुतियाँ हैं जिनमें कुलकुण्डलिनी की स्तुति मुख्य है ।

### आगमशास्त्र और रुद्रयामल

महामहोपाध्याय पंडित गोपीनाथ कविराज ने अपनी 'तन्त्र और आगम शास्त्रों का दिग्दर्शन' नामक पुस्तक में तत्त्व से प्रारम्भ करके साहित्य तक के शीर्षकों में जो बातें बतलाई हैं उनमें सुविधा की दृष्टि से हम पहले 'साहित्य' शीर्षक लेते हैं, जिसके अन्तर्गत उन्होंने दस शिवागम, अष्टादश रुद्रागम, चौंसठ भैरवागम, चौंसठ कुलमार्ग तन्त्र, समय मार्ग के शुभागम पंचक और नवयुग के चौंसठ तन्त्रों का उल्लेख किया है ।

आपने बतलाया है कि तांत्रिक साहित्य के इतिहास में **दस शिवागम** और **अष्टादश रुद्रागम** अष्टाविंश आगम के नाम से प्रसिद्ध हैं । पंडित कविराज ने वर्तमान समय में आगम साहित्य के प्रति लोगों का अयत्न और अनादर देखकर दुःख व्यक्त करते हुए बतलाया है कि भारतीय संस्कृति की चर्चा में वैदिक साहित्य की भाँति आगम साहित्य की चर्चा का भी एक विशिष्ट स्थान है । उसके जो भी वर्णन हमें प्राप्त हैं, वे कहीं लुप्त न हो जाएं ।

'किरणागम' के अनुसार परमेश्वर ने सबसे पहले दस शिवों को उत्पन्न करके उनमें से प्रत्येक को अपने अविभक्त महाज्ञान का एक-एक हिस्सा दिया । यह अविभक्त महाज्ञान ही पूर्ण शिवागम है । उन दस शिवों तथा उन्हें प्राप्त आगमों तथा उनके तीन श्रोताओं के नाम निम्नलिखित हैं: —

| | शिव | आगम | श्रोता १. | | श्रोता २. | | श्रोता ३. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १. | प्रणव | कामिकागम | प्रणव | — | त्रिकल | — | हर |
| २. | सुधा | योगजागम | सुधा | — | भस्मसंग | — | प्रभु |
| ३. | दीप्त | चिन्तागम | दीप्ताख्य | — | गोपति | — | अम्बिका |
| ४. | कारण | कारणागम | कारणाख्य | — | शर्व | — | प्रजापति |
| ५. | सुशिव | अजितागम | सुशिव | — | उमेश | — | अच्युत |
| ६. | ईश | सुदीप्तकागम | ईश | — | त्रिमूर्ति | — | हुताशन |
| ७. | सूक्ष्म | सूक्ष्म | सूक्ष्म | — | भव | — | प्रभंजन |
| ८. | काल | सहस्र | काल | — | भीम | — | राग |
| ९. | धनेश | सुप्रभेद ( मुकुटागम ) | धनेश | — | विश्वेश | — | शशि |
| १०. | अंशु | अंशुमान् | अंशु | — | अग्र | — | रवि |

इसी तरह अठारह रुद्र हैं, जिनके अठारह आगम हैं और उनके दो–दो श्रोता हैं । उन रुद्रागमों और उनके श्रोताओं के नाम निम्नलिखित है. –

| | रुद्र आगम | श्रोता १ | श्रोता २ |
|---|---|---|---|
| १. | विजय | अनादिरुद्र | परमेश्वर |
| २. | निःश्वास | दशार्ण | शैलसम्भवा |
| ३. | परमेश्वर | श्रीरूप | उशना |
| ४. | प्रोद्गीत | शूली | कच |
| ५. | मुखबिम्ब | प्रशान्त | दधीचि |
| ६. | सिद्धमत | बिन्दु | चण्डेश्वर |
| ७. | सन्तान | शिवलिंग | हंसवाहन |
| ८. | नारसिंह | सौम्य | नृसिंह |
| ९. | चन्द्रांशु (चन्द्रहास) | अनन्त | बृहस्पति |
| १०. | वीरभद्र | सर्वात्मा | वीरभद्र (महागण) |
| ११. | स्वायम्भुव | निधन | पद्मज (ब्रह्मा) |
| १२. | विरज | तेज | प्रजापति |
| १३. | कौरव्य | ब्रह्मेश | नन्दिकेश्वर |
| १४. | माकुट (मुकुट) | शिवाख्य या ईशान | महादेव, ध्वजाश्रय |
| १५. | किरण | देवपिता | संवर्तक |
| १६. | ललित | आलय | रुद्रभैरव |
| १७. | आग्नेय | व्योमशिव | हुताशन |
| १८. | – (?) | शिव | – (?) |

मुकुटतन्त्र में रुद्र-भेद विविध हैं । यद्यपि अठारहवें रुद्र और उनके एक श्रोता का नाम उपलब्ध नहीं होता फिर भी सिद्धान्त के अनुसार १८ × २ = ३६ रुद्रज्ञान हैं । शिव तथा रुद्र दोनों के सिद्धान्त ज्ञानों को मिलाकर ३० + ३६ = ६६ शिव-रुद्र ज्ञान विभक्त हैं ।

कामिकागम के अनुसार सदाशिव के पाँच मुख है—सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान । जिनके पाँच स्रोत हैं—लौकिक, वैदिक, आध्यात्मिक, अतिमार्ग और मन्त्र ।

सोम-सिद्धान्त के अनुसार उपर्युक्त पाँच स्रोतों वाले पाँच तन्त्र, पाँच-पाँच प्रकार के हैं । सिद्धान्तदीपिका एवं ''शतरत्न'' के अनुसार उपर्युक्त वर्णन है । उपर्युक्त विवरण को निम्नलिखित रूपरेखा में देखा जा सकता है :

सदाशिव

| उत्तर मुख | पश्चिम मुख | | दक्षिण मुख | ऊर्ध्व मुख |
|---|---|---|---|---|
| सद्योजातशिव | वामदेवशिव | अघोरशिव | तत्पुरुष | ईशान |
| कामिक | दीप्त | विजय | प्रोद्गीत | रौरव |
| योगज | सूक्ष्म | निःश्वास | ललित | — |
| चिन्त्य | सहस्र | स्वायंभुव | सिद्ध | मुकुट |
| कारण | अंशुमत | आग्नेय | सन्तान | — |
| अजित | सुप्रभेद | वीर | सर्वोक्त | विमलज्ञान |
| दस शिवागम हैं। ये सद्योजात और वाम शिव के मुख से निकले हैं। | | अष्टादश रुद्रागम हैं। अघोर, तत्पुरुष, ईशान मुख से निकले हैं। | परमेश्वर किरण वातुल | चंद्रकान्त बिम्ब |

कविराज जी ने नेपाल लाइब्रेरी में उपलब्ध ''निःश्वास-तत्त्व-संहिता'' नामक एक पोथी की चर्चा की है, जिसमें—१. लौकिक धर्मसूत्र, २. मूलसूत्र, ३. उत्तर सूत्र ( आदि सूत्र ), ४. नय सूत्र ( प्रथम सूत्र ), ५. गुह्य सूत्र इन पाँच सूत्रों या विभागों का उल्लेख किया है और बतलाया है कि आदि या उत्तर सूत्र में अठारह प्राचीन शिव-सूत्रों का उल्लेख है, जो वास्तव में उन नामों से प्रचलित आगम ही हैं। उनमें दस शिवतन्त्र है। 'कालिकागम' के अनुसार अठारह तन्त्र बतलाये गये हैं। इन्होंने ज्ञान-सम्बन्धी शुद्धमार्ग, अशुद्धमार्ग और मिश्रमार्ग, इन तीन मार्गों का उल्लेख किया है और पशु, माया आदि तत्वों के ज्ञान की अपेक्षा शिवप्रतिपादक ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ बतलाया है। सिद्धान्त-मत के अनुसार वेदादि-सम्बन्धी ज्ञान से सिद्धान्त ज्ञान को विशुद्ध और श्रेष्ठ बतलाया गया है। यह ज्ञान भी परापर भेद से भिन्न-भिन्न प्रकार का है।

'कामिकागम' और ''स्वायंभुव आगम'' के अनुसार परापर भेद का उल्लेख किया गया है। अधिकारी भेद से ज्ञान के भेद किये गये हैं। पतिप्रतिपादक ज्ञान को परज्ञान और पशुप्रतिपादक ज्ञान को अपरज्ञान कहा गया है। शिव प्रकाश ज्ञान को पर या श्रेष्ठ कहा गया है तथा पशु-पाश आदि अर्थ प्रकाशज्ञान को अपर-ज्ञान कहा गया है। यहाँ स्मरणीय है कि शिव-ज्ञान और रुद्रज्ञान को सिद्धान्त-ज्ञान कहते हैं। कविराज जी ने यह भी बतलाया है कि पाशुपतों में उपर्युक्त अठारह रौद्रागमों की प्रामाणिकता मानी जाती है क्योंकि उन ( रौद्रागमों ) में द्वैतदृष्टि से अद्वैतदृष्टि का मिश्रण है। परन्तु दस शिवागमों में अद्वैतदृष्टि को अंगीकृत वे नहीं मानते। अतः अभिनवगुप्त भी पाशुपतमत को सर्वथा हेय नहीं मानते। इस प्रकार से शिवागमों और रुद्रागमों की चर्चा करने के बाद चौसठ भैरवागमों का उल्लेख किया गया है।

### चौसठ भैरवागम

तन्त्रालोक के प्रसिद्ध टीकाकार जयरथ ने श्रीकंठ-संहिता के अनुसार चौसठ भैरवागम-अद्वैतागमों का उल्लेख किया है । वे निम्नलिखित आठ अष्टकों में विभक्त हैं—१. भैरवाष्टक, २. यामलाष्टक, ३. मताष्टक ४. मंगलाष्टक, ५. चक्राष्टक, ६. बहुरूपाष्टक, ७. वागीशाष्टक, और ८. शिखाष्टक (६४) ।

इन आठ अष्टकों में प्रथम और द्वितीय अष्टक के एक-एक तन्त्र का नाम नहीं मिलता । नवीं शताब्दी के आरम्भ में शिखाष्टक के वीणाशिवा, सम्मोह और शिरश्छेद नामक तन्त्र भारत से कम्बोज देश पहुँच गये थे । यहाँ यह भी बतलाया गया है कि एक चौथा तन्त्र भी जो 'नयोत्तर' नाम से प्रसिद्ध है जिसका उल्लेख प्रबोधचन्द्र बागची ने स्टडीज इन दि तन्त्राज, वाल्यूम १, पृष्ठ २ में किया है और उन्होंने बतलाया है, कि नेपाल में संरक्षित ''निःश्वास तत्त्व संहिता'' अठारह रौद्रागमों के अन्तर्गत 'निःश्वास तन्त्र'' का ही दूसरा नाम है । जिसके चार भाग हैं, उन सभी को मिलाकर 'नयोत्तर तन्त्र''[1] कहा जाता है ।

### चौसठ तन्त्र ( कुल मार्ग )

शंकराचार्य द्वारा लिखित आनन्दलहरी में चौसठ तन्त्रों की चर्चा की गई है । आनन्द लहरी के प्रसिद्ध टीकाकार लक्ष्मीधर ने ''चतुःषष्ट्या तन्त्रैः सकलमनुसन्धाय भुवनम्'', श्लोक संख्या—३१ का पाठ संशोधन करते हुए बतलाया है कि इस श्लोक में महामाया, शम्बर आदि चौसठ तन्त्रों के द्वारा सभी प्रपञ्चों की वञ्चना की बात की गयी है । इन तन्त्रों में से प्रत्येक में किसी न किसी सिद्धि का वर्णन किया गया है । अतः देवी के अनुरोध से भगवान् शंकर ने एक महत्त्वपूर्ण पुरुषार्थ साधक भगवती-तन्त्र का निर्माण किया ।[2] ''चतुःशती'', 'नित्याषोडशिकार्णव'' एवं भास्कर राय के सेतुबंध टीका में चौसठ तन्त्रों की विस्तृत व्याख्या है । लक्ष्मीधर की व्याख्या के अनुसार ये कुलमार्ग के चौसठ तन्त्र वैदिक मार्ग से पृथक् और जगत् के विनाशक हैं । पैंसठवें तन्त्र के विषय में कहा गया है कि भगवान् के मन्त्र-रहस्य शिव शक्ति दोनों के सम्मिश्रण से उभयात्मक है । चतुःशती में उल्लिखित चौसठ तन्त्रों का उल्लेख किया गया है, जिनमें बहुरूपाष्टक के भीतर आठ तन्त्रों में एक का नाम नहीं मिलता तथा अन्तिम सप्तक में सात की जगह आठ क्षपणक मत के तन्त्रों का उल्लेख किया गया है ।

इन सभी तन्त्रों में ऐहिक फलों पर विशेष ध्यान है पारमार्थिक पर नहीं । इसीलिए लक्ष्मीधर ने इन्हें अवैदिक कहा है । लेकिन उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया है कि करुणावरुणालय उस परमेश्वर ने इस प्रकार की ऐहिकता सिद्धि वाले शास्त्रों की

---

१. इस तन्त्र का कुछ अंश मुझे संपादित करने के लिए पाश्चात्य जगत् के मूर्धन्य विद्वान् मार्क डिच्कॉस्की ने दिया था जिसे सम्पादित करके मैंने उन्हें दे दिया है । सम्भवतः यह National Archive, New Delhi से शीघ्र ही छपने वाला है ।

२. चतुःषष्टितन्त्रार्णवाह्लादकत्वात् महाभौतिकत्वामातसिद्धिविद्या ।

— द्र० रुद्रयामल ४६.२२ ।

अवतारणा क्यों की ? और वहाँ उत्तर भी दिया है कि पशुपतिशिव ने सभी वर्णों के लिए तन्त्रों की रचना की । किन्तु प्रत्येक वर्ण का अधिकार सभी तन्त्रों के लिए नहीं है । ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य (षडशी) विशुद्ध चन्द्रकला विद्या के अधिकारी हैं । शूद्र लोग ही इन चौसठ तन्त्रों के अधिकारी हैं । ये आठ विशुद्ध चन्द्रकला विद्याएँ अवैदिक चन्द्रकला विज्ञान से भिन्न हैं । इनके नाम १. चन्द्रकला, २. ज्योत्स्नावती, ३. कुलार्णव, ४. कुलेश्वरी, ५. भुवनेश्वरी, ६. बार्हस्पत्य, ७. दुर्वासामत और ८. आठवीं का नाम नहीं दिया गया है । इन सभी तन्त्रों के त्रिवर्ण के साथ शूद्र भी अधिकारी हैं । पर त्रिवर्ण दक्षिणमार्गी और शूद्र वाम मार्गी होते हैं । पण्डित कविराज ने इस विद्या में कुल मार्ग और समय मार्ग का मिश्रण बतलाया है ।

### समय मार्ग या शुभागम पञ्चक

१. सनक, २. सनन्दन, ३. सनत्कुमार, ४. वसिष्ठ और ५. शुक-संहिताओं को शुभागम पञ्चक कहा जाता है । यह वैदिक मार्ग है । यह समयाचार के आधार पर अवलम्बित है । लक्ष्मीधर के अनुसार स्वयं शंकराचार्य इस समयाचार का अनुगमन करते थे । शुभागम पंचक में मूल विद्या के अन्तर्गत षोडश विद्याएँ स्वीकृत हैं और चौसठ विद्याओं की चन्द्रज्ञानविद्या के अन्तर्गत सोलह नित्याओं की प्रधानता मान्य है । इसीलिए यह मार्ग कौल मार्ग कहा जाता है । ऊपर जिस एक पृथक् पैंसठवें तन्त्र की बात की गई है, भास्कर राय के अनुसार यह सम्भवतः "वामकेश्वर तन्त्र" है, जिसके भीतर ही नित्याषोडशिकार्णव आ जाता है । "सौंदर्यलहरी" के टीकाकार गौरीकान्त के अनुसार यह पैंसठवाँ तन्त्र 'ज्ञानार्णव' है । जबकि 'ज्ञानार्णव' तोडल की सूची में प्राप्त है । दूसरे लोग उस स्वतन्त्र तन्त्र को विशिष्ट मानकर उसे "तन्त्रराज" कहते हैं ।

### नवयुग के चौसठ तन्त्र

महामहोपाध्याय पण्डित गोपीनाथ कविराज ने "तोडल तन्त्र", "सर्वोल्लास–तन्त्र" में आए चौसठ तन्त्रों के नामों की तुलना चतुःशती और श्रीकण्ठी की सूची से की है तथा इनमें अन्तर पाया है । "तोडल तन्त्र" की सूची सर्वानन्द के सर्वोल्लास[1] में दी गई है जिसमें काली, मुण्डमाला, तारा से लेकर कामाख्या तन्त्र तक की गणना की गई है । इनमें तिरसठ तन्त्रों का ही उल्लेख है । परन्तु दाशरथी तन्त्र में चौसठ तन्त्रों का नाम उल्लिखित बतलाया है । इसकी सूची उपर्युक्त सूची से भिन्न है । इस तन्त्र की सन् १७५४ ई० की लिपिबद्ध की गई पोथी "इण्डिया आफिस लाइब्रेरी" लंदन में है।

के० सी० पाण्डे द्वारा लिखित अभिनवगुप्त के पृष्ठ ५५ में बतलाया गया है कि हरिवंश के अनुसार श्रीकृष्ण ने दुर्वासा से चौसठ अद्वैततन्त्रों का अध्ययन किया था । अतः कलियुग में दुर्वासा को ही अद्वैततन्त्र का प्रकाशक माना जाता है ।

पण्डित कविराज ने आठवीं सदी से पहले "जयद्रथयामल" की तन्त्र सम्बन्धी बहुत सी बातों की चर्चा की है । आठ प्रकार के यामलों का मूल है

१. सर्वोल्लास के पृ० ५ पर ५–२० श्लोक ।

ब्रह्मयामल । यामलाष्टक की भाँति ही मंगलाष्टक, चक्राष्टक, शिखाष्टक आदि तन्त्र वर्ग की चर्चा जयद्रथयामल में है । प्रबोधचन्द्र बागची ने इन अष्टकों के विषय में विस्तार से लिखा है ।

जयद्रथयामल में विद्यापीठ के तन्त्रों का नाम लिया गया है । इस पुस्तक की एक पोथी नेपाल दरबार में संरक्षित है । यहाँ ११७४ ई० की लिखी पिंगलामत नामक भी एक पोथी है । जिसे ब्रह्मयामल का परिशिष्ट बतलाया गया है । पिंगलामत के अनुसार पुराने समय में ब्रह्मयामल के अनुसरण करने वाले सात तन्त्र प्रचलित थे जिनमें दुर्वासामत और सारस्वतमत प्रसिद्ध थे ।

इस प्रकार महामहोपाध्याय पंडित गोपीनाथ कविराज ने तन्त्र साहित्य से परिचय कराने के लिए दस शिवागम, अष्टादश रुद्रागम, चौसठ भैरवागम, चौसठ तन्त्र-कुल मार्ग, शुभागम पंचक (समय मार्ग) तथा नवयुग के चौसठ तन्त्रों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया है ।

### तान्त्रिक-संस्कृति का विहंगावलोकन

यह अत्यन्त आनन्द का विषय है कि वर्तमान युग में हम लोगों का ध्यान अपनी प्राचीन संस्कृति के स्वरूप के अनुसन्धान में क्रमशः सचेत एवं आकृष्ट होता जा रहा है । वेद तथा लुप्तप्राय वैदिक साहित्य के पुनरुद्धार के लिए प्रतीच्य एवं भारतीय विद्वानों ने जो सुदीर्घ कालव्यापी अक्लान्त परिश्रम किया, उससे हम सब लोग परिचित हैं । तत्कालीन भारतीय शासन की ओर से पुरातत्त्व विभाग की जब से स्थापना हुई, तब से यहाँ के प्राचीन इतिहास के विभिन्न क्षेत्रों में—विशेषतः स्थापत्य, भास्कर्य, मुद्रा, शिलालेख प्रभृति विषयों में—बहुत से भूले हुए तथ्यों का उद्घाटन हुआ है । यह एक विचित्र संयोग है कि आधुनिक युग में विस्मृतप्राय वैदिक वाङ्मय के पुनरुद्धार की दिशा में जिस प्रकार मोक्षमूलर प्रभृति प्रतीच्य मनीषियों का प्राथमिक उद्यम रहा है, ठीक उसी प्रकार विस्मृतप्राय तान्त्रिक वाङ्मय की ओर सब से पहले दृष्टि आकृष्ट करने का श्रेय भी प्रतीच्य मनीषियों को ही प्राप्त है । इस विषय में **सर जान उडरफ** उपनाम **आर्थर एवलेन** को हम लोगों को नहीं भूलना चाहिए । यद्यपि विभिन्न स्थानों से आंशिक एवं विकीर्ण रूप में तान्त्रिक ग्रन्थों का प्रकाशन-कार्य हो रहा है, किन्तु मात्र वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय से ही इस कार्य में अधिक उत्साह दिखाया जा रहा है ।

भारतीय आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रायः सभी प्रकार के साधनों का एक विशिष्ट स्थान काशी रहा है । बुद्धदेव के समय से ही, बल्कि उनके भी पहले से विद्या के केन्द्र रूप में काशी की प्रसिद्धि थी । विदेशों से आये पर्यटकों के विवरण से भी यह बात सिद्ध होती है । ऐतिहासिक गवेषणा के प्रभाव से इस विषय में विशेष ज्ञान की प्राप्ति हो सकेगी । मध्ययुग से वर्तमान समय तक दृष्टि देने पर प्रतीत होगा कि इस समय में भी बहुसंख्यक विशिष्ट तान्त्रिक साधक और ग्रन्थकार काशी में आविर्भूत हुए थे ।

उदाहरणस्वरूप कई साधकों के नाम नीचे दिये जा रहे हैं —

(१) **सरस्वती तीर्थ**—ये परमहंस परिव्राजकाचार्य थे और दक्षिण से आये हुए प्रकाण्ड विद्वान् थे । ये वेदान्त, मीमांसा, सांख्य, साहित्य तथा व्याकरण के छात्रों को पढ़ाया करते थे । इनका मुख्य ग्रन्थ शङ्कराचार्य कृत प्रपञ्चसारतन्त्र की टीका थी ।

(२) **राघवभट्ट**—इनके पिता नासिक से काशी आकर बस गये । राघवभट्ट जन्म से ही काशी में थे । इन्होंने शारदातिलक की टीका पदार्थादर्श लिखी थी जो सर्वत्र प्रसिद्ध है । इस टीका की रचना काशी में हुई थी ।[1] रचनाकाल १४९४ ई० है ।

(३) **सर्वानन्द परमहंस**—पूर्वबङ्गके बहुत उच्चकोटि के सिद्ध पुरुष थे । इन्होंने दसों महाविद्याओं का एक साथ साक्षात्कार किया था । यह भी प्रायः चार सौ वर्ष पहले की बात है । इनका अन्तिम समय काशी में ही बीता । किसी-किसी के मत से ये राजगुरु मठ में रहते थे । इनकी अलौकिक शक्तियाँ बहुत थीं । सर्वोल्लासतन्त्र इनका संकलित तन्त्रग्रन्थ है ।

(४) **विद्यानन्दनाथ**—ये दक्षिण भारत के निवासी थे । काञ्ची से भी दक्षिण में इनका घर था । ये सर्वशास्त्र के पण्डित थे, किन्तु तन्त्रशास्त्र में विशेष अनुराग था । ये तीर्थयात्रा के प्रसंग से अलम्भर नामक सिद्धपीठ में गये थे । वहाँ सुन्दराचार्य या सच्चिदानन्दनाथ नामक एक सिद्ध पुरुष से मिले थे, उनसे दीक्षा लेकर स्वयं 'विद्यानन्दनाथ दीक्षित' यह नाम धारण किया और गुरु के आदेश से काशी में आकर रहने लगे । काशी रहते हुए इन्होंने तन्त्रशास्त्र के अनेक विशिष्ट ग्रन्थों का प्रणयन किया । ये भी प्रायः चार सौ वर्ष पहले के आचार्य होंगे ।

(५) **महीधर**—ये अहिच्छत्र उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मण्डल के रामनगर से आये थे और काशी में अन्तिम समय तक रहे । इनका प्रसिद्ध ग्रन्थ नौका टीका सहित मन्त्रमहोदधि है । रचनाकाल १६४५ वि० सं० (१५८८ ईशवीय) है।

(६) **नीलकण्ठ चतुर्द्धर**—ये प्रतिष्ठान (पैठान) के थे, किन्तु आजीवन काशी में रहे । महाभारत के टीकाकार रूप से इनकी विशेष प्रसिद्धि है । इन्होंने तन्त्रशास्त्र में शिवताण्डव की टीका लिखी जिस टीका का नाम 'अनूपाराम' है । रचनाकाल १६८० ईशवीय माना जाता है ।

(७) **प्रेमनिधि पन्त**—ये कूर्मांचल से काशी आये हुए थे । ये भी जीवनान्त तक काशी में ही रहे । इन्होंने बहुत से तान्त्रिक ग्रन्थों का निर्माण किया जिनमें शिवताण्डव की टीका मल्लादर्श का नाम लिया जा सकता है । शारदातिलक तथा तन्त्रराज पर भी इन्होंने टीका लिखी थी । ये करीब २५० वर्ष पहले रहा करते थे ।

(८) **भास्कर राय**—ये दक्षिण देश के निवासी थे, किन्तु दीर्घकाल तक काशी में ही रहे । सिद्धपुरुष के रूप में इनकी ख्याति थी । इन्होंने ललितासहस्रनाम की

---

१. शारदातिलक राघवभट्ट कृत पदार्थादर्श टीका और प्रस्तुत पुस्तक लेखक द्वारा सम्पादित सरला हिन्दी व्याख्या के साथ चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली से मुद्रित है ।

टीका, योगिनीहृदय पर सेतुबन्ध टीका, वरिवस्यारहस्य आदि अनेक ग्रन्थ लिखे थे। १९२९ ईशवीय के आसपास इनका समय जानना चाहिए।

(९) **शंकरानन्दनाथ**—इनका पूर्व नाम पं० शंभु भट्ट था। ये अद्वितीय मीमांसक पं० खण्डदेव के शिष्य थे और मीमांसा शास्त्र में ग्रन्थ लिखे। ये श्री विद्या के अनन्य उपासक थे। इनका सुन्दरीमहोदय नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध है। १७०७ ई० इनका समय माना जाता है।

(१०) **माधवानन्दनाथ**—ये सौभाग्यकल्पद्रुम के रचयिता हैं। यह ग्रन्थ परमानन्द-तन्त्र के आधार पर लिखा गया है। ये भी काशी में ही रहे। इनका समय आज से १५० वर्ष पूर्व माना जाता है।

(११) **क्षेमानन्द**—माधवानन्द के शिष्य क्षेमानन्द प्रसिद्ध तान्त्रिक विद्वान् थे। इन्होंने सौभाग्यकल्पलतिका का निर्माण किया था।

(१२) **सुभगानन्दनाथ**—एक प्रसिद्ध तान्त्रिक आचार्य काशी में रहते थे। ये केरल देश के थे, इनका पूर्वनाम श्रीकण्ठ था। ये काशी में तन्त्र तथा वेद दोनों के अध्यापक थे। ये माधवानन्दजी के ही समसामयिक माने जाते हैं।

(१३) **काशीनाथ भट्ट**—इनका भी नाम उल्लेख योग्य है। इन्होंने छोटे-छोटे अनेक तान्त्रिक ग्रन्थ लिखे थे। ये अधिक प्राचीन नहीं, अपितु १०० वर्ष पहले के हैं।

**वैदिक एवं तान्त्रिक साधना**

इस विशाल भारतीय संस्कृति का विश्लेषण करने पर प्रतीत होगा कि इसके विभिन्न अंश हैं, और अङ्ग-प्रत्यङ्ग रूप में इसके विभिन्न विभाग हैं। इसमें सन्देह नहीं कि इसमें 'वैदिक-साधना' ही प्रधान है, किन्तु इसका भी ध्यान रखना चाहिए कि भिन्न-भिन्न समयों में इस धारा में भी नये-नये विवर्तन हो चुके हैं। धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, इतिहास-पुराणादि के आलोचन से तथा भारतीय समाज के आन्तरिक जीवन का परिचय मिलने से उपर्युक्त तथ्य का स्पष्टतया ज्ञान होगा। वैदिकधारा का प्राधान्य होने पर भी, इसमें सन्देह नहीं है कि इसमें विभिन्न धाराओं का संमिश्रण है। इन सब धाराओं के भीतर यदि व्यापक दृष्टि से देखा जाय तो ज्ञात होगा कि 'तन्त्र की धारा' ही प्रथम एवं प्रधान है। इस धारा की भी बहुत से दिशाएँ हैं, जिनमें एक वैदिकधारा के अनुकूल भी। अगली पीढ़ियों के गवेषक-गण इस तथ्य का निरूपण करेंगे कि वैदिकधारा की जो उपासना की दिशा है, वह अविभाज्य रूप से बहुत अंशों में तान्त्रिकधारा से मिली हुई है, और बहुत से तान्त्रिक विषय अति प्राचीन समय से परम्पराक्रम से चले आ रहे थे। उपनिषद् आदि में जिन विद्याओं का परिचय मिलता है, यथा संवर्ग, उद्गीथ, उपकोशल, भूमा, दहर, पर्यङ्क आदि, ये सभी गुप्त विद्याएँ इसी के अन्तर्गत हैं। वेद के रहस्य अंश में भी इन सब रहस्य विद्याओं के परिज्ञान का आभास मिलता है। यहाँ तक कहा जा सकता है कि वैदिक क्रिया-काण्ड भी अध्यात्म-विद्या का ही बाह्य रूप है, जो निम्न

अधिकारियों के लिए उपयोगी माना जाता था । यदि इन सब अध्यात्म-विद्याओं का रहस्य-ज्ञान कभी हो जाय, तो पता चलेगा कि मूलभूत वैदिक तथा तान्त्रिक या आगमिक ज्ञानों में विशेष भेद नहीं रहा ।

### वेद एवं तन्त्रों की मौलिक दृष्टि

यहाँ प्रसंगत: एक बात का उल्लेख आवश्यक है कि साधारण दृष्टि से संभव है यह समझ में न आवे, फिर भी यह सत्य है कि वेद और तन्त्र का निगूढ़ रूप एक ही प्रकार का है । दोनों ही अक्षरात्मक है, अर्थात् शब्दात्मक ज्ञान विशेष है । ये शब्द लौकिक नहीं दिव्य है, और अपौरुषेय हैं । मन्त्रदर्शीगण इसे ही प्राप्त कर सर्वज्ञत्व-लाभ किया करते थे; वे अन्त में आत्मसाक्षात्कार के द्वारा अपना जीवन सफल करते थे । 'पुराकल्प' में लिखा है —

**यां सूक्ष्मां विद्याम् अतीन्द्रियां वाचम् ऋषयः साक्षात्कृतधर्माणः मन्त्रदृशः पश्यन्ति, ताम् असाक्षात्कृतधर्मभ्यः प्रतिवेदयिष्यमाणा बिल्मं समामनन्ति, स्वप्नवृत्तमिव दृष्टश्रुतानुभूतम् आचिख्यासन्ते ।**

निरुक्त प्रभृति ग्रन्थों के आलोचन से यह प्रतीत होता है कि ऋषिगण साक्षात्कृत–धर्मा थे और वे उन सामान्य लोगों को उपदेश द्वारा मन्त्र-दान करते थे, जो असाक्षात्कृतधर्मा थे । साक्षात्कृतधर्मा होने के कारण ऋषिगण वस्तुत: शक्तिशाली थे, अत: वे किसी से उपदेश-श्रवण करके ऋषित्व-लाभ नहीं करते थे; प्रत्युत वे स्वयं वेदार्थ-दर्शन करते थे । इसी अभिप्राय से उन्हें मन्त्रद्रष्टा कहा जाता है । मन्त्रार्थ-ज्ञान का मुख्य उपाय है प्रतिभान, इसे ही प्रातिभ या अनौपदेशिक ज्ञान कहते हैं । इसी के विषय में कहा जाता है —

**गुरोस्तु मौनं व्याख्यानं शिष्यास्तु छिन्नसंशयाः ।**

गुरु शब्द से यहाँ अन्तर्गुरु या अन्तर्यामी समझना चाहिए । ऐसे उत्तम अधिकारियों को **दृष्टर्षि** भी कहा जाता है । शक्ति की मन्दता के कारण मध्यम अधिकारी इनसे अवर समझे जाते थे । इनका परिचय **श्रुतर्षि** नाम से मिलता है । उत्तम अधिकारी को दर्शन मिलता था उपदेश-निरपेक्ष होकर, और मध्यम अधिकारी को श्रवण-प्राप्त होता था उपदेश-सापेक्ष होकर । प्रथम ज्ञान का नाम आर्षज्ञान और द्वितीय का नाम औपदेशिक ज्ञान है । मनुसंहिता के अनुसार धर्मज्ञ वही है जो ऋषिदृष्ट वेद तथा तन्मूलक स्मृति शास्त्रों को वेदानुकूल तर्क से विचारता है —

**आर्षं धर्मोपदेशं च वेदशास्त्राविरोधिना ।**
**यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतरः ।।** मनु० १२ १०६

किन्तु साधारण अधिकारी को जो ज्ञान होता है, वह सत् तर्क के द्वारा । सत्तर्क से अभिप्रेत है वेद शास्त्र के अविरोधी तर्क के द्वारा अनुसंधान । आगम शास्त्र ( वि० र० तथा त्रिकदार्शनिक साहित्य ) में **सत्तर्क** का विशेष रूप से मण्डन किया गया है ।

शिर: पीडा—शिर:पीडाग्रस्त रोगी को प्रातःकाल शय्या से उठते ही नासापुट से शीतल जल पीना चाहिये । इससे मस्तिष्क शीतल रहेगा, सिर भारी नहीं होगा और सर्दी नहीं लगेगी । यह क्रिया विशेष कठिन भी नहीं है । एक बरतन में ठंडा जल भरकर उसमें नाक डुबाकर धीरे-धीरे गले के भीतर जल खींचना चाहिये । क्रमशः अभ्यास से यह क्रिया सहज हो जायगी । शिर:पीडा होने पर चिकित्सक रोगी के आरोग्य होने की आशा छोड़ देता है, रोगी को भी भीषण कष्ट होता है, परंतु इस उपाय से काम लेने पर निश्चय ही आशातीत लाभ पहुँचता है ।

३. **उदरामय, अजीर्णादि में स्वर परिवर्तन**—भोजन, जलपान आदि जब जो कुछ खाना हो वह दाहिनी नाक से श्वास चलते समय खाना चाहिये । प्रतिदिन इस नियम से आहार करने से वह बहुत आसानी से पच जायगा और कभी अजीर्ण का रोग नहीं होगा । जो लोग इस रोग से कष्ट पा रहे हैं, वे भी यदि इस नियम के अनुसार रोज भोजन करें तो खाए हुए पदार्थ पच जायेंगें और धीरे-धीरे उनका रोग दूर हो जायगा । भोजन के बाद थोड़ी देर बायीं करवट सोना चाहिये । जिन्हें समय न हो उन्हें ऐसा उपाय करना चाहिये कि जिससे भोजन के बाद दस-पंद्रह मिनट तक दाहिनी नाक से श्वास चले अर्थात् पूर्वोक्त नियम के अनुसार रूई द्वारा बायीं नाक बंद कर देनी चाहिये । गुरुपाक (भारी) भोजन होने पर भी इस नियम से वह शीघ्र पच जाता है ।

यौगिक उपाय

स्थिरता के साथ बैठकर एकटक नाभिमण्डल में दृष्टि जमाकर नाभिकन्द का ध्यान करने से एक सप्ताह में उदरामय रोग दूर हो जाता है । श्वास रोककर नाभि को खींचकर नाभि की ग्रन्थि को एक सौ बार मेरुदण्ड से मिलाने से आमादि उदरामयजनित सब तरह की पीड़ाएँ दूर हो जाती है और जठराग्नि तथा पाचनशक्ति बढ़ जाती है ।

१. **प्लीहा**— रात को बिछौने पर सोकर और सबेरे शय्या-त्याग के समय हाथ और पैरों को सिकोड़कर छोड़ देना चाहिये । फिर कभी इस करवट कभी उस करवट टेढ़ा-मेढ़ा शरीर करके सारे शरीर को सिकोड़ना और फैलाना चाहिये । प्रतिदिन चार-पाँच मिनट ऐसा करने से प्लीहा-यकृत् (तिल्ली, लीवर) रोग दूर हो जायगा । सर्वदा इसका अभ्यास करने से प्लीहा-यकृत् रोग की पीड़ा कभी नहीं भोगनी पड़ेगी।

२. **दन्तरोग**—प्रतिदिन जितनी बार मल-मूत्र का त्याग करे, उतनी बार दाँतों की दोनों पंक्तियों को मिलाकर जरा जोर से दबाये रखे । जब तक मल या मूत्र निकलता रहे तब तक दाँतों से दाँत मिलाकर इस प्रकार दबाये रहना चाहिये । दो-चार दिन ऐसा करने से कमजोर दाँतों की जड़ मजबूत हो जायगी । सदा इसका अभ्यास करने से दन्तमूल दृढ़ हो जाता है और दाँत दीर्घ काल तक काम देते हैं तथा दाँतों में किसी प्रकार की बीमारी होने का कोई डर नहीं रहता ।

३. **स्नायविक वेदना**—छाती, पीठ या बगल में—चाहे जिस स्थान में स्नायविक वेदना या अन्य किसी प्रकार की वेदना हो, वेदना मालूम होते ही जिस

और अनेक कफप्रधान होते हैं । वातप्रधान शरीरों में आहार-विहार के दोष से तथा देश-कालादि हेतु से प्राय: वातवृद्धि हो जाती है । पित्तप्रधान शरीरों में पित्तविकृति और कफोल्बण शरीरों में प्राय: कफ-प्रकोप हो जाता है । कफ-धातु के विकृत होने पर दूषित श्लेष्म, आमवृद्धि या मेद का संग्रह हो जाता है । पश्चात् इन मलों के प्रकुपित होने से नाना प्रकार के रोग उत्पन्न होने लगते हैं । इन व्याधियों को उत्पन्न न होने देने के लिये और यदि हो गये तो उन्हें दूर करके पुन: देह को पूर्ववत् स्वस्थ बनाने के लिये जैसे आयुर्वेद के प्राचीन आचार्यों ने स्नेहपान, स्वेदन, वमन, विरेचन और बस्ति-ये पञ्चकर्म कहे हैं, वैसे ही हठयोग के प्रवर्तक महर्षियों ने साधकों के कफप्रधान शरीर की शुद्धि के लिये षट्कर्म निश्चित किये हैं । ये षट्कर्म सब साधकों को करने ही चाहिये, ऐसा आग्रह नहीं है ।

हठयोग के ग्रन्थों में षट्कर्म के कर्तव्याकर्तव्यपर विचार किया गया है । हठयोग के षट्कर्म से जो लाभ होते हैं, वे लाभ प्राणायाम से भी प्राप्त होते हैं । अन्तर केवल समय का है । परन्तु जिस घर में गंदगी इतनी फैल गयी हो कि साधारण झाड़ू से न हटायी जा सके, उसमें कुदाल और टोकरी की आवश्यकता आ पड़ेगी । इसी प्रकार शरीर के एकत्रित मल को शीघ्र हटाने के लिये षट्कर्म की आवश्यकता है । इसी कारण –

मेद: श्लेष्माधिक: पूर्वं षट् कर्माणि समाचरेत् ।
अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावत: ।। (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् जिस पुरुष के मेद और श्लेष्मा अधिक हों वह पुरुष प्राणायाम के पहले इन छ: कर्मों को करे और इनके न होने से दोषों की समानता के कारण न करे । इतना ही नहीं, योगीन्द्र स्वात्माराम कारण न करे । इतना ही नहीं, योगीन्द्र स्वात्माराम आगे चलकर षट्कर्मों को 'घटशोधनकारकम्' अर्थात् देह को शुद्ध करने वाले और 'विचित्रगुणसंधायि' अर्थात् विचित्र गुणों का संधान करने वाले भी कहते हैं ।

यह बात सत्य है कि षट्कर्मों के बिना ही पहले योगसाधन किया जाता था । समय और अनुभव ने दिखाया कि प्राणायाम से जितने समय में मल दूर किया जाता था, उससे कम समय में षट्कर्मों द्वारा मल दूर किया जा सकता है । इन कर्मों की उन्नति होती गयी और छ: से ये कर्म दस हो गये । पीछे गुरुपरम्परा से प्राप्त गुप्तविद्या लुप्त होने लगी ; तब तो ये कर्म पूरे जाँचे हुए षट्कर्म तक ही परिमित रह गये । इन षट्कर्मों से लाभ है, इसे कोई अस्वीकार नहीं कर सकता । यह बात दूसरी है कि सबकी इधर प्रवृत्ति न हो और सब इन्हें न कर सकते हों ।

एक बात और है । वर्तमान समय में अनेक योगाभ्यासी मूल उद्देश्य को न समझने के कारण शरीर में त्रिधातु सम होने पर भी नित्य षट्कर्म करते रहते हैं और अपने शिष्यों को भी जीवनपर्यन्त नियमित रीति से करते रहने का उपदेश देते हैं । यदि शरीरशुद्धि के लिये अथवा इन क्रियाओं पर अपना अधिकार रखने के लिये प्रारम्भ में

सिखाया जाय तो कोई आपत्ति नहीं । कारण, भविष्य में कदाचित् देश-कालपरिवर्तन, प्रमाद या आहार-विहार में भूल से वातादि धातु विकृत हो जायें तो शीघ्र क्रिया द्वारा उनका शमन किया जा सकता है । परंतु आवश्यकता न होने पर भी नित्य करते रहने से समय का अपव्यय, शारीरिक निर्बलता और मानसिक प्रगति में शिथिलता आ जाती है ।

**षट्कर्म के नाम**— 'हठयोगप्रदीपिका' ग्रन्थ के कर्ता स्वात्माराम योगी ने १. धौति, २. वस्ति[1], ३. नेति, ४. नौलि, ५. कपालभाति और ६. त्राटक को षट्कर्म कहा है । आगे चलकर गजकरणी का भी वर्णन किया है । परन्तु हिन्दी में 'भक्तिसागर' ग्रन्थ के रचयिता चरणदास ने १. नेति, २. धौति, ३. वस्ति, ४. गजकर्म, ५. न्योली और ६. त्राटक को षट्कर्म कहा है । फिर १. कपालभाति, २. धौंकनी, ३. बाघी और ४. शंखपषाल—इन चार कर्मों का नाम लेकर उन्हें षट्कर्मों के अन्तर्गत कर दिया है । दोनों में गजकर्म और कपालभाति को षट्कर्म के अंदर रखने में अन्तर पड़ता है । चूंकि ये षट्कर्म के शाखामात्र हैं, अतएव इस विभेद का कोई वास्तविक अर्थ नहीं होता ।

**षट्कर्म में नियम**—षट्कर्म-साधक को हठयोग ने दर्शाये हुए स्थान, भोजन, आचार-विचार आदि नियमों को मानना परमावश्यक है । यहाँ यही कहा जा सकता है कि स्थान रमणीक और निरापद, भोजन सात्त्विक तथा परिमित होना चाहिये । एकान्तसेवन, कम बोलना, वैराग्य, साहस इत्यादि बातें आचार-विचार से समझनी चाहिये ।

**१. नौलि ( = नौलिक, नलक्रिया या न्योली )—**

**अमन्दावर्तवेगेन तुन्दं सव्यापसव्यतः ।**
**नतांसो भ्रामयेदेषा नौलिः सिद्धैः प्रचक्ष्यते ॥** ( हठयोगप्रदीपिका )

अर्थात् कन्धों को नवाये हुए अत्यन्त वेग के साथ, जलभ्रमर के समान अपनी तुन्द को दक्षिण-वाम भागों से भ्रमाने को सिद्धों ने नौलि-कर्म कहा है ।

पद्मासन (सिद्धासन या उत्कटासन) लगाकर, जब शौच, स्नान, प्रातःसन्ध्या आदि से निवृत्त हो लिये हों और पेट साफ तथा हल्का हो गया हो, तब रेचक कर वायु को बाहर रोककर बिना देह हिलाये, केवल मनोबल से पेट को दायें से बायें और बायें से दायें चलाना सोचे और तदनुकूल प्रयास करे । इसी प्रकार सायं-प्रातः स्वेद आने पर्यन्त प्रतिदिन अभ्यास करते-करते पेट की स्थूलता जाती रहती है । तदनन्तर यह सोचना चाहिये कि दोनों कुक्षियाँ दब गयीं और बीच में दोनों ओर से दो नल जुटकर मूलाधार से हृदय तक गोलाकर खम्भ खड़ा हो गया । यही खम्भा जब बँध जाय तब नौलि सुगम हो जाती है । मनोबल और प्रयासपूर्वक अभ्यास बढ़ाने से दायें-बायें घूमने लगती है । इसी को चलाने में छाती के समीप, कण्ठ पर और ललाट पर भी नाड़ियाँ

१. रुद्रयामल में वस्तिकर्म का उल्लेख नहीं है ।

का द्वन्द्व मालूम पड़ता है । एक बार न्योली चल जाने पर चलती रहती है । पहले-पहल चलने के समय दस्त ढीला होता है । जिसका पेट हल्का है तथा जो प्रयासपूर्वक अभ्यास करता है उसको एक महीने के भीतर ही न्योली सिद्ध हो जायगी।

इस क्रिया का आरम्भ करने से पहले पश्चिमोत्तानासन और मयूरासन का थोड़ा अभ्यास कर लिया हो तो यह क्रिया शीघ्र सिद्ध हो जाती है । जब तक आँत पीठ के अवयवों से भलीभाँति पृथक् न हो तब तक आँत उठाने की क्रिया सावधानी के साथ करे, अन्यथा आँतें निर्बल हो जायँगी । किसी-किसी समय आघात पहुँचकर उदर रोग, शोथ, आमवात, कटिवात, गृध्रसी, कुब्जवात, शुक्रदोष या अन्य कोई रोग हो जाता है । अत: इस क्रिया को शान्तिपूर्वक करना चाहिये । अँतड़ी में शोथ, व्रणादि दोष या पित्तप्रकोपजनित अतिसारप्रवाहिका ( पेचिश ), संग्रहणी आदि रोगों में नौलि-क्रिया हानिकारक है ।

**मन्दाग्निसंदीपनपाचनादि संधापिकानन्दकरी सदैव ।**
**अशेषदोषामयशोषणी च हठक्रियामौलिरियं च नौलि: ।।**

( हठयोगप्रदीपिका )

यह नौलि मन्दाग्नि का भली प्रकार दीपन और अन्नादि का पाचन और सर्वदा आनन्द करती है तथा समस्त वात आदि दोष और रोग का शोषण करती है ।[1] यह नौलि हठयोग की सारी क्रियाओं में उत्तम है ।

अँतड़ियों के नौलि के वश होने से पाचन और मल का बाहर होना स्वाभाविक है नौलि करते समय साँस की क्रिया तो रुक ही जाती है । नौलि कर चुकने पर कण्ठ के समीप एक सुन्दर अकथनीय स्वाद मिलता है । यह हठयोग की सारी क्रियाओं से श्रेष्ठ इसलिये है कि नौलि जान जाने पर तीनों बन्ध सुगम हो जाते हैं । अतएव यह प्राणायाम की सीढ़ी है । धौति, वस्ति में भी नौलि की आवश्यकता होती है । शङ्खपखाली क्रिया में भी, जिसमें मुख से जल ले अँतड़ियों में घुमाते हुए पायु-द्वारा ठीक उसी प्रकार निकाल दिया जाता है जैसे शंख में एक ओर से जल देने पर घूमकर जल दूसरी राह से निकल जाता है, नौलि सहायक है ।

२. वस्तिकर्म—

वस्ति मूलाधार के समीप है । रंग लाल है और इसके देवता गणेश हैं । वस्ति को साफ करने वाले कर्म को 'वस्तिकर्म' कहते हैं । 'योगसार' पुस्तक में पुराने गुड़, त्रिफला और चीते की छाल के रस से बनी गोली देकर अपानवायु को वश में करने को कहा है । फिर वस्तिकर्म का अभ्यास करना कहा है ।

वस्तिकर्म दो प्रकार का है । १. पवनवस्ति, २. जलवस्ति । नौलिकर्म द्वारा अपानवायु को ऊपर खींच पुन: मयूरासन से त्यागने को 'वस्तिकर्म' कहते हैं ।

---

१. **नेउलीयोगमात्रेण आसने नेउलोपम: ।**
**नेउलीसाधनादेव चिरजीवी निरामय: ।।** — रुद्र० ३५.२२

पवनवस्ति पूरी सध जाने पर जलवस्ति सुगम हो जाती है, क्योंकि जल को खींचने का कारण पवन ही होता है । जब जल में डूबे हुए पेट से न्योली हो जाय तब नौलि से जल ऊपर खिंच जायगा ।

**नाभिदघ्नजले पायौ न्यस्तनालोत्कटासनः ।**
**आधाराकुञ्चनं कुर्यात् क्षालनं वस्तिकर्म तत् ।।** ( हठयोगप्रदीपिका )

अर्थात् गुदा के मध्य में छः अंगुल लम्बी बाँस की नली को रखे, जिसका छिद्र कनिष्ठिका अँगुली के प्रवेश योग्य हो, उसे घी अथवा तेल लगाकर सावधानी के साथ चार अंगुल गुदा में प्रवेश करे और दो अंगुल बाहर रखे । पश्चात् बैठने पर नाभि तक जल आ जाय, इतने जल से भरे हुए टब में उत्कटासन से बैठे अर्थात् दोनों पार्ष्णियों ( पैर की एड़ियों ) को मिलाकर खड़ी रखकर उन पर अपने स्फिच ( नितम्बों ) को रखे और पैरों के अग्रभाग पर बैठे और उक्त आसन से बैठकर आधाराकुञ्चन करे जिससे बृहद् अन्त्र में अपने-आप जल चढ़ने लगेगा । बाद में भीतर प्रविष्ट हुए जल को नौलि क्रम से चला कर त्याग दे । इस जल के साथ अन्त्रस्थित मल, आँव, कृमि, अन्नोत्पन्न सेन्द्रियविष आदि बाहर निकल आते हैं । इस उदर के क्षालन ( धोने ) को वस्तिकर्म कहते है ।

**नियम** — धौति, वस्ति दोनों कर्म भोजन से पूर्व ही करने चाहिये और इनके करने के अनन्तर हलका भोजन शीघ्र कर लेना चाहिये, उसमें विलम्ब नहीं करना चाहिये । वस्तिक्रिया करने से जल का कुछ अंश बृहद् अन्त्र में शेष रह जाता है, वह धीरे-धीरे गुदद्वारा बाहर आयेगा । यदि भोजन नहीं किया जायगा तो वह दूषित जल अन्त्रों से सम्बद्ध सूक्ष्म नाडियों द्वारा शोषित होकर रक्त में मिल जायगा । कुछ लोग पहले मूलाधार से प्राणवायु के आकर्षण का अभ्यास करके और जल में स्थित होकर गुदा में नालप्रवेश के बिना ही वस्तिकर्म का अभ्यास करते हैं । इस प्रकार वस्तिकर्म करने से उदर में प्रविष्ट हुआ सम्पूर्ण जल बाहर नहीं आ सकता और उसके न आने से धातुक्षय आदि नाना दोष होते हैं । इससे इस प्रकार वस्तिकर्म नहीं करना चाहिये, अन्यथा 'न्यस्तनालः' ( अपनी गुदा में नाल रखकर ) ऐसा पद स्वात्माराम क्यों देते ? यहाँ यह भी जान लेना आवश्यक है कि छोटे-छोटे जलजन्तुओं का नलद्वारा पेट में प्रविष्ट हो जाने का भय रहता है । अतएव नल के मुख पर महीन वस्त्र देकर आकुञ्चन करना चाहिये और जल को बाहर निकालने के लिये खड़ा पश्चिमोत्तान आसन करना चाहिये ।

वस्तिकर्म में मूलाधार के पीड़ित और प्रक्षालित होने से लिङ्ग और गुदा के रोगों का नाश होना स्वाभाविक है ।

**गुल्मप्लीहोदरं चापि वातपित्तकफोद्भवाः ।**
**वस्तिकर्मप्रभावेन क्षीयन्ते सकलामयाः ।।** ( हठयोगप्रदीपिका )

अर्थात् वस्तिकर्म के प्रभाव से गुल्म, प्लीहा, उदर ( जलोदर ) और वात, पित्त, कफ इनके द्वन्द्व या एक से उत्पन्न हुए सम्पूर्ण रोग नष्ट होते हैं ।

धात्विन्द्रियान्तःकरणप्रसादं दद्याच्च कान्तिं दहनप्रदीप्तिम् ।
अशेषदोषोपचयं निहन्यादभ्यस्यमानं जलवस्तिकर्म ॥
(हठयोगप्रदीपिका)

अभ्यास किया हुआ यह वस्तिकर्म साधक के सप्त धातुओं, दस इन्द्रियों और अन्तःकरण को प्रसन्न करता है। मुख पर सात्त्विक कान्ति छा जाती है। जठराग्नि उद्दीप्त होती है। वात, पित्त, कफ आदि दोषों की वृद्धि और न्यूनता दोनों को नष्ट कर साधक साम्यरूप आरोग्यता को प्राप्त करता है। एक बात इस सम्बन्ध में अवश्य ध्यान देने की है कि वस्ति क्रिया करनेवालों को पहले नेति और धौतिक्रिया करनी ही चाहिये, जिसका वर्णन नीचे दिया जाता है। अन्य क्रियाओं के लिये ऐसा नियम नहीं है।

राजयक्ष्मा (क्षय), संग्रहणी, प्रवाहिका, अधोरक्तपित्त, भगंदर, मलाशय और गुदा में शोथ, सततज्वर, आन्त्रसंनिपात, आन्त्रशोथ, आन्त्रव्रण एवं कफवृद्धि जनित तीक्ष्ण श्वासप्रकोप इत्यादि रोगों में वस्तिक्रिया नहीं करनी चाहिये।

यह वस्तिक्रिया भी प्राणायाम का अभ्यास चालू होने के बाद नित्य करने की नहीं है। नित्य करने से आन्त्रशक्ति परावलम्बिनी और निर्बल हो जायगी, जिससे बिना वस्तिक्रिया के भविष्य में मलशुद्धि नहीं होगी। जैसे तम्बाकू और चाय के व्यसनी को तम्बाकू और चाय लिये बिना शौच नहीं होता, वैसे ही नित्य वस्तिकर्म अथवा षट्कर्म करने वाले की स्वाभाविक आन्तरिक शक्ति के बल से शरीरशुद्धि नहीं होती।

३. धौतिकर्म—

चतुरङ्गुलविस्तारं हस्तपञ्चदशायतम् ।
गुरूपदिष्टमार्गेण सिक्तं वस्त्रं शनैर्ग्रसेत् ॥
पुनः प्रत्याहरेच्चैतदुदितं धौतिकर्म तत् ॥ (हठयोगप्रदीपिका)

अर्थात् चार अंगुल चौड़े और पंद्रह हाथ लंबे महीन वस्त्र को गरम जल में भिगोकर थोड़ा निचोड़ ले। फिर गुरूपदिष्ट मार्ग से धीरे-धीरे प्रतिदिन एक-एक हाथ उत्तरोत्तर उसे निगलने का अभ्यास बढ़ाता जाय। आठ-दस दिन में पूरी धोती निगलने का अभ्यास हो सकता है। करीब एक हाथ कपड़ा बाहर रहने दिया जाय। मुख में जो वस्त्र प्रान्त रहे उसे दाढ़ों से भली प्रकार दबा नौलिकर्म करे। फिर धीरे-धीरे वस्त्र निकाले। यहाँ यह जान लेना आवश्यक है कि वस्त्र निगलने के पहले पूरा जल पी लेना चाहिये। इससे कपड़े के निगलने में सुभीता तथा कफ-पित्त का उसमें सटना आसान हो जाता है और कपड़े को बाहर निकलने में भी सहायता मिलती है। धौति को रोज स्वच्छ रखना चाहिये। अन्यथा धौति में लगे हुए दूषित कफरूप विजातीय द्रव्य के परमाणु पुनः दूसरे दिन भीतर आकर हानि पहुँचायेंगे।

पाश्चात्यों ने स्टमक ट्यूब बनाया है। कोई एक सवा हाथ की रबर की नली रहती है, जिसका एक मुख खुला रहता है और दूसरे सिरे के कुछ ऊपर हटकर बगल

में एक छेद होता है । जल पीकर खुला सिरा ऊपर रखकर दूसरा सिरा निगला जाता है और जल रबर की नलिका द्वारा गिर जाता है ।

चाहे किसी प्रकार की धौति क्यों न हो, उससे कफ, पित्त और रंग-बिरंगे पदार्थ बाहर गिरते हैं । ऊपर की नाडी में रहा हुआ एकाध अन्न का दाना भी गिरता है । दाँत खट्टा-सा हो जाता है । परंतु मन शान्त और प्रसन्न हो जाता है । वसन्त या ग्रीष्मकाल में इसका साधन अच्छा होता है ।

घटिका, कण्ठनलिका या श्वासनलिका में शोथ, शुष्क कास, हिक्का, वमन, आमाशय में शोथ, ग्रहणी, तीक्ष्ण अतिसार, ऊर्ध्व रक्तपित्त ( मुँह से रक्त गिरना ) इत्यादि कोई रोग हो तब धौतिक्रिया लाभदायक नहीं होती ।

**४. नेतिकर्म—**

नेति दो प्रकार की होती है -जलनेति और सूत्रनेति । पहले जलनेति करनी चाहिये । प्रातःकाल दन्तधावन के पश्चात् जो साँस चलती हो, उसी से चुल्लू में जल ले और दूसरी साँस बंदकर जल नाक द्वारा खींचे । जल मुख में चला जायगा । सिर के पिछले सारे हिस्से में, जहाँ मस्तिष्क का स्थान है, उस कर्म के प्रभाव से गुदगुदाहट और सनसनाहट या गिनगिनाहट पैदा होगी । अभ्यास बढ़ने पर आगे ऐसा नहीं होगा । कुछ लोग नासिका के एक छिद्र से जल खींचकर दूसरे छिद्र से निकालने की क्रिया को 'जलनेति' कहते हैं । एक समय में आध सेर से एक सेर तक जल एक नासापुट से चढ़ाकर दूसरे नासापुट से निकाला जा सकता है एक समय एक तरफ से जल चढ़ा कर दूसरे समय दूसरी तरफ से चढ़ाना चाहिये ।

जलनेति से नेत्रज्योति बलवान् होती है । स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिये भी हितकर है । तीक्ष्ण नेत्ररोग, तीक्ष्ण अम्लपित्त और नये ज्वर में जलनेति नहीं करनी चाहिये । अनेक मनुष्य रोज सुबह नासापुट से जल पीते हैं । यह क्रिया हितकर नहीं है । कारण, जो दोष नासिका में संचित होंगे वे आमाशय में चले जायँगे । अतः उषःपान तो मुँह से ही करना चाहिये ।

**नियम — घर्षणनेति —** जलनेति के अनन्तर सूत्र लेना चाहिये । महीन सूत की दस-पन्द्रह तार की एक हाथ लम्बी बिना बटी डोर, जिसका छः-सात इंच लम्बा एक प्रान्त बटकर क्रमशः पतला बना दिया गया हो, पिघले हुए मोम से चिकना बनाकर जल में भिगो लेना उचित है । फिर इस स्निग्ध भाग को इस रीति से थोड़ा मोड़कर जिस छिद्र से वायु चलती हो उस छिद्र में लगाकर और नाक का दूसरा छेद अँगुली से बन्दकर, खूब जोर से बारंबार पूरक करने से सूत का भाग मुख में आ जाता है । तब उसे तर्जनी और अङ्गुष्ठ से पकड़कर बाहर निकाल ले । पुनः नेति को धोकर दूसरे छिद्र में डालकर मुँह में से निकाल ले । कुछ दिन के अभ्यास के बाद एक हाथ से सूत को मुख से खींचकर और दूसरे से नाक वाला प्रान्त पकड़कर धीरे-धीरे चालन करे । इस क्रिया को 'घर्षणनेति' कहते हैं । इस प्रकार नाक के दूसरे रन्ध्र से भी, जब वायु उस रन्ध्र से चल

रहा हो, अभ्यास करे । इससे भीतर लगा हुआ कफ पृथक् होकर नेति के साथ बाहर आ जाता है । नाक के एक छिद्र से दूसरे छिद्र में भी सूत चलाया जाता है, यद्यपि कुछ लोग इसे दोषयुक्त मानकर इसकी उपेक्षा करते हैं । उसका क्रम यह है कि सूत नाक के एक छिद्र से पूरक द्वारा जब खींचा जाता है, तो रेचक मुख द्वारा न कर दूसरे रन्ध्र द्वारा करना चाहिये । इस प्रकार सूत एक छिद्र से दूसरे छिद्र में आ जाता है । इस क्रिया के करने में किसी प्रकार का भय नहीं है । सध जाने पर तीसरे दिन करना चाहिये । जलनेति प्रतिदिन कर सकते हैं । नेति डालने में किसी-किसी को छींक आने लगती है, इसलिये एक-दो सेकेण्ड श्वासोच्छ्वास की क्रिया को बन्द करके नेति डालनी चाहिये ।

**कपालशोधिनी चैव दिव्यदृष्टिप्रदायिनी ।**
**जत्रूर्ध्वजातरोगौघं नेतिराशु निहन्ति च ।।** ( हठयोगप्रदीपिका )

'नेति कपाल को शुद्ध करती है, दिव्य दृष्टि देती है । स्कन्ध, भुजा और सिर की सन्धि के ऊपर के सारे रोगों को नेति शीघ्र नष्ट करती है ।'

**त्राटककर्म —**

'समाहित अर्थात् एकाग्रचित्त हुआ मनुष्य निश्चल दृष्टि से सूक्ष्म लक्ष्य को अर्थात् लघु पदार्थ को तब तक देखे, जब तक अश्रुपात न होवे । इसे मत्स्येन्द्र आदि आचार्यों ने 'त्राटककर्म' कहा है ।'[1]

सफेद दिवाल पर सरसों-बराबर काला चिह्न कर दे उसी पर दृष्टि ठहराते-ठहराते चित्त समाहित होता है, और दृष्टि शक्तिसम्पन्न हो जाती है । मैस्मेरिज्म में जो शक्ति आ जाती है वही शक्ति त्राटक से भी प्राप्य है ।

'त्राटक नेत्ररोगनाशक है । तन्द्रा-आलस्यादि को भीतर नहीं आने देता । त्राटककर्म संसार में इस प्रकार गुप्त रखने योग्य है जैसे सुवर्ण की पेटी संसार में गुप्त रखी जाती है ।'[2] क्योंकि - **'भवेद्वीर्यवती गुप्ता निर्वीर्या तु प्रकाशिता ।'**

उपनिषदों में त्राटक के आन्तर, बाह्य और मध्य-इस प्रकार तीन भेद किये गये हैं । हठयोग के ग्रन्थों में प्रकार-भेद नहीं है ।

**नियम —** पाश्चात्यों का अनुकरण करने वाले कुछ लोग मद्यपान, मांसाहार तथा अम्ल-पदार्थादि अपथ्य-सेवन करते हुए भी 'मैस्मेरिज्म' विद्या की सिद्धि के लिये त्राटक किया करते हैं । परन्तु ऐसे लोगों का अभ्यास पूर्ण नहीं होता । अनेक लोगों के नेत्र चले जाते हैं और अनेक पागल हो जाते हैं । जिन्होंने पथ्य का पालन किया है वही सिद्धि प्राप्त कर सके हैं ।

---

१. **निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्मलक्ष्यं समाहितः ।**
**अश्रुसम्पातपर्यन्तमाचार्यैस्त्राटकं स्मृतम् ।।** ( हठयोगप्रदीपिका )

२. **मोचनं नेत्ररोगाणां तन्द्रादीनां कपाटकम् ।**
**यत्नतस्त्राटकं गोप्यं यथा हाटकपेटकम् ।।** ( हठयोगप्रदीपिका )

यम-नियमपूर्वक आसनों के अभ्यास से नाडी समूह मृदु हो जाने पर ही त्राटक करना चाहिये । कठोर नाडियों को आघात पहुँचते देरी नहीं लगती । त्राटक के जिज्ञासुओं को आसनों के अभ्यास के परिपाक काल में नेत्र के व्यायाम का अभ्यास करना विशेष लाभदायक है । प्रात:काल में शान्तिपूर्वक दृष्टि को शनैः शनैः बायें, दायें, नीचे की ओर, ऊपर की ओर चलाने की क्रिया को नेत्र का व्यायाम कहते है । इस व्यायाम से नेत्र की नसें दृढ़ होती है । इसके अनन्तर त्राटक करने से नेत्र को हानि पहुँचने की भीति कम हो जाती है ।

त्राटक के अभ्यास से नेत्र और मस्तिष्क में उष्णता बढ़ जाती है । अत: नित्य जलनेति करनी चाहिये तथा रोज सुबह त्रिफला के जल से अथवा गुलाब जल से नेत्रों को धोना चाहिये । भोजन में पित्तवर्धक और मलावरोध (कब्ज) करने वाले पदार्थों का सेवन न करे । नेत्र में आँसू आ जाने के बाद फिर उस दिन दूसरी बार त्राटक न करे । केवल एक ही बार प्रात:काल में करे । वास्तव में त्राटक का अनुकूल समय रात्रि के दो से पाँच बजे तक है । शान्ति के समय में चित्त की एकाग्रता बहुत शीघ्र होने लगती है । एकाध वर्षपर्यन्त नियमित रूप से त्राटक करने से साधक के संकल्प सिद्ध होने लगते हैं, दूसरे मनुष्यों के हृदय का भाव मालूम होने लगता है, सुदूर स्थान में स्थित पदार्थ अथवा घटना का सम्यक् प्रकार से बोध हो जाता है ।

५. क्षालन—

रुद्रयामल प्रोक्त पञ्चस्वर ( पञ्चकर्म – षट्कर्म ) योग में क्षालन से अर्थ है नाड़ियों का प्रक्षालन । यहाँ मुख्य रूप से शीर्षासन से इसे करने को कहा गया है । हठयोग में इसकी अन्य विधि है ।

ऊर्ध्वे मुण्डासनं कृत्वा अधोहस्ते जपं चरेत् ।
यदि त्रिदिनमाकर्तुं समर्थो मुण्डिकासनम् ॥
तदा हि सर्वनाड्यश्च वशीभूता न संशयः ।
नाडीक्षालनयोगेन मोक्षदाता स्वयं भवेत् ॥ (रुद्र० ३५.३२,३३)

**( क ) गजकर्म या गजकरणी—**

हाथी जैसे सूँड से जल खींच फिर फेंक देता है, वैसे गजकर्म में किया जाता है । अत: इसका नाम गजकर्म या गजकरणी हुआ । यह कर्म भोजन से पहले करना चाहिये । विषयुक्त या दूषित भोजन करने में आ गया हो तो भोजन के पीछे भी किया जा सकता है । प्रतिदिन दन्तधावन के पश्चात् इच्छा भर जल पीकर अँगुली मुख में उलटी कर दे । क्रमश: बढ़ा हुआ अभ्यास इच्छामात्र से जल बाहर फेंक देगा । भीतर गये जल को न्योलीकर्म से भ्रमा कर फेंकना और अच्छा होता है । जब जल स्वच्छ आ जाय तब जानना चाहिये कि अब मैल मुख की राह नहीं आ रहा है । पित्तप्रधान पुरुषों के लिये यह क्रिया हितकर है ।

## रुद्रयामल का विषय संक्षेप

रुद्रयामल में ९० अध्याय हैं । उनमें से प्रस्तुत प्रथम भाग के ४५ अध्यायों का अध्यायगत विषय संक्षेप दिया जा रहा है—

**प्रथम पटल** में पराश्री परमेशानी के मुखकमल से श्रीयामल, विष्णु यामल, शक्तियामल और ब्रह्मयामल निस्सृत बताए गए हैं। यह रुद्रयामल (उन्हीं यामलों का) उत्तरकाण्ड है। दसवें श्लोक से लेकर ८२ श्लोक तक विविध प्रकार के साधनों की चर्चा की गई है। फिर रुद्रयामल की प्रशंसा है (८३—९२) और यामल शब्द का अर्थ कहा है। फिर यामल में प्रतिपादित विभिन्न साधन कहे गए हैं। ९९ से १०७ तक इस रुद्रयामल की फलश्रुति है। १०७ से ११८ तक ज्ञान एवं भाव की प्रशंसा है। ११९ से १३० तक पुण्यवान् पुरुष के लक्षण और साधक के कर्तव्य वर्णित हैं। पशुभाव से ज्ञान की सिद्धि होती है और वीरभाव से क्रियासिद्धि होती है तथा दिव्य भाव में साधक स्वयं रुद्र हो जाता है (१३०—१३७)। पुन: योग की प्रशंसा (१३८—१३९), पशु एवं वीरभाव में भक्ति विवेचन (१४०—१४५)। दिव्य भाव विवेचन (१४५—१४९), ज्ञान के तीन प्रकार (१५०—१५३), मनुष्य जन्म का दुर्लभत्व (१५४—१६४, आन्तरिक ज्ञान (१६५—१७१) विद्युत् के समान आयु की चञ्चलता (१७२—१७८) एवं व्रती का लक्षण (१७८—१८७)। इसके बाद गुरु के माहात्म्य और उनकी कृपा के विषय में कहा गया है (१८८—१९१)। साधक की आत्मा ही बन्धु है और धर्मशील मनुष्य ही श्रेष्ठ है (१९१—१९६)। पुन: १९७—२१२ श्लोक तक भावत्रय की प्रशंसा की गई है। २१३ से २२० में पीठ प्रशंसा और भावज्ञान का माहात्म्य वर्णित है। फिर (२२१—२४४) गुरु की महिमा और उनके प्रति कर्तव्य बताए गए हैं ।

**द्वितीय पटल** में कुलाचार विधि वर्णित है। पशुभाव में गुरु का ध्यान एवं पूजन वर्णित है (१०—३७)। पुन: गुरुस्तोत्र और गुरुस्तव की फलश्रुति वर्णित है (३८—५०)। इसके बाद गुरु के लक्षण वर्णित है (५०—५७)। फिर शिष्य के लक्षण और उसके कर्तव्य का प्रतिपादन है (५७—९६)। फिर मन्त्र दीक्षा एवं पुरश्चरण (९७—१२७) तथा दीक्षा विधि वर्णित है (१२८—१४३)। इसके बाद मन्त्र साधन में प्रयुक्त होने वाले ताराचक्र, राशिचक्र, विष्णुचक्र, ब्रह्मचक्र, देव चक्र, ऋणधनात्मक महाचक्र, उल्का चक्र एवं सूक्ष्म चक्र का वर्णन है (१४४—१६२)।

**तृतीय पटल** में दीक्षाक्रम में चक्र विचार वर्णित है। भगवती आनन्द भैरवी के द्वारा कालाकाल का विचार करने वाले विभिन्न चक्रों का वर्णन है। यहाँ अकडम चक्र (१७—२४), पद्माकार अष्टदल महाचक्र (२४—३३), कुलाकुल चक्र (३३—३९), तारा चक्र (४०—६१), राशिचक्र (६२—७२), कूर्मचक्र (७३—८४), शिवचक्र और गणना विचार (८५—११४), विष्णु चक्र और उसकी गणना (११४—१४५) वर्णित है।

**चतुर्थ पटल** में ब्रह्मचक्र का वर्णन है। यह चक्र अकालमृत्यु का हरण करने वाला है। इसके ज्ञान से साधक ब्रह्मपद को प्राप्त कर लेता है। ३—११ श्लोक पर्यन्त इस

चक्र के बनाने की विधि लिखी है। इस चक्र के गृहों में अङ्क और राशियां दोनों लिखी जाती है। इनमे साधक अपने शुभाशुभ का ज्ञान करे। इसके बाद नक्षत्र और उनके स्वामी के विषय में विवेचन किया गया है (२४–२६)। वर्णों की राशियों का विवेचन है (२७–३३)। फिर राशिफल का विचार है (३४–४१)। फिर श्रीचक्र का निरूपण किया गया है (४२–७६)। फिर ऋण–धनि चक्र का वर्णन है (७७–१०५)। इसके बाद मन्त्र दोषादि निर्णय के लिए उल्का चक्र वर्णित है (११२–१२३) । फिर इसके बाद सामचक्र का वर्णन किया गया है (१२४–१४७) । इसके बाद चतुष्चक्र (१४८–१६८) और सूक्ष्मचक्र का विवेचन किया गया है (१६९–१९२) ।

**पञ्चम पटल** में मन्त्र संस्कार के लिए महा अकथह चक्र की रचनाविधि वर्णित है। तत्स्थान स्थित वर्गों का फल, प्राणायामादि सिद्धि, वाक्सिद्धि और शिवसायुज्य प्राप्ति आदि विषय वर्णित हैं।

**छठवें पटल** में पशुभाव (५–६०), वीरभाव एवं दिव्य भाव (६१–८२) साधन के फलों को क्रमशः कहा गया है ( ५२-५४)। पशुभाव के ही प्रसङ्ग में सुषुम्ना साधना (१३–१४), देवी ध्यान (१५–२१), पूजनविधि (२२–२८), कुण्डलिनीस्तव (२९–३८), पशुभाव प्रशंसा (४९–६०), भाव विद्या विधि (७९–८२) वर्णित है। अन्त में कुमारी के लक्षण (८३–८७) और कुमारी पूजन के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है (८८–१०२)।

**सप्तम पटल** में कुमारी पूजन का विधान है। आत्मध्यानपरायण पशुभावापन्न साधक के द्वारा कुमारी पूजा की जाती है। पूजाविधि में कुमारी की जाति परीक्षा नहीं होती है। धोबी आदि किसी भी जाति की कन्या को पूजनीय कहा गया है (५–११)। वस्तुतः कुल देवी की बुद्धि से कुमारी पूजनीय होती है। यहाँ कुमारी पूजन की विधि सम्यक् रूप से कही गई है। मायाबीज से पाद्य, लक्ष्मीबीज से अर्घ्य और सदाशिव मन्त्र से धूपदीप–दान की विधि कही गई है (६०–६१)। अन्त में कुमारी महामन्त्र का मन्त्रोद्धार किया गया है (६३–६४)। इसके बाद विभिन्न पूजा विधि और उनका मन्त्रोद्धार वर्णित है (६५–९१) फिर कुमारी स्तोत्र का विधान है (९२–९४)।

**आठवें पटल** में कुमारी पूजन के अङ्गभूत जप एवं होम का विशद विवेचन है। घृताक्त बिल्व पत्र, श्वेत पुष्प, कुन्द पुष्प, करवीर पुष्प और घृताक्तचन्दन एवं अगुरु से मिश्रित हवनीय सामग्री से कुमारी पूजन में हवन का विधान है (१–५)। हवन के अन्त में भगवती के स्तोत्र और मन्त्र एवं फलश्रुति का प्रतिपादन है (१५–३४)। इसके बाद 'तर्पयामि' पद से नियोजित पद्यों का विवेचन है। इन मन्त्रों को पढ़ते हुए मधुमिश्रित क्षीर एवं जल से भगवती का तर्पण करना चाहिए ।

**नवें पटल** में कुमारी कवच का विधान है। इसे भोज पत्र पर लिखकर चतुर्दशी या पूर्णमासी के दिन हृदय प्रदेश में धारण करने का विधान है। इसके पाठ से महान् पातकी भी सभी पापों से मुक्त हो जाता है और अन्त में उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है ।

**दसवें पटल** में महान् पुण्यदायक कुमारी सहस्रनाम वर्णित है। इस स्तोत्र की फलश्रुति है कि जो इसे भोज पत्र पर लिखकर हाथ में धारण करता है उसे सभी संकटों से छुटकारा प्राप्त हो जाता है। मन्त्रार्थ, मन्त्र चैतन्य एवं योनि मुद्रा के स्वरूप को जानकर सभी यज्ञों के फल की प्राप्ति होती है। पुन: यहाँ पर सहस्रनाम सम्बन्धी कवच का भी उल्लेख है। ६ महीने पाठ करने से साधक तीनों जगत् को मोहित कर लेता है। १ वर्ष के पाठ से खेचरत्व प्राप्ति एवं योगसिद्धि प्राप्त होती है और नित्य पाठ से जलस्तम्भन, अग्नि स्तम्भन और वायु के समान वेग की प्राप्ति होती है। सहस्रनामों से हवन और हवनीय द्रव्य की गणना तथा हवन कर्म का फल अन्त में प्रतिपादित है।

**एकादश पटल** में दिव्य, वीर एवं पशु भाव का प्रतिपादन है। भाव से ही सब कुछ प्राप्त होता है। यह तीनों लोक भाव के ही अधीन है। इसीलिए बिना भाव के सिद्धि नहीं प्राप्त होती है (४३–४४)।

दक्षिण और बाईं नासिका से वायु के आगमन और निर्गमन का फल कहा गया है। मेष, वृष आदि १२ राशियों में क्रमश: १. आज्ञाचक्र २. कामचक्र, ३. फलचक्र, ४. प्रश्न चक्र, ५. भूमिचक्र, ६. स्वर्गचक्र, ७. तुलाचक्र, ८. वारिचक्र, ९. षट्चक्र, १०. सारचक्र, ११. उल्काचक्र और १२. मृत्युचक्र का निर्माण करना चाहिए। इन चक्रों में अनुलोम और विलोम क्रम से षट्कोण बनाना होता है। सभी चक्रों में स्वर ज्ञान और वायु गति को जानकर अपने प्रश्नों का विचार करना चाहिए।

**द्वादश पटल में** काम चक्र के स्वरूप का प्रतिपादन है। इस चक्र का सम्पाद किस रीति से करना चाहिए ? उसमें प्रश्न के प्रकार और उसके फल का विवेचन है। पुन: फलचक्र का, फिर आज्ञाचक्र के स्वरूप एवं फल सभी का निरूपण है।

**त्रयोदश पटल में** आज्ञाचक्रगत राशि, नक्षत्र एवं वार की गणना का विधान है। वर्णों के स्वरूप को जानकर किए गए प्रश्नों के विभिन्न फलों का प्रतिपादन है। अश्विनी आदि ८ नक्षत्रों में, फिर आश्लेषा से लेकर चित्रा तक, फिर स्वाती से वसु नक्षत्रों में, फिर उत्तराषाढ़ा से लेकर रेवती आदि नक्षत्रों में किए गए प्रश्नों के विविध फलों का विधान है।

**चतुर्दश पटल में** आज्ञाचक्र का ही विस्तार है। भरणी आदि २७ नक्षत्रों के स्वरूप एवं फल का विस्तार से वर्णन है।

**पन्द्रहवें पटल में** आज्ञाचक्र का ही विस्तार से माहात्म्य वर्णित है। ब्रह्मस्तोत्र, ब्रह्मविद्या, ब्रह्मज्ञानी के लक्षण, ब्रह्ममार्गस्थों का षट्चक्रमण्डल में स्वरूप तथा वैष्णव भक्त के लक्षण वर्णित हैं।

**षोडश पटल में** आज्ञाचक्र का भुवन करण सामर्थ्य वर्णित है। वहाँ पर अधोमण्डलमण्डित द्विबिन्दुनिलय के द्विदल स्थान में श्रीगुरुचरणों का ध्यान कहा गया है। उसके मध्य में महावह्निशिखा का भी चिन्तन वर्णित है। इस योग के प्रसाद से साधक को चिरंजीवित्व और वागीश्वरत्व प्राप्त होने का निर्देश है। फिर त्रिखण्ड आज्ञाचक्र में

श्मशानाधिप से घिरे हुए, कलानिधि, महाकाल, तीक्ष्ण दंष्ट्रा वाले बहुरूपी सुरेश्वर का ध्यान कहा गया है। नासिका के ऊर्ध्व भाग में भ्रूमध्य में परेश्वर काल रुद्र के ध्यान से शीघ्र ही तन्मयता होती है। फिर नाना अलङ्करणों से विभूषित, नवयौवना, रौरवादि नरकों का विनाश करने वाली डाकिनी देवी के ध्यान का विधान है। यही भगवती त्रिपुरसुन्दरी नाम से विख्यात हैं। पूरक, कुम्भक एवं रेचक प्राणायाम के द्वारा अत्यन्त मनोयोग से इनका ध्यान करना चाहिए। छः मास तक प्रातः, सायं और निरन्तर ध्यान से महती सिद्धि प्राप्त होती है। एक वर्ष पर्यन्त ध्यान से खेचरी सिद्धि मिलती है और साधक योगिराट् हो जाता है। अन्ततः कौलमार्ग का पालन करते हुए वह अमर हो जाता है।

**सप्तदश पटल** में अथर्ववेद का लक्षण कहा गया है। यह सभी वर्णों के लिए सार रूप है और शक्त्याचार के समन्वय के रूप में वर्णित है। फिर ऋगादि वेद, जलचर–भूचर–खेचर, कुलविद्या, महाविद्या, बिन्दुत्रयलयस्थिति, ब्रह्मा–विष्णु–शिव और चौबीस तत्त्व आदि सभी अथर्ववेद में निवास करते हैं। पुरदेवता रूप कुण्डलिनी के चैतन्यकरण में मात्र छः मास के अभ्यास की उपादेयता वर्णित है। उस चैतन्य सम्पत्ति से बहुत से फलों का प्रतिपादन है।

कामरूप मूलाधार में वह देवी कुण्डलिनी प्रज्वलित रहती है। तब वह सहस्रदल कमल में शिरोमण्डल में प्रज्वलित होकर सम्बन्ध स्थापित करती है। तब साधक योगिराड् होकर अत्यन्त परमानन्द में निमग्न हो जाता है। जब वह भगवती कुण्डलिनी शिर में समागम करके अमृत पान करती है, तब साधक परम सिद्धि को प्राप्त कर लेता है। यहाँ पर वायवी सिद्धि का उपाय वर्णित है। वहाँ मिताहार, मन का संयम, दया, शान्ति, सर्वत्र समबुद्धि, परमार्थ विचार, भूमि के तल में शर शय्या पर शयन, गुरु के चरणों में श्रद्धा, अतिथिसत्कार, ब्रह्मचर्यव्रत का पालन, हर्ष या शोक में सर्वत्र समभाव, मौन धारण, एकान्त स्थान का सेवन, बहुत न बोलना, हंसी या हिंसा से रहित रहना आदि भगवती कुण्डलिनी के चैतन्य करने के साधन हैं। ललाट, भ्रूमध्य, आष्टपुर कण्ठ में, नाभिप्रदेश में और कटि आदि में स्थित पीठों में वायु निरोधात्मक कुम्भक प्राणायाम से कुण्डलिनी जागरण का परमोपाय निरूपित है।[१] इस रीति से एक वर्ष तक अभ्यास करने पर महाखेचरता प्राप्त होती है। इसी वायवी सिद्धि के प्रसङ्ग में साधक रूप से महर्षि वसिष्ठ की चर्चा भी की गई है।[२]

महर्षि वसिष्ठ चिरकाल तक तपस्या करते रहे किन्तु उन्हें साक्षात् विज्ञान नहीं प्राप्त हुआ। इससे क्रुद्ध होकर महर्षि अपने पिता ब्रह्मा के पास गए और जब उनसे अन्य मन्त्र के लिए कहा और तपोमार्ग से भगवती की वायवी सिद्धि के लिए उत्साहित किया। तब महर्षि वसिष्ठ ने समुद्र तट पर एक हजार वर्ष तक जप योग किया। फिर भी सिद्धि जब प्राप्त नहीं हुई तब वे महाविद्या को शाप देने के लिए उद्यत हुए। शाप देते ही भगवती महाविद्या प्रकट हो गई और कहा[३] 'मैं वेद से गोचर नहीं हूँ। आप बौद्ध देश चीन में

१. द्र० रुद्र० १७.५६–६० । २. द्र० रुद्र० १७.१०६–१०८ ।
३. द्र० रुद्र० १७.१२२–१२४ ।

अथर्ववेद में जाइए।' फिर महर्षि वसिष्ठ चीन गए और वहाँ भगवान् बुद्ध ने वसिष्ठ को कुलमार्ग का उपदेश दिया। तभी से शक्ति चक्र, सत्त्वचक्र, नौ विग्रह और विष्णु का आश्रय करने वाली भगवती कात्यायनी का जप आरम्भ हुआ।[१] यहाँ भगवती के स्वरूप का भी वर्णन है। परममार्ग रूप से कुलमार्ग का विधान है जिसका आश्रय लेकर सृष्टि कर्ता ब्रह्मा, पालनकर्ता विष्णु और संहारकारी रुद्र प्रकट होते हैं। इस प्रकार के वर्णन में यहाँ जीवात्मा और परमात्मा का महान् सम्बन्ध प्रकाशित किया गया है (१०६–१६१)।

**अष्टादश पटल में** भगवती के कामचक्र का वर्णन है जिसमें वर्णों से किए गए प्रश्न का निर्णय प्रतिपादित है। आज्ञाचक्र के मध्यभाग में करोड़ों रस वाली नाड़ियों के मध्य में मनोरम कामचक्र की स्थिति है। इनके कोष्ठकों में वर्णों के स्थापन से होने वाले फल का निर्देश है। सभी चक्रों में यह अत्यन्त उत्तम कामचक्र है। काम्य फल के कारण इससे उत्तम सिद्धि प्राप्त होती है। विभिन्न वर्णों में किए गए प्रश्नों में वर्ण भेद से फल का कथन है। जैसे कवर्ग से प्रश्न करने पर कामसम्पत्ति एवं श्री समृद्धि प्राप्त होती है।[२] इस प्रकार वर्ग के अनुसार शुभ मन्त्र ग्रहण करने से साधक को सिद्धि प्राप्त होती है।

**उन्नीसवें पटल** में प्रश्न चक्र के मध्य षडाधार के भेदन का वर्णन है। फिर निर्विकल्पादि साधनभूत कालचक्र के फल का निर्देश है। फिर आज्ञाचक्र के ऊपर स्थित प्रश्नचक्र के विषय में फल बताए गए हैं। काल ही मृत्यु को देने वाला है और उस काल की सूक्ष्मगति का ज्ञान इसी चक्र से होता है। ग्रह, नक्षत्र एवं राशियों से सम्पृक्त प्रश्न की व्यवस्था की गई है।[३] वर्ग में किए गए प्रश्न में इच्छा सिद्धि तथा खेचरी मेलन होता है। तवर्ग में किए गए प्रश्न से दीर्घजीवन और इन्द्र के समान ओजस्विता होती है और प वर्ग में प्रश्न से परमस्थान की प्राप्ति होती है।

**बीसवें पटल में** सभी मन्त्रों के सार स्वरूप फलचक्र का वर्णन है। उसका षट्कोणों में छः ध्यान बताया गया है। अष्टकोणों में अङ्कभेद से स्थित वर्णों का ध्यान करके खेचरता की प्राप्ति होती है। यह फलचक्र प्रश्नचक्र के ऊर्ध्व भाग में स्थित जानना चाहिए। फलचक्र के प्रसाद से तत्त्व चिन्तन में साधक परायण हो जाता है। अष्टकोणों के ऊर्ध्व भाग में वर्णमाला का क्रम इस प्रकार कहा गया है—

**येन भावनमात्रेण सर्वज्ञो जगदीश्वरः ।**
**ओ औ पवर्गमिवं हि यो नित्यं भजतेऽनिशम् ॥**
**तस्य सिद्धिः क्षणादेव वायवीरूपभावनात् ।**
**चन्द्रबीजस्योद्‌र्ध्वदेशे विभाति पूर्णतेजसा ॥** (रुद्र. २०.३२,३३)

जिसकी भावना मात्र से जगदीश्वर सर्वज्ञ बन गए । ओ औ तथा प वर्ग को जो निरन्तर भजता रहता है, उस वायवी रूप की भावना से उसे क्षणमात्र में सिद्धि हो जाती है, यह चन्द्रबीज के ऊपर वाले देश में पूर्ण तेज से शोभित होता है ।

---

१. द्र० रुद्र० १७. १३५–१३८ । २. द्र० रुद्र० १८. ७७–८३ ।
३. द्र० रुद्र० २०. ३२–३९ ।

इस प्रकार फलचक्र का निरूपण किया गया है, जिसके ध्यान से साधक महाविद्यापति हो जाता है।

**इक्कीसवें पटल में** योगमार्ग के अनुसार सर्वसिद्धिप्रद वीरभाव का साधन कहा गया है। महायोग तो वेदाधीन है, और कुण्डली शक्ति योग के अधीन है, कुण्डली के अधीन चित्त है और चित्त के अधीन समस्त चराचर जगत् है। इस वीरभाव के साधन के बाद प्रथम दल पर ( १ ) **भूमिचक्र** का निरूपण है। यहाँ छ: गृह वर्णित हैं। मध्य गृह में अग्निबीज रं का ध्यान होता है। दक्षिण गृह में वारुण बीज 'वं' का ध्यान होता है। (वाम गृह में) देवेन्द्र पूजित पृथ्वी बीज लं का ध्यान होता है, दक्षिण पार्श्व में श्री बीज श्रीं का वामपार्श्व में ब्रह्मसम्मत प्रणव बीज ॐ का ध्यान होता है। इस प्रकार अनेक तरह से भूमि चक्र का ध्यान कहा गया है। द्वितीय दक्षिण पत्र पर महान् प्रभा वाले वान्तबीज 'यं' का ध्यान करना चाहिए। वहाँ पर स्वर्ग की शोभा से सम्पन्न **( २ ) स्वर्ग चक्र** का अनेक प्रकार से ध्यान कहा गया है। वायवी शक्ति से सम्पन्न इस चक्र के ध्यान से साधक वाक्पति हो जाता है। तृतीय दल पर **( ३ ) तुला चक्र** का विशिष्ट ध्यान एवं उसके फल आदि का निरूपण किया गया है। इस तुला चक्र में षकार से व्याप्त मौन भाव से जप किया जाता है। इससे साधक योगिराट् होकर कुण्डलीजागरण में सामर्थ्य प्राप्त करता है। इसके बाद चतुर्थ दल **( ४ ) वारिचक्र** का निरूपण है। उस वारिचक्र में गङ्गा आदि महानदियों और लवणादि सप्त सागर का एवं समस्त तीर्थों का वर्णन है। इस चक्र के साङ्गोपाङ्ग ध्यान से चिरजीवन एवं योगिराजत्व की प्राप्ति होती है।

**बाइसवें पटल** में षट्चक्र का फलोदय कहा गया है। ( १ ) प्रथम मूलाधार चक्र चार दलों का महापद्म है जो व से स पर्यन्त (व श ष स) चार स्वर्णिम वर्ण के अक्षरों से युक्त है। इसमें शक्ति—तत्त्व और ब्रह्म—तत्त्व का ध्यान कहा गया है। मूल—विद्या की सिद्धि इसका फल है। ( २ ) मूलाधार महापद्म से ऊपर षड्दल वाले महा प्रभावान् स्वाधिष्ठान् महाचक्र की स्थिति है। इसके छ दलों पर ब से ल पर्यन्त ( ब भ म य र ल ) वर्णों का और कर्णिका में राकिणी एवं विष्णु का ध्यान करना चाहिए। ( ३ ) इसके ऊपर नाभि प्रदेश में करोड़ों मणियों के समान प्रभा वाले मणिपूर चक्र के दश दल कमल पर ड से फ पर्यन्त (ड ढ ण त थ द ध न प फ ) वर्णों और लाकिनी एवं रुद्र का ध्यान करना चाहिए। ( ४ ) उसके ऊपर बन्धूक पुष्प के समान द्वादश दल वाले अरुण वर्ण के महामोक्षप्रद अनाहत चक्र पर क से ठ पर्यन्त ( क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ ) वर्णों का और लाकिनी एवं रुद्र का ध्यान करना चाहिए। ( ५ ) उसके ऊपर कण्ठ प्रदेश में सोलह दल वाले विशुद्ध चक्र में सोहल स्वरों का और शाकिनी एवं सदाशिव का ध्यान करना चाहिए। ( ६ ) पुन: उसके ऊपर भ्रूकुटि में बिन्दु पद हंस स्थान वाले हिमकुन्देन्दु के समान प्रभा वाले दो दल कमल पर आज्ञाचक्र में ल क्ष वर्णों का और सदाशिव शाकिनी का ध्यान करना चाहिए । पुन: सोलह पत्र वाले कण्ठ स्थित अनाहत चक्र में सोलह स्वरों का ध्यान कर कुण्डलिनी को ऊपर ले जाना चाहिए। फिर आज्ञा चक्र में उसे लाकर उसके ध्यान से साधक जीवन्मुक्त हो जाता है।

फिर अनेक श्लोकों में लय योग के साधक को किस प्रकार का होना चाहिए—इसकी चर्चा की गई है।[१] और मन को ही सभी पापों का कारण बताया गया है—

> मनः करोति कर्माणि मनो लिप्यति पातके ।
> मनः संयमनी भूत्वा पापपुण्यैर्न लिप्यते ।। ( रुद्र० २२.३६ )

इसके बाद साधक को सिद्धि प्राप्त करने के उपाय तथा श्रेष्ठ साधक के समयाचार का निरूपण है।[२] फिर कुण्डलिनी के अभ्युत्थान के लिए कुलाचार का वर्णन है ।[३] और प्राणायाम को ही सिद्धि—प्राप्ति का उपाय कहा है।

आगे प्रणव का ध्यान और प्रणव से हंस तथा हंस ही सोऽहं कहा गया है। अन्ततः सोऽहं का ज्ञान ही महाज्ञान है जिससे षट्चक्र का भेदन कहा गया है।[४]

तेइसवें पटल में वायु भक्षण की विधि का निरूपण है। साधक को पूरक, कुम्भक एवं रेचक विधि से उदर को वायु पूरित पञ्च प्राणों को वश में करना चाहिए।[५] बिना आसनों के प्राणायाम की सिद्धि नहीं होती । अतः इसी प्रसङ्ग में पद्मासन आदि सव्यापसव्य भेद से ( ३२ + ३२ = ) ६४ आसनों का विधान किया गया है।[६] इस प्रकार वायु को वश में करने के लिए इस पटल में आसनों का निरूपण किया गया है।

चौबीसवें पटल में बहुत से अन्य आसनों का वर्णन है। पृथ्वी पर सौ लाख हजार आसन कहे गए है। इनमें से कूर्मासन से लेकर वीरासन तक कुछ मुख्य आसनों के स्वरूप का वर्णन है। जब तक चित्त स्थिर नहीं होता, तब तक शवासन का साधन साधक को नहीं करना चाहिए (११६—११८)। इसके बाद अष्टाङ्ग योग का महत्त्व वर्णित है (१३२—१४४)। अष्टाङ्ग योग की साधना में आसन से दीर्घ जीवन और यम से ज्ञान एवं ज्ञान से कुलपतित्व प्राप्त होता है। नियम से पूजा में शुद्धता, प्राणायम से प्राणवायु का वश में करना, प्रत्याहार से चित्त में भगवान् के चरण कमल की स्थापना, धारणा से वायुसिद्धि, ध्यान से मोक्ष सुख और समाधि से महाज्ञान प्राप्त होता है। अन्त में स्थिर चित्त में श्रीविद्या का ध्यान कहा गया है ।

पचीसवें पटल में सृष्टि की प्रक्रिया में उत्पत्ति, पालन एवं संहार का निरूपण है । अव्यक्त रूप प्रणव से ही सृष्टि होती है। अ उ म— ये तीनों अक्षर आकाश में सदैव भासित होते रहते हैं। अतः सूक्ष्म आकार से सृष्टि और स्थूल कला वाले निरक्षर से उस पर विजय (ॐ) का विनाश होता है। मायादि के वशीकरण से योगप्रतिष्ठा होती है। काम, क्रोध, मोह, मद, मात्सर्य एवं लोभादि से योग की पराकाष्ठा होती है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, मिताहार, प्रपञ्चार्थवर्जन, शौच, ब्रह्मचर्य, आर्जव, क्षमा एवं धैर्य आदि साधक के लिए आवश्यक है । योगी का चरमावस्था में ब्रह्मज्ञान परमावश्यक है —

---

१. रुद्र० २२.१५—३६
२. रुद्र० २२. ३७—६१
३. रुद्र० २२.६२—८७
४. रुद्र० २२.८८—१०९
५. रुद्र० २३.२—२०
६. रुद्र० २३.२३—११४

शृणुष्व योगिनां नाथ धर्मज्ञो ब्रह्मसञ्ज्ञक ।
अज्ञानध्वान्तमोहानां निर्मलं ब्रह्मसाधनम् ।।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ।
यदि ब्रह्मज्ञानधर्मी स सिद्धो नात्र संशयः ।।

कोटिकन्याप्रदानेन कोटिजापेन किं फलम् ।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ।। (रुद्र० २५.३४–३६)

इसी ब्रह्मज्ञान के प्रसङ्ग में योगियों के सूक्ष्म तीर्थ की चर्चा की गई है –

ईडा च भारती गङ्गा पिङ्गला यमुना मता ।
ईडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्ना च सरस्वती ।।
त्रिवेणीसङ्गमो यत्र तीर्थराजः स उच्यते ।
त्रिवेणीसङ्गमे वीरश्चालयेत्तान् पुनः पुनः ।।
सर्वपापाद् विनिर्मुक्तः सिद्धो भवति नान्यथा ।
पुनः पुनः भ्रामयित्वा महातीर्थे निरञ्जने ।। (रुद्र० २५.४५–४७)

फिर प्राणायाम का तीनों सन्ध्याओं में विधान किया गया है (५७–६९)। फिर योगाभ्यास की प्रशंसा कर प्राणायाम के अन्य प्रकार कहे गए हैं (७०–८१)। फिर योगियों के जप के नियम (८२–९७) बताकर खेचरीमुद्रा तथा शाङ्करीविद्या का निरूपण है। अन्त में अध्यात्म तत्त्व का निरूपण करके प्राणायाम को ही सर्वोपरि कहा गया है।

**छब्बीसवें पटल** में जप एवं ध्यानान्तर–गर्भित प्राणायाम का निरूपण है। जप भी व्यक्त, अव्यक्त एवं अतिसूक्ष्म भेद से तीन प्रकार का बताया गया है। व्यक्त जप वाचिक होता है, अव्यक्त उपांशु और अतिसूक्ष्म जप मानस होता है। ध्यान के २१ प्रकार बताते हुए उसे मनोमात्रसाध्य बताया गया है।

अन्त में पञ्चमकार के सेवन की विधि बताई गई है। वीराचार के साधक के लिए कुल कुण्डलिनी का ध्यान कहकर (६०–६६) स्नान एवं सन्ध्या (७६–९४), उपासक द्वारा तर्पण के प्रकार (९७–१००) एवं सोऽहं भाव से पूजा (अन्तर्याग) की विधि कही गई है (१०१–११७)। योगियों के अन्तर्याग में पुष्प एवं होमविधि वर्णित है (११८–१३०)।

आकाश पद्म से निस्सृत सुधापान मद्य है, पुण्य एवं पाप रूप पशु का ज्ञान की तलवार से संज्ञपन कर परशिव का मनसा मांस खाना ही मांस भक्षण है। शरीर जल में स्थित मत्स्यों का खाना ही मत्स्य भक्षण है। महीगत स्निग्ध एवं सौम्य से उद्भूत मुद्रा का ब्रह्माधिकरण में आरोपित कर साधक तर्पण करता है और यही मुद्रा भोजन है। परशक्ति के साथ अपनी आत्मा का (ध्यानगत) संयोग ही मैथुन कहा गया है (१३७–१४८)।

**सत्ताइसवें पटल** में पुनः प्राणवायु के धारण प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि की विस्तार से चर्चा है। प्रतिपदा–द्वितीया आदि तिथि से लेकर अन्य तिथियों में

प्राणायाम की विधि कही गई है। तिथि का व्यत्यास करने से मरण, रोग एवं बन्धुनाश होता है। प्राणायाम का फल दूरदर्शित्व और दूरश्रवण है। इन्द्रियों का प्रत्याहार कर ईश्वर में भक्ति, खेचरत्व तथा विषय--वासना से निवृत्ति है। धारणा से धैर्य धारण और प्राणवायु का शमन होता है, ध्यान का फल मोक्षसुख है। समाधि का फल जीवात्मा एवं परमात्मा के मिलन से समत्व भाव की उत्पत्ति है।

पुन: अनाहत, विशुद्ध, महापूरक, मणिपूरक और बिन्दु आदि चक्रों का स्वरूप और उनके फल का वर्णन है। षट्चक्र भेदन की प्रक्रिया और पञ्चकृत्यविधि विस्तार से प्रतिपादित है। अन्त में भगवान् शिव के कीर्तन, ध्यान मनन, दास्यभाव, सख्य एवं आत्मनिवेदन का वर्णन है। इस भक्तिभाव से पूजन द्वारा जीवन्मुक्ति की प्राप्ति होती है।

अट्ठाइसवें पटल में मन्त्रसिद्धि का लक्षण कहा गया है। जब मन्त्र सिद्ध होने लगता है तो क्या क्या लक्षण साधक में प्रगट होते हैं, उन्हें १४ श्लोकों में बताया गया है, फिर मन्त्र के दोषों का कथन है। भुवनेशी महाविद्या का वीर्यहीना होना बताया गया है और कामेश्वरी महाविद्या कामराज के द्वारा आविद्ध बताई गई है (१८) इस प्रकार भैरवी ब्रह्मदेव द्वारा शापित है। फिर अनेक महाविद्याओं के विधि द्वारा शापित होने का वर्णन है। योगमार्ग के अनुसरण से ही ये प्रसन्न होती हैं। इन महाविद्याओं की सिद्धि (१) वीरभाव से होती है अथवा (२) पुरश्चरण कर्म द्वारा । (३) वीरभाव से स्त्री का पूजन कुल देवी समझकर किया जाता है। षोडशी देवी ही शक्ति के नाम से अभिहित होती है। (४४) योगमार्ग में संलग्न स्त्री डाकिनी देवी कही गई है। (४९)। सुन्दरी नारी पराविद्या स्वरूपा है। अत: भाव से पूजन करने से सिद्धि प्राप्त होती है (६१)। फिर पुरश्चरण प्रक्रिया से महाविद्याओं के शाप के उत्कीलन की प्रक्रिया वर्णित है (६२–६५)।

इसके बाद षट्चक्र भेदन की प्रक्रिया वर्णित है। कुण्डलिनी महाभगवती योग से चैतन्यमुखी होती है। अत: कन्दवासिनी देवी (कुण्डलिनी) का स्तोत्र एवं उनका मन्त्र विन्यास भी उन्हीं श्लोकों के मध्य विस्तार से वर्णित है।

उन्तीसवें पटल में पुन: षट्चक्र भेदन कहा गया है। षट् चक्र का ज्ञाता साधक सर्वशास्त्रार्थ का ज्ञाता होता है। मूल पद्म के चार दलों पर व श ष स वर्ण होते हैं। (१) श्रेष्ठभाव से साधन के योग्य, नारायण स्वरूप भावना के योग्य, पञ्च स्थान से उच्चरित होने वाले, तेजोमय आद्याक्षर वकार का ध्यान करना चाहिए । (२) सुवर्णानिल के समान प्रभा वाले, गौरीपति को श्री सम्पन्न करने वाले, पुराणपुरुष लक्ष्मीप्रिय, सुवर्ण वर्ण से वेष्टित शकार का प्रसन्नता से सर्वदा कमल के दक्षिण पत्र पर ध्यान करना चाहिए। (३) ईश्वरी के षष्ठ गुणों के अवतंस षट्पद्म संभेदन करने वाले हेमाचल के समान वर्ण वाले ष वर्ण का ध्यान तृतीय पत्र पर करे। (४) माया तथा महामोह का विनाश करने वाले धननाथ मन्दिर में विराजमान जय प्रदान करने वाले सकार का चतुर्थ पत्र पर ध्यान करे। फिर इसके बाद इन चार वर्णों का क्रमश: ध्यान तथा स्वयम्भूलिङ्ग का ध्यान और उन्हें घेरे हुए सर्प के समान कुण्डलिनी का ध्यान वर्णित है (१२–२०) । फिर सुषुम्ना, वज्र, चित्रिणी, ब्रह्म आदि

नाड़ियों का विवेचन है। अन्त में योगियों द्वारा महालय में मन को लीन करना विवेचित है जिसे 'महाप्रलय' के नाम से जाना जाता है।

**तीसवें पटल** में मूलाधार पद्म का विवेचन है। षट्चक्र भेदन के लिए भेदिनी मन्त्रोद्धार है और सभी योगिनी मन्त्र का विधान है। मूलाधार में ब्रह्मदेव से युक्त डाकिनी का ध्यान, ब्रह्ममन्त्र तथा डाकिनीमन्त्रराज का उद्धार किया गया है। फिर डाकिनी स्तोत्र में डाकिनी स्तुति (२७–३४) है और ब्रह्म की स्तुति (३५–३८) है। इस स्तोत्र के पाठ मात्र से महान् पातकों का नाश हो जाता है और यदि साधक विशाल नेत्र वाले जगन्नाथ का ध्यान कर स्तोत्र पाठ करता है तो वह योगिराज बन जाता है।

**इकतीसवें पटल** में भेदिन्यादि देवियों की साधना विधियों का वर्णन है। भेदिनी देवी के साधन से ग्रन्थियों का भेदन सरलता से हो जाता है। इस साधन में प्रथमतः डाकिनी का ध्यान कहा गया है फिर स्तव है (८–१७)।

इस कुण्डलिनी स्तोत्र के पाठ से अनायास सिद्धि प्राप्त होती है और वायु वश में हो जाता है, योगिनियों के दर्शन अकस्मात् होते हैं। इसके बाद छेदिनीस्तव के मध्य श्री नागेशी, कालिका, छेदिनी, लाकिनी राकिणी एवं काकिनी की स्तुति है। इसके बाद योगिनीस्तोत्रसार का वर्णन है (३६–४५)। इस स्तोत्र के पाठ से साधक शिव का भक्त हो जाता है। वह मूलाधार चक्र में स्थिर होने के बाद षट्चक्र में विचरण करता हुआ स्वराज्य प्राप्त करता है।

**बत्तीसवें पटल** में कुडलिनी देवी के स्तोत्र, ध्यान, न्यास तथा मन्त्र को कहा गया है। पहले कुण्डलिनी का ध्यान है (५–१३)। फिर कुण्डलिनी स्तोत्र है (२१–४२)। जब तक कुण्डलिनी सिद्ध न हो तब तक जप करे। मानस होम, मानस ध्यान, मानस जप, मानस अभिषेक से भावशुद्धि द्वारा भगवती कुण्डलिनी सिद्ध होती है। जो प्रणव से सम्पुटित कर पवित्रतापूर्वक नियम से इस कन्दवासिनी स्तोत्र का पाठ करता है वह पृथ्वी में कुण्डलिनी पुत्र हो जाता है—यह इस स्तोत्र की फलश्रुति है ।

**तैंतीसवें पटल** में कुल कुण्डली कवच का वर्णन है। इसके ऋषि ब्रह्मा हैं और कुल कुण्डलिनी देवता है। फिर देवी से विभिन्न अङ्गों की रक्षा करने की प्रार्थना की गई है (६–६५)। इस कवच के पाठ से रोगमुक्ति, राज्यप्राप्ति और सर्वसिद्धि प्राप्ति होती है है

**चौतीसवें पटल** में जनन एवं मरण से छुटकारा प्राप्ति के लिए पञ्चस्वर योग का वर्णन है। यह अत्यन्त गोपनीय योग है। भगवती कुण्डलिनी के १००८ नामों के पाठ से साधक महायोगी हो जाता है। नेती, दन्ती, धौती, नेउली और क्षालन ये पञ्चस्वर योग हैं। फिर पञ्चामरा द्रव्यों का विधान है। दूर्वा, विजया, बिल्वपत्र, निर्गुण्डी, काली तुलसी—इनके पत्तों को समान मात्रा में लेकर विजया को दुगुना लेना चाहिए। इसके भक्षण मन्त्रों का निर्देश भी किया गया है। पञ्चामरा का विधान कर नेती योग (४०–४४) और दन्ती योग का (४५–५३) वर्णन है।

**पैंतीसवें पटल** में धौती योग की विधि वर्णित है। एक हाथ से लेकर ३२ हाथ तक की धोती (वस्त्र) लेना चाहिए। फिर २१–२८ श्लोकों में नेउली कर्म विर्णित है। फिर २८–४५ श्लोक तक क्षालन नाड़ी शोधन का वर्णन और सभी पञ्चस्वर कर्म की फलश्रुति कही गई है।

**छत्तीसवें पटल** में भगवती कुण्डली देवी के अष्टोत्तर सहस्रनामस्तोत्र का निरूपण है। अष्टोत्तर सहस्रनाम जप के बाद कवच का पाठ कर अपनी रक्षा करनी चाहिए। (१७१–१७५)। इस सहस्रनाम के जप से और कवच के पाठ से करोड़ों जन्मों के पापों का नाश हो जाता है।

**सैंतीसवें पटल** में पीताम्बरधारी वंशीनाद वाले भगवान् कृष्ण का विमल ध्यान वर्णित है। बिना कृष्णपदाम्भोज के ध्यान के स्वाधिष्ठान चक्र पर विजय नहीं हो सकती। अत: स्वाधिष्ठान भेदन ही इसका फल है।

**अड़तीसवें पटल** में भगवान् श्री कृष्ण की ध्यानविधि विस्तृत रूप से वर्णित है। इस पटल के ५वें और ६ वें श्लोक में ध्यान का मन्त्र भी गुप्त रूप से उक्त है। पुन: भगवान् नरसिंह के भी ध्यान मन्त्र का संकेत है (१५–१७)। इस ध्यान से स्वाधिष्ठान में सिद्धि प्राप्त कर अपनी आत्मा में चिन्मय कृष्ण में मन का लय करना चाहिए।

**उन्तालीसवें पटल** में भगवान् श्रीकृष्ण के स्तोत्र एवं कवच पद्धति का विस्तार से प्रतिपादन है। इस स्तोत्र पाठ से पहले साधक उनके कवच मन्त्र से पहले आत्म रक्षा कर ले। इस विधि से एक मास में ही षड्दल में सिद्धि प्राप्त होती है।

**चालिसवें पटल** में षड्दल कमल के ६ वर्णों का पृथक्–पृथक् ध्यान प्रतिपादित है (१९–२१)। इस प्रकार से षड्दलवर्ण के प्रकाश से शरीर में चित्त की निर्मलता से प्राणवायु की भी शुद्धि होती है।

**इकतालिसवें पटल** में राकिणी के साथ योगिराज श्रीकृष्ण का स्तवन है (२०–२१)। इस स्वाधिष्ठान राकिणी स्तोत्र में कृष्णप्रिया से सुख देने की प्रार्थना की गई है। कुलेश जननी माता रामेश्वरी से रोग आदि शत्रुओं से शरीर रक्षा की प्रार्थना की गई है। इस प्रकार स्तोत्र एवं कवच का विस्तार से वर्णन है। इस स्तोत्र के प्रभाव से भव बन्धन से मुक्ति पाकर विश्वामित्र के समान साधक जितेन्द्रिय हो जाता है और भगवान् कृष्ण में अचल भक्ति प्राप्त करता है। इस स्तोत्र का पाठ षट्चक्र भेद के समय सदैव किया जाता है।

**बयालिसवें पटल** में राकिणी एवं श्रीकृष्ण की प्रीति के लिए हवन एवं तर्पण का विधान है। मन्त्रोद्धार, फिर तर्पण एवं अभिषेक, अन्त में अष्टाङ्ग प्रणाम पूर्वक अर्चना और अष्टोत्तर सहस्रनाम का पाठ करना चाहिए। इस सहस्रनाम की विशेषता है कि इसमें एक नाम श्रीकृष्ण का है और उसी चरण में अन्य नाम राकिणी देवी के हैं। जैसे –

**मुकुन्दो मालती माला विमलाविमलाकृति: ।**
**रमानाथो महादेवी महायोगी प्रभावती** ॥ ( रुद्र० ४२.१८–२० )

इस स्तोत्र के पाठ से साधक शान्ति प्राप्त करता है। वह अकाल मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है और सभी व्याधियों का नाश होता है। अनायास ही साधक योगिराट् हो जाता है। अन्त में कैलासदर्शन आदि और अष्टाङ्गसाधन की विधि कही गई है।

तिरालिसवें पटल में मणिपूरचक्र के भेदन की विधि का निरूपण है। (५३–५४, ५९–६०) यहाँ पर भगवान् रुद्र के ध्यान विधि का प्रतिपादन है। गन्ध, पुष्प, धूप, दीप आदि उपचारों से उनका पूजन, प्राणायाम और भक्तिपूर्वक मन्त्र जाप करना चाहिए। जप समर्पण करके पुनः तीन प्राणायाम करे और स्तोत्र एवं कवच से अपने हृदय में देवी को प्रसन्न करे।

चौवालिसवें पटल में मणिपूर भेदन के प्रसङ्ग में ही त्रितत्त्वलाकिनी शक्ति का स्तवन किया गया है। मणिपूर का ध्यान कर क्या नहीं सिद्ध किया जा सकता है। हृदयपद्म के अधोभाग में विधिपूर्वक ध्यान करके योगिराट् होता है और रुद्राणी सहित महारुद्र का दर्शन प्राप्त करता है। इस प्रकार २४ श्लोकों तक पूजा क्रम का विधान कर २५–३३ तक स्तोत्र है। ३४–३७ तक स्तोत्र की फलश्रुति कही गई है।

पैंतालिसवें पटल में वर्ण ध्यान का वैशिष्ट्य निरूपित है। पूर्वादि दल से लेकर सभी वर्णों का पृथक्–पृथक् ध्यान कहा गया है। ड से लेकर फ पर्यन्त दश वर्णों का ध्यान वर्णित है (४२–५१)। रक्त एवं विद्युत् के समान चमक वाले वर्णों का ध्यान कर सदा कर्णिका के मध्य कुण्डलिनी का ध्यान करे (५३–५८)। फिर कुण्डलिनी का ध्यान प्रतिपादित कर अन्त में रुद्राणी स्तोत्र के पाठ का विधान है।

**बुद्धवसिष्ठ का तारा सम्बन्धी वृत्तान्त**

दस महाविद्याओं में से तारा की उपासना विधि सर्वप्रथम वसिष्ठ मुनि के द्वारा महाचीन देश से लाई गई थी। इसका सबसे प्राचीन प्रमाण रुद्रयामल एवं ब्रह्मयामल में प्राप्त होता है। यही मूल उत्स है जो तारा उपासना सम्बन्धी अन्य प्रकरण ग्रन्थों में प्राप्त होता है।

रुद्रयामल में वसिष्ठ द्वारा तारा महाविद्या की उपासना की कथा १७ वें पटल के १०६ श्लोक से लेकर १६१ श्लोक तक प्राप्त होती है —

**वसिष्ठो ब्रह्मपुत्रोऽपि चिरकालं सुसाधनम् ।**
**चकार निर्जने देशे कृच्छ्रेण तपसा वशी ॥१०६॥**

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

**मद्यं मांसं तथा मत्स्यं मुद्रां मैथुनमेव च ।**
**पुनः पुनः साधयित्वा पूर्णयोगी बभूव सः ॥१६१॥**

# विषयानुक्रमणिका


अथ प्रथमः पटलः  १ - ३२

सर्वविद्याऽनुष्ठानकथनम्

विविधसाधनानि ... १

मनुष्यजन्मस्य दुर्लभत्वम् ... २०

गुरुमहिमा स्वमहिमा च ... २५

श्लोकाङ्काः २४४

अथ द्वितीयः पटलः  ३३ - ५५

कुलाचारविधिः

गुरुस्तोत्रम् ... ३७

गुरुलक्षणम् ... ४०

शिष्यलक्षणम् ... ४१

मन्त्रदीक्षाविचारः ... ४६

दीक्षाविधिः ... ५०

श्लोकाङ्काः १६२

अथ तृतीयः पटलः  ५६ - ७७

दीक्षायां सर्वचक्रानुष्ठानम्

दीक्षायां चक्रविचारः ... ५६

( १ ) अकडमचक्रम् ... ५८

( २ ) पद्माकार-अष्टदल-महाचक्रम् ... ६०

( ३ ) कुलाकुलचक्रम् ... ६१

( ४ ) ताराचक्रम् ... ६२

वर्णानां देवत्वादेवत्वगणविचारः ... ६३

( ५ ) राशिचक्रम् ... ६५

( ६ ) कूर्मचक्रम् ... ६६

( ७ ) शिवचक्रम् ... ६८

( ८ ) विष्णुचक्रम् ... ७३

श्लोकाङ्काः १४५

| | | |
|---|---|---|
| अथ चतुर्थः पटलः | | ७८ - १०३ |
| दीक्षायां सर्वचक्रानुष्ठानम् | | |
| ( १ ) ब्रह्मचक्रम् | .... | ७८ |
| ( २ ) श्रीचक्रम् | .... | ८३ |
| मन्त्रदोषादिनिर्णयः | .... | ९२ |
| ( ३ ) उल्काचक्रम् | .... | ९२ |
| ( ४ ) रामचक्रम् | .... | ९४ |
| ( ५ ) चतुष्चक्रम् | .... | ९७ |
| ( ६ ) सूक्ष्मचक्रम् | .... | १०० |
| श्लोकाङ्काः ११२ | | |
| अथ पञ्चमः पटलः | | १०४ - ११० |
| मन्त्रादिदोषनिर्णयः | | |
| मन्त्रसंस्कारार्थे महा-अकथहचक्रम् | .... | १०४ |
| चक्रफलकथनम् | .... | १०८ |
| श्लोकाङ्काः ४५ | | |
| अथ षष्ठः पटलः | | १११ - १२६ |
| कुमार्युपचर्याविन्यासः | | |
| पशुभावविवेचनम् | .... | १११ |
| सुषुम्नासाधनम् | .... | ११२ |
| कुण्डलिनीस्तवः | .... | ११४ |
| पशुभावप्रशंसा | .... | ११८ |
| भावविद्याविधिः | .... | १२१ |
| कुमारीलक्षणम् | .... | १२३ |
| श्लोकाङ्काः १०६ | | |
| अथ सप्तमः पटलः | | १२७ - १३९ |
| कुमारीपूजाविधानम् | | |
| कुमारीस्तोत्रम् | | १३८ |
| श्लोकाङ्काः ९४ | | |
| अथाष्टमः पटलः | | १४० - १५२ |
| कुमारीपूजाविधानम् | | |
| कुमारीजपहोमौ | .... | १४० |
| कुमारीस्तवः | .... | १४१ |

| | |
|---|---|
| अथ चतुर्दशः पटलः | २१६ - २२८ |
| नाक्षत्रिकचक्रफलम् | |
| भरण्यादिपुष्यनक्षत्राणां — | |
| राश्याधिपानां च फलानि ... | २१६ |
| रव्यादि-वारप्रश्नफलकथनम् ... | २१९ |
| आश्लेषादिनक्षत्रफलकथनम् ... | २२२ |
| नक्षत्राधिपतिफलविचारः ... | २२३ |
| तत्तन्नक्षत्रदेवतानां प्रश्ने फलकथनम् ... | २२३ |
| सुषुम्नान्तरगामिनी आत्रेयीशक्तिविवेचनम् ... | २२६ |
| श्लोकाङ्काः ७४ | |
| अथ पञ्चदशः पटलः | २२९ - २३८ |
| वेदप्रकरणम् | |
| योगि-ब्रह्मज्ञानी-वैष्णवादिसिद्धानां प्रश्नोत्तराणि | २२९ |
| ब्रह्मविवेचनम् ... | २३० |
| कुण्डलिनीविवेचनम् ... | २३१ |
| वायवीशक्तिनिरूपणम् ... | २३२ |
| वैष्णवभक्तस्य स्वरूपकथनम् ... | २३४ |
| याज्ञिकलक्षणम् ... | २३५ |
| ब्रह्मज्ञानीलक्षणम् ... | २३६ |
| श्लोकाङ्काः ६५ | |
| अथ षोडशः पटलः | २३९ - २४५ |
| सामवेदमयश्चक्रस्वरूपकथनम् | |
| गुरुमीश्वरकीर्तनम् ... | २४० |
| हाकिनीदेवीध्यानम् ... | २४३ |
| कुलमार्गकथनम् ... | २४४ |
| श्लोकाङ्काः ४६ | |
| अथ सप्तदशः पटलः | २४६ - २६७ |
| शक्त्याचारसमन्वितम् अथर्ववेदलक्षणम् | |
| अथर्ववेदचक्रस्थाकुण्डलिनीमहिमा ... | २४७ |
| वायवीसिद्धिः ... | २५० |
| स्थिरचित्तसाधकस्य लक्षणम् ... | २५३ |
| बुद्धवसिष्ठवृत्तान्तः ... | २५९ |

वसिष्ठस्य महाचीने गमनम् ... २६२

महाचीनाचार: ... २६३

श्लोकाङ्का: १६३

**अथाष्टादश: पटल:** **२६८ - २८३**

**कामचक्रसारसंकेते चतुर्वेदोल्लास:**

कामचक्रफलोद्भवम् ... २६८

वर्णदेवता, तस्य स्वरूपकथनम् ... २७०

षोडशस्वरफलकथनम् ... २८१-२८३

वर्गे वर्गे फलकथनम् ... २८२-२८३

श्लोकाङ्का: ८३

**अथोनविंश: पटल:** **२८४ - २९०**

**प्रश्नचक्रस्वरूपकथनम्**

प्रश्नादिकथने सिद्धिविधानम् ... २८५

श्लोकाङ्का: ५०

**अथ विंश: पटल:** **२९१ - २९७**

**सिद्धमन्त्रस्वरूपकथनम्**

सिद्धमन्त्रविचार: ... २९१

षट्कोणस्थवर्णमन्त्रान् ... २९२

अष्टकोणस्य ऊर्ध्वदेशे —

वर्णमालाविधानम् ... २९५

श्लोकाङ्का: ४३

**अथैकविंश: पटल:** **२९८ - ३१३**

**मूलपद्मोल्लास:**

वीरभावस्य माहात्म्यम् ... २९८

( १ ) भूमिचक्रम् ... ३०४

( २ ) स्वर्गचक्रम् ... ३०५

तृतीयदलमाहात्म्यम् ... ३०८

( ३ ) तुलाचक्रम् ... ३०८

अन्यदलमाहात्म्यम् ... ३१०

( ४ ) वारिचक्रम् ... ३१०

**श्लोकाङ्का: ११४**

अथ द्वाविंशः पटलः ३१४ - ३२९

षट्चक्रसारसंकेते योगशिक्षाविधिनिर्णयः

( १ ) मूलाधारमहापद्मविवेचनम् .... ३१४

( २ ) स्वाधिष्ठानमहाचक्रम् .... ३१५

( ३ ) मणिपूरचक्रम् .... ३१५

( ४ ) अनाहतचक्रम् .... ३१५

( ५ ) आज्ञाचक्रमहापद्मविवेचनम् .... ३१६

( ६ ) विशुद्धचक्रमहापद्मविवेचनम् .... ३१६

योगभ्रंशकारणम् .... ३१८

योगग्रहणकालः .... ३१८

वीरसाधनाविधिनिषेध .... ३२०

हंसमन्त्र .... ३२६

श्लोकाङ्काः १०९

अथ त्रयोविंशः पटलः ३३० - ३४५

आसननिरूपणम्

योगिनां भोजननियमः .... ३३०

आसननियमस्तद्भेदांश्च .... ३३३

श्लोकाङ्काः ११४

अथ चतुर्विंशः पटलः ३४६ - ३६५

योगविद्यासाधनम्

योगसाधननिरूपणम् .... ३४६

शवसाधननिरूपणम् .... ३५३

शवसाधनाफलश्रुतिकथनम् .... ३६१

शवसाधकस्य विधि-निषेधकथनम् .... ३६२

अष्टाङ्गयोगनिरूपणम् .... ३६३

श्लोकाङ्काः १४४

अथ पञ्चविंशः पटलः ३६६ - ३८४

षट्चक्रसारसंकेते प्राणायामोल्लासः

सूक्ष्मसृष्टिस्थितिसंहारकथनम् .... ३६६

योगिनां सूक्ष्मतीर्थानि .... ३७२

योगिनां जपनियमः .... ३७७

शाङ्करी–विद्यानिरूपणम् .... ३८०

आध्यात्मनिरूपणम् ... ३८०
आध्यात्मज्ञाननिरूपणम् ... ३८१
श्लोकाङ्का: १२९

**अथ षडविंश: पटल: ३८५ - ४०५**

**षट्चक्रभेद:**
देव्या वीरध्येयरूपम् ... ३९३
योगिनां सूक्ष्मस्नानम् ... ३९५
कौलानां संध्या ... ३९७
कौलतर्पणम् ... ३९८
मानसपूजा ... ३९९
मानसहोम: ... ४०१
पञ्चमकारयजनम् ... ४०२
पञ्चमकारमाहात्म्यम् ... ४०५
श्लोकाङ्का: १४८

**अथ सप्तविंश: पटल: ४०६ - ४२०**

**षट्चक्रसारसंकेते अष्टाङ्गयोगनिरूपणम्**
प्राणायामलक्षणम् ... ४०६
प्रत्याहार: ... ४०९
भावमाहात्म्यम् ... ४१०
धारणा ... ४१०
ध्यान ... ४१०
समाधि: ... ४११
मन्त्रयोगार्थनिर्णयकथनम् ... ४१२
हृदयाब्जकथनम् ... ४१४
दार्शनिकमतकथनम् ... ४१५
ध्यानलक्ष्यनिरूपणम् ... ४१७
श्लोकाङ्का: १०५

**अथाष्टाविंश: पटल: ४२१ - ४३८**

**कन्दवासिनीस्तोत्रम्**
मन्त्रसिद्धिलक्षणम् ... ४२१
भैरवीलक्षणम् ... ४२५
भैरवीचक्रम् ... ४२६

अथ चतुस्त्रिंशः पटलः ४८० – ४८८

पञ्चामरासाधनम्

पञ्चामराविधानम् . . . ४८२

श्लोकाङ्काः ५७

अथ पञ्चत्रिंशः पटलः ४८९ – ४९५

पञ्चस्वरयोगसाधनम्

पञ्च ( षट् ) कर्मनिरूपणम् . . . ४८९

श्लोकाङ्काः ४५

अथ षट्त्रिंशः पटलः ४९६ – ५२०

कुण्डलिनीसहस्रनामस्तोत्रम्

कुण्डलिनीसहस्रनामानि . . . ४९६

श्लोकाङ्काः २१०

अथ सप्तत्रिंशः पटलः ५२१ – ५२८

स्वाधिष्ठानप्रकाशनप्रकारकथनम्

स्वाधिष्ठानश्रीकृष्णराकिणीसाधनम् . . . ५२१

श्लोकाङ्काः ३५

अथाष्टात्रिंशः पटलः ५२९ – ५३६

श्रीकृष्णसाधनम्

नृसिंहमन्त्रसाधनम् . . . ५३०

श्रीकृष्णमन्त्रकथनम् . . . ५३२

श्रीकृष्णाध्यानम् . . . ५३३

श्लोकाङ्काः ५८

अथैकोनचत्वारिंशः पटलः ५३७ – ५४६

श्रीकृष्णस्तवनकवचम्

श्रीकृष्णस्तोत्रम् . . . ५३७

श्लोकाङ्काः ३४

अथ चत्त्वारिंशः पटलः ५४७ – ५५१

षड्दलवर्णप्रकाशनम्

श्लोकाङ्काः २३

अथैकचत्त्वारिंशः पटलः ५५२ – ५६१

स्वाधिष्ठानराकिणीस्तोत्रम्

पञ्चाचारमहिमा . . . ५५४

राकिणी(राधिका)स्तवम् .... ५५४

श्लोकाङ्का: ४६

अथ द्विचत्त्वारिंशः पटलः ५६२ - ५९०

राकिणी(राधा)साधनम्

राकिणीमन्त्राः .... ५८५

श्रीकृष्णराकिणीसहस्रनामानि .... ५८५

षट्चक्रभेदाः .... ५८५

श्लोकाङ्का: १७९

अथ त्रिचत्त्वारिंशः पटलः ५९१ - ६०३

मणिपूरचक्रभेदप्रकारकथनम्

कामिनीवशीकरणम् .... ५९१

जीवस्वरूपकथनम् .... ५९६

भावमहिमानिरूपणम् .... ५९९

श्लोकाङ्का: ८७

अथ चतुश्चत्त्वारिंशः पटलः ६०४ - ६११

त्रितत्त्वलाकिनीशक्तिस्तवनम्

मणिपूरचक्रभेदनम् .... ६०४

त्रितत्त्वलाकिनीस्तवनम् .... ६०७

श्लोकाङ्का: ३८

अथ पंचचत्त्वारिंशः पटलः ६१२ - ६२२

वर्णध्यानम्

कालक्रमकथनम् .... ६१२

मणिपूरचक्रसाधनम् .... ६१७

पूर्वादिदलगतवर्णानां ध्यानम् .... ६१८

श्लोकाङ्का: ५८

अन्यथा विरोधी को मन्त्र देने से कामना और भोग दोनों का ही नाश होता है । हे भैरव ! मेरा तो विचार है कि सिद्धमन्त्र दुष्कुल में उत्पन्न लोगों से भी ग्रहण कर लेना चाहिए । ( भक्ति ) भावना वाले, प्रच्छन्नरूप वाले अथवा माङ्गलिक रूप धारण करने वाले सद्‌गुरु से दीक्षा लेने वाला अष्टैश्वर्य पर विजय प्राप्त कर लेता है ॥ १०५-१०६ ॥

स्वप्ने तु नियमो नास्ति दीक्षासु गुरुशिष्ययोः ।
स्वप्नलब्धे स्त्रिया दत्ते संस्कारेणैव शुद्ध्यति ॥ १०७ ॥

स्वप्न में मन्त्र की प्राप्ति होने पर गुरु और शिष्य का कोई नियम नहीं रहता । स्वप्न में अथवा स्त्री के द्वारा प्राप्त मन्त्र संस्कार से ही शुद्ध हो जाते हैं ॥ १०७ ॥

साध्वी चैव सदाचारा गुरुभक्ता जितेन्द्रिया ।
सर्वमन्त्रार्थ तत्त्वज्ञा सुशीला पूजने रता ॥ १०८ ॥
सर्वलक्षणसम्पन्ना जापिका पद्मलोचना ।
रत्नालङ्कारसंयुक्ता वर्णाभूवनभूषिता ॥ १०९ ॥
शान्ता कुलीना कुलजा चन्द्रास्या सर्ववृद्धिगा ।
अनन्तगुणसम्पन्ना रुद्रत्वदायिनी प्रिया ॥ ११० ॥
गुरुरूपा मुक्तिदात्री शिवज्ञाननिरूपिणी ।
गुरुयोग्या भवेत् सा हि विधवा परिवर्जिता ॥ १११ ॥

साध्वी, सदाचार संपन्ना, गुरुभक्ता, इन्द्रियों को अपने वश में रखने वाली, सभी मन्त्रों के अर्थतत्त्व को जानने वाली, सुशीला, पूजा में निरत, सर्वलक्षण संयुक्त, जप करने वाली, कमलनयना, रत्नालङ्कार संयुक्त सुन्दरी को भुवनमोहिनी, शान्ता, कुलीना, कुलजा, चन्द्रमुखी, सर्ववृद्धि वाली, अनन्तगुणसम्पन्ना, रुद्रत्व प्रदान करने वाली प्रिया, गुरुरूपा, मुक्तिदात्री तथा शिवज्ञान का निरूपण करने वाली स्त्री भी गुरु बनाने के योग्य है, किन्तु विधवा परिवर्जित है ॥ १०८-१११ ॥

स्त्रिया दीक्षा शुभा प्रोक्ता मन्त्रश्चाष्टगुणा स्मृता ।
पुत्रिणी विधवा ग्राह्या केवला ऋणकारिणी [१] ॥ ११२ ॥
सिद्धमन्त्रो यदि भवेद् गृह्णीयाद् विधवामुखात् ।
केवलं सुफलं [२] तत्र मातुरष्टगुणं ध्रुवम् ॥ ११३ ॥

स्त्री से ली गई दीक्षा शुभावह होती है । उसके दिये गये मन्त्र में भी आठ गुनी शक्ति आती है । पुत्रिणी विधवा से भी मन्त्रदीक्षा ली जा सकती है । किन्तु पुत्रपतिहीना विधवा की दीक्षा ऋणकारिणी होती है । यदि सिद्ध मन्त्र हो तो विधवा के मुख से भी उसे ले लेना चाहिए । उससे केवल सुफल प्राप्त होता है । किन्तु माता से ली गई मन्त्रदीक्षा आठ गुना फलदायिनी होती है ॥ ११२-११३ ॥

---

१. आनन्दकारिणी—क० ।
२. सफलं तत्र—क० ।

सधवा[1] स्वप्रकृत्या च ददाति यदि तन्मनुम् ।
ततोऽष्टगुणमाप्नोति यदि सा पुत्रिणी सती ॥ ११४ ॥
यदि माता स्वकं मन्त्रं ददाति स्वसुताय च ।
तदाष्टसिद्धिमाप्नोति भक्तिमार्गे न संशयः ॥ ११५ ॥
तदैव दुर्लभं देव यदि माता प्रदीयते ।

पुत्रवती और सती सधवा यदि अपनी इच्छा से सिद्धमन्त्र प्रदान करे तो भी अष्टगुण फल होता है । यदि माता ( गुरु परम्परा से प्राप्त ) स्वकीय मन्त्र अपने पुत्र को प्रदान करे तो उस पुत्र को आठों सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं । भक्ति मार्ग में संशय नहीं करना चाहिए । हे देव ! माता अपने पुत्र को मन्त्र दीक्षा दे यह समय तो बहुत दुर्लभ है ॥ ११४-११६ ॥

आदौ भक्तिं ततो मुक्तिं सम्प्राप्य कालरूपधृक्[2] ॥ ११६ ॥
सहस्रकोटिविद्यार्थं जानाति नात्र संशयः ।
स्वप्ने तु माता यदि वा ददाति शुद्धमन्त्रकम् ॥ ११७ ॥
पुनर्दीक्षां सोऽपि कृत्वा दानवत्वमवाप्नुयात् ।

प्रथम भक्ति उसके बाद मुक्ति प्राप्त कर ( इस प्रकार काल के अनुसार वेष बनाने वाला ) साधक सहस्र करोड़ विद्या के अर्थ को जान लेता है इसमें संशय नहीं । यदि माता स्वप्न में शुद्ध मन्त्र प्रदान करे । ऐसा साधक यदि पुनः किसी अन्य से दीक्षा ग्रहण करे तो वह दानवत्व प्राप्त करता है ॥ ११६-११८ ॥

यदि भाग्यवशेनैव जननी दानवर्तिनी[3] ॥ ११८ ॥
तदा सिद्धिमवाप्नोति तत्र मन्त्रं विचारयेत् ।
स्वीयमन्त्रोपदेशेन[4] न कुर्याद् गुरुचिन्तनम् ॥ ११९ ॥
तथा श्रीललिता काली महाविद्या महामनोः ।
सर्वसिद्धियुतो भूत्वा वत्सरात् तां प्रपश्यति ॥ १२० ॥

यदि भाग्यवश माता ही मन्त्र देने के लिए उद्यत हो तो भी साधक को सिद्धि प्राप्त हो जाती है, उस समय केवल मन्त्र का विचार करना चाहिए । यदि श्री ललिता, काली अथवा महाविद्या के महामन्त्र का कोई स्वयं उपदेश कर दे तो गुरु का विचार नहीं करना चाहिए । ( स्वयं उपदिष्ट ) वह पुरुष सर्व प्रकार की सिद्धियों से युक्त हो कर एक संवत्सर में उनका दर्शन प्राप्त कर लेता है ॥ ११८-१२० ॥

कालीकल्पलता देवी महाविद्यादिसाधने ।
गुरुचिन्ता न कर्तव्या ये जानन्ति गुरोर्वचः ॥ १२१ ॥

---

१. सधवा स्वप्नविषये ददाति यदि तन्मनुम् ।
ततोऽष्ट ... ... ... ... ... ॥—क० ।
२. कालरूपेण धृष्णोति इति कालरूपधृक्, धृषेः क्विप्, क्विन्प्रत्ययस्य कुरिति कुत्वम् ।
३. वानुवर्तिनी—क० । ४. तु—क० ।

यदि मन्त्रं विचार्याशु गृह्णाति साधकोत्तमः ।
अनन्तकोटिपुण्यस्य द्विगुणं भवति ध्रुवम् ॥ १२२ ॥

महाविद्या की साधना में काली कल्पलता की देवी है । अतः जिन्हें अपने गुरु के वचन पर विश्वास है, उन्हें उनके मन्त्र में गुरु की निन्दा नहीं करनी चाहिए । यदि उत्तम साधक विचार कर शीघ्रतापूर्वक मन्त्र ग्रहण करता है तो अनन्त कोटि पुण्य का उसे द्विगुणित फल प्राप्त होता है यह निश्चय है ॥ १२१-१२२ ॥

विचार्य चक्रसारञ्च मन्त्रं गृह्णाति यो नरः ।
वैकुण्ठनगरे वासस्तेषां जन्मशतैरपि ॥ १२३ ॥

जो साधक वक्ष्यमाण चक्रसार का विचार कर मन्त्र ग्रहण करता है, वह सैकड़ों जन्मपर्यन्त श्री वैकुण्ठनगर में निवास करता है ॥ १२३ ॥

इति श्रुत्वा महादेवो महादेव्याः सरस्वतीम् ।
उवाच पुनरानन्दपुलकोल्लासविग्रहः ॥ १२४ ॥
ज्ञातुं चक्रं षोडशञ्च चक्रहस्तवरप्रदम्[1] ।
अत्यद्भुतफलोपेतं धर्मार्थकाममोक्षदम् ॥ १२५ ॥

महादेव आनन्दभैरव ने महादेवी के द्वारा कहे गए इस वाणी को सुन कर आनन्द से पुलकित एवं उल्लसित शरीर होकर, अपना चक्र एवं वरमुद्रा से संयुक्त हाथ भगवती के सामने बढ़ाते हुए धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप पुरुषार्थ चतुष्टय प्रदान करने वाले तथा अत्यन्त अद्भुत फल देने वाले षोडश चक्र का माहात्म्य जानने के लिए भैरवी से कहा ॥ १२४-१२५ ॥

श्री भैरव उवाच

कथयस्व महादेवि कुलसद्भावप्राप्तये[2] ।
यदि मे सुकृपादृष्टिः[3] वर्तते स्नेहसागरे ॥ १२६ ॥
त्वत्प्रसादाद् भैरवोऽहं कालोऽहं जगदीश्वरः ।
भुक्तिमुक्तिप्रदाता च योगयोग्यो दिगम्बरः[4] ॥ १२७ ॥

**दीक्षा विधि—श्रीभैरव ने कहा**—हे महादेवि ! कुल ( शक्ति ) के सद्भाव की प्राप्ति के लिए यदि मुझ पर आपकी कृपा दृष्टि है तो हे स्नेह सागर वाली ! षोडश-चक्र की विधि वर्णन कीजिए । हे देवि ! आपकी कृपा से मैं भैरव, काल और जगदीश्वर हूँ । आपकी कृपा से भुक्ति एवं मुक्ति का प्रदाता याग, योगी और दिगम्बर हूँ ॥ १२६-१२७ ॥

इदानीं सर्वविद्यानां दीक्षाद्यं चक्रमण्डलम् ।
अकाल[5] कुलहीनञ्चाकडमञ्च[6] कुलाकुलम् ॥ १२८ ॥

---

१. गुरुप्रदम्—ख० ग० । २. पण्डितो—ख० ग० ।
३. स्वकृपादृष्टि इति ग० ख० । ४. यागयोगी—ख० ग० ।
५. अकालः कालरहितः कुलहीनश्च, कर्मधारयसमासः । ६. कालीकुलकुलान्तरे—क० ।

श्रीभैरवी उवाच[1]

ताराचक्रं राशिचक्रं कूर्मचक्रं तथापरम् ।
शिवचक्रं विष्णुचक्रं ब्रह्मचक्रं विलक्षणम् ॥ १२९ ॥
देवचक्रं ऋणिधनि उल्काचक्रं तत: परम् ।
वामाचक्रं चतुश्चक्रं सूक्ष्मचक्रं ततो वदेत् ॥ १३० ॥
तथा कथहचक्रञ्च कथितं षोडशं प्रभो[2] ।
एतदुत्तीर्णमन्त्रञ्च ये गृह्णन्ति नरोत्तमा: ॥ १३१ ॥
तेषामसाध्यं जगति न किमपि वर्तते ध्रुवम् ।
किमन्यत् कथयामीह देवतादर्शनं लभेत्[3] ॥ १३२ ॥
सर्वत्रगामी स भवेत् चक्रराजप्रसादत: ।

हे देवि ! सभी विद्याओं के दीक्षा में प्रथम विचारणीय चक्र मण्डल का फल कहिए । कालरहित एवं कुलहीन १. अकडम, २. कुलाकुल, ३. ताराचक्र, ४. राशिचक्र, ५. कूर्मचक्र तथा ६. शिवचक्र, ७. विष्णुचक्र, ८. विलक्षण संयुक्त ब्रह्मचक्र, ९. देवचक्र, १०. ऋणधनात्मक चक्र, ११. उल्काचक्र, १२. वामाचक्र ( बालाचक्र ), १३. चतुश्चक्र, १४. सूक्ष्मचक्र का प्रकार कहिए । फिर, हे प्रिये ! १५. अकथह चक्र को कहिए । क्योंकि जो उत्तम साधक इन चक्रों को विचार कर मन्त्र ग्रहण करते हैं उनके लिए निश्चित ही कहीं कोई भी वस्तु असाध्य नहीं होती । इस विषय में हम बहुत क्या कहें, उस मनुष्य को देवताओं का दर्शन भी प्राप्त हो जाता है । इस चक्रराज के विचार करने के कारण उसकी गति कहीं अवरुद्ध नहीं होती ॥ १२८-१३३ ॥

सर्वचक्रविचारञ्च न जानाति द्विजोत्तम: ॥ १३३ ॥
यज्जानाति तद्विचार्यं देवताप्रीतिकारकम् ।

द्विजोत्तम सभी चक्रों का विचार नहीं करते । नाम के द्वारा चक्र का विचार देवता के लिए प्रीतिकारक होता है । अत: उसका विचार अवश्य करना चाहिए ॥ १३३-१३४ ॥

ताराशुद्धिं वैष्णवानां कोष्ठशुद्धिं शिवस्य च ॥ १३४ ॥
राशिशुद्धिं त्रैपुरस्य गोपालेऽकडम: स्मृत: ।
अकडमो वामने च गणेशे हरचक्रत: ॥ १३५ ॥

विष्णुमन्त्र की दीक्षा लेने वालों को ताराचक्र की शुद्धि, शिव मन्त्र की दीक्षा लेने वालों को कोष्ठ शुद्धि, त्रिपुरादेवी के मन्त्र की दीक्षा लेने वाले को राशिचक्र से शुद्धि, गोपाल के मन्त्र की दीक्षा लेने वाले को अकडम चक्र से शुद्धि का विचार कर

---

१. शृणु नाथ प्रवक्ष्यामि त्वं योग्योऽसि सुव्रत: ।
नानाविशेषणं सन्त: सावधानोऽवधारय ॥
आदावकडमं प्रोक्तं श्रीचक्रञ्च कुलाकुलम् । अधिक:—क० । इति सं० पाठ: ।

२. कथय त्वं मयि प्रभो—ख० ग० । ३. पूर्ववत् परस्मैपदम् ।

लेना आवश्यक कहा गया है । इसी प्रकार वामन मन्त्र में अकडम चक्र तथा गणेश मन्त्र में शिवचक्र से शुद्धि का विचार करना चाहिए ॥ १३४-१३५ ॥

कोष्ठचक्रं वराहस्य महालक्ष्म्याः कुलाकुलम् ।
नामादिचक्रे सर्वेषां भूतचक्रे तथैव च ॥ १३६ ॥

वराहमन्त्र में कोष्ठचक्र, महालक्ष्मी में कुलाकुल चक्र तथा नामादिचक्र में सभी मन्त्रों का और उसी प्रकार भूतचक्र में भी सभी मन्त्रों की दीक्षा में विचार करना चाहिए ॥ १३६ ॥

त्रैपुरं तारचक्रे च शुद्धं मन्त्रं भजेद् बुधः ।
वैष्णवं राशिसंशुद्धं शैवञ्चाकडमं स्मृतम् ॥ १३७ ॥
कालिकायाश्च तारायाः हरचक्रं शुभं भवेत् ।
चण्डिकाया भवेत् कोष्ठे गोपाले ऋक्षचक्रकम्[1] ॥ १३८ ॥

बुद्धिमान् को त्रिपुरा मन्त्र में ताराचक्र पर परीक्षित शुद्ध मन्त्र ग्रहण करना चाहिए । वैष्णव मन्त्र को राशिचक्र पर तथा शैव मन्त्र को अकडम चक्र पर परीक्षा कर शुद्ध करना चाहिए । कालिका एवं तारा मन्त्र की दीक्षा लेने वालों को शिवचक्र कल्याणकारी होता है । चण्डिका मन्त्र की दीक्षा में कोष्ठक चक्र और गोपाल मन्त्र की दीक्षा में नक्षत्र चक्र कल्याणकारक होता है ॥ १३७-१३८ ॥

हरचक्रे सर्वमन्त्रान् ऋणाधिक्येन चाश्रयेत् ।
ऋणाधिक्ये शुभं विद्याद् धनाधिक्ये च नो विधिः ॥ १३९ ॥
दोषान् संशोध्य गृह्णीयान्मध्यदेशे तु साधकः ।
पितृमातृकृतं नाम त्यक्त्वा शर्मादिदेवकान् ॥ १४० ॥

शिवचक्र में सभी मन्त्रों की परीक्षा करे । ऋणधनात्मक चक्र में ऋणाधिक्य होने पर मन्त्र ग्रहण शुभकारक होता है किन्तु धनाधिक्य में मन्त्र ग्रहण का विधान नहीं है । साधक मन्त्र ग्रहण में दोषों का संशोधन कर मध्यभाग में उसे ग्रहण करे । चक्र की परीक्षा में शर्मादि तथा देव आदि उपनामों को त्याग कर पिता माता द्वारा रखे गए नामों द्वारा परीक्षा करें ॥ १३९-१४० ॥

श्रीवर्णञ्च ततो विद्याचक्रेषु योजयेत् क्रमात् ।
क्रमेण शृणु तत्सर्वं शुभाशुभफलप्रदम् ॥ १४१ ॥
जापकानां भावुकानां शुद्धं सिद्धयति तत्क्षणात् ।
मन्त्रमात्रं प्रसिद्ध्येत भक्तानामिति निश्चयः ॥ १४२ ॥

विद्याचक्र में क्रमशः श्री वर्ण को संयुक्त करे । अब शुभाशुभ फल देने वाले उन सभी विधियों को क्रमशः सुनिए । भावनापूर्वक भावुक जापकों को मन्त्र सिद्धि तत्काल हो जाती है । भक्तों का ऐसा निश्चय है कि भावनापूर्वक जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाते हैं ॥ १४१-१४२ ॥

---

१. गोपाले सूक्ष्मचक्रकम्—क० ।

संपत्ति प्रदान करने वाली सभी भैरवियों के मन्त्र ग्रहण कर्म में मनुष्यों को विष्णुचक्र के द्वारा ( शोधित मन्त्र ) करोड़ों शत गुणित पुण्य प्राप्त कराने वाला होता है ॥ १५१ ॥

छिन्नादिश्रीविद्याया:[१] कृत्यादेव्याश्च साधने ।
नक्षत्रविद्याकामाख्या ब्रह्माण्यादि सुसाधने ॥ १५२ ॥
ब्रह्मचक्रं महापुण्यं सर्वविद्याफलं लभेत् ।
कोटिजाप्येन यत्पुण्यं ग्रहणात् तत्फलं लभेत्[२] ॥ १५३ ॥

छिन्नमस्तकादि श्रीविद्या एवं कृत्यादेवी के मन्त्र साधन में तथा नक्षत्रविद्या, कामाख्या एवं ब्रह्माणी आदि के साधन में ब्रह्मचक्र महान् पुण्यकारक होता है । किं बहुना मन्त्र ग्रहण करने वाला साधक उससे सभी विद्याओं का फल प्राप्त करता है । करोड़ों जप से जितना पुण्य होता है ब्रह्मचक्र से सिद्ध मन्त्र उतना ही फलदायी होता है ॥ १५२-१५३ ॥

वज्रज्वालामहाविद्यासाधने मन्त्रजापने ।
गुह्यकालीसाधने च कुब्जिकामन्त्रसाधने ॥ १५४ ॥
देवचक्रं शुभं प्रोक्तं वाक्यसिद्धिप्रदायकम् ।
कामेश्वरी[३] अट्टहासामन्त्रसाधनकर्मणि ॥ १५५ ॥
राकिणीमन्दिरादेवी[४] मन्दिरामन्त्रसाधने ।
ऋणिधनिमहाचक्रं विचार्य सर्वसिद्धिदम् ॥ १५६ ॥

वज्र ज्वाला महाविद्या के साधन में तथा उनके मन्त्र के जप में, इसी प्रकार गुह्य काली के साधन में, कुब्जिका मन्त्र के साधन में, वाणी की सिद्धि देने वाला देवचक्र शुभकारक कहा गया है । कामेश्वरी अट्टहासा के मन्त्र साधन कर्म में और इसी प्रकार राकिणी मन्दिरा देवी एवं मन्दिरा के मन्त्र साधन कर्म में ऋणधनात्मक महाचक्र का विचार सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करता है ॥ १५४-१५६ ॥

श्रीविद्याभुवनेशानीभैरवीसाधने तथा ।
पृथ्वीकुलावतीवीणासाधने[५] वामनीमनो: ॥ १५७ ॥
उल्काचक्रं महापुण्यं राजत्वफलदं शुभम् ।
शिवादिनायिकामन्त्रे बालाचक्रं[६] सुखप्रदम् ॥ १५८ ॥

श्रीविद्या भुवनेश्वरी तथा भैरवी के मन्त्र साधन में, इसी प्रकार पृथ्वी कुलावती वीणा के साधन में और वामनी मन्त्र के साधन में उल्काचक्र महान् पुण्यदायक है । इतना ही नहीं यह राजत्व का फल भी प्रदान करता है तथा हितकारी भी है । इसी प्रकार शिवादिनायिका मन्त्र में बालाचक्र सुखकारक कहा गया है ॥ १५७-१५८ ॥

---

१. उग्रविद्याया.—क० ।
२. पूर्ववत् परस्मैपदम् ।
३. पृषोदरादित्वाद् आर्षत्वाद्वा प्रकृतिभाव: ।
४. रांकिणी—क० ।
५. वीनासाधने वासनीमनो—क० ।
६. वामाचक्रं—क० ।

काली तारादिमन्त्रस्य सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ।
तथापि शोधयेन्मन्त्रं प्रशंसापरमेव तत् ॥ ७ ॥

२० अक्षरों से अधिक अक्षर वाले मन्त्र माला मन्त्र कहे जाते हैं । उन मन्त्रों का, सूर्य के मन्त्र का, गोग के मन्त्र का, कृत्या मन्त्रों का, शिव के बीजमन्त्र का तथा देव (श्रीविष्णु) के मन्त्र का सिद्धादि प्रक्रिया से शोधन नहीं करना चाहिए । चक्रेश्वर, चन्द्रमा, वरुण के महामन्त्र का तथा काली और तारा के मन्त्रों का भी सिद्धादि प्रक्रिया से शोधन नहीं करना चाहिए । फिर भी यदि इन मन्त्रों का शोधन किया जाय तो वह प्रशंसा की बात है ॥ ५-७ ॥

यत्र प्रशंसापरमं तत्कार्यं दैवतं स्मृतम् ।
प्रशंसा यत्र नास्त्येव तत्कार्यं नापि कारयेत् ॥ ८ ॥
अत्यन्तफलदं मन्त्रं गृह्णीयात् कुलरक्षणात्[1] ।
धनिमन्त्रं न गृह्णीयाद् अकुलञ्च तथैव च ॥ ९ ॥

जो मन्त्र शोधन करने पर प्रशंसास्पद हों उस कार्य को करने की बात तो दूर उसे किसी से करवाना भी नहीं चाहिए । अत्यन्त फल देने वाला मन्त्र ग्रहण करना चाहिए कारण कि उससे कुल की रक्षा होती है, धनी मन्त्र ग्रहण नहीं करना चाहिए । इसी प्रकार अकुल मन्त्र भी ग्रहण न करे ॥ ८-९ ॥

गृहीत्वा[2] निधनं याति कोटिजाप्येन सिद्ध्यति ।
मननं विश्वविज्ञानं त्राणं संसारबन्धनात्[3] ॥ १० ॥
यतः करोति संसिद्धौ मन्त्र इत्यभिधीयते[4] ।

इन मन्त्रों के ग्रहण करने से मनुष्य की मृत्यु होती है, और करोड़ों की संख्या में जप करने से उसकी सिद्धि होती है । 'मन्त्र' शब्द में 'म' का अर्थ 'मनन' है, जिसका अर्थ विश्व विज्ञान है और 'त्र' का अर्थ संसार रूप बन्धन से त्राण है । क्योंकि मन्त्र सिद्ध हो जाने पर संसार का ज्ञान कराता है तथा संसार बन्धन से रक्षा करता है इस कारण उसे मन्त्र कहा जाता है ॥ १०-११ ॥

प्रणवाद्यं न दातव्यं मन्त्रं शूद्राय सर्वथा ॥ ११ ॥
आत्ममन्त्रं गुरोर्मन्त्रं मन्त्रं चानपसंज्ञकम् ।
पितुर्मन्त्रं तथा मातुर्मन्त्रसिद्धिप्रदं शुभम् ॥ १२ ॥

जिस मन्त्र के आदि में प्रणव (ॐ) हो वह मन्त्र शूद्र को कदापि प्रदान न करे । आत्म मन्त्र, गुरुमन्त्र, अपसंज्ञा से विहीन अर्थात् शुद्धमन्त्र, पितृमन्त्र और मातृमन्त्र सिद्धि प्रदान करता है और कल्याणकारी भी है ॥ ११-१२ ॥

शूद्रो निरयमाप्नोति ब्राह्मणो यात्यधोगतिम् ।
अदीक्षिता ये कुर्वन्ति जपपूजादिकाः क्रियाः ॥ १३ ॥

---

१. कुलवर्त्मना इति क० । २. विघ्नविज्ञानम् इति क० ।
३. भीत्रार्थानां भयहेतुरिति पञ्चमी । ४. संसिद्धिर्मन्त्र इत्युच्यते समा इति जीवा पाठः ।

न भवन्ति श्रिये तेषां शिलायामुप्तबीजवत् ।
देवीदीक्षाविहीनस्य न सिद्धिर्न च सद्‌गतिः ॥ १४ ॥

दीक्षा—बिना दीक्षा लिए ही जो मनुष्य जप-पूजादि अनुष्ठान करते हैं, उनमें अदीक्षित शूद्र को नरक की प्राप्ति होती है और अदीक्षित ब्राह्मण की अधोगति होती है । बिना दीक्षा लिए मन्त्र का प्रयोग जो लोग करते हैं वे मन्त्र उन्हें कोई फल नहीं देते जिस प्रकार शिला पर बोया गया बीज फलदायी नहीं होता । देवी की दीक्षा से विहीन पुरुष को न सिद्धि प्राप्त होती है और न उसकी सद्‌गति ही होती है ॥ १३-१४ ॥

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन गुरुणा दीक्षितो भवेत् ।
विचारं[1] चक्रसारस्य करणीयमवश्यकम् ॥ १५ ॥
अदीक्षितोऽपि मरणे रौरवं नरकं व्रजेत् ।
तस्माद्दीक्षा प्रयत्नेन सदा कार्या च तान्त्रिकात् ॥ १६ ॥

इसलिए हर संभव प्रयासों से साधक को गुरु से दीक्षा लेनी चाहिए । दीक्षा लेने के समय दीक्षा वाले मन्त्र का ( अकडमादि ) चक्रसार द्वारा आवश्यक विचार कर लेना चाहिए । जो दीक्षा नहीं ग्रहण करता, मर जाने पर उसे रौरव नरक की प्राप्ति होती है । इसलिए प्रयत्नपूर्वक तान्त्रिक द्वारा दीक्षा ग्रहण करनी चाहिए ॥ १५-१६ ॥

( १ ) अकडमचक्रम्

दीक्षापूर्वदिने कुर्यात् सुविचारं प्रयत्नतः ।
तत्प्रकारं प्रयत्नेन कार्यं पर्वतपूजित ॥ १७ ॥
आदावकडमे सिद्धिर्मन्त्रं सञ्चारयेद् बुधः ।
रेखाद्वयं पूर्वपरे मध्ये रेखाद्वयं लिखेत् ॥ १८ ॥
चतुष्कोणे चतूरेखाकडमं चक्रमण्डलम् ।
भ्रामयित्वा महावृत्तं[2] निर्माय वर्णमालिखेत् ॥ १९ ॥

दीक्षा लेने से प्रथम दिन साधक को प्रयत्नपूर्वक विचार करना चाहिए । हे पर्वतपूजित ! ( कैलाशवासिन् ) फिर उस प्रकार के प्रयत्न से साधक को दीक्षा ग्रहण करनी चाहिए । बुद्धिमान् को चाहिए कि दीक्षा वाले मन्त्र को प्रथम अकडम चक्र पर परीक्षित कर लेवे । उस अकडम चक्र को बनाने की विधि इस प्रकार है—


पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर दो दो रेखा बनाकर चतुर्भुज निर्माण कर उसमें भी मध्य में पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण दो दो रेखा खींचे । फिर उस चतुर्भुज के प्रत्येक चारों कोनों से घुमाकर महावृत्त रूप 'अकडम' चक्र की रचना करे और उनमें वर्णों का लेखन करे ॥ १७-१९ ॥

अकारादिक्षकारान्तान् क्लीबहीनान् लिखेत्ततः ।

---

१. विचारंक्रमारभ्यं करणीयमवश्यकम् इति क० ।

२. महाचित्तम् इति क० ।




अकडमचक्र

एकैकमतो लेख्यान् मेषादिषु (वृषा?)मीनान्तकान् ॥ २० ॥
वामावर्तेन गणयेत् क्रमशो वीरवल्लभ ।
तन्त्रमार्गेण गणयेन्नामादिवर्णकादिमान् ॥ २१ ॥

क्लीव वर्णों ( ऋ ॠ लृ ॡ ) को छोड़कर अकार से ले कर क्षकारान्त वर्णों को उन कोष्ठकों में बारी बारी से लिखना चाहिए । इसी प्रकार, हे वीरवल्लभ ! उन कोष्ठों में मेष मीन आदि राशियों को वामावर्त से ( वृष? ) मीन पर्यन्त लिखना चाहिए । फिर तन्त्र की रीति से साधक के आदि अक्षर वाले नाम से कोष्ठक में आये मन्त्र के आदि वर्णों से गणना करनी चाहिए ॥ २१ ॥

मेषादितोऽपि मीनान्तं क्रमशः शास्त्रपण्डितः ।
सिद्धसाध्यसुसिद्धादीन्[1] पुनः सिद्धादयः पुनः ॥ २२ ॥
नवैकपञ्चमे सिद्धः साध्यः षड्दशयुग्मके ।
सुसिद्धस्त्रिसप्तके रुद्रे वेदाष्टद्वादशे रिपुः ॥ २३ ॥

इसी प्रकार तन्त्रशास्त्र का विद्वान् क्रमशः ( नाम के आदि अक्षर से ) मेषादि से मीनान्त राशियों में भी पुनः गणना करे । ऐसा करने पर सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध तथा शत्रु रूप फल जानना चाहिए । इसी प्रकार पुनः सिद्धादि फलों को १२ कोष्ठ पर्यन्त परीक्षित करना चाहिए । निष्कर्ष यह है कि—( १ ) नाम का आद्य अक्षर यदि १, ५, ९, कोष्ठ में आये और मन्त्र के आदि अक्षरों से मिले तो सिद्ध, ( २ ) २, ६, १० कोष्ठक में मिले तो साध्य ( ३ ) ३, ७, ११, में मिले तो सुसिद्ध तथा ( ४ ) ४, ८, १२, वें कोष्ठ में मिले तो शत्रु योग समझना चाहिए । इसी प्रकार नामाक्षर की राशि मन्त्राक्षर के मेषादि राशियों से लेकर मीनान्त गणना करे । उसका फल भी उपर्युक्त रीति से समझ लेना चाहिए ॥ २२-२३ ॥

एतत्ते कथितं नाथ अकडमादिकमुत्तमम् ।

हे नाथ ! इस प्रकार हमने अकडमादि चक्र ( में परीक्षित मन्त्र का फल ) कहा—अब अन्य चक्रों की परीक्षा विधि सुनिए ॥ २४ ॥

---

१. सिद्धसाध्यसुसिद्धा आदयो येषां तान्, अस्य गणयेदित्यनेनान्वयः ।

## ( २ ) पद्माकार अष्टदल महाचक्रम्

पद्माकारं महाचक्रं दलाष्टकसमन्वितम् ॥ २४ ॥
अ आ वर्णद्वयं पूर्वे द्वितीये च द्वितीयकम् ।
तृतीये कर्णयुग्मञ्च चतुर्थे नासिकाद्वयम् ॥ २५ ॥
पञ्चमे नयनं प्रोक्तं षष्ठे ओष्ठाधरं तथा ।
सप्तमे दन्तयुग्मञ्च अष्टमे षोडशस्वरम् ॥ २६ ॥
कवर्गञ्च पूर्वदले द्वितीये च चवर्गकम् ।
तृतीये च टवर्गञ्च चतुर्थे च तवर्गकम् ॥ २७ ॥
पवर्गं पञ्चमे प्रोक्तं यवान्तं षष्ठपत्रके ।
सप्तमे शषसान् लिख्य (ल?)हक्षनष्टमके पदे ॥ २८ ॥

पहले ८ दलों वाला पद्माकार महाचक्र का निर्माण करें । पूर्वपत्र पर 'अ आ' वर्ण लिखें, द्वितीय पत्र पर द्वितीय 'इ ई' लिखें, तृतीय पत्र पर कर्णयुग्म 'उ ऊ', चतुर्थ पत्र पर नासिकाद्वय 'ऋ ॠ', पञ्चम पर नयन 'लृ लॄ', षष्ठ पर ओष्ठाधर 'ए ऐ', सप्तम पर दन्तयुग्म 'ओ औ' तथा अष्टम पत्र पर षोडश 'अं अः' स्वरों को लिखें । इसी प्रकार पूर्वदल पर क वर्ग, द्वितीय दल पर च वर्ग, तृतीय पर ट वर्ग, चतुर्थ पर त वर्ग, पञ्चम पर प वर्ग, षष्ठ पर य र ल व, सप्तम पत्र पर श ष स और अष्टम पर ह क्ष—इन व्यञ्जनों को भी लिखें ॥ २४-२८ ॥

अष्टदल पद्म चक्र



सुखं राज्यं धनं विद्यां यौवनायुषमेव च ।
विचार्य चक्रमाप्नोति पुत्रत्त्वञ्च स्वजीवनम् ॥ २९ ॥
स्वीय-नामाक्षरं तत्र देवनामाक्षरं तथा ।
एकस्थानं युगस्थानं विरोधं द्विविधं स्मृतम् ॥ ३० ॥

**पद्मचक्र का फल**—सुख राज्य, धन विद्या, यौवन, आयुष्य, पुत्र और दीर्घजीवन ये ८ फल उस चक्र पर विचार करने से प्राप्त होते हैं । उसमें यदि साधक के अपने नाम का अक्षर और मन्त्र के नाम का अक्षर यदि दोनों एक स्थान में अथवा दूसरे स्थान में मिल जायँ तो ये दो स्थान तन्त्रशास्त्र के विद्वानों द्वारा विरोध वाले कहे गये है ॥ २९-३० ॥

जीवनं मरणं तत्र अकारादिषु पत्रके ।
लिखित्वा गणयेन्मन्त्री मरणं वर्जयेत् सदा ॥ ३१ ॥

इसलिए प्रथम 'अ आ' वाले प्रथम पत्र में जीवन और मरण दोनों का विचार किया जाता है । मन्त्री साधक इसे लिखकर गणना करे और सदैव मरण का वर्जन करे ॥ ३१ ॥

**विमर्श**—इस प्रकार आठ दलों में आठ स्वरों और ३४ व्यञ्जनों को लिखकर साधक नाम के आद्य अक्षर से परीक्षा करे । मरण फल वाले मन्त्र का सर्वदा परित्याग करे ।

यत्रास्ति मरणं तत्र जीवनं नास्ति निश्चितम् ।
परस्परविरोधेन सिद्धमन्त्रञ्च मूलदम्[१] ॥ ३२ ॥
जीवने जीवनं ग्राह्यं सर्वत्र मरणं त्यजेत् ।

यह बात निश्चित है कि जहाँ मरण है वहाँ जीवन रह नहीं सकता । क्योंकि दोनों का परस्पर विरोध है, अतः सिद्धिप्राप्ति के लिए ग्रहण किए जाने वाले मन्त्र को फलदायी होना चाहिए । यदि परीक्षित मन्त्र का फल जीवन है तो उस जीवन वाले मन्त्र को अवश्य ग्रहण करना चाहिए और मरण फल वाले मन्त्र का सदैव त्याग करना चाहिए ॥ ३२-३३ ॥

### ( ३ ) कुलाकुलचक्र

कुलाकुलस्य भेदं हि वक्ष्यामि मन्त्रिणामिह ॥ ३३ ॥
वाय्वग्निभूजलाकाशाः पञ्चाशल्लिपयः क्रमात् ।
पञ्चह्रस्वाः पञ्चदीर्घाः बिन्द्वन्ताः[२] सन्धिसम्भवाः[३] ॥ ३४ ॥
कादयः पञ्चशः (षक्ष)यादिलसहक्षान्ताः प्रकीर्तिताः ।
साधकस्याक्षरं पूर्वं मन्त्रस्यापि तदक्षरम् ॥ ३५ ॥
यद्येकभूतदैवत्यं [४]जानीयात्सकुलं हितम् ।

कुलाकुलचक्र

| भूमि | जल | अग्नि | वायु | आकाश |
|---|---|---|---|---|
| उ | ऋ | इ | अ | लृ |
| ऊ | ॠ | ई | आ | ॡ |
| ओ | औ | ए | ऐ | अं |
| ग | घ | ख | क | ङ |
| ज | झ | छ | च | ञ |
| ड | ढ | ठ | ट | ण |
| द | ध | थ | त | न |
| ब | भ | फ | प | म |
| ल | व | र | य | श |
| ळ | स | क्ष | ष | ह |

यहाँ तक दूसरी परीक्षा विधि हुई । अब मन्त्र परीक्षण की तीसरी विधि कहते हैं—अब साधकों के लिए कुलाकुल का भेद कहता हूँ यतः सृष्टि पाञ्चभौतिक है, इसलिए ५० वर्ण भी वायु, अग्नि, भू, जल और आकाश रूप से पञ्चतत्त्वात्मक ही हैं । उन ५० वर्णों की संख्या इस प्रकार है—पाँच ह्रस्व, पाँच दीर्घ, बिन्दु अन्त वाले दो ( अं अः ) और सन्धि से युक्त चार ( ए ऐ ओ औ ), इस प्रकार कुल १६ स्वर हैं। ककारादि ५ वर्ग में कुल २५, य र ल व श ष स ह और क्ष—इस प्रकार कुल मिलाकर ये ५० वर्ण हैं ॥ ३३-३५ ॥

**कुलाकुल फलविचार**—साधक के नाम का आद्य अक्षर तथा मन्त्र का आद्याक्षर यदि एक ही ( भूत एवं देवता वाला ) हो तो उस मन्त्र को सकुल और हितकारी जानना चाहिए ॥ ३५-३६ ॥

भौमस्य वारुणं मित्रमाग्नेयस्यापि मारुतम् ॥ ३६ ॥

---

१. मृत्युदम् इति—क० ।
२. बिन्दुः अन्तो येषां ते ।
३. सन्धिषु संभवो येषां ते ।
४. मङ्गलं हि तत् इति—क० ।

पार्थिवानाञ्च सर्वेषां शत्रुराग्नेयमम्भसाम् ।
ऐन्द्रवारुणयोः शत्रुर्मारुतः परिकीर्तितः ॥ ३७ ॥

पृथ्वी तत्त्व वाले वर्णों के जल तत्त्व वाले वर्ण मित्र हैं, अग्नि तत्त्व वाले वर्णों के वायु तत्त्वात्मक वर्ण मित्र हैं, सभी पार्थिव तत्त्व तथा जल तत्त्व वाले वर्णों के अग्नि तत्व वाले वर्ण शत्रु हैं तथा आकाशीय एवं जल तत्त्व वाले वर्णों के वायु तत्व वाले वर्ण शत्रु कहे गये हैं ॥ ३६-३७ ॥

पार्थिवे वारुणं मित्रं तैजसं शत्रुरीरितः ।
नाभसं सर्वमित्रं स्याद्विरुद्धं नैव शीलयेत् ॥ ३८ ॥
रेखाष्टकं हि पूर्वाग्रं रेखैकादशमध्यतः ।
दक्षिणोत्तरभागेन दक्षिणावधिमालिखेत् ॥ ३९ ॥

पार्थिव तत्वों के जल तत्त्व वाले वर्ण मित्र तथा तैजस तत्त्व वाले वर्ण शत्रु कहे गये हैं। किन्तु आकाश तत्त्व वाले वर्ण सभी तत्त्वों के मित्र होते हैं । उनमें विरोध की कल्पना नहीं करनी चाहिए । दक्षिणोत्तर के क्रम से दक्षिण दिशा पर्यन्त ११ रेखा का निर्माण करे। उसके मध्य में ८ रेखा पूर्व से पश्चिम की ओर लिखे ॥ ३८-३९ ॥

## ( ४ ) ताराचक्रम्

कुलाकुलञ्च कथितं ताराचक्रं पुनः शृणु ।
दक्षिणोत्तरदेशे तु रेखाचतुष्टयं लिखेत् ॥ ४० ॥
दशरेखाः पश्चिमाग्राः कर्तव्याः वीरवन्दित ।
अश्विन्यादिक्रमेणैव विलिखेत्तारकाः पुनः ॥ ४१ ॥

यहाँ तक हमने कुलाकुल चक्र कहा । अब तारा चक्र के निर्माण का प्रकार सुनिए—दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर चार रेखा तथा हे वीरवन्दित ! पूर्व से पश्चिम दश रेखा का निर्माण करना चाहिए । इस प्रकार कुल तीन पंक्तियों मे बने २७ कोष्ठकों में अश्विन्यादि के क्रम से २७ नक्षत्र के नाम लिखना चाहिए ॥ ३९-४१ ॥

वक्ष्यमाणक्रमेणैव तन्मध्ये वर्णकान् लिखेत् ।
युग्ममेकं तृतीयञ्च[१] वेदमेकैकयुग्मकम् ॥ ४२ ॥
एकयुग्मं तथैकञ्च युगलं युगलं युगम् ।
एकं युग्मं तृतीयञ्च चन्द्रनेत्रं[२] विविधं विधुम् ॥ ४३ ॥
चन्द्रयुग्मं चन्द्रयुग्मं रामवेदं गृहे शुभे ।
वर्णाः क्रमाः स्वराण्येव रेवत्यश्विगतावुभौ ॥ ४४ ॥

तदनन्तर वक्ष्यमाण क्रम से उनमें वर्णों को इस प्रकार लिखे—अश्विनी में 'अ आ' दो वर्ण, भरणी में 'इ' एक वर्ण, कृत्तिका में 'ई उ ऊ' तीन वर्ण, रोहिणी में 'ऋ ॠ ऌ ॡ' चार वर्ण, मृगशिरा में 'ए' एक वर्ण, आर्द्रा में 'ऐ' एक वर्ण, पुनर्वसु में 'ओ औ' दो वर्ण,

---

१. तुरीयञ्च इति—क० । २. चन्द्रानलविधुम्, विधुम् इति—क० ।

पुष्य में 'क' एक वर्ण, आश्लेषा में 'ख ग' दो वर्ण, दूसरी पंक्ति में मघा में 'घ ङ' दो वर्ण, पूर्वाफाल्गुनी में 'च' एक वर्ण, उत्तराफाल्गुनी में 'छ ज' दो वर्ण, हस्त में 'झ ञ' दो वर्ण, चित्रा में 'ट ठ' दो वर्ण, स्वाती में 'ड' एक वर्ण, विशाखा में 'ढ ण' दो वर्ण, अनुराधा में 'त थ द' तीन वर्ण, ज्येष्ठा में 'ध' एक वर्ण, तीसरी पंक्ति में मूल में 'न प फ' तीन वर्ण, पूर्वाषाढ़ा में 'ब' एक वर्ण, उत्तराषाढ़ा में 'भ' एक वर्ण, श्रावण में 'म' एक वर्ण, धनिष्ठा में 'य र' दो वर्ण, शतभिषा में 'ल' एक वर्ण, पूर्वभाद्रपदा में 'व श' दो वर्ण, उत्तरभाद्रपदा में 'ष स ह' तीन वर्ण तथा रेवती में 'क्ष अं अः' इन चार वर्णों को—इस प्रकार सभी स्वर और व्यञ्जन वर्ण दोनों को अश्विनी से लेकर रेवती नक्षत्र पर्यन्त कोष्ठकों में लिखना चाहिए ॥ ४२-४४ ॥

### ( ५ ) गणविचार

अकारद्वयमश्विन्यां देवतागणसम्भवाः ।
इकारं भरणी सत्यां कृत्स्नमुस्वरकृत्तिका ॥ ४५ ॥
राक्षसी कृत्तिका भूमौ सर्वविघ्नविनाशिनी ।
नासिकागण्डमन्त्रञ्च रोहिणीशवरूपिणी ॥ ४६ ॥

वर्णों के देवत्वादेवत्वगण का विचार—अश्विनी नक्षत्र में रहने वाले 'अ आ' दो वर्ण देवतागण से उत्पन्न हैं । भरणी में इकार सत्य कहा गया है । 'इ उ ऊ' से युक्त कृत्तिका राक्षसी है जो भूमि पर रहती है और समस्त विघ्नों को नष्ट करती है । नासिका 'ऋ ॠ' एवं गण्डमन्त्र 'ऌ ॡ' से युक्त रोहिणी शव स्वरूपा है ॥ ४५-४६ ॥

ओष्ठमध्ये मृगशिरा देवता परिकीर्तिता ।
अधरान्तमार्द्रया च मानुषं सर्वलक्षणम् ॥ ४७ ॥
दन्तयुग्मं पुनर्वस्वाच्छादितं मानुषं प्रियम् ।
कः पुष्या देवता ज्ञेया खगाश्लेषा च राक्षसी ॥ ४८ ॥

ओष्ठ एकार युक्त मृगशिरा देवता गण में कही गई है 'ऐ' से युक्त आर्द्रा नक्षत्र सर्वलक्षणयुक्त मनुष्य का स्वरूप है । दन्त युग्म 'ओ औ' इन दो वर्णों से युक्त पुनर्वसु प्रच्छन्न रूप से मनुष्य है । क से युक्त पुष्य देवतागण हैं । ख ग से युक्त आश्लेषा को राक्षसी समझना चाहिए ॥ ४७-४८ ॥

मघावक्षे मङान्ता च तथा च पूर्वफाल्गुनी ।
छजोत्तरा-फल्गुनी च मनुष्याः परिकीर्तिताः ॥ ४९ ॥
झञहस्ता देवगणा टठचित्रा च राक्षसी ।
डस्वाती देवरमणी विशाखा ढणराक्षसी ॥ ५० ॥
तथदानुराधया च शोभिता देवनायिका ।
ध ज्येष्ठा राक्षसी ज्ञेया मूलानपफराक्षसी ॥ ५१ ॥

घ ङ से युक्त मघा, च से युक्त पूर्वाफाल्गुनी और छ ज से युक्त उत्तराफाल्गुनी मनुष्य गण में कही गई हैं । झ ञ से युक्त हस्त देवगण हैं । ट ठ से युक्त चित्रा राक्षसी है । ड से युक्त स्वाती अप्सरा है । ढ, ण से युक्त विशाखा राक्षसी है । त थ द से युक्त अनुराधा

देवनायिका है । ध से युक्त ज्येष्ठा राक्षसी है । न प फ से युक्त मूल राक्षसी है ॥ ४९-५१ ॥

पूर्वाषाढा मानुसानी बकाराक्षयमालिनी ।
भोत्तराषाढया मर्त्यो मकारः श्रवणः मतः ॥ ५२ ॥

बकार रूप अक्षय माला वाली पूर्वाषाढा मानुषी कही गई है । भकार से युक्त उत्तराषाढ़ मनुष्य है । इसी प्रकार मकार से युक्त श्रवण को भी ( मनुष्य गण में ) जानना चाहिए ॥ ५२ ॥

धनिष्ठा यररक्षः स्त्रीलस्था शतभिषा तथा ।
वशपूर्वभाद्रपदा मनुजाः परिकीर्तिताः ॥ ५३ ॥
तथोत्तराभाद्रपदा मानुषी-मङ्कलोद्भवा ।
अं अः ळक्षरेवती च देवकन्याः प्रकीर्तिताः ॥ ५४ ॥

य र से युक्त धनिष्ठा, ल से युक्त शतभिषा स्त्री गण कही गई है । व श से युक्त पूर्वभाद्रपदा मनुष्य गण में कही गई है । ष स ह से युक्त तीन वर्ण वाली उत्तराभाद्रपदा मानुषी कुल में उत्पन्न हुई है । अं अः ळ क्ष अं अः से युक्त रेवती ( देवगण वाली ) देवकन्या कही गई है ॥ ५३-५४ ॥

स्वजातौ परमा प्रीतिर्मध्यमा भिन्नजातिषु ।
रक्षोमानुषयोर्नाशो वैरं दानवदेवयोः ॥ ५५ ॥
जन्मसम्पत् विपत् क्षेमप्रत्यरिः साधको वधः ।
मित्रं परममित्रञ्च गणयेच्च पुनः पुनः ॥ ५६ ॥

अपने गण में परम प्रीति होती है । भिन्न जाति में मध्यम प्रीति होती है । राक्षस और मनुष्य में नाश होता है इसी प्रकार देवता और दानव में भी वैर समझना चाहिए । उनके जन्म, संपत्ति, विपत्ति, क्षेम, शत्रु, साधक, वध, मित्र, परममित्र—ये ९ क्रमशः फल समझना चाहिए । इसी प्रकार बारम्बार तीनों पंक्तियों में नाम के नक्षत्र से लेकर मन्त्र नक्षत्र पर्यन्त गणना करनी चाहिए ॥ ५५-५६ ॥

वर्जयेज्जन्मनक्षत्रं तृतीयं पञ्चसप्तकम् ।
षडष्टनवभद्राणि युगञ्च युग्मकं तथा ॥ ५७ ॥
यदीह निजनक्षत्रं न जानाति द्विजोत्तमः ।
नामाद्यक्षरसम्भूतं स्वतारमविरोधकम् ॥ ५८ ॥

जन्म नक्षत्र वाला मन्त्र वर्जित है । जन्म नक्षत्र से तीसरा, पाँचवाँ एवं सातवाँ मन्त्राक्षर वर्जित है । ६, ८, और ९ शुभकारक है । इसी प्रकार चौथा और दूसरा भी प्रशस्त माना गया है । यदि श्रेष्ठ ब्राह्मण को अपने जन्म नक्षत्र का ज्ञान न हो तो उसे अपने नाम के आद्यक्षर से गणना करनी चाहिए । क्योंकि नामाक्षर का अपना नक्षत्र निषिद्ध नहीं है ॥ ५७-५८ ॥

विनीय गणयेन्मन्त्री शुभाशुभविचारवान् ।
प्रादक्षिण्येन गणयेत् साधकाद्यक्षरात् सुधीः ॥ ५९ ॥
इत्येतत् कथितं नाथ ममात्मा पुरुषेश्वर ।

कुलाकुलमनन्ताख्यं ताराचक्रं मनोर्गुणम् ॥ ६० ॥

शुभ और अशुभ फल का विचार करने वाला मन्त्रज्ञ एवं बुद्धिमान् साधक इस प्रकार कोष्ठ रचना कर प्रदक्षिणा क्रम से अपने नाम के आद्य अक्षर से गणना करे । हे नाथ ! हे मेरे सर्वस्व ! हे कुलेश्वर ! यहाँ तक हमने कुलाकुल तथा अनन्त नामक तारा चक्र ( नक्षत्र-चक्र ) के विषय में मन्त्र के गुणों को कहा ॥ ५९-६० ॥

तारामन्त्रं प्रदीपाभं रत्नभाण्डस्थितामृतम् ।
एतद्विचारे महतीं सिद्धिमाप्नोति मानवः ॥ ६१ ॥

तारामन्त्र प्रदीप के समान दीप्तिमान है । तारामन्त्र रत्न है और भाण्ड में संस्थित अमृत के समान है । इस प्रकार मन्त्र का विचार करने से मनुष्य को बहुत बड़ी सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ६१ ॥

## ( ६ ) राशिचक्रम्

राशिचक्रं प्रवक्ष्यामि सिद्धिलक्षणमुत्तमम् ।
क्रमेण देया युगला रेखा पूर्वापरोद्गमा ॥ ६२ ॥
तन्मध्यतो द्वयं दद्याद् रेखाग्निदक्षिणे ततः ।
अग्निनैर्ऋतिवायवीशक्रमेण रेखयेत् तथा ॥ ६३ ॥

अब सिद्धि के लक्षण वाले उत्तम राशि चक्र को कहता हूँ—पूर्व से पश्चिम की ओर दो रेखा तथा पर में दक्षिण से उत्तर को दो रेखा खींचें, फिर उनके मध्य से दो दो रेखा अग्निकोण से दक्षिण कोण तक खींचे । तदनन्तर अग्निकोण से वायव्य कोण तथा नैर्ऋत्य कोण से ईशान कोण पर्यन्त दो रेखा खींचें ॥ ६२-६३ ॥

विलिखेन्मेषराश्यादि मीनान्तं सर्ववर्णकान् ।
कन्यागृहगतान् शादिवर्णानालिख्य यत्नतः ॥ ६४ ॥
गणयेत्साधकश्रेष्ठो लग्नाद्यामव्ययान्तकान् ।
स्वराशिदेवकोष्ठानामनुकूलान् भजेन्मनून् ॥ ६५ ॥

राशि चक्र




इसके बाद मेष से लेकर मीन पर्यन्त राशि तथा उसमें होने वाले सभी वर्णों को भी लिखे । फिर कन्या राशि में स्थित शकारादि वर्णों को भी यत्नपूर्वक लिखे । तदनन्तर श्रेष्ठ साधक लग्न के आदि से लेकर आग व्यय पर्यन्त कोष्ठों में अपने नाम के आद्य अक्षर की राशि से गणना करें । यदि मन्त्र स्वराशि में हो अथवा देवतात्मक हो तो उसे ग्रहण करे ।

विमर्श—क्रमेण विलिखेद् वीर राशिचक्रे च साधक । वेदरामं रामहस्तं भज लोचननेत्र च ॥ पञ्चभूतं पञ्चभूतं पञ्चवेदादिवर्णकान् इति वा पाठः ॥ ६४-६५ ॥

राशीनां शुद्धता ज्ञेया त्यजेत् शत्रुमृतिं व्ययम् ।
स्वराशेर्मन्त्रराश्यन्तं गणनीयं विचक्षणैः ॥ ६६ ॥

शुद्ध राशि वाला मन्त्र ग्रहण करे । परन्तु शत्रु स्थान ( छठाँ ) मृत्यु स्थान ( आठवाँ ) और व्यय स्थान ( १२ वें ) में पड़ने वाले मन्त्र का त्याग कर देना चाहिए । विद्वान् पुरुष को अपनी राशि से मन्त्र की राशि पर्यन्त गणना करनी चाहिए ॥ ६६ ॥

साध्याद्यक्षरराश्यन्तं गणयेत् साधकाक्षरात् ।
एकं वा पञ्च नवमं बान्धवं परिकीर्तितम् ॥ ६७ ॥
द्विषड्दशमसंस्थाश्च सेवकाः परिकीर्तिताः ।
रामरुद्राश्च मुनयः पोषकाः परिकीर्तिताः ॥ ६८ ॥

साधक ( दीक्षा लेने वाले ) के अक्षर की राशि से साध्य ( मन्त्र ) की राशि पर्यन्त गणना करनी चाहिए । साधक की राशि से यदि मन्त्र की राशि एक, पाँच और नव स्थान में पड़े तो वह मन्त्र बान्धव के समान 'रक्षक' होता है । २, ६, और १० वें स्थान में पड़े तो 'सेवक' कहा जाता है । ३, ७, ११, स्थान में पड़े तो 'पोषक' कहा जाता है ॥ ६७-६८ ॥

सूर्याष्टवेदयुक्तास्तु घातकाः सर्वदोषदाः ।
शक्त्यादौ तु महादेव कुलचूडामणिर्यतिः ॥ ६९ ॥

चौथे, आठवें, और बारहवें स्थान में पड़े तो संपूर्ण दोष उत्पन्न करता है और घातक कहा जाता है । हे महादेव ! शक्ति आदि का मन्त्र ग्रहण करने में कुल शास्त्र का विद्वान् यति ही श्रेष्ठ होता है ॥ ६९ ॥

वर्जयेत् षष्ठगेहञ्च अष्टमं द्वादशं तथा ।
लग्नं धनं भ्रातृबन्धुपुत्रशत्रुकलत्रकाः ॥ ७० ॥
मरणं धर्मकर्मायव्यया द्वादशराशयः ।
नामानुरूपमेतेषां शुभाशुभफलं दिशेत् ॥ ७१ ॥

शक्ति मन्त्र के ग्रहण में छठवाँ, और आठवाँ स्थान वर्जित है । १. लग्न में शरीर, २. धन, ३. भाई, ४. बन्धु, ५. पुत्र, ६. शत्रु, ७. भार्या, ८. मृत्यु, ९. धर्म, १०. कर्म, ११. आय, १२. व्यय का विचार द्वादश राशियों से किया जाता है । नाम के अनुसार इनके शुभाशुभ फलों का निर्देश करना चाहिए ॥ ७०-७१ ॥

वैष्णवे तु महाशत्रोः स्थाने बन्धुः प्रकीर्तितः ।

वैष्णव मन्त्र की दीक्षा में महाशत्रु के स्थान में बन्धु का विचार करना चाहिए ॥ ७२ ॥

## ( ७ ) कूर्मचक्रम्

कूर्मचक्रं प्रवक्ष्यामि शुभाशुभफलात्मकम् ॥ ७२ ॥
यज्ज्ञात्वा सर्वशास्त्राणि जानाति पण्डितोत्तमः ।

वामपाद पर मन्त्राद्याक्षर पड़ने से दुःख होता है ॥ ७८-७९ ॥

विरुद्धद्वयलाभे तु न कुर्याच्चक्रचिन्तनम् ।
विरुद्धैके धर्मनाशो युग्मदोषे च मारणम् ॥ ८० ॥
यत्र देवाक्षरञ्चास्ति तत्र चेन्निजवर्णकम् ।
विरुद्धञ्चेत्त्यजेत् शत्रुमन्यमन्त्रं विचारयेत् ॥ ८१ ॥

यदि दो विरुद्ध की प्राप्ति हो तो चक्र का विचार त्याग देना चाहिए, क्योंकि एक विरुद्ध से धर्म का नाश होता है । दो विरुद्ध पड़ने से मरण निश्चित है । जहाँ देवाक्षर हो वहाँ यदि अपने नाम का अक्षर आवे ( तो ग्राह्य है ) यदि विरुद्ध हों तो त्याग कर देवे, क्योंकि वह शत्रु होता है । अतः दूसरे मन्त्र का विचार करना चाहिए ॥ ८०-८१ ॥


पृथक्स्थाने यदि भवेद्वर्णमाला महेश्वर ।
यदि तत् सौख्यभावः स्यात् सौख्यं नापि विवर्जयेत् ॥ ८२ ॥
विभिन्नगेहे दोषश्चेत् शुभमन्त्रञ्च सन्त्यजेत् ।
इति ते कथितं देवि(देव) दृष्टादुष्टफलप्रदम् ॥ ८३ ॥
यः शोधयेच्चरेद् वर्णं मन्त्रमालामहेश्वरः ।
यदि शुध्यति चक्रेन्द्रं मन्त्रसिद्धिप्रदं शुभम् ॥ ८४ ॥

हे महेश्वर ! यदि वर्णमाला पृथक् स्थान में हो, किन्तु उसमें सौख्य भाव हो तो उस सौख्य भाव का परित्याग नहीं करना चाहिए । अनेक गेहों पर विचार करने पर भी यदि दोष ही दोष आवे तो उस उत्तम मन्त्र का भी परित्याग कर देना चाहिए । हे देव ! यहाँ तक हमने दृष्टादृष्ट फल देने वाले मन्त्रों का वर्णन किया । मन्त्र माला का महेश्वर जो साधक वर्णों को स्थापित कर उसे शुद्ध करता है ऐसा करने से यदि चक्रेन्द्र शुद्ध मिले तो वह मन्त्र सिद्धि देने वाला तथा शुभकारी होता है ॥ ८२-८४ ॥

## ( ८ ) शिवचक्रम्

शिवचक्रं प्रवक्ष्यामि महाकालकुलेश्वर ।
अवश्यं सिद्धिमाप्नोति शिवचक्रप्रभावतः ॥ ८५ ॥

शिवचक्रम्




चक्र का विवरण—१. यक्षमन्त्रसंस्थान,
२. महाविद्या मन्त्र के पद

विभिन्न कोणों के वर्ण—

शिवकोण में—अ, आ, कं खं गं घं ङं,
विष्णुकोण में—इ, चं छं जं झं ञं, टं ठं डं ढं णं,
ब्रह्मकोण में—तं थं दं धं नं,
नायिकाकोण में—न, न, पं फं बं भं मं,
भूत ( मन्त्र ) कोण में—उ, ऊ, यं रं लं वं,
यक्ष ( मन्त्र ) कोण में—ऋ शं,
पिशाच वाले मन्त्र कोण में—ष स ( लं वं ),
देवमन्त्र कोण—हं सं
महाविद्यादि संस्थान—ळ क्ष

हे महाप्रभो ! अब स्वरस्थान तथा वर्ण स्थानों के स्थापन का प्रकार सुनिए । शिव कोण में अ आ दो स्वर तथा बिन्दु सहित क वर्ग ( कं खं गं घं ङं ) स्थापित करे । विष्णु के कोण में नेत्र ( इकार ) तथा च वर्ग एवं ट वर्ग लिखे । ब्रह्मकोण में त वर्ग तथा अनुनासिक लिखे, जो सभी मन्त्रों में चेतना प्रदान करने वाले हैं ॥ ९२-९३ ॥

नायिकायां पवर्गञ्च न युगं परिकीर्तितम् ।
भूते यवान्तं विलिखेदोष्ठाधरसमन्वितम् ॥ ९४ ॥
प्रणवं यक्षमन्त्रे च शकारं परिकीर्तितम् ।
अधोदन्तं पिशाचे च षयुक्तं बिन्दुभूषितम् ॥ ९५ ॥

नायिका वाले मन्त्र के कोण में प वर्ग लिखे तथा दो न लिखें—ऐसा कहा गया है । भूतमन्त्र वाले कोण में य र ल व वर्णों को ठ ऊ ओष्ठाक्षरों के साथ लिखे । यक्ष मन्त्र वाले कोण में प्रणव ( ॐ ) तथा शकार लिखे । पिशाच वाले मन्त्र में अधोदन्त मूल और ष जो बिन्दु से भूषित हो ( लं षं ) लिखें ॥ ९४-९५ ॥

शिवो बीजं देवमन्त्रे सकारञ्च सबिन्दुकम् ।
महाविद्यादिसंस्थाने लक्षवर्णं प्रकीर्तितम् ॥ ९६ ॥
इति ते कथितं शम्भो शृणु वर्णाङ्क(ङ्क)वर्णनम् ।
शिवे एकविंशतिश्च द्वात्रिंशद्विष्णुकोणके ॥ ९७ ॥

देव मन्त्र में शिवबीज ( ॐ ? ) तथा सकार जो बिन्दु से विभूषित हो, उसे लिखे । इसके बाद महा विद्यादि संस्थान में ल और क्ष वर्ण लिखे, ऐसा कहा गया है । हे शम्भो ! इस प्रकार मैंने स्वर वर्ण स्थापन की विधि कही । अब अङ्क के स्थापन प्रकार को सुनिए । शिव ( गृह ) में २१ संख्या तथा विष्णु के गृह में ३२ संख्या स्थापित करे ॥ ९६-९७ ॥

ब्रह्मणे षोडशाद्यञ्च शक्तिकूटे युगाष्टकम् ।
नायिकायां वह्निबाणं भूते सप्ताङ्कमेव च ॥ ९८ ॥
यक्षे च चन्द्रवेदञ्च पिशाचेऽष्टवसुः स्मृतः ।
सर्वदेवे बाणवेदं कृत्यायां षष्ठषष्ठकम् ॥ ९९ ॥

ब्रह्मसंस्थान में १६ का आद्य अर्थात् १५, शक्तिकूट में ८ का दुगुना अर्थात् १६, नायिका में ८ तथा भूत संस्थान में ७ अङ्क स्थापित करे । यक्ष में ५ और पिशाच में ८ तथा सभी देवों के संस्थान में ९ और कृत्या में १२ अङ्क स्थापित करे ॥ ९८-९९ ॥

मध्ये षष्ठे हुताशञ्च[१] महाविद्यागृहे शुभे ।
साधकस्य च साध्यस्यैकाङ्कं साध्यमन्दिरे ॥ १०० ॥
साधकाङ्कमूर्ध्वदेशे साध्याङ्कं गणयेदधः ।
भुजयुग्मं शिवे प्रोक्तं विष्णौ वामाष्टकं तथा ॥ १०१ ॥

---

१. अश्नातीति अशः, पचादित्वादच्प्रत्ययः, हुतस्याशः इति षष्ठीतत्पुरुषः । अथवा कर्मण्यण्प्रत्ययः । २. मणि इति—क० ।

पश्चात् कृत्वा तदङ्कञ्च हरेद्रामेण वल्लभ ।
यदि साध्याङ्कं विस्तीर्णं तदा नैव शुभं भवेत् ॥ १०७ ॥
साधकाङ्कञ्च विस्तीर्णं यदि स्याज्जायते गृहे ।
तदा सर्वकुलेशः स्याद् रुद्रश्रवणसंशयः ॥ १०८ ॥

षष्ठ अङ्क से वेदाङ्क ४ को तथा देवता के वर्ण को चन्द्रमा से मिला देवे । इसके पश्चात् देवता वर्ण को द्विगुणित करे । फिर हे वल्लभ ! उसमें ३ का भाग देवे । यदि साध्य का अङ्क अधिक आवे तब उसे शुभ फल वाला नहीं समझना चाहिए । यदि उस घर में साधक का अङ्क अधिक आवे तब वह मन्त्र सर्व कुलेश होता है ॥ १०६-१०८ ॥

द्विगुणं देवतावर्णं साधकाङ्केन योजयेत् ।
वर्णसंख्याङ्कमालिख्य गणयेत् साधकोत्तमः ॥ १०९ ॥

देवतावर्ण को द्विगुणित कर साधक के अङ्क से मिला देना चाहिए । फिर उन दोनों के वर्ण संख्या का अङ्क लिख कर उत्तम, साधक गणना करे ॥ १०९ ॥

रसबाणेन सम्पूर्य संहरेत् रससंख्यया ।
आत्माङ्कमिश्रितं पश्चाद् यदि किञ्चिन्न तिष्ठति[1] ॥ ११० ॥
स्वीयाभिधानकाङ्कस्य द्विगुणञ्चापि योजयेत् ।
पश्चादनलसंख्याभिर्हरेत् सौख्यार्थिमुक्तये ॥ १११ ॥
अङ्कं बहुतरं ग्राह्यं साधकस्य सुखावहम् ।
न ग्राह्यं साध्यविस्तीर्णमि(म?)तिशास्त्रार्थनिश्चयम् ॥ ११२ ॥

उसमें ( रस ) ६ एवं ( बाण ) ५ संख्या मिलाकर ६ से भाग देवे । फिर उसमें अपने नाम का अङ्क मिश्रित करें । यदि कुछ भी शेष न रहे तो अपने नाम के अङ्क का द्विगुणित कर उसे जोड़ देवे । इसके बाद अनल ( ३ ) संख्या से सौख्य अर्थ तथा भुक्ति के लिए भाग देवे । यदि अङ्क ( लब्धि ) बहुतर प्राप्त हो तो वह साधक को सुख प्राप्त कराने वाला होता है । किन्तु यदि साध्य से अङ्कलब्धि विस्तीर्ण हो तो उसे न ग्रहण करे—ऐसा शास्त्र के अर्थ का निश्चय है ॥ ११०-११२ ॥

विचारादस्य चक्रस्य राजत्वं लभते ध्रुवम् ।
समानाङ्केन गृह्णीयाद् [2]गुण्याङ्कं वर्जयेदिह ॥ ११३ ॥
अवश्यं[3] चक्रमेवं हि गोपनीयं सुरासुरैः ।

इस चक्र पर विचार करने पर साधक अवश्य ही राजत्व प्राप्त कर लेता है । अतः समान अङ्क होने पर उसे ग्रहण कर लेना चाहिए, किन्तु इसमें गुण्याङ्क अवश्य वर्जित करे । अवश्य ही यह चक्र देवताओं तथा असुरों से भी गोपनीय रखना चाहिए ॥ ११३-११४ ॥

---

१. यदि किञ्चिन्न तिष्ठति—क० ।


२. शून्याङ्कम् इति क० ।

३. अवश्यं भावयेत् चक्रम् इति क० ।

## ( ९ ) विष्णुचक्रम्

विष्णुचक्रं प्रवक्ष्यामि चक्राकारं सुगोपनम् ॥ ११४ ॥
सर्वसिद्धिप्रदं शुद्धं चक्रं कृत्वा फलप्रदम् ।
शृणु नाथ महाविष्णोः स्थानं मङ्गलदायकम् ॥ ११५ ॥
लक्ष्मीप्रियमङ्कमयं नवकोणं महाप्रभम् ।
तदूर्ध्वे च तमालिख्य तदूर्ध्वेऽष्टग्रहं शुभम् ॥ ११६ ॥

( ईश्वरात्मकचक्र ) = विष्णुचक्र




अब चक्राकार विष्णु चक्र के विषय में कह रही हूँ, जो अत्यन्त गुप्त है । यह सर्वसिद्धि प्रदान करने वाला चक्र शुद्ध कर लेने पर फलदायी होता है । हे नाथ ! अब महाविष्णु के मङ्गल देने वाले उस स्थान के विषय में सुनिए । यह अङ्कमय चक्र लक्ष्मी जी को अत्यन्त प्रिय है । इसमें महा प्रभा वाले नवकोण होते हैं । इसलिए ऊपर उसे लिखकर उसके भी ऊपर शुभ अष्ट ग्रह का निर्माण करे ॥ ११४-११६ ॥

चतुष्कोणाकारगेहं सन्धौ शून्याष्टकं[1] लिखेत् ।
तदूर्ध्वे च तमालिख्य चक्रमेतद्धनेश्वर[2] ॥ ११७ ॥
पूर्वे महेन्द्राभरण[3]मूर्ध्वदिशोल्लसत्करम् ।
मुनिरामखचन्द्राद्यमङ्कं सर्वसमृद्धिदम् ॥ ११८ ॥

वह गृह चतुष्कोण के आकार का होना चाहिए । उसकी सन्धि में शून्य तथा ८ अङ्क लिखे । इस प्रकार उसके ऊपर लिखे तो हे धनेश्वर ! वह विष्णुचक्र बन जाता है । पूर्व में महेन्द्र का आभरण ( गृह ) निर्माण करे । जिसका प्रकाश पुञ्ज ऊपर की ओर उठ रहा हो उसमें मुनि ७, राम ३, ख शून्य, चन्द्र १ आदि अङ्क लिखे । यह महेन्द्रगृह सर्वसमृद्धियों को देने वाला है ॥ ११७-११८ ॥

दक्षिणे वह्निभरणं रसवेदे खयुग्मकम्[4] ।
तदधो रामचक्रञ्च[5] सप्तषट्सु च रामकम् ॥ ११९ ॥
तदधो निर्ऋते स्वर्गे युगाङ्कशून्यवेदकम् ।

---

१. शूलाष्टकं लिखेत् इति क० ।
२. कुलेश्वर इति क० ।
३. महेन्द्रभवनम् इति क० ।
४. त्रियुग्मकम् इति क० ।
५. यमचक्रञ्च इति क० ।

कन्या, वैश्य की कन्या, वैद्य की कन्या अथवा चाण्डालकन्या ही क्यों न हो, किं वा वे जिस किसी आश्रम में स्थित कन्या ही क्यों न हों, चाहे अपने सुहृद् वर्ग की कन्या ही क्यों न हों, उन्हें प्रयत्न पूर्वक अपने घर लाकर अध्यात्म परायण ( शक्ति स्वरूपा ) मान कर उनका अत्यन्त आनन्दपूर्वक पूजन करना चाहिए ॥ ४-७ ॥

क्रमशः शृणु देवेन्द्र वरहस्तनिषेवित ।
परमानन्दसौन्दर्य कारणानन्दविग्रहः ॥ ८ ॥
मम पूजां यः करोति प्रत्यहं शुद्धभक्तितः ।
तस्यावश्यं कुमारीणां पूजनं भोजनं रवेः ॥ ९ ॥

हे वरदान देने वाले ! हे देवेन्द्र ! हे परमानन्दसौन्दर्य ! हे कारणानन्दविग्रह ! अब क्रमशः सुनिए । जो शुद्ध भक्तिपूर्वक मेरी पूजा प्रतिदिन करते हैं, उन्हें अवश्य ही कुमारी पूजन कर उनको भोजन कराना चाहिए ॥ ८-९ ॥

तेजोरूपं विधोश्चाग्नेः सर्वभावे प्रशस्यते ।
तत्पूजनात् तदालापाद् भोजनादपि तद् शुभम् ॥ १० ॥

चाहे सूर्य की पूजा, चाहे चन्द्रमा की पूजा, चाहे अग्नि की ही पूजा करने वाला क्यों न हो, सभी भावों में कन्या का पूजन प्रशस्त माना गया है । कन्या के पूजन से, कन्या से संभाषण से और कन्या के भोजन से मनुष्य का कल्याण होता है ॥ १० ॥

मम प्रीतिर्भवेत्साक्षाद् देवतागुप्तिसंस्थिता ।
बालभैरवदेवस्य कामिनीवटुकस्य च ॥ ११ ॥
मत्पुत्रस्य सर्वलोकपूजितस्य महौजसः ।
पूजाभिर्विविधैर्दिव्यैः कुमारी देव पूजिता ॥ १२ ॥

कन्या पूजन से मैं प्रसन्न होती हूँ क्योंकि उनमें देवता गुप्त रूप से निवास करते हैं । सभी लोकों के द्वारा पूजित, महान् तेजस्वी तथा ब्रह्मचारी मेरे पुत्र बाल भैरव देव की जो अभीष्ट है, वह कुमारी विविध प्रकार के दिव्य पूजन से देवों के द्वारा पूजित है ॥ ११-१२ ॥

कुमारी कन्यका भोक्त्री सर्वज्ञा जगदीश्वरी ।
पूजार्थं सर्वलोकस्य समानीय सुरेश्वराः[१] ॥ १३ ॥
पूजयन्ति[२] महादेवीं गुप्तभावनिवासिनीम् ।
सदा भोजनवाञ्छाभ्यां[३] माल्यसन्तुष्टहासिनीम् ॥ १४ ॥

कुमारी कन्यका, सर्वज्ञा एवं जगदीश्वरी कही जाती है । सुरेश्वर ( = इन्द्र ) गण भी पूजा के लिए गुप्त रूप से निवास करने वाली भूमिस्वरूपा महादेवी भोजन आदि अभीष्ट से अर्घ्य और मालादि द्रव्यों से सन्तुष्ट होकर प्रसन्न रहने वाली कन्या को समस्त लोक से लाकर उनका पूजन करते हैं ॥ १३-१४ ॥

---

१. सुरेश्वर ! क० । २. पूजयित्वा क० ।
३. वाञ्छाढ्य क० ।

वृथा न रौति सा देवी कुमारी देवनायिका ।
सरस्वतीस्वरूपा च पूज्यते सर्वनायकैः ॥ १५ ॥
शिवभक्तैर्विष्णुभक्तैस्तथान्यदेवपूजितैः ।
सर्वलोकैः पूजिता सा चावश्यं पूज्यते बुधैः ॥ १६ ॥

कुमारी देवनायिका का रोना अर्थात् असन्तुष्ट होना, व्यर्थ नहीं होता है अतः सभी श्रेष्ठ लोग सरस्वती स्वरूपा (द्र० ६. ९६) कन्या का पूजन करते हैं । शिव भक्त, विष्णु भक्त तथा अन्य देवता भक्त, किं बहुना, समस्त मनुष्यों द्वारा कन्या पूजित हुई है, इसलिए बुद्धिमान् साधक को कन्या का पूजन अवश्य करना चाहिए ॥ १५-१६ ॥

पूजया लभते पूजां पूजया लभते श्रियम् ।
पूजया धनमाप्नोति पूजया लभते महीम् ॥ १७ ॥
पूजया लभते लक्ष्मीं सरस्वतीं महौजसम् ।
महाविद्याः[1] प्रसीदन्ति सर्वे देवा न संशयः ॥ १८ ॥

कन्या पूजन से साधक पूजा प्राप्त करता है, कन्या पूजन से श्री की प्राप्ति होती है, धन प्राप्त होता है और पृथ्वी मिलती है । कन्या पूजन से लक्ष्मी प्राप्त होती है, सरस्वती प्राप्त होती है, महान् तेज मिलता है और दस महाविद्यायें प्रसन्न होती हैं । किं बहुना समस्त देवता कन्या पूजन से प्रसन्न होते है, इसमें संशय नहीं ॥ १७-१८ ॥

बालभैरवब्रह्मेन्द्रा ब्राह्मणा ब्रह्मवादिनः ।
रुद्राश्च देववर्गाश्च वैष्णवा विष्णुरूपिणः ॥ १९ ॥
अवताराश्च द्विभुजा विष्णवो मनुशोभिताः[2] ।
अन्ये दिक्पालदेवाश्च चराचरगुरुस्तथा ॥ २० ॥
नानाविद्यायुतास्सर्वे दानवा कूटशालिनः ।
अपवर्गस्थिता ये ये ते ते तुष्टा न संशयः ॥ २१ ॥

कन्या पूजन से बाल भैरव (श्री बटुक) ब्रह्मा, इन्द्र, ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण, रुद्र, देवगण, विष्णुरूप वैष्णव अवतार, द्विभुजा वाले वैष्णव जन, (स्वारोचिष् आदि) मनु से शोभित, अन्य दिक्पाल एवं देवता, अनेक विद्या से युक्त चराचर गुरु, कूटनीति से युक्त दानव और अपवर्ग में स्थित रहने वाले जो जो जन हैं वे सभी संतुष्ट होते हैं, इसमें संशय नहीं ॥ १९-२१ ॥

यद्यहं तुष्टिरूपा हि अन्ये लोके च का कथा ।
कुमारी पूजनं कृत्वा त्रैलोक्यं वशमानयेत् ॥ २२ ॥

हे देव ! यदि कन्या पूजन से मैं संतुष्ट होती हूँ तो अन्य लोगों की बात ही क्या ? साधक कुमारी पूजन कर समस्त त्रैलोक्य को अपने वश में कर सकता है ॥ २२ ॥

---

१. महाविद्याः सर्वे देवाश्च प्रसीदन्ति इत्यन्वयः ।

२. मनुसेविनः क० ।

महाशान्तिर्भवेत् क्षिप्रं सर्वपुण्यं फलप्रदम् ।
तत्तन्मन्त्रसदुल्लेखात् क्षणात् पुण्ययुतं भवेत् ॥ २३ ॥

कन्या पूजन से शीघ्र ही महाशान्ति प्राप्त होती है, संपूर्ण पुण्य तथा समस्त फल प्राप्त होते हैं । तन्त्र और मन्त्र में कहे गये समस्त पुण्य क्षण मात्र में प्राप्त हो जाते हैं ॥ २३ ॥

मन्त्रेण पुटितं कृत्वा जप्त्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ।
यद्यत् प्रकारमुच्चार्य वदामि सुरसुन्दर ॥ २४ ॥
तत्तत् कार्यमवश्यं च भिन्नबुद्धिं न कारयेत् ।

( कुमारी ) मन्त्र से संपुटित ( मन्त्र ) का जप करने से साधक समस्त सिद्धियों का ईश्वर बन जाता है । हे सुरसुन्दर ! जिन जिन विधानों के प्रकार को मैं कहती हूँ उसे अवश्य करना चाहिए । उसमें भेद बुद्धि कदापि न करे ॥ २४-२५ ॥

भैरव उवाच

अथ बीजप्रभेदञ्च[1] वद शङ्करपूजिते ॥ २५ ॥
यदि मां[2] स्नेहपुञ्जोऽस्ति मत्कुलार्थप्रवेशिनि ।
वदस्व परमानन्द भैरवि प्राणवल्लभे ॥ २६ ॥

श्रीभैरव ने कहा—हे शङ्करपूजिते ! हे मेरे कुल के समस्त भावों में प्रविष्ट कराने वाली ! हे भैरवि ! हे प्राणवल्लभे ! हे परमानन्दे ! यदि मुझ में आपका स्नेह पुञ्ज हो तो अब कुमारी के बीज मन्त्र के भेदों को मुझे बताइए ॥ २४-२६ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु नाथ कुलार्थं मे कुमारीपूजने मनुम् ।
महामन्त्रं महामन्त्रं सिद्धमन्त्रं न संशयः ॥ २७ ॥
एतन्मन्त्रप्रसादेन जीवन्मुक्तो भवेत् सुधीः ।
अन्ते देवीपदं याति सत्यमानन्दभैरव ॥ २८ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ ! अब शाक्तों के हित के लिए कुमारी पूजन में प्रयोग किए जाने वाले महामन्त्र को मुझ से सुनिए । ये महामन्त्र सिद्ध मन्त्र है इसमें संशय नहीं । इस मन्त्र की कृपा होने पर बुद्धिमान् साधक जीवन्मुक्त हो जाता है और अन्त में देवी पद को प्राप्त कर लेता है । हे आनन्दभैरव ! यह सत्य है ॥ २७-२८ ॥

ऐहिकसुखसम्पत्तिर्मधुमत्याः प्रसादकम् ।
अवश्यं प्राप्नुयान्मर्त्यो विश्वासं[3] कुरु शङ्कर ॥ २९ ॥

इस लोक में अवश्य ही साधक को सुख संपत्ति प्राप्त होती है और यह मन्त्र मधुमती विद्या को प्रसन्न करने वाला है, हे शङ्कर ! ऐसा विश्वास करो ॥ २९ ॥

---

१. प्रभावं च क० । २. अस्य कुत्रान्वयः ? इति चिन्तनीयमस्ति ।
३. विश्वासं क० ।

वाग्भवेन पुरः क्षोभं मायाबीजे गुणाष्टकम् ।
श्रियोबीजे श्रियोलाभो मायाबीजे रिपुक्षयः ॥ ३० ॥
भैरवेण तु बीजेन खेचरत्वं सुरादिभिः ।
कुमारिका ह्यहं नाथ सदा त्वं हि कुमारकः ॥ ३१ ॥

वाग्भव ( ऐं ) से समस्त पुर क्षुब्ध हो जाता है । माया बीज ( ह्रीं ) में आठ गुना फल होता है, श्रीबीज ( श्रीं ) से श्री की प्राप्ति तथा माया बीज से शत्रु का नाश होता है । भैरव बीज ( ? ) से देवताओं के समान खेचरता ( आकाश गमन ) प्राप्त होता है । हे नाथ ! वस्तुतः मैं ही सदा कुमारिका हूँ और आप सदैव कुमार हैं ॥ ३०-३१ ॥

अष्टोत्तरशतं वापि एकां वा परिपूजयेत् ।
पूजिताः प्रतिपद्यन्ते[1] निर्दहन्त्यवमानिताः ॥ ३२ ॥

चाहे १०८ की संख्या में चाहे एक ही कन्या का पूजन करना चाहिए । ये कन्यायें पूजित होने पर सब प्रकार का फल देती हैं । किन्तु अपमानित होने पर जला देती हैं ॥ ३२ ॥

कुमारी योगिनी साक्षात् कुमारी परदेवता ।
असुरा अष्टनागाश्च ये ये दुष्टग्रहा अपि ॥ ३३ ॥
भूतवेतालगन्धर्वा[2] डाकिनीयक्षराक्षसाः[3] ।
याश्चान्या देवताः सर्वाः भूर्भुवः स्वश्च भैरव ॥ ३४ ॥
पृथिव्यादीनि सर्वाणि ब्रह्माण्डं सचराचरम् ।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरश्च सदाशिवः ॥ ३५ ॥
ते तुष्टाः सर्वतुष्टाश्च यस्तु कन्यां प्रपूजयेत् ।

कुमारी साक्षात् योगिनी है । कुमारी साक्षात् पर देवता ( महाशक्ति स्वरूपा ) है । अतः कुमारी के सन्तुष्ट होने पर असुर, अष्टनाग, दुष्टग्रह, भूत, वेताल, गन्धर्व, डाकिनी, यक्ष, राक्षस तथा अन्य देवता, किं बहुना, हे भैरव ! समस्त भूः भुवः स्वः रूप त्रिलोकी समस्त पृथिव्यादि तत्त्व, चराचरात्मक समस्त ब्रह्माण्ड, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र एवं ईश्वर तथा सदाशिव आदि सभी देवगण कुमारी पूजन करने वाले साधक पर प्रसन्न हो जाते हैं ॥ ३३-३६ ॥

निधियुक्तां कुमारीं तु[4] पूजयेच्चैव भैरव ॥ ३६ ॥
पाद्यमर्घ्यं तथा धूपं कुङ्कुमं चन्दनं शुभम् ।
भक्तिभावेन सम्पूज्य कुमारीभ्यो निवेदयेत् ॥ ३७ ॥
प्रदक्षिणत्रयं कुर्यादादौ मध्ये तथान्ततः ।
पश्चाच्च दक्षिणा देया रजतस्वर्णमौक्तिकैः ॥ ३८ ॥

---

१. प्रतिपूज्यन्ते क० ।

२. भूताश्च वेतालाश्च गन्धर्वाश्चेति द्वन्द्वः ।

३. डाकिनी च यक्षश्च राक्षसश्चेति डाकिनीयक्षराक्षसाः, द्वन्द्वः ।

४. भोजयेच्चैव क० ।

हे भैरव ! निधि अर्थात् ९ संख्यक कुमारी का पूजन करना चाहिए। पाद्य, अर्घ्य धूप, कुंकुम, शुभकारक चन्दन आदि पदार्थ भक्तिपूर्वक कुमारी को निवेदन करना चाहिए। पूजा के आदि में मध्य में तथा अन्त में तीन प्रदक्षिणा करे। फिर सुवर्ण, रजत तथा मोती से संयुक्त दक्षिणा देनी चाहिए ॥ ३६-३८ ॥

दक्षिणां विधिवद्दत्त्वा कुमारीभ्यः क्रमेण तु ।
विवाहयेत् स्वयं कन्यां ब्रह्महत्यां[1] व्यपोहति ॥ ३९ ॥
यावच्च[2] पुण्यकाले तु कन्यादानं प्रकल्पयेत् ।
भुक्तिमुक्तिफलं तस्य सौभाग्यं सर्वसम्पदः ॥ ४० ॥

विधि पूर्वक दक्षिणा देने के बाद क्रमशः कुमारियों का विवाह भी कर देना चाहिए। ऐसा करने से ब्रह्महत्या के पाप से छूट जाता है। पुण्य काल में जितनी ही कन्या का दान करता है, उसे भुक्ति मुक्ति, अन्य फल, सौभाग्य तथा सारी संपत्ति प्राप्त हो जाती है ॥ ३९-४० ॥

रुद्रलोके वसेन्नित्यं त्रिनेत्रो भगवान् हरः ।
तीर्थकोटिसहस्राणि अश्वमेधशतानि च ॥ ४१ ॥

कन्या दान करने वाला साधक त्रिनेत्र भगवान् सदाशिव का रूप धारण कर रुद्रलोक में निवास करता है। करोड़ों सहस्र तीर्थ का तथा सैकड़ों अश्वमेध यज्ञ का फल उसे प्राप्त हो जाता है ॥ ४१ ॥

तत्फलं लभते सद्यो यस्तु कन्यां विवाहयेत् ।
बालुकासागरे ज्ञेया तावदब्दसहस्रकम् ॥ ४२ ॥
एकैकं कुलमुद्धृत्य रुद्रलोके महीयते ।
तत्तदिष्टदेवानां प्रीतये तुष्टये सुधी ॥ ४३ ॥
कन्यादानं समाहृत्य मुक्तिमाप्नोति भैरव ।

जो कन्या का विवाह कर देता है शीघ्र ही उसके फल को साधक प्राप्त करता है। वह बालुका सागर में रहने वाले जितने बालू की संख्या होती है उतने हजार वर्षों तक एक एक कुल का उद्धार कर रुद्रलोक में पूजा प्राप्त करता है। हे भैरव ! इसलिए अपने उन उन इष्ट देवताओं की प्रीति के लिए बुद्धिमान् साधक कन्यादान कर मुक्ति प्राप्त करे ॥ ४२-४४ ॥

तत्तद्वर्षीयकन्यायास्तत्तद्बुद्ध्वा च साधकः ॥ ४४ ॥
विभाव्य शिवरूपत्वं सम्प्रदानीयकारके ।
पूर्णरूपं शिवं ध्यात्वा वरं सर्वाङ्गसुन्दरम् ॥ ४५ ॥
तेजोमयं यशःकान्तं बालभैरवरूपिणम् ।
बटुकेशं[3] महादेवं वरयेत् साधकाग्रणीः[4] ॥ ४६ ॥

श्रेष्ठ साधक उन उन वर्ण वाली कन्याओं में उन उन देवताओं की बुद्धि कर

---

१. ब्रह्महत्या विनश्यति क० ।
२. यो यश्च क० ।
३. बटुका विद्यार्थिनस्तेषामीशः ।
४. साधकानामग्रणी ।

( द्र० ५, ९६-१०० ) एवं दिये जाने वाले वर में शिव की बुद्धि कर तथा पूर्ण रूप से शिव का ध्यान कर कन्यादान करे अथवा सर्वांग सुन्दर, तेजोमय, यश, कान्त बाल भैरव रूप, बटुकेश महादेव का वर रूप में वरण करे ॥ ४४-४६ ॥

बालरूपां भैरवीं च त्रैलोक्यसुन्दरीं वराम् ।
नानालङ्कारनम्राङ्गीं भद्रविद्याप्रकाशिनीम् ॥ ४७ ॥
चारुहास्यां महानन्दहृदयां शुभदां शुभाम् ।
ध्यात्वा द्वादशपत्राब्जे पूर्णचन्द्रनिभाननाम् ॥ ४८ ॥
सम्प्रदाने समानीय तत्तन्मन्त्रेण दापयेत् ।

त्रैलोक्यसुन्दरी, नानालङ्कार से विभूषित, नम्राङ्गी, श्रेष्ठ महाविद्या का प्रकाश देने वाली, मन्द मन्द हास्य करने वाली, महानन्द से परिपूर्ण हृदय वाली, कल्याणकारिणी, मङ्गल स्वरूपा, पूर्ण चन्द्रानना कन्या में बालरूपा ( त्रिपुर ) भैरवी का द्वादश पत्र कमल में ध्यान कर दान करने के लिए लावे और उन उन मन्त्रों से उनका दान भी करे ॥ ४७-४९ ॥

एतत् श्रुत्वा महावीरो बाल(बल)रूपी निरञ्जनः ॥ ४९ ॥
पुनर्जिज्ञासयामास परमानन्दभैरवीम् ।

इस बात को सुन कर महावीर तथा मायारहित बालरूपी भैरव ने परमानन्द स्वरूपा महाभैरवी से पुनः जिज्ञासा की ॥ ४९-५० ॥

आनन्दभैरव उवाच

कुमारीकुलतत्त्वार्थं मन्त्रार्थं जपनक्रमम् ॥ ५० ॥
यजनादिप्रकारञ्च भोजनादिक्रमं तथा ।
होमादिप्रक्रियां तस्याः स्तोत्रं प्रत्येकमेव हि ॥ ५१ ॥
कवचं च कुमारीणां वदस्व क्रमशः प्रिये ।
येन क्रमेण सा विद्या कुमारी परदेवता ॥ ५२ ॥
निर्जने साधकस्याग्रे महावाक्यं स्वयं वदेत् ।
बालिका चारुनयना केन हेतोः प्रसीदति ॥ ५३ ॥
तत्प्रकारं वद स्नेहादानन्दभैरवप्रिये ।

**आनन्दभैरव ने कहा**—हे महाभैरवी ! हे प्रिये ! कुमारी कुलतत्त्व के ज्ञान के लिए मन्त्रार्थ, जपक्रम, यजनादि के प्रकार, भोजनादि का क्रम, होमादि की प्रक्रिया, प्रत्येक का स्तोत्र तथा कुमारी कवच क्रमशः हमें बताइए । जिस क्रम से कुमारी परदेवता महाविद्या निर्जन स्थान में साधक के आगे स्वयं प्रगट हो कर स्वयं महावाक्य का प्रतिपादन करें वह बालिका चारुनयना किस प्रकार और किस कारण से प्रसन्न होती है ? हे आनन्दभैरवी ! उस प्रकार को आप कहिए ॥ ५०-५४ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु शम्भो प्रवक्ष्यामि कुमारी कुलमन्त्रकान् ॥ ५४ ॥

येन विज्ञानमात्रेण धरणीशो नरोत्तमः ।
सर्वेषां गुरुरूपः स्यात् कुमारीयजनेन च ॥ ५५ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे शम्भो ! अब कुमारी कुल के मन्त्रों को कहती हूँ उन्हें सुनिए । जिसके जानने मात्र से उत्तम साधक धरणी पति हो जाता है । कुमारी यजन के प्रभाव से साधक गुरु रूप में प्रतिष्ठित हो जाता है ॥ ५४-५५ ॥

एकवर्षा वरा सन्ध्यादिकानां मनुमुत्तमम् ।
षोडशाच्छान्तरूपाणां मन्त्रं शृणु महाप्रभो ॥ ५६ ॥

एक वर्षा वरा सन्ध्यादि नाम वाली कुमारियों से प्रारम्भ कर ( १६ वर्ष वाली अम्बिका ) स्वरूप कन्याओं के महामन्त्रों को और क्रमपूर्वक सभी के मन्त्रों के चैतन्य सिद्धि की सत्क्रिया को भी हे महाप्रभो ! श्रवण कीजिए ॥ ५६ ॥

क्रमादिकञ्च सर्वेषां चैतन्यसिद्धिसत्क्रियाम् ।
आनीय सुन्दरीं नारीं कुमारीं वरनायिकाम् ॥ ५७ ॥
रत्नालङ्कारसंयुक्तां शङ्खवस्त्रादिशोभिताम् ।
वाग्भवेन जलं नाथ तन्नाम्ना परिदापयेत् ॥ ५८ ॥

श्रेष्ठ सुन्दरी नारी कुलोत्पन्न रत्नालङ्कार संयुक्त चूड़ी और वस्त्रादि से सुशोभित कन्या को लाकर वाग्भव ( ऐं ) बीज के सहित तत्तन्नाम से, हे नाथ ! जल प्रदान करे ॥ ५७-५८ ॥

**विमर्श**—यथा ऐं सन्ध्यायै नमः जलं समर्पयामि इत्यादि ॥ ५७-५८ ॥

देवीबुद्ध्या सदा ध्यात्वा पूजयेत् साधकोत्तमः ।
मायाबीजेन तन्नाम्ना पाद्यं दद्यात् तथा प्रभो ॥ ५९ ॥
लक्ष्मीबीजेन चार्घ्यं तु कुर्याद् बीजेन चन्दनम् ।
मायाबीजेन पुष्पाणि कुमार्यै दापयेत् सुधीः ॥ ६० ॥

उत्तम साधक उन उन कन्याओं में उन उन देवियों की भावना करते हुये पूजन करे । जल प्रदान करने के बाद मायाबीज 'ह्रीं सन्ध्यायै नमः पाद्यं समर्पयामि' इस मन्त्र से पाद्य समर्पित करे । लक्ष्मी बीज 'श्रीं सन्ध्यायै नमः अर्घ्यं समर्पयामि' इस मन्त्र से अर्घ्य प्रदान करे । पुनः माया बीज 'ह्रीं सन्ध्यायै नमः पुष्पाणि समर्पयामि' इस मन्त्र से कुमारी को पुष्प समर्पित करे ॥ ५९-६० ॥

सदाशिवेन मन्त्रेण धूपदीपौ महोत्तमौ ।
दत्वा षडङ्गमन्त्रेण पूजयेद् देवनायकः ॥ ६१ ॥
तत्प्रकारं महादेव शृणुष्वानन्दरूपधृक् ।
महातेजोमयं शुभ्रं हृदयं हस्तदक्षिणैः ॥ ६२ ॥
विभाव्य प्रपठेद् धीमान् तन्मन्त्रं शृणु शङ्कर ।
आदौ वाग्भवमुच्चार्य मायां लक्ष्मीं तु कूर्चकम् ॥ ६३ ॥

तदनन्तर सदाशिव के मन्त्र ( ॐ नमः शिवाय ) से उत्तम धूप दीप प्रदान कर षडङ्गमन्त्र से इस प्रकार न्यास करे ।

षडङ्गन्यास—हे आनन्द रूप वाले ! हे महादेव ! उस षडङ्गन्यास के प्रकार को सुनिए । महातेजोमय शुभ स्वरूप का ध्यान कर हृदय पर दाहिना हाथ रखकर धीमान् साधक को मन्त्र पढ़ना चाहिए । हे शङ्कर ! अब उस मन्त्र को सुनिए । सर्वप्रथम वाग्भव ( ऐं ) उच्चारण कर माया ( ह्रीं ) लक्ष्मी बीज ( श्रीं ) कूर्च ( हूं ) का उच्चारण करे ॥ ६१-६३ ॥

प्रेतबीजं ततो ब्रूयात् [1]सविसर्गेन्दुबिन्दुकम् ।
कुलशब्दं समुच्चार्य कुमारिके ततो वदेत् ॥ ६४ ॥
हृदयाय: नमः प्रोच्य ततः शिरसि भावयेत् ।
शुक्लवर्णं सर्वमयं बीजमुच्चार्य संन्यसेत् ॥ ६५ ॥
हकारं वाग्भवाढ्यञ्च वकारं वाग्भवार्थकम् ।
मायां लक्ष्मीं वाग्भवं च द्विठान्ते शिरसे पदम् ॥ ६६ ॥
वह्निजायावधिर्मन्त्रो न्यसेत् शिरसि साधकः ।

फिर विसर्ग और बिन्दु से युक्त प्रेत बीज ( ह्सौः ) का उच्चारण कर 'कुल कुमारिके' पद का उच्चारण करे । तदनन्तर 'हृदयाय नमः' कहकर हृदय का स्पर्श करे । मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—'ऐं ह्रीं श्रीं हूं ह्सौः कुलकुमारिके हृदयाय नमः' ।

इसके बाद शिरः स्थान में शुक्ल वर्ण सर्वगम बीज ( ॐ ) का ध्यान करे । वाग्भव से युक्त हकार, वाग्भव से युक्त वकार, फिर माया ( ह्रीं ), फिर लक्ष्मी ( श्रीं ), फिर वाग्भव ( ऐं ), फिर दो ठ अर्थात् वह्निजाया ( स्वाहा ) इतना उच्चारण कर शिरः प्रदेश में दाहिने हाथ से स्पर्श कर न्यास करे ॥ ६४-६७ ॥

विमर्श—यथा—ऐं हैं वैं ह्रीं श्रीं ऐं स्वाहा ।

शिखामध्ये कृष्णवर्णं नीलाञ्जनचयप्रभम् ॥ ६७ ॥
विभाव्य संन्यसेन्मन्त्री कुमारीकुलसिद्धये ।
आदौ प्रणवमुद्धृत्य तदन्ते [2]वह्निसुन्दरी ॥ ६८ ॥
शिखायै च समुद्धृत्य वषट्कारं ततो वदेत् ।

तदनन्तर शिखा में काले अञ्जन के समूह के समान काले वर्ण का ध्यान कर 'कुमारी कुल' की सिद्धि के लिए मन्त्र साधक इस मन्त्र से न्यास करे । प्रथम प्रणव ( ॐ ) का उच्चारण करे । उसके बाद वह्नि सुन्दरी ( स्वाहा ) का उच्चारण करे । फिर 'शिखायै वषट्' का उच्चारण कर शिखा स्थान में न्यास करे ॥ ६७-६९ ॥

विमर्श—यथा—ॐ स्वाहा शिखायै वषट् ।

ततः कवचमध्ये च बलवन्तं सुतेजसम् ॥ ६९ ॥

---

१. विसर्गेण सहितः सविसर्गः, तादृश इन्दुबिन्दुर्यस्य तत् ।

२. विष्णु—क० ।

प्रथमारुणसङ्काशं ध्यात्वा चारुकलेवरम् ।
वाग्भवञ्च समुच्चार्य कुलशब्दं ततो वदेत् ॥ ७० ॥
वागीश्वरीपदं पश्चात् कवचाय ततो वदेत् ।
तारकब्रह्मशब्दञ्च कवचन्यासजालकम् ॥ ७१ ॥

इसके बाद कवच के मध्य में ( दोनों बाहु ) में महाबलवान् अत्यन्त तेजस्वी, सुन्दर, सूर्योदय से प्रथम होने वाले अरुण के समान लाल वर्ण का ध्यान कर वाग्भव ( ऐं ) का उच्चारण कर, फिर 'कुल' शब्द, फिर 'वागीश्वरि' पद, फिर 'कवचाय' पद, तदनन्तर तारक ब्रह्म ( हुं ) का उच्चारण कर दोनों बाहु में न्यास करें । यहाँ तक कवचन्यास के अक्षर समूह को कहा गया ॥ ६९-७१ ॥

**विमर्श**—यथा—ऐं कुल वागीश्वरि कवचाय हुं ।

ततो नेत्रत्रयं ध्यात्वा महाबीजं महाप्रभम् ।
रक्तवर्णं कोटिकोटिवामण्डल मण्डितम् ॥ ७२ ॥
विराजितं कोटिपुण्यार्जिततेजसि भास्करे ।
वाग्भवं च समुच्चार्य कुलेश्वरिपदं ततः ॥ ७३ ॥
नेत्रत्रयाय शब्दान्ते वौषट् लोचनमन्त्रकम् ।

इसके बाद नेत्रत्रय में महाप्रभा वाले रक्त वर्ण के करोड़ों जवा मण्डल मण्डित महाबीज का जो करोड़ो सूर्य में विराजित है उसका ध्यान कर वाग्भव ( ऐं ) का उच्चारण कर फिर 'कुलेश्वरि' पद फिर नेत्रत्रयाय वौषट्' का उच्चारण कर नेत्रत्रय का न्यास करे ॥ ७२-७४ ॥

**विमर्श**—यथा—ऐं कुलेश्वरि नेत्रत्रयाय वौषट् ।

ततः साधकमन्त्री च वामहस्ततले तथा ॥ ७४ ॥
मध्यमातर्जनीभ्यां च तालद्वयमुपाचरेत् ।
तन्मन्त्रं कोटिसूर्योग्रज्योत्स्नाजालसमप्रभम्[1] ॥ ७५ ॥
महाकाशोद्भवं शब्दं महोग्रपरिपीडनम् ।
मायाबीजं तथास्त्राय पदमुद्धृत्य यत्नतः ॥ ७६ ॥

फिर मन्त्रज्ञ साधक बायें हाथ पर दाहिने हाथ की मध्यमा और तर्जनी अंगुलियों से करोड़ों सूर्य की किरण समूहों के समान प्रभा वाले महाकाश में उत्पन्न महाउग्र शब्द का ध्यान कर प्रथम माया बीज ( ह्रीं ) फिर 'अस्त्राय' पद, फिर पान्त ठान्त वर्ण ( फट् ) महामन्त्र का उच्चारण दो ताली देवे ॥ ७४-७६ ॥

**विमर्श**—यथा—ह्रीं अस्त्राय फट् ।

पान्तठान्तं समुद्धृत्य महामन्त्रं प्रकीर्तितम् ।
ततस्तस्या हृन्निलये ध्यात्वा च परिवारकान् ॥ ७७ ॥

---

१. कोटिः सूर्यास्तेषामुग्रज्योत्स्नाजालेन समा प्रभा यस्य तम् ।

पूजयेद् यत्नतो मन्त्री भेषजामृतधारया ।
तर्पयेत् पूजयेद् भक्त्या भैरवं[1] बालभैरवम् ॥ ७८ ॥

इसके बाद उस कुमारी के हृदयाकाश में परिवार का ध्यान कर मन्त्रज्ञ यत्नपूर्वक ध्यान कर भेषजरूप अमृत धारा से उनका पूजन करे । तदनन्तर बटुक भैरव का पूजन कर उनका तर्पण करे ॥ ७७-७८ ॥

देवताभिः पूजयित्वा परिवारान् क्रमेण वै ।
ततो वाग्भवमुच्चार्य सिद्धजयाय शब्दतः ॥ ७९ ॥
पूर्वं पदं समुच्चार्य वक्त्राय नम ईरितः ।
ततो वाग्भवमुच्चार्य जयाय शब्दमुद्धरेत् ॥ ८० ॥
उत्तरवक्त्रमुद्धृत्य चतुर्थ्यन्तं नमःपदम् ।

क्रमशः देवताओं के साथ परिवार का पूजन कर, तदनन्तर वाग्भव ( ऐं ), फिर 'सिद्धजयाय' पद, फिर 'पूर्व' पद, फिर 'वक्त्राय नमः' से पूर्व मुख, इसके बाद वाग्भव ( ऐं ) उच्चारण कर 'जयाय' शब्द, फिर चतुर्थ्यन्त उत्तरवक्त्र ( उत्तरवक्त्राय ), फिर नमः पद का उच्चारण कर उत्तर मुख का पूजन करे ॥ ७९-८१ ॥

**विमर्श**—पूर्वमुख के लिए मन्त्र है—'ऐं सिद्धजायाय पूर्ववक्त्राय नमः' । उत्तरमुख के लिए मन्त्र है—'ऐं जयाय उत्तरवक्त्राय नमः' ।

ततो वाग्भवमाया श्री बीजमुच्चार्य यत्नतः ॥ ८१ ॥
कुब्जिके पश्चिमान्ते च वक्त्राय नम इत्यपि[2] ।
ततो वाग्भवमुच्चार्य कालिके पदमुच्चरेत् ॥ ८२ ॥
दक्षवक्त्राय शब्दान्ते नामामन्त्रं[3] प्रकीर्तितम् ।

फिर वाग्भव ( ऐं ), माया ( ह्रीं ) और श्रीबीज ( श्रीं ) का यत्नपूर्वक उच्चारण करे । 'कुब्जिके पश्चिम-वक्त्राय नमः' से पश्चिम वक्त्र का पूजन करे । तदनन्तर वाग्भव ( ऐं ) का उच्चारण कर 'कालिके' पद का उच्चारण कर 'दक्षवक्त्राय' शब्द के अन्त में 'नमः' शब्द का उच्चारण करे ॥ ८१-८३ ॥

**विमर्श**—पश्चिममुख के लिए मन्त्र है—'ऐं ह्रीं श्रीं कुब्जिके पश्चिमवक्त्राय नमः' । दक्षिणमुख के लिए मन्त्र है—'ऐं कालिके दक्षवक्त्राय नमः' ।

एतन्मन्त्राक्षरं नाथ समुच्चार्य कुलेश्वर ॥ ८३ ॥
पूजयित्वा क्रमेणैव भास्करं परिपूजयेत् ।
चन्द्रं दिक्पालदेवञ्च सन्ध्यादीन्[4] परिपूजयेत् ॥ ८४ ॥

---

१. कलिभैरवम्—क० ।
२. 'कुर्व्वितः' इति सं० मुद्रित पाठः ।
३. नमोमन्त्रः प्रकीर्तितः—क० ।
४. एकवर्षा कन्या 'सन्ध्या' इति कथ्यते ।

हे नाथ ! यहाँ तक हमने कुमारी मन्त्रों को कहा । हे कुलेश्वर ! इन मन्त्राक्षरों का उच्चारण कर उन उन मुखों का पूजन करे । फिर भास्कर, चन्द्रमा, दिक्पाल एवं सन्ध्यादि का पूजन करे ॥ ७९-८४ ॥

वीरभद्रां महाकाली[1] कौलिनीं कुलगामिनीम् ।
अष्टादशभुजां कालीं चतुर्वर्गां[2] प्रपूजयेत् ॥ ८५ ॥

फिर वीरभद्रा, महाकाली, कुल में गमन करने वाली कौलिनी, अष्टादशभुजा काली तथा चतुर्वर्गा देवी का पूजन करे ॥ ८५ ॥

नैवेद्यादीन् समानीय नानाभोज्यादिसंयुतम् ।
दुग्धं घनावृतं क्षीरं पक्वान्नं पक्वसत्फलम् ॥ ८६ ॥
यद्यत्कालोपयोग्यञ्च शर्करामधुमिश्रितम् ।
पञ्चतत्त्वं कुलद्रव्यं निजकल्याणवर्धनम् ॥ ८७ ॥
नानाद्रव्यञ्च नैवेद्यं स्वस्वकल्पोक्तसाधितम् ।
कुमारीभ्यो निवेद्यैवं नानासौरभशोभितम् ॥ ८८ ॥

अनेक प्रकार के भोज्यान्न से युक्त नैवेद्य आदि जैसे दूध, दही, पक्वान्न, पके हुये उत्तमोत्तम फल, तत्तत्कालों में उपयोग योग्य फल, शर्करा, मधुमिश्रित पञ्चतत्व ( पञ्चामृत ), अपना कल्याण बढ़ाने वाला कुलद्रव्य और अनेक प्रकार के नानाविध नैवेद्य निवेदित करे । फिर अनेक प्रकार के सुगन्ध से मिश्रित शीतल जल लाकर बुद्धिमान् साधक उन कन्याओं को प्रदान करे ॥ ८६-८८ ॥

शीतलं जलमानीय दद्यात्ताभ्यो महासुधीः ।
ततो हितं महामन्त्रं कुमार्याश्चातिदुर्लभम् ॥ ८९ ॥
अथवा स्वीयमूलञ्च जप्त्वा सिद्धीश्वरो भवेत् ।
समर्थप्राणवायूनां धारयेत्कारयेत्[3] स्वयम् ॥ ९० ॥
अष्टाङ्गादिप्रणामं च कुर्वन् स्तोत्रं पठन् दिशेत् ॥ ९१ ॥

इसके बाद अपना हित करने वाला अत्यन्त दुर्लभ कुमारी का महामन्त्र अथवा अपने इष्टदेवता का मन्त्र जपने से साधक सभी सिद्धियों का ईश्वर बन जाता है ।

यदि प्राण वायु के धारण करने में समर्थ हो तो प्राणायाम करे । अन्त में निम्नलिखित कुमारी स्तोत्र का पाठ कर साष्टाङ्ग प्रणाम करे ॥ ८९-९१ ॥

## कुमारी स्तोत्र

नमामि कुलकामिनीं परमभाग्यसन्दायिनीम् ।
कुमाररतिचातुरीं सकलसिद्धिमानन्दिनीम् ॥ ९२ ॥

---

१. महाकल्याण् कन्या 'सन्ध्या' इति कथ्यते । २. 'चण्डदुर्गां' इति मन्त्रमहार्णवे पाठः ।
३. धारणं कारयेत्स्वयम्—क० ।

भक्ति भाव में परायण हो कर, महाविद्या की महतीसेवा में भक्ति और श्रद्धा से परिप्लुत हो कर इस स्तोत्र का पाठ करने से साधक महा ज्ञानी हो जाता है और अपने अभीष्ट की सिद्धि भी प्राप्त कर लेता है ॥ १३-१४ ॥

आनन्दभैरव उवाच[१]

देवेन्द्रादय इन्दुकोटिकिरणां वाराणसीवासिनीं
विद्यां वाग्भवकामिनीं त्रिनयनां सूक्ष्मक्रियाज्वालिनीम्[२] ।
चण्डोद्योगनिकृन्तिनीं त्रिजगतां धात्रीं कुमारीं वरां
मूलाम्भोरुहवासिनीं शशिमुखीं[३] सम्पूजयामि श्रिये ॥ १५ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—देवेन्द्रादि जिन्हें नित्य प्रणाम करते हैं । जिनके शरीर की कान्ति करोड़ों चन्द्रमा के समान सुशीतल है । जो वाराणसी सिद्धपीठ में निवास करने वाली हैं । महाविद्या स्वरूपा, वाणी स्वरूपा, त्रिनेत्रा, जो सूक्ष्मक्रिया से उज्ज्वल हैं, चण्डदैत्य के उद्योग को निष्फल करने वाली, तीनों जगत् का पोषण करने वाली, श्रेष्ठ कुमारीस्वरूपा, मूलाधार में स्थित कमल पर निवास करने वाली, ऐसी शशिमुखी देवी को मैं श्री की कामना से पूजा कर रहा हूँ ॥ १५ ॥

मान्यां देवगणैः शिवेन्द्रयतिभिर्मोक्षार्थिभिर्बालिकां
सन्ध्यां नित्यगुणोदयां[४] द्विजगणे श्रेष्ठोदयां सारुणाम् ।
शुक्लाभां परमेश्वरीं शुभकरीं भद्रां विशालाननां
गायत्रीं गणमातरं दिनगतिं कृष्णाञ्च वृद्धां भजे ॥ १६ ॥

जो देवगणों से शिवेन्द्रादि यतियों से तथा मोक्षार्थियों से पूजनीय हैं, जो बालिका स्वरूपा हैं, सन्ध्यासमय नित्यगुणों से उदय होने वाली, द्विजगणों में श्रेष्ठ, अभ्युदय देने वाली, अरुणवर्ण की कान्ति से युक्त, शुक्ल आभा वाली परमेश्वरी सब का कल्याण करने वाली, स्वयं कल्याणस्वरूपा, विशालमुख वाली, गायत्री स्वरूपा, सभी गणों की माता, सूर्योदय रूप से दिन में गति प्रदान करने वाली, कृष्णा तथा वृद्धा स्वरूपा उन देवी का मैं भजन करता हूँ ॥ १६ ॥

बालां बालकपूजितां गणभृतां विद्यावतां मोक्षदां
धात्रीं शुक्लसरस्वतीं नववरां वाग्वादिनीं चण्डिकाम् ।
स्वाधिष्ठानहरिप्रियां प्रियकरीं वेदान्तविद्याप्रदां
नित्यं मोक्षहिताय योगवपुषा चैतन्यरूपां भजे ॥ १७ ॥

जो बाला हैं, बालकों से पूजित हैं, गणेश्वरों एवं विद्वानों को मोक्ष प्रदान करने वाली हैं, सब का पोषण करने वाली हैं, जो शुक्लवर्णा सरस्वती हैं वाणी की उपासना करने वालों को नवीन वर देने वाली हैं, चण्डिका ( कोपनशीला ) हैं स्वाधिष्ठान में रहने वाले हरि की

१. श्री—आनन्दभैरवी उवाच—क० । २. सूक्ष्मक्रियाकामिनीम्—ग० ।
३. शशिनो मुखमिव मुखं यस्यास्ताम् । ४. सुखोदयाम्—क० ।

ह्रिया है सब का प्रिय करने वाली एवं वेदान्त विद्या प्रदान करने वाली हैं, ऐसी योगशरीर से मोक्ष रूप हित के लिए चैतन्य स्वरूप भगवती का मैं भजन करता हूँ ॥ १७ ॥

नानारत्नसमूहनिर्मितगृहे पूज्यां सुरैर्बालिकां
वन्दे नन्दनकानने मनसिजे सिद्धान्तबीजानने ।
अर्थं देहि निरर्थकाय पुरुषे हित्वा कुमारीं कलाम्
सत्यं[1] पातु कुमारिके त्रिविधमूर्त्या च तेजोमयीम् ॥ १८ ॥

सिद्धान्त बीज रूप आनन वाले, मनसिजरूप नन्दन कानन में नाना रत्न समूहों द्वारा निर्मित गृह में देवताओं से परिपूजित—बालिका स्वरूपा भगवती की मैं वन्दना करता हूँ । हमारे जैसे अर्थ हीन को अपनी तेजोमयी कुमारी ( षोडश ) कला से परिवेष्टित कर पुरुष रूप में अर्थ प्रदान कीजिए और हे कुमारिके ! आप अपनी त्रिविधमूर्ति से सत्य की रक्षा कीजिए ॥ १८ ॥

वरानने सकलिकां कुलपथोल्लासैकबीजोद्वहां[2]
मांसामोदकरालिनीं हि भजतां कामातिरिक्तप्रदाम् ।
बालोऽहं वटुकेश्वरस्य चरणाम्भोजाश्रितोऽहं सदा
हित्वा बालकुमारिके शिरसि[3] शुक्लाम्भोरुहेशं भजे ॥ १९ ॥

हे वरानने ! आप कुलपथ को प्रकाशित करने के लिए बीजधारण करने वाली दीप की कलिका के समान हैं । आप मांस के उपहार से संतुष्ट रहने वाली करालिनी हैं तथा भजन करने वालों को उनकी वाञ्छा से भी अधिक फल प्रदान करती हैं । हे बाल कुमारिके ! मैं बालक हूँ और सर्वदा बटुकेश्वर के चरणाम्भोज का आश्रय लेने वाला हूँ । किन्तु अब शिर पर शुक्ल वर्ण का कमल धारण करने वाले आपके जैसे समर्थ का भजन करता हूँ ॥ १९ ॥

सूर्याह्लादबलाकिनीं कलिमहापापादितापापहां[4]
तेजोऽङ्गां भुवि सूर्यगां भयहरां तेजोमयीं बालिकाम् ।
वन्दे हृत्कमले सदा रविदले बालेन्द्रविद्यां सतीं
साक्षात् सिद्धिकरीं कुमारि विमलेऽन्वासाद्य रूपेश्वरीम् ॥ २० ॥

आप सूर्य के समान कलि कि महापापादि तापों को हरण करने वाली हैं, आप तेजोमयी अङ्गवाली हैं, पृथ्वी में तथा सूर्य में निवास करने वाली हैं और भय को हरण करने वाली, तेजोमयी बालिका स्वरूपा हैं । आप के द्वादशपत्र वाले हृत्कमल के मध्य में बालेन्द्रविद्या सती साक्षात् सिद्धि प्रदान करने वाली हे कुमारि ! हे विमले ! हे रूपेश्वरि ! आपको प्राप्त कर मैं आपकी वन्दना करता हूँ ॥ २० ॥

---

१. सत्यं पातु कुमारिके त्रिविधमूर्त्याकाशतेजोमयीम्—ख० ।
२. बीजोद्ग्रहाम्—ग० ।
३. शुद्धाम्भोरुहेशं भजे—ख० ।
४. कलिगलपापासितां पापहाम्—ग० ।

नित्यं श्रीकुलकामिनीं कुलवतीं कोलामुमामम्बिकां
नानायोगनिवासिनीं सुरमणीं नित्यां तपस्यान्विताम् ।
वेदान्तार्थविशेषदेशवसना भाषाविशेषस्थितां
वन्दे पर्वतराजराजतनयां[१] कालप्रियो त्वामहम् ॥ २१ ॥

आप नित्य श्री कुल की कामिनी हैं, कुलवती हैं, कोला, उमा तथा अम्बिका हैं, नाना योग में निवास करने वाली, सुन्दर रमण करने वाली, नित्य स्वरूपा, तपस्या में निरत रहने वाली हैं । आप वेदान्तार्थ रूप विशेष देश में रहने वाली तथा आशा के विशेष स्थान में रहने वाली पर्वतराज हिमालय की राजतनया हैं । अतः आपके काल को प्रिय लगने वाला मैं आपकी वन्दना करता हूँ ॥ २१ ॥

कौमारीं कुलकामिनीं रिपुगणक्षोभाग्निसन्दोहिनीं
रक्ताभानयनां शुभां परममार्गमुक्तिसंज्ञाप्रदाम् ।
भार्यां भागवतीं मतिं भुवनमामोदपञ्चाननां
पञ्चास्यप्रियकामिनीं भयहरां सर्पादिहारां भजे ॥ २२ ॥

कौमारि, कुलकामिनी ( मूलाधार में स्त्रीरूप से रहने वाली ), शत्रुगण में क्षोभ रूप अग्नि का संदोहन करने वाली, रक्तवर्ण नेत्रों वाली, कल्याणकारिणी परममार्ग में मुक्ति संज्ञा प्रदान करने वाली, भगवान् की भार्यास्वरूपा, बुद्धिस्वरूपा, पृथ्वी के वन प्रदेश में आमोद ( प्रमोद ) मनाने वाली, पञ्चानना पञ्चमुख भगवान् सदाशिव की प्रिय कामिनी भयहारिणी तथा सर्पादि का हार धारण करने वाली कुमारी भगवती का मैं भजन करता हूँ ॥ २२ ॥

चन्द्रास्यां[२] चरणद्वयाम्बुजमहाशोभाविनोदीं नदीं
मोहादिक्षयकारिणीं वरकरां श्रीकुब्जिकां[३] सुन्दरीम् ।
ये नित्यं परिपूजयन्ति सहसा राजेन्द्रचूडामणिं
सम्पाद्य धनमायुषो जनयतो व्याप्येश्वरत्वं जगुः ॥ २३ ॥

चन्द्र के समान मनोहर मुख मण्डल वाली, अपने चरणाम्भोज की महाशोभा से भक्त जनों का विनोद करने वाली, नदी के समान, मोहादि का क्षय करने वाली, मनोहर करों वाली, सुन्दरी श्रीकुब्जिका का जो लोग पूजन करते हैं वे सहसा राजेन्द्र चूडामणि पद सम्पादन कर धन और आयुष्य प्राप्त कर ईश्वरत्व में व्याप्त हो जाते हैं ॥ २३ ॥

योगीशं भुवनेश्वरं प्रियकरं श्रीकालसन्दर्भया
शोभासागरगामिनं हरभवं वाञ्छाफलोद्दीपनम् ।

---

१. पर्वतानां राजानः पर्वतराजानः, तेषां राजा पर्वतराजराजः, तस्य तनया, ताम् ।

२. चन्द्रस्य आस्यं मुखमिव आस्यं यस्यास्ताम् । अस्यन्ति वर्णान् प्रक्षिपन्ति अनेनेति आस्यम्, करणे ण्यत्प्रत्ययः ।

३. श्रीचन्द्रिकाम्—क० ।

लोकानामघनाशनाय शिवया श्रीसंज्ञया विद्यया
धर्मप्राणसदैवतां प्रणमतां कल्पद्रुमं भावये ॥ २४ ॥

योगीश्वर, भुवनेश्वर, सब का प्रिय करने वाले, श्री काल स्वरूप, शोभासागर में जाने वाले, शिवस्वरूप, वाञ्छाफल को प्रकाशित करने वाले, जो समस्त लोक के पाप का नाश करने वाले शिव, श्रीसंज्ञक महाविद्या से अभिहित होते हैं ऐसे धर्मप्राण की देवता स्वरूप तथा प्रणाम करने वालों के लिए कल्पद्रुम स्वरूपा श्री भगवती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ २४ ॥

विद्यां तामपराजितां [१]मदनभावामोदमत्तानना
हृत्पद्मस्थितपादुकां कुलकलां कात्यायनीं भैरवीम् ।
ये ये पुण्यधियो भजन्ति परमानन्दाब्धिमध्ये मुदा
सर्व्वाच्छादितेजसा भयकरीं मोक्षाय सङ्कीर्तये ॥ २५ ॥

मैं मदनभाव के आमोद से उन्मत्त लोगों के मोक्ष के लिए उस अपराजिता विद्या का सङ्कीर्तन करता हूँ जो हृदय रूप कमल में पादुका स्वरूप से विद्यमान है, जो कुलोपासकों की कला है । कात्यायनी और भैरवी स्वरूपा है और परमानन्द के समुद्र के मध्य में रहने वाली जिन देवी का पुण्यात्मा लोग प्रसन्नतापूर्वक भजन करते हैं, जो अपने तेज से सब को शान्त करने वाली तथा अभय प्रदान करने वाली है, उनका मैं संकीर्तन करता हूँ ॥ २५ ॥

रुद्राणीं प्रणमामि पञ्चवदनां कोट्यर्कतेजोमयीं
नानालङ्कृतभूषणां कुलभुजामानन्दसन्दायिनीम् ।
श्री मायाकमलान्वितां हृदिगतां सन्तानबीजक्रियां
आनन्दैकनिकेतनां हृदि भजे साक्षादलब्धामहम् ॥ २६ ॥

मैं अपने हृदय में आनन्द रूप एक निकेतन में निवास करने वाली, किन्तु साक्षात् रूप में उपलब्ध न होने वाली, हृदयस्थल में निवास करने वाली, जगत् के सन्तान के लिए बीज क्रिया स्वरूपा, उन रुद्राणी के मुखकमल को प्रणाम करता हूँ, जिनके पाँच मुख हैं, जो करोड़ों सूर्य के समान तेजोमयी है, जो कुलोपासकों को आनन्द प्रदान करने वाली नाना प्रकार के आभूषणों से अलंकृत हैं ॥ २६ ॥

**विमर्श**—शाक्तप्रमोद ने चौथे चरण का पाठ इस प्रकार है—
'वन्दे वाग्भवरूपिणीं कुलवधूं हूंकारबीजोद्भवाम्' ।

नमामि वरभैरवीं क्षितितलाग्रकालानलां
मृणालसुकुमारारुणां भुवनदोषसंशोधिनीम् ।
जगद्भयहरां हरां हरति या च योगेश्वरी
महापदसहस्रकम् सकलभोगदान्तामहम् ॥ २७ ॥

मैं सकल भोग प्रदान करने वाली, हजारों महापद धारण करने वाली, संसार के भय

---

१. मदनभावेति—क० ।

को हरण करने वाली तथा हरपत्नी होकर जगत् का हरण करने वाली, योगीश्वरी उन श्रेष्ठ भैरवीस्वरूपा भगवती को नमस्कार करता हूँ जो मृणाल तन्तु के समान अत्यन्त सुकुमार तथा अरुण कान्ति वाली तथा त्रिभुवन के दोषों को शुद्ध करने वाली है ॥ २७ ॥

**साम्राज्यं प्रददाति याचितवती विद्या महालक्षणा**
**साक्षादष्टसमृद्धिदातरि महालक्ष्मीः कुलक्षोभहा ।**
**स्वाधिष्ठानसुपङ्कजे विवसितां विष्णोरनन्तप्रिये**
**वन्दे राजपदप्रदां शुभकरीं कौलेश्वरीं कौलिकीम् ॥ २८ ॥**

जो महालक्षण युक्त अपने महाविद्यास्वरूप से याचना करने पर साम्राज्य प्रदान करती हैं, जो साक्षादष्टसमृद्धि के दाता विष्णु महालक्ष्मीस्वरूपा है, जो कुल ( मूलाधार ) में होने वाले क्षोभ को नष्ट करने वाली है तथा स्वाधिष्ठान कमल में विष्णु के साथ निवास करती हैं, ऐसी, हे अनन्त प्रिये भगवति ! राज्यपद प्रदान करने वाली, कल्याणकारिणी, कौलेश्वरी, कौलिकी को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ २८ ॥

**पीठानामधिपाधिपाम् असुवहां विद्यां शुभां नायिकां**
**सर्वालङ्करणान्वितां त्रिजगतां क्षोभापहां वारुणीं ।**
**वन्दे पीठगनायिकां[१] त्रिभुवनच्छायाभिराच्छादितां**
**सर्वेषां हितकारिणीं जयवतामानन्दरूपेश्वरीम् ॥ २९ ॥**

जो पीठाधिपतियों की अधिपा हैं, प्राण का सञ्चार करने वाली है, विद्या और कल्याणकारिणी नायिका है, सभी प्रकार के अलङ्कारों से अलंकृत हैं, तीनों लोकों में होने वाले क्षोभ को हरण करने वाली हैं, वारुणीस्वरूपा हों त्रिभुवन की छाया से आच्छादित रहने वाली, प्रच्छन्न स्वरूप पीठ में निवास करने वाली, सभी का हित करने वाली, जय करने वालों के मन में आनन्दस्वरूपा ईश्वरी की मैं वन्दना करता हूँ ॥ २९ ॥

**क्षेत्रज्ञां मदविह्वलां कुलवतीं सिद्धिप्रियां प्रेयसीम् ।**
**शम्भोः श्री वटुकेश्वरस्य महतामानन्दसञ्चारिणीम् ॥ ३० ॥**

क्षेत्रज्ञ स्वरूपा, मद से विह्वल, कुलवती, सिद्धियों की प्रिय, सदाशिव की प्रेयसी, श्री बटुकेश्वर तथा महान् लोगों में आनन्द का सञ्चार करने वाली, भगवती को मैं वन्दना करता हूँ ॥ ३० ॥

**साक्षादात्मपरोद्गमां कमलमध्यसंभाविनीं**
**शिरो दशशते दलेऽमृतमहाब्धिधाराधराम् ।**
**निजमनः क्षोभापहां शाकिनीम्**
**बाह्यार्थं प्रकटामहं रजतभां वन्दे महाभैरवीम् ॥ ३१ ॥**

साक्षात् आत्मा में परमात्मारूप से निवास करने वाली, कमल के मध्य में ध्यान करने के योग्य, शिर में रहने वाले सहस्रदल वाले कमल चक्र में अमृत महा समुद्र की धारा को

---

१. पीठं गच्छति या सा पीठगा, सा चासौ नायिका चेति पीठगनायिका ।

धारण करने वाली, साधक के मन के क्षोभ को अपहरण करने वाली साकिनी स्वरूपा बाह्य जगत् में अर्थ रूप से प्रगट होने वाली सुवर्णमयी महाभैरवी को मैं वन्दना करता हूँ ॥ ३१ ॥

प्रणामफलदायिनीं सकलबाह्यवश्यां गुणां
नमामि परमम्बिकां विषयदोषसंहारिणीम् ।
सम्पूर्णविधुवन्मुखीं कमलमध्यसम्भाविनीं
शिरो दशशते दलेऽमृतमहाब्धिधाराधराम् ॥ ३२ ॥

जो मात्र प्रणाम से ही फल प्रदान करने वाली हैं, सम्पूर्ण बाह्य वस्तुओं को वश में रखने वाली गुणवती हैं, विषय दोषों का संहार करने वाली, पूर्णचन्द्र निभानना, कमल के मध्य में संभावना ( ध्यान ) किए जाने योग्य, शिर में संस्थित सहस्र दल वाले कमल में अमृत महासमुद्र को धारा धारण करने वाली भगवती को मैं वन्दना करता हूँ ॥ ३२ ॥

साक्षादहं त्रिभुवनामृतपूर्णदेहां
सन्ध्यादि देवकमलां कुलपण्डितेन्द्राम् ।
नत्वा भजे दशशते दलमध्यमध्ये
कौलेश्वरीं सकलदिव्यजनाश्रयां ताम् ॥ ३३ ॥

तीनों लोकों में अमृत से पूर्ण शरीर वाली सन्ध्या, आदिदेव ( विष्णु ) की कमला, कुल कुण्डलिनी में रहने वाली, पण्डितों की इन्द्राणी भगवती को नमस्कार कर सहस्रदल कमल के मध्य के बीच में रहने वाली कौलेश्वरी जो समस्त दिव्यजनों को आश्रय देने वाली हैं, मैं उनका साक्षात् भजन करता हूँ ॥ ३३ ॥

विश्वेश्वरीं स्वरकुले वरबालिके त्वां
सिद्धासने प्रतिदिनं प्रणमामि भक्त्या ।
भक्तिं धनं जयपदं यदि देहि दास्यं
तस्मिन् महामधुमतीं लघुनाहताः स्यात् ॥ ३४ ॥

हे स्वरकुले ! हे वर बालिके ! हे सिद्धासने ! आप समस्त विश्व की ईश्वरी हैं । मैं भक्तिपूर्वक प्रतिदिन आपको प्रणाम करता हूँ । हे भगवती ! मुझे भक्ति धन, जयपद तथा अपना दास्यभाव प्रदान कीजिए । यदि मुझ सेवक में आप महामधुमती विद्या प्रदान करें तो मेरी लघुता समाप्त हो जायगी ॥ ३४ ॥

एतत्स्तोत्रप्रसादेन कविता वाक्पतिर्भवेत् ।
महासिद्धीश्वरो दिव्यो वीरभावपरायणः ॥ ३५ ॥
सर्वत्र जयमाप्नोति स हि स्याद् देववल्लभः ।
वाचामीशो भवेत् क्षिप्रं कामरूपो भवेन्नरः ॥ ३६ ॥

**फलश्रुति**—इस स्तोत्र के प्रभाव से साधक कविता रूपी वाणी का पति हो जाता है और महान् सिद्धियों का ईश्वर, दिव्य तथा वीरभाव परायण हो जाता है । वह सर्वत्र विजय प्राप्त करता है, देवों का परम प्रिय हो जाता है और शीघ्र ही वाचस्पतित्व प्राप्त कर लेता है तथा इच्छानुसार रूप धारण कर सकता है ॥ ३५-३६ ॥

पशुरेव[१] महावीरो दिव्यो भवति निश्चितम् ।
सर्वविद्या: प्रसीदन्ति तुष्टा: सर्वे दिगीश्वरा: ॥ ३७ ॥
वह्नि: शीतलतां याति जलस्तम्भं स कारयेत् ।
धनवान् पुत्रवान् राजा इह काले भवेन्नर: ॥ ३८ ॥

यदि स्तुति करने वाला पशुभाव वाला हो तो वह निश्चय ही इस स्तोत्र के प्रभाव से दिव्यभाव सम्पन्न हो जाता है । क्रमश: उसे अष्टसिद्धि प्राप्त हो जाती है और वह निश्चित रूप से वाग्मी ( सत्य वाणी वाला ) हो जाता है । इस स्तोत्र का पाठ करने वाले के लिए अग्नि शीतल हो जाती है । वह जल स्तम्भन भी कर सकता है, और इसी जन्म में धनवान् पुत्रवान् तथा राजा बन सकता है ॥ ३७-३८ ॥

परे च याति वैकुण्ठे कैलासे शिवसन्निधौ ।
मुक्तिरेव महादेव यो नित्यं सर्वदा पठेत् ॥ ३९ ॥
महाविद्यापदाम्भोजं स हि पश्यति निश्चितम् ।

मरने के बाद वह वैकुण्ठ में अथवा कैलास में जहाँ शिव जी का निवास है वहाँ जाता है । किं बहुना जो सर्वदा नित्य इसका पाठ करता है, उसकी मुक्ति ही समझनी चाहिए । वह निश्चित रूप से महाविद्या के चरण कमलों का दर्शन प्राप्त करता है ॥ ३९-४० ॥

कुमारीतर्पणम्

शृणु नाथ प्रवक्ष्यामि कुमारीतर्पणादिकम् ॥ ४० ॥
यासां तर्पणमात्रेण कुलसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ।
कुलबालां मूलपद्मस्थितां कामविहारिणीम् ॥ ४१ ॥
शतधा मूलमन्त्रेण तर्पयामि तव प्रिये ।
मूलाधारमहातेजो जटामण्डलमण्डिताम् ॥ ४२ ॥

हे नाथ ! अब इसके बाद कुमारी तर्पणादि की विधि सुनिए, जिनके तर्पणमात्र से कुलसिद्धि ( कुण्डलिनी की सिद्धि ) निश्चित रूप से हो जाती है । मूलाधार के कमल में निवास करने वाली एवं स्वेच्छा रूप से विहार करने वाली कुल बाला का मैं तर्पण करता हूँ । आपकी प्रियतमा मूलाधार में महातेज रूप से विराजमान जटा-मण्डलमण्डिता कुण्डलिनी को मैं सौ बार मूल मन्त्र पढ़ कर तर्पण करता हूँ ॥ ४०-४२ ॥

सन्ध्यादेवीं तर्पयामि कामबीजेन मे शुभे ।
मूलपङ्कजयोगाङ्गीं कुमारीं श्रीसरस्वतीम् ॥ ४३ ॥
तर्पयामि कुलद्रव्यैस्तव सन्तोषहेतुना ।
चक्रे मूलाधारपद्मे त्रिमूर्तिबालनायिकाम् ॥ ४४ ॥
सर्वकल्याणदां देवीं तर्पयामि परामृतै: ।

---

१. क्रमशोऽप्यष्टसिद्धि: स्यात् वाग्मी भवति निश्चितम्—क० ।

स्वाधिष्ठाने महापद्मे षड्दलान्तःप्रकाशिनीम्[1] ॥ ४५ ॥

हे हमारा कल्याण करने वाली सन्ध्या देवी ! मैं कामबीज ( क्लीं ) से आपका तर्पण करता हूँ मूलाधार के पङ्कज से युक्त शरीर वाली कुमारी सरस्वती का मैं आपके संतोष के कारणभूत कुल-द्रव्यों से तर्पण करता हूँ । मूलाधारपद्म के चक्र में तीन मूर्ति वाली बाल नायिका, जो सबका कल्याण करने वाली देवी हैं, उनका मैं इस परामृत से तर्पण करता हूँ ।। ४३-४५ ।।

श्रीबीजेन तर्पयामि भोगमोक्षाय केवलम् ।
स्वाधिष्ठानकुलोल्लास विष्णुसङ्केतगामिनीम् ॥ ४६ ॥

स्वाधिष्ठान नामक महापद्म चक्र पर षड्दल कमल के भीतर प्रकाशित होने वाली देवी को मैं केवल भोग तथा मोक्ष प्राप्ति के लिए श्री बीज ( श्रीं ) से तर्पण करता हूँ ।। ४६ ।।

कालिकां निजबीजेन तर्पयामि कुलामृतैः ।
स्वाधिष्ठानाख्यपद्मस्थां महातेजोमयीं शिवाम् ॥ ४७ ॥
सूर्यगां शीर्षमधुना तर्पयामि कुलेश्वरीम् ।
मणिपूराब्धिमध्ये तु मनोहरकलेवराम् ॥ ४८ ॥

स्वाधिष्ठान चक्र को प्रकाशित करने वाली, विष्णु के सङ्केत से गमन करने वाली कालिका देवी को निजबीज मन्त्र ( क्रीं ) द्वारा कुलामृत से तृप्त कर रहा हूँ ।। ४७-४८ ।।

उमादेवीं तर्पयामि मायाबीजेन पार्वतीम् ।
मणिपूराम्भोजमध्ये त्रैलोक्यपरिपूजिताम् ॥ ४९ ॥
मालिनीं मलचित्तस्य सद्बुद्धिं तर्पयाम्यहम् ।
मणिपूरस्थितां रौद्रीं परमानन्दवर्धिनीम् ॥ ५० ॥

स्वाधिष्ठान नामक पद्म चक्र पर विराजमान, महातेजोमयी शिवा को, जो सूर्य में निवास करती हैं, ऐसी शीर्ष स्थान में निवास करने वाली कुलेश्वरी का मैं तर्पण कर रहा हूँ । मणिपूर नामक चक्र में मनोहर शरीर वाली उमा देवी पार्वती को मैं मायाबीज ( ह्रीं ) से तर्पण कर रहा हूँ । मणिपूर के कमल चक्र के मध्य में त्रैलोक्य परिपूजित 'मालिनी' का मल चित्त की सद्बुद्धि का मैं तर्पण कर रहा हूँ ।। ४८-५० ।।

आकाशगामिनीं देवीं कुब्जिकां तर्पयाम्यहम् ।
तर्पयामि महादेवीं महासाधनतत्पराम् ॥ ५१ ॥
योगिनीं कालसन्दर्भां तर्पयामि कुलाननाम् ।
शक्तिमन्त्रप्रदां रौद्रीं लोलजिह्वासमाकुलाम् ॥ ५२ ॥

मणिपूर नामक चक्र में रहने वाली, परमानन्द को बढ़ाने वाली और आकाश में गमन

---

१. षट्संख्याकानि दलानि, तेषामन्तर्मध्ये प्रकाशयति, तच्छीला, ताम् ।

करने वाली, रौद्रस्वरूपा 'कुब्जिका' देवी का मैं तर्पण करता हूँ । महासाधन में लीन रहने वाली, योगिनी, कालसंदर्भा, कुलानना और महादेवी का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५०-५२ ॥

अपराजितां महादेवीं तर्पयामि कुलेश्वरीम् ।
महाकौलप्रियां सिद्धां रुद्रलोकसुखप्रदाम् ॥ ५३ ॥
रुद्राणीं रौद्रकिरणां तर्पयामि वधूप्रियाम् ।
षोडशस्वरससिद्धिं महारौरवनाशिनीम् ॥ ५४ ॥

शक्ति मन्त्र प्रदान करने वाली, रौद्र रूप धारण करने वाली, लपलपाती जीभ से चञ्चल 'अपराजिता' नाम की कुलेश्वरी महादेवी का मैं तर्पण करता हूँ । महाकौलों को प्रिय लगने वाली, रुद्रलोक के समस्त सुखों को देने वाली भयङ्कर प्रकाश उत्पन्न करने वाली और वधूजनों के प्रिय रुद्राणी का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५२-५४ ॥

महामद्यपानचित्तां भैरवीं तर्पयाम्यहम् ।
त्रैलोक्यवरदां देवीं श्रीबीजमालयावृताम् ॥ ५५ ॥
महालक्ष्मीं भवैश्वर्यदायिनीं तर्पयाम्यहम् ।
लोकानां हितकर्त्रीञ्च [1]हिताहितजनप्रियाम् ॥ ५६ ॥

अकारादि षोडश स्वरों से सिद्धि देने वाली महारौरव नामक नरक का विनाश करने वाली, महापद्य के पान में निरत चित्त वाली 'भैरवी' का मैं तर्पण करता हूँ । समस्त त्रिलोकी को वर देने वाली, श्री बीज की माला से आवृत शरीर वाली और संसार के समस्त ऐश्वर्यों देने वाली 'महालक्ष्मी' का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५४-५६ ॥

तर्पयामि रमाबीजां पीठाद्यां पीठनायिकाम् ।
जयन्तीं वेदवेदाङ्गमातरं सूर्यमातरम् ॥ ५७ ॥
तर्पयामि सुधाभिश्च क्षेत्रज्ञां माययावृताम् ।
तर्पयामि कुलानन्दपरमां [2] परमाननाम् ॥ ५८ ॥
तर्पयाम्यम्बिकादेवीं मायालक्ष्मीहृदिस्थिताम् ॥ ५९ ॥

लोगों का हित करने वाली, हित एवं अहित ( शत्रु मित्र ) जनों को प्रिय करने वाली, आदि पीठ वाली पीठनायिका रमाबीज ( श्रीं ) वाली देवी का मैं तर्पण करता हूँ । सूर्यदेव तथा वेद-वेदाङ्ग की माता, क्षेत्रज्ञा तथा माया से आवृत रहने वाली 'जयन्ती' देवी का मैं अमृत से तर्पण करता हूँ । कुलानन्द से परिपूर्ण 'परमानना' देवी का मैं तर्पण करता हूँ । हृदय में माया लक्ष्मी रूप से निवास करने वाली 'अम्बिका' देवी का मैं तर्पण करता हूँ ॥ ५६-५९ ॥

सर्वासां चरणद्वयाम्बुजतनुं चैतन्यविद्यावतीं
सौख्यार्थं शुभषोडशस्वरयुतां श्रीषोडशीसङ्कुलाम् ।

---

१. हिताश्चाहिताश्च हिताहिता:, ते च ते जनाश्च हिताहितजना:, तेषु प्रिया, ताम् ।
२. पावनाम्—क० ।

आनन्दार्णवपद्मरागखचिते सिंहासने शोभिते
नित्यं तत् परितर्पयामि सकलं श्वेताब्जमध्यासने ॥ ६० ॥

श्वेत कमल के मध्यासन पर विराजित रहने वाली, आनन्द समुद्र में पद्मरागमणि से जटित सिंहासन पर शोभा प्राप्त करने वाली, सभी महाविद्याओं में चैतन्य विद्या, जिनका दोनों चरण कमल पर अधिष्ठित हैं, जो सोलह के लिए अकारादि स्वरूपा षोडश स्वरों से युक्त हैं ऐसी षोडशकला वाली भगवती त्रिपुरा का मैं नित्य तर्पण करता हूँ ॥ ६० ॥

ये नित्यं प्रपठन्ति चारुसफलस्तोत्रार्द्धसन्तर्पणं
विद्यादाननिदानमोक्षपरमां मायामयं यान्ति ते ।
नश्यन्ति क्षितिमण्डलेश्वरगणाः सर्वाविपत्कारका
राजानं वशयन्ति[1] योगसकलं नित्या भवन्ति क्षणात् ॥ ६१ ॥

**तर्पण की फलश्रुति**—अत्यन्त सुन्दर फल देने वाले स्तोत्र के आधे भाग में वर्णित देवी के मायामय ( माया के नाम से संयुक्त ) इस संतर्पण को जो नित्य पढ़ते हैं, वे विद्या दान की समस्त निदानभूता मोक्षदात्री भगवती को प्राप्त कर लेते हैं । उसे विपत्ति प्रदान कर सताने वाले समस्त राजागण नष्ट हो जाते हैं । इस तर्पण का पाठ करने वाला साधक क्षणमात्र में राजाओं को अपने वश में कर लेता है । किं बहुना समस्त योग उसमें नित्य रूप से निवास करते हैं ॥ ६१ ॥

तर्पणात्मकमोक्षाख्यं पठन्ति यदि मानुषाः ।
अष्टैश्वर्ययुतो भूत्वा वत्सरात्तां प्रपश्यति ॥ ६२ ॥
महायोगी भवेन्नाथ मासादभ्यासतः प्रभो ।
त्रैलोक्यं क्षोभयेत्क्षिप्रं वाञ्छाफलमवाप्नुयात् ॥ ६३ ॥

यदि मनुष्य तर्पण से युक्त इस मोक्ष नामक स्तोत्र का पाठ करे तो वह आठो ऐश्वर्य से युक्त हो कर एक वर्ष के भीतर भगवती का दर्शन प्राप्त कर लेता है । हे नाथ ! हे प्रभो ! इसका स्तोत्र का एक मास अभ्यास करने से साधक महायोगी बन जाता है । वह शीघ्र ही सारे त्रिलोकी में हलचल मचाने में समर्थ होता है और उसकी समस्त कामनायें सिद्ध हो जाती हैं ॥ ६२-६३ ॥

भ्रूमध्ये राजराजेशो[2] लभते परमङ्गलम् ।
शत्रुनाशे तथोच्चाटे बन्धने व्याधिसङ्कटे ॥ ६४ ॥
चातुरङ्गे तथा चौरे भये दूरस्य[3] प्रेषणे ।
महायुद्धे नरेन्द्राणां पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ६५ ॥

शत्रुनाश, उच्चाटन, बन्धन और व्याधि का सङ्कट उपस्थित होने पर चतुरंगिणी से घिर

---

१. वशं कुर्वन्ति, वशयन्ति, तत्करोति—इति णिच् ।

२. राज्ञां राजानो राजराजाः, तेषामीशः ।

३. भये दुःखपदर्शने—क० ।

# अथ नवमः पटलः

आनन्दभैरव[1] उवाच

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि कुमारीकवचं शुभम् ।
त्रैलोक्यं मङ्गलं नाम महापातकनाशकम् ॥ १ ॥
पठनाद्धारणाल्लोका महासिद्धाः प्रभाकराः ।
शक्रो देवाधिपः श्रीमान् देवगुरुर्बृहस्पतिः ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—अब हे आनन्दभैरव ! त्रैलोक्य मङ्गल नामक सर्वकल्याणकारी कुमारी कवच मैं कहती हूँ, जो समस्त पापों का नाश करने वाला है । इसके पाठ से और धारण करने से साधक महासिद्ध एवं तेजस्वी हो जाते हैं । इसके प्रभाव से इन्द्रदेव श्रीसम्पन्न एवं देवराज बन गये और बृहस्पति देवगुरु बन गए ॥ १-२ ॥

महातेजोमयो[2] वह्निर्धर्म्मराजो भयानकः ।
वरुणो देवपूज्यो हि जलानामधिपः स्वयम् ॥ ३ ॥
सर्वहर्त्ता महावायुः कुबेरः कुञ्जरेश्वरः ।
धराधिपः प्रियः शम्भोः सर्वे देवा दिगीश्वरः ॥ ४ ॥
न मेरुः प्रभुरेकायाः सर्वेशो निर्मलो द्वयोः ।
एतत्कवचपाठेन सर्वे भूपा धनाधिपाः ॥ ५ ॥

अग्नि महातेजस्वी तथा धर्मराज ( यम ) भयानक हो गए, इतना ही नहीं वरुण स्वयं देवपूज्य तथा स्वयं जलाधिनाथ बन गये । वायु सर्वहर्त्ता, कुबेर हाथी पर चढ़ने वाले, धराधिप, सदाशिव के प्रिय मित्र हो गये, इसके धारण करने से समस्त देवता दिगीश्वर बन गये । निर्मल सुमेरु केवल एक पृथ्वी के ही स्वामी नहीं, अपितु दो लोकों के स्वामी बन गये । इस प्रकार इस कवच के पाठ से सभी धनाधिप राजा बन गये ॥ ३-५ ॥

त्रैलोक्यमङ्गलकुमारीकवचम्

प्रणवो मे शिरः पातु माया सन्दायिका सती ।
ललाटोद्र्ध्वं महामाया पातु मे श्रीसरस्वती ॥ ६ ॥

प्रणव हमारे शिर की रक्षा करे । माया सान्दायिका सती, महामाया और श्रीसरस्वती मेरे ललाट के ऊपरी भाग ( मस्तिष्क ) की रक्षा करें ॥ ६ ॥

---

१. आनन्दभैरवी उवाच—क० । २. मयः—ग० ।

झङ्कुला, झङ्कमध्यस्था, झणत्कारस्वरूपिणी, झणज्झणद्ध्वनिरूपा, झनना, झन्दरीश्वरी, झटिताक्षा, झरा, झञ्झा, झर्झरा, झरकन्यका, झणत्कारी, झना, झना, झकारनालसावृता, झङ्कुरी, झर्झरी, झल्ली, झल्लेश्वरनिनादिनी ( १८ ) ॥ ६४-६६ ॥

ञकारी ञकिराती च ञकारबीजमालिनी ।
ञनयोऽन्ता[1] ञकारान्ता ञकारपरमेश्वरी ॥ ६७ ॥
ञान्तबीजपुटाकारा ञेकले ञैकगामिनी ।
ञैकनेला ञस्वरूपा ञहारा ञहरीतकी ॥ ६८ ॥

ञकारी, ञकिराती, ञकारबीजमालिनी, ञनयोऽन्ता, ञकारान्ता, ञकारपरमेश्वरी, ञान्तबीजपुटाकारा, ञेकले, ञैकगामिनी, ञैकनेला, ञस्वरूपा, ञहारा, ञहरीतकी ( १३ ) ।

टुन्टुनी[2] टङ्कहस्ता च टान्तवर्गा टलावती ।
टपला टापबालाख्या टङ्कारध्वनिरूपिणी[3] ॥ ६९ ॥
टलाती[4] टाक्षरातीता टित्कारादिकुमारिका ।
टङ्कारस्वधारिणी[5] टाना टमोटार्णलभाषिणी ॥ ७० ॥
टङ्कारी[6] विधना टाका टकाटकविमोहिनी ।
टङ्कारधरनामाढ्या टिंवीखेचरनादिनी ॥ ७१ ॥

टुन्टुनी, टङ्कहस्ता, टान्तवर्गा, टलावती, टपला, टापबालाख्या, टङ्कारध्वनिरूपिणी, टलाती, टाक्षरातीता, टित्कारादिकुमारिका, टङ्कारस्वधारिणी, टाना, टमोटार्णलभाषिणी, टङ्कारी, विधना, टाका, टकाटकविमोहिनी, टङ्कारधरनामाढ्या, टिंवीखेचरनादिनी ( १९ ) ॥ ६९-७१ ॥

ठठङ्कारी[7] ठाठरूपा ठकारबीजकारणा ।

ठठङ्कारी, ठाठरूपा, ठकारबीजकारणा ( ३ ) ॥ ७२ ॥

डमरुप्रियवाद्या च डामरस्था डबीजिका ॥ ७२ ॥
डान्तवर्गा डमरुका डरस्था डोरडामरा ।
डगरार्द्धा[8] डलातीता डदारुकेश्वरी डुता ॥ ७३ ॥

डमरुप्रियवाद्या, डामरस्था, डबीजिका, डान्तवर्गा, डमरुका, डरस्था, डोरडामरा,

---

१. ञनयोऽन्ता ञान्तकान्ता ञमेश्वरी—क० ।
२. टन्टुनी टङ्कहस्ता च टाङ्कवर्गा टलावती—क० ।
३. टङ्कारश्चासौ ध्वनिश्चेति टङ्कारध्वनिस्तस्य रूपमस्ति यस्यामिति मत्वर्थीय- इनिप्रत्ययः ।
४. टनती—क० ।
५. टङ्कारस्वधारिणी टाभा टाभनवासिनी—क० ।
६. टङ्कारनिधना टाका टङ्काराणविमोहिनी ।
टङ्कारध्वनिमोहा च टिंटि—खेचरनादिनी ॥ क० ।
७. ठङ्कारी ठातुरूपा च ठकारबीजकारणा—क० ।
८. डवर्गना डलातीता डकारकेश्वरी डुता—क० ।

तोषयुक्ता तमायाची[1] तमषोदेश्वरप्रिया ॥ ८४ ॥
तुलना तुल्यरुचिरा[2] तुल्यबुद्धिस्त्रिधा मतिः ।
तक्रभक्षा तालसिद्धिः तत्रस्थास्तत्र गामिनी ॥ ८५ ॥
तलया तैलभा[3] ताली तन्त्रगोपनतत्परा ।
तन्त्रमन्त्रप्रकाशा च त्रिशरेणुस्वरूपिणी ॥ ८६ ॥
त्रिंशदर्थप्रिया तुष्टा तुष्टिस्तुष्टजनप्रिया ।

तुलसी, तनुसूक्ष्माख्या, तारल्या, तैलगन्धिका, तपस्या, तापससुता, तारिणी, तरुणी, तला, तन्त्रस्था, तारकब्रह्मस्वरूपा, तनुमध्यगा, तालभक्षा, त्रिधामूर्ति, तारका, तैलभक्षिका, तारोग्रा, तालमाला, तकरा, तिन्तिडीप्रिया, तपसा, तालसन्दर्भा, तर्जगन्नी, कुमारिका, तोकचारा, तलोद्रेगा, तक्षिका, तक्षकप्रिया, तक्षकालङ्कृता, तोषा, तापद्रुगा, तलप्रिया, तलारस्थधारिणी, तापा, तपस्वा, फलदायिनी, तल्पतल्पप्रहरालोला, तलारिपुनाशिनी, तुला, तौली, तोलका, तलस्था, तलपालिका, तरुणा, तपबुद्धिस्था, तप्ता, प्रधारिणी, तपा, तन्त्रप्रकाशकरणी, तन्त्रार्थदायिनी, तुषारकिरणाङ्गी, चतुर्था, समप्रभा, तैलमार्गाभिषक्ता, तन्त्रसिद्धिफलप्रदा, ताम्रवर्णी, तापकेशा, ताम्रपात्रप्रियातमा, तमोगुणप्रिया, तोला, तक्षकारिनिवारिणी, तोषयुक्ता, तमायाची, तमषोदेश्वरप्रिया, तुलना, तुल्यरुचिरा, तुल्यबुद्धिस्त्रिधा, मति, तक्रभक्षा, तालसिद्धि, तत्रस्था, तत्रगामिनी, तलया, तैलभा, ताली, तन्त्रगोपनतत्परा, तन्त्रमन्त्रप्रकाशा, त्रिशरेणुस्वरूपिणी, त्रिंशदर्थप्रिया, तुष्टा, तुष्टि, तुष्टजनप्रिया ( ८२ ) ॥ ७६-८७ ॥

थकारकूटदण्डीशा[4] थदण्डीशप्रियाऽथवा ॥ ८७ ॥
थकाराक्षररूढाङ्गी थान्तवर्गाथ कारिका ।
थान्ता थमीश्वरी थाका थकारबीजमालिनी ॥ ८८ ॥

थकारकूटदण्डीशा, थदण्डीशप्रियाऽथवा, थकाराक्षररूढाङ्गी, थान्तवर्गा, थकारिका, थान्ता, थमीश्वरी, थाका, थकारबीजमालिनी ( ९ ) ॥ ८७-८८ ॥

दक्षदामप्रिया[5] दोषा दोषजालवनाश्रिता ।
दशा दशनघोरा च देवीदासप्रिया दया ॥ ८९ ॥
दैत्यहन्त्रीपरा दैत्या दैत्यानां मर्दिनी दिशा ।
दान्ता दान्तप्रिया दासा दामना दीर्घकेशिका ॥ ९० ॥
दशना रक्तवर्णा च दरीग्रहनिवासिनी ।
देवमाता च दुर्लभा च दीर्घाङ्गी दासकन्यका ॥ ९१ ॥
दशनश्री दीर्घनेत्रा दीर्घनासा च दोवहा ।
दमयन्ती दलस्था च द्वेष्यहन्त्री दशस्थिता ॥ ९२ ॥

---

१. तमायची तमोषादेश्वरप्रिया—क० ।
२. तुलना तुल्यकला च—क० ।
३. तुल्या तैलभा तारी तन्त्रगोपालतत्परा—क० ।
४. थकारकूटदन्तीशा थदन्तीशप्रियाऽथवा—क० ।
५. दक्षदामप्रिया दोषा दोषजालवनावृता—क० ।

सत्वाधिष्ठान विनयं चतुर्वर्गफलप्रदम् ।
वाञ्छातिरिक्तदातारं कृष्णं योगेश्वरं प्रभुम् ॥ २८ ॥

ये विष्णु करोड़ों वज्र के समान महान् शब्द करने वाले हैं व घोरनाद से संयुक्त हैं। ये हरि, ईश्वर, ईशान, वासुदेव तथा सनातन कहे जाते है। सत्त्व के अधिष्ठान होने से ये विनयशील हैं। ये धर्म, अर्थ काम तथा मोक्ष रूप चतुर्वर्गो को देने वाले हैं और मनोरथ से भी अधिक देने वाले योगेश्वर कृष्ण सबके प्रभु हैं ॥ २७-२८ ॥

राधिका रुक्मिणी देवी वायवीशक्तिलालितम् ।
महाबलं महावीरं शङ्खचक्रगदाधरम् ॥ २९ ॥
पीताम्बरं सारभूतं यौवनामोदशोभितम्[1] ।
श्रुतिकन्यासमाक्रान्तं[2] श्रीविद्याराधिका प्रभुम् ॥ ३० ॥

राधिका जिन्हे रुक्मिणी देवी कहा जाता है ऐसी वायवी शक्ति से वह सेवित हैं। ये महाबलवान् महावीर तथा शंख चक्र एवं गदा धारण करने वाले हैं। पीताम्बर धारण करने वाले ( विष्णु ) समस्त जगत् के स्थिरांश, यौवन के आमोद से परिपूर्ण रूप से सुशोभित, श्रुति रूपी कन्याओं से घिरे हुये है तथा 'श्रीविद्या' जिन्हे राधा भी कहा जाता है उनके प्रभु हैं ॥ २९-३० ॥

दैत्यदानवहन्तारं शरीरस्य सुखावहम् ।
भावदं भक्तिनिलयं यदा सागर चन्द्रकम् ॥ ३१ ॥
गरुडासनसमारूढं मनोरूपं जगन्मयम् ।
यज्ञकर्मविधानज्ञं आज्ञाचक्रोपरि स्थितम् ॥ ३२ ॥

वह दैत्य दानवों के विनाशकर्ता, जगत् रूप शरीर को सुख देने वाले, ( द्वादश राशिगत ) भाव के अनुसार फल देने वाले, भक्ति के निलय तथा सागर से उत्पन्न हुये साक्षात् चन्द्रमा हैं। गरुडासन पर आसीन, मन के अनुसार रूप धारण करने वाले, जगन्मय, यज्ञकर्म विधा-वेत्ता तथा आज्ञाचक्र पर निवास करने वाले हैं ॥ ३१-३२ ॥

अधः परामृतरसपानोन्मत्तकलेवरः ।
साधको योगनिरतः स्वाधिष्ठानगतं यथा ॥ ३३ ॥

ऊपर से नीचे की ओर गिरने वाले, परामृत के रस के पीने से उन्मत्त ( मस्ती से परिपूर्ण ) शरीर वाले साधक, योगनिरत तथा स्वाधिष्ठान चक्र में नित्य निवास करने वाले हैं ॥ ३३ ॥

तदाकारं विभाव्याशु सिद्धिमाप्नोति शङ्कर ।
को वैष्णवो वाग्मिकः को धार्मिको वापि को भुवि ॥ ३४ ॥
को वा भवति योगी च तन्मे वद सुरेश्वरि ।

---

१. यौवनस्यामोदेन सौरभेण शोभितम् ।

२. श्रुतयः एव कन्याः, ताभिः समाक्रान्तम्—व्याप्तम् ।

श्री कृष्ण में चित्त स्थापित कर विवेक, धर्म तथा विद्या चाहने वाला और शिव के समान अनासक्त रह कर कर्म करने वाला 'वैष्णव' कहा जाता है ॥ ४१ ॥

यज्ञिको ब्राह्मणो धीरो भवः प्रेमाभिलाषवान् ।
वनस्थो घोरविपिने नवीनतरुशोभिते ॥ ४२ ॥
एकाकी कुरुते योगं जीवात्मपरमात्मनोः ।
वाय्वग्नी रेचकः सूर्यः पूरकश्चन्द्रमा तथा ॥ ४३ ॥

**याज्ञिक के लक्षण**—यज्ञ में परायण, ब्राह्मण वृत्ति से रहने वाला, धीर सदाशिव में प्रेम की अभिलाषा वाला, नवीन वृक्ष से सुशोभित वन में या घोर अरण्य में अकेला रह कर जीवात्मा तथा परमात्मा में योग धारण करने वाला 'याज्ञिक' है । वायु और अग्नी रेचक हैं । सूर्य तथा चन्द्रमा पूरक है ॥ ४२-४३ ॥

ज्वलच्छिखा सूर्यरूपा न च योजनमेव च ।
पुनः पूरकयोगश्च चन्द्रस्य तेजसा हविः ॥ ४४ ॥
ऊर्द्ध्वविषा[1] ज्वलद्वह्नौ वायवीबलचञ्चले ।
योऽनिशं कुरुते होमं मौनी याज्ञिक उच्यते ॥ ४५ ॥

जलती हुई शिखा ही सूर्य स्वरूपा है । उसे बिना युक्त किए जो पुनः पूरक योग करता है, और चन्द्रमा के तेज से उत्पन्न छवि को जो ऊपर की ओर ज्वाला वाली वायवी शक्ति के बल से चञ्चल एवं जलती हुई अग्नि में जो नित्य होम करता है ऐसा मौन धारण करने वाला साधक 'याज्ञिक' कहा जाता है ॥ ४४-४५ ॥

जीवसूर्याग्निकिरणे[2] आत्मचन्द्राद्यपूरकैः ।
काये यः कुरुते होमं याज्ञिकः परिकीर्तितः ॥ ४६ ॥
सुरा शक्तिः शिवो मांसं तद्भोक्ता भैरवः स्वयम् ।
शक्त्यग्नौ जुहुयान्मांसं याज्ञिकः परिकीर्तितः ॥ ४७ ॥

जीव रूपी सूर्याग्नि के किरण रूप शरीर में आत्म चन्द्र रूपी अपूप से जो होम करता है वह 'याज्ञिक' कहा जाता है । सुरा शक्ति है और मांस शिव है, उन दोनों का भोक्ता स्वयं भैरव है । अतः जो शक्ति रूप अग्नि में मांस का हवन करता है वह 'याज्ञिक' कहा जाता है ॥ ४६-४७ ॥

विधिवत् कुलकुण्डे च कुलवह्नौ शिवात्मकैः ।
पूर्णहोमं यः करोति याज्ञिकः परिकीर्तितः ॥ ४८ ॥
भूमण्डले धर्मशीलो निर्जने कामवेश्मनि[3] ।
दृढभक्त्या जीवसारं[4] यो जपेत् स हि धार्मिकः ॥ ४९ ॥

---

१. ऊर्ध्वहविषा इति पाठः प्रतिभाति ।
२. कान्त—क० ।
३. तीव्र—ख० ।
४. बीजसारम्—ख० ।

विधि निर्मित 'कुल' कुण्ड में तथा 'कुलात्मक वह्नि' में जो शिवात्मक द्रव्यों से पूर्ण होम करता है वह 'याज्ञिक' कहा जाता है। भूमण्डल में धर्मशील रहकर या निर्जन में अथवा गृहस्थाश्रम में रह कर जो दृढ़भक्ति से 'बीजसार' का जप करता है वह सच्चा धार्मिक है ॥ ४८-४९ ॥

मणौ[1] लोष्ठे समं ध्यानं धर्मेऽधर्मे जयेऽजये ।
कृत्वा त्यागी भवेद्यस्तु ब्रह्मज्ञानी स साधकः[2] ॥ ५० ॥
सदा ईश्वरचिन्ता च गुरोराज्ञा व्यवस्थितिः ।
सुशीलो[3] दीनबन्धुश्च धार्मिकः परिकीर्तितः ॥ ५१ ॥

**ब्रह्मज्ञानी के लक्षण**—मणि तथा मिट्टी के ढेले में, धर्म में, अधर्म में, जय में तथा पराजय में जो समान भाव रखता है अथवा जो सबका त्याग कर देता है वह साधक 'ब्रह्मज्ञानी' है। **धार्मिक के लक्षण**—सदैव ईश्वर की चिन्ता करने वाला, गुरु की आज्ञा का नियमपूर्वक पालन करने वाला, उत्तम शीलवान् तथा दीनों की भलाई करने वाला 'धार्मिक' कहा जाता है ॥ ५०-५१ ॥

कालज्ञो विधिवेत्ता च [4]अष्टाङ्गयोगविग्रहः ।
पर्वते कन्दरे मौनी भक्तो योगी प्रकीर्तितः ॥ ५२ ॥
ब्रह्मज्ञानी चावधूतः [5]पुण्यात्मा सुकृती शुचिः ।
वाञ्छाविहीनो धर्मात्मा स योगी परिकीर्तितः ॥ ५३ ॥

**योगी के लक्षण**—कालवेत्ता, विधानवेत्ता, अष्टाङ्ग योग से युक्त शरीर वाला और पर्वत की कन्दरा में मौन होकर निवास करने वाला 'भक्त' योगी कहा जाता है। ब्रह्मज्ञानी, अवधूत वेष में रहने वाला, पुण्यात्मा, सुकृती, शुचि, कामना से रहित धर्मात्मा 'योगी' कहा जाता है ॥ ५२-५३ ॥

वाग्वादिनीकृपापात्रः[6] षडाधारस्य भेदकः ।
ऊर्ध्वरेता स्त्रीविहीनः स योगी परिकीर्तितः ॥ ५४ ॥
यजुर्वेदपुरोगामी यजुःपत्रस्थवर्णधृक् ।
वर्णमालचित्तजापो भावुकः स हि योगिराट् ॥ ५५ ॥

वाग्वादिनी भगवती का सत्कृपापात्र, षट्चक्रों का भेदन करने वाला, ऊर्ध्वरेता, तथा स्त्री का साथ न करने वाला 'योगी' कहा जाता है। यजुर्वेद में सबके आगे रहने वाला, यजुर्वेद के पत्र पर रहने वाले वर्णों को धारण करने वाला, वर्णमाला का अपने चित्त में जप करने वाला ऐसा भावुक साधक तथा योगिराट् कहा जाता है ॥ ५४-५५ ॥

---

१. रत्ने—ख० ।
२. स धार्मिकः—ख० ।
३. दीनानां बन्धुः अथवा दीना बन्धवो यस्य ।
४. अष्टाङ्गोज्ज्वल—क० ।
५. कृत: सिद्धो वशी ।
६. वाग्वादिन्याः कृपा, सैव पात्रं गानसाधनं तत्परिसाधनं यस्य सः ।

विभाव्य द्विदलं चक्रं होमं कुर्यादहर्निशम् ।
शुद्धाज्यैर्जुहुयान्मन्त्री अधस्तुण्डे च कुण्डलीम् ॥ ६४ ॥

भजन्ति रुद्धेन्द्रिय[1]शुद्धयोगं[2]
प्रचण्डरश्मिप्रगताङ्गसुन्दराः ।
आम्बुजं चक्रवरं चतुर्दलं
यन्मध्यदेशे शतकोटितेजसम् ॥ ६५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये पाशवकल्पे आज्ञाचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे वेदप्रकरणोल्लासे भैरवभैरवीसंवादे पञ्चदशः पटलः ॥ १५ ॥

— ❖ —

( भ्रूमध्य में रहने वाले ) द्विदल चक्र का अच्छी तरह ध्यान कर साधक को दिन रात उसमें ( ध्यान रूप ) होम करते रहना चाहिए । मन्त्रज्ञ साधक को कुण्डलिनी के अधो मुखाग्रभाग में शुद्ध घृत से होम करना चाहिए ॥ ६४ ॥

प्रचण्ड रश्मि से युक्त मनोहर अङ्ग वाले साधक इन्द्रियों को रोकने वाले शुद्ध योग से युक्त, चार दल वाले 'आज्ञा कमल' नामक श्रेष्ठ चक्र का पूजन करते हैं जिसके मध्य में सैकड़ों करोड़ से युक्त तेजोमण्डल विराजमान है ॥ ६५ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावनिर्णय में पाशवकल्प में आज्ञाचक्रसारसंकेत में सिद्धमन्त्र प्रकरण के वेद प्रकरणोल्लास में भैरव-भैरवी संवाद में पन्द्रहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १५ ॥

— ❖ —

१. 'रुद्धेन्द्रियशुद्धयोगम्' इति पाठः प्रतिभाति । रुद्धेन्द्रियैः विषयावर्वार्जितेन्द्रियैः शुद्धो योगो यस्य तम् ।
२. योगिनम्—ख० ।

चाहिए। वे गुरु आत्मस्वरूप, ईशान स्वरूप, देवाधिदेव सनातन हैं। अतः गुरु अकस्मात् सिद्धि देने वाले योग के आठ अङ्गों का फल देने वाले हैं ॥ ५-७ ॥

**विमर्श**—योगशास्त्रे अष्टाङ्गस्य तस्य फलं प्रददाति इति कथत्ययान्तोऽयं शब्दः।

नित्यं शब्दमयं [1]प्रमाणविषयं नित्योपमेयं गुरुं
चन्द्रोल्लासतनुप्रभं शतविधूल्लास्स्याय पङ्केरुहम्।
सर्वप्राणगतं गतिस्थमचलं ज्ञानाधिनिर्लेपनं
रुद्रालास्यगुणालयं लयमयं स्वात्मोपलब्धिं भजे ॥ ८ ॥

वह नित्य हैं। शब्द स्वरूप हैं। सभी प्रमाणों के विषय हैं और नित्य उपमेय गुरु हैं, उनके शरीर की कान्ति चन्द्रमा के समान देदीप्यमान है तथा मुख पङ्कज सैकड़ों चन्द्रमा के समान प्रसन्न रहने वाला है। वे सभी के प्राणों में रहने वाले, गतिमान् पदार्थों वाले तथा अचल हैं। वे गुरु ज्ञान रूपी समुद्र में निर्लेप रूप से रहते हैं। ऐसे रुद्र आलस्य के गुणस्वरूप, लय स्वरूप, स्वात्म उपलब्धि वाले, अनिर्वाच्य तत्त्व वाले गुरु का मैं भजन करता हूँ ॥ ८ ॥

यदि भजेज्जगताममलेश्वरं स्मरहरं गुरुमीश्वरमात्मनि।
परमसुन्दरचन्द्रसमाकुलं निपतिताद्यकुलानलसञ्चयम्[2] ॥ ९ ॥

यदि साधक अपनी आत्मा में, जगत् के निर्विकार स्वामी गुरु रूप में कामशत्रु ईश्वर का, अत्यन्त सुन्दर स्वरूप वाले चन्द्रमा को धारण करने वाले तथा मनुष्य के पापकुलों को नष्ट करने के लिए अनल के समूह के समान परमात्मा का भजन करे तो उसे ईश्वर प्राप्त हो जाते हैं ॥ ९ ॥

**विमर्श**—गुरु रूप ईश्वर की स्तुति में ९ से १४ तक के श्लोक द्रुतविलम्बित छन्द में निबद्ध हैं।

प्रणमतां समतां कुरुते गुरो यदि भवान् विफलं परिहन्ति मे।
तव पदाम्बुजमद्भुतलीलया परिभजे भवसागरपारगम् ॥ १० ॥

**गुरुपदाम्बुज**—हे गुरो! यदि भक्त आप को प्रणाम करे तो आप उसे अपने समान बना लेते हैं। हमारे कुत्सित फल देने वाले कर्म को नष्ट कर देते हैं। इसलिए, हे नाथ! इस भवसागर से अद्भुत लीलापूर्वक पार करने वाले आपके पादाम्बुज का मैं भजन करता हूँ ॥ १० ॥

गुरुपदं सितपङ्कजराजितं कनकनूपुरसुन्दरसञ्जनम्।
रचितचित्रितचारुनखेन्दुकं भुवनभावनपावनमाश्रये ॥ ११ ॥

मैं मनुष्यों से भावना किए जाने वाले, अत्यन्त पवित्र, श्वेत कमल से विराजित गुरु के उन चरणों का आश्रय लेता हूँ, जो सुवर्णमय नूपुर से सुशोभित एवं खञ्जन के समान सुन्दर है और जो अत्यन्त सुन्दर चित्रकारी से युक्त मनोहर नख रूप चन्द्रमा से विरचित है ॥ ११ ॥

सकलसत्फलपालनकोमलं विमलशोणितपङ्कजमण्डितम्।
पदतलं खनिग्रहपालनं खचितरत्नधराचलनं भजे ॥ १२ ॥

---

१. प्रमाविषयगम्—ख०। २. कुलानन—ख०।

मैं रत्न खचित पर्वत के समान गुरु के उस पाद तल का भजन करता हूँ जो खलों का निग्रह करने वाला, भक्त का पालन करने वाला, संपूर्ण उत्तमोत्तम फल का पालन करने वाला, कोमल तथा निर्मल रक्तवर्ण के कमलों से मण्डित है ॥ १२ ॥

सुकनकाजडितासनपङ्कजे परिभवं भवसागरसम्भवम् ।
यदि कृपा विभवेन्मयि पामरे व्यवतु मां तव पादतलं भजे ॥ १३ ॥
परमहंसमनुं [1]हररूपिणं सकलमक्षवशङ्गुरुमीश्वरम् ।
सकललक्षणचन्द्रमसःकरं तरुगुरोर्मुखपङ्कजमाश्रये ॥ १४ ॥

जिस पाद तल का आसन अत्यन्त दिव्य कनक जटित हैं, जो भवसागर से उत्पन्न दुःख समूह का परिभव करने वाला है । हे प्रभो ! यदि आपके चरणों की कृपा मेरे जैसे पामर पर हो जाये तो मेरी रक्षा हो जाये । मैं इस प्रकार के आपके पाद तल का भजन करता हूँ । मैं संपूर्ण लक्षण से युक्त चन्द्रमा की किरणों के समान उज्ज्वल एवं वृक्ष के नीचे रहने वाले तथा कमल के समान मुखवाले उन गुरु का आश्रय लेता हूँ, जो परमहंसों के मन्त्रस्वरूप हैं। शिव स्वरूप हैं, कलाओं के सहित, अक्षय धन वाले तथा सबके ईश्वर हैं ॥ १३-१४ ॥

गुरोराज्ञाचक्रं भुवनकरणं केवलमयं
सकारं [2]नादेन्दुकुमुदहृदयं कामकलया ।
लयस्थाने [3]वायोर्नवमधुरसमोदमिलिते
दले वेदक्षेत्रे विधुविरहिते तत्र पदके ॥ १५ ॥
तमोगुणसमाक्रान्ते अधोमण्डलमण्डिते ।
द्विबिन्दुनिलये स्थाने द्विदले श्रीगुरोः पदम् ॥ १६ ॥

यह गुरु का आज्ञाचक्र समस्त भुवन का कारण है, केवल अद्वैत है, सकार स्वरूप है, कामकला की दृष्टि से नाद, इन्दु, तथा कुमुद युक्त हृदय वाला है, नवीन मधुर आमोद से मिले हुये वायु के लय स्थान में, वेद रूपी क्षेत्र के दल में, चन्द्रमा से रहित उस स्थान में, जो तमोगुण से समाक्रान्त है, अधोमण्डल मण्डित, द्विबिन्दु निलय वाले द्विदल में श्रीगुरु का पद है ॥ १५-१६ ॥

महावह्निशिखाकारं तन्मध्ये चिन्तयेत् सुधीः ।
एतद्योगप्रसादेन बीजवाग्भवकूटकैः ॥ १७ ॥
चिरजीवी भवेत् क्षुद्रो वागीशत्वमवाप्नुयात् ।
श्रीगुरोश्चरणाम्भोजनिःसृतं [4] यत् परामृतम् ॥ १८ ॥
तत्परामृतधाराभिः [5] सन्तर्प्य कुलनायिकाम् ।
पुनः पुनः समाकुञ्च्य [6] प्रबुद्धां तां स्मरेत् सदा ॥ १९ ॥

---

१. तनुरूपिणं—क० । २. कुमुदहृदयाह्वे—ख० । ३. लयापह्ने—ख० ।
४. समाकृत्य—क० । ५. श्रिया सहितो गुरुः, तस्य चरणाम्भोजाद् निःसृतम् ।
६. तच्च तत्परामृतं च तत्परामृतम्, तस्य धाराभिः ।

उस गुरु के पद के मध्य में महावह्नि की ज्वाला के समान तेज का सुधी साधक को ध्यान करना चाहिए। इस योग के सिद्ध हो जाने पर वाग्भव बीज ( ऐं ) कूट के द्वारा साधक चिरजीवी हो जाता है। पामर नर भी वागीशता प्राप्त कर लेता है। जहाँ श्री गुरु चरणकमलों से परामृत प्रवाहित होता रहता है, उस परामृत धारा से कुल नायिका कुण्डलिनी का तर्पण करे। फिर बारम्बार उसे संकुचित करे, तथा जब तक वह प्रबुद्ध न हो तब तक उसका स्मरण करते रहना चाहिए ॥ १७-१९ ॥

पर्यायत्त्वापररसं धारयेन्मारुतं सुधीः ।
तत्परामृतधाराभिः[1] सन्तर्प्य कुलनायिकाम् ॥ २० ॥
ततः[2] पुनः पुनः पात्यं सर्वपुण्यफलं प्रिये ।
धनरत्नमहालक्ष्मीः प्राप्नोति साधकोत्तमः ॥ २१ ॥

सुधी साधक बारी-बारी के क्रम से ( आनन्दरूप ) पर रस का तथा वायु को हृदय से धारण करे। तदनन्तर उस अमृतधारा वाले पर ( श्रेष्ठ ) रस से कुल-नायिका-कुण्डलिनी को संतृप्त कर उसी से सर्वपुण्यफलस्वरूप अमृत धारा को पुनः पुनः गिराता रहे। हे प्रिये ! ऐसा करने से वह उत्तम साधक धन, रत्न तथा महालक्ष्मी प्राप्त करता है ॥ २०-२१ ॥

सर्वत्र जयमाप्नोति युद्धे क्रोधे महाभये ।
महायुधि स्थितो याति सुशीलो मोक्षमाप्नुयात् ॥ २२ ॥

ऐसा साधक युद्ध में, क्रोध में या ( मृत्यु रूप ) महाभय की स्थिति में सर्वत्र जय प्राप्त करता है। किं बहुना, युद्ध में स्थित ( जीवित ) रहता है और वह सुशील अन्त में मोक्ष प्राप्त करता है ॥ २२ ॥

इति ते कथितं नाथ ब्रह्मज्ञानमनुत्तमम् ।
आज्ञाचक्रत्रिखण्डस्य दलस्य कामरूपतः ॥ २३ ॥
सत्फलं समवाप्नोति विचार्य भावयेद्यदि ।
आज्ञाचक्रे त्रिखण्डे च कामरूपं महेश्वरम् ॥ २४ ॥
चीनाचार[3]समाक्रान्तं श्मशानाधिपवेष्टितम् ।
कालं कालकरं चक्रं महाकालं कलानिधिम् ।
पलानुपलविपलद्दण्डतिथ्यातिपदपक्षकैः ॥ २५ ॥
मासवत्सरादियुगैर्महाकालैः समन्वितम् ।
उल्काकोटिसमं नेत्रं तीक्ष्णदंष्ट्रं सुरेश्वरम् ॥ २६ ॥

---

१. एतत् स्तोत्र ततः पाठ्यं सर्वपुण्यफलप्रदे—क० ।

२. तत्परामृतनिचयैः प्रिये पर्यन्ताम्—क० ।

३. महाकालं मणिलिङ्गं सर्वधर्मबहिष्कृतम् । अयमेध्यान्तर्गमिलिङ्गं कोटिकोटिविभूद्भवम् ॥
विधारणगणकामेशं हेमवारणसीपुरम् । शुद्धकामकलालिङ्गं कोटिकोटिकलेवरम् ॥
सामवेदमहामन्त्रमनूल्लासानुगतं शिवम् । कामलिङ्गं बिन्दुलिङ्गं विसर्गपदभूषणम् ॥
परशिवं देवदेवं हाकिनीशक्तिमुद्रितम् । कुलचूडामणिं सिद्धं शुद्धरूपिणमीश्वरम् ॥

कोटिकोटिनेत्रजालशोभिताननपङ्कजम् ।
चिद्रूपं सदसन्मुक्तिरूपिणं बहुरूपिणम् ॥ २७ ॥
ध्यात्वा त्वतिसुखेनैव कालरुद्रं परेश्वरम् ।
नासिकोद्‌र्ध्वे भ्रुवोर्मध्ये आज्ञाचक्रे महाप्रभो ॥ २८ ॥
विभाव्य परमं स्थानं तत्क्षणात्तन्मयो भवेत् ।
हाकिनीं भावयेन्मन्त्री रौरवादिविनाशिनीम् ॥ २९ ॥

हे नाथ ! यहाँ तक हमने सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मज्ञान का विवेचन किया है । आज्ञाचक्र के तीन खण्ड वाले कमल दल का जो कामनाओं को पूर्ण करने वाला है, यदि विचारपूर्वक उसकी भावना की जाय तो उससे अवश्य ही साधक उत्तम फल प्राप्त कर लेता है । तीन खण्ड वाले आज्ञाचक्र के ऊपर कामरूप महेश्वर का, जो चीनाचार से परिपूर्ण, श्मशानाधिप से परिवेष्टित, काल, कालकर्ता, चक्र स्वरूप, महाकाल, कलाओं के निधान, पल, अनुपल, विपल, दण्ड, तिथि आदि पक्ष, मास संवत्सर तथा युगादि महाकालों से समन्वित है, जिनके नेत्र, करोड़ों उल्का के समान, तथा जिनकी दाढ़ अत्यन्त तीक्ष्ण है, जो सुरेश्वर हैं जो करोड़ों-करोड़ों नेत्र समूहों से युक्त एवं करोड़ों-करोड़ों मुख कमलों से सुशोभित है चिद्रूप, सदसन्मुक्ति रूप, तथा अनेक रूप वाले हैं ऐसे कालरुद्र परमेश्वर का साधक अत्यन्त सुख से नासिका के ऊपर दोनों भ्रू के मध्य में रहने वाले आज्ञा चक्र के श्रेष्ठ स्थान में ध्यान कर तत्क्षण तन्मय हो जावे । फिर रौरवादि नरकों का विनाश करने वाली हाकिनी देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ २३-२९ ॥

कोटिसौदामिनीभासाममृतानन्दविग्रहाम् ।
अमातत्त्वपूर्णशोभां[1] हेमवाराणसीस्थिताम् ॥ ३० ॥
नानालङ्कार शोभाङ्गीं नवयौवनशालिनीम् ।
पीनस्तनीं[2] बलोन्मत्तां सर्वाधारस्वरूपिणीम् ॥ ३१ ॥
दीर्घप्रणवजापेन[3] तोषयन्तीं त्रिविक्रमम् ।
मौनां मनोमयीं देवीं सर्वविद्यास्वरूपिणीम् ॥ ३२ ॥
महाकालीं महानीलां पीतवर्णां शशिप्रभाम् ।
त्रिपुरां सुन्दरीं वामां वामकामदुघां[4] शिवाम् ॥ ३३ ॥
ध्यायेदेकासने वामे परनाथस्य पावनीम् ।
सर्वाधारात्मिकां शक्तिं दुर्निवार्यां दुरत्ययाम् ॥ ३४ ॥

जिनके शरीर की कान्ति करोड़ों विद्युत् की आभा के समान है, तथा शरीर अमृतानन्दमय हैं, सभी के तत्त्व से परिपूर्ण होने के कारण जिनकी शोभा शरीर में समा नहीं रही है, ऐसी सुवर्णमय वाराणसी में निवास करने वाली, अनेक प्रकार के अलङ्कारों से सुशोभित अङ्ग वाली, नवीन यौवन से परिपूर्ण, मोटे-मोटे स्तन वाली, बल से इठलाती हुई, सबकी आधार स्वरूपा, दीर्घ काल तक प्रणव के जप से त्रिविक्रम वामन को संतुष्ट करने

---

१. अमृतेन्दु—ख० । २. नवीन यौवनोन्मत्ताम्—क० । ३. कामहराम्—क० ।
४. प्रणवस्य जापः, प्रणवजापः, दीर्घश्चासौ प्रणवजापश्चेति भावः ।

वाली, मौन रहने वाली, मनोमयी, सर्व विद्या स्वरूपिणी देवी महाकाली, महानीला, पीतवर्णा एवं चन्द्रवर्णा, त्रिपुरा, सुन्दरी, बाला, नगनकामदुघा, परम पावनी शिवा का, जो परनाथ शिव के साथ वाम भाग में एक आसन पर विराजमान है, ध्यान करना चाहिए ॥ ३०-३४ ॥

श्वासमात्रेण वसयेत् कुलमार्गं न पण्डितः ।
कुलाकुलविभागेन आत्मानं नीयते परे ॥ ३५ ॥

यही सर्वधारात्मिका शक्ति है उसको कोई रोक नहीं सकता । अतएव दुरत्यय है । पण्डित साधक श्वासमात्र से उसका कुलमार्ग न रोके यही कुलाकुल के विभाग के द्वारा आत्मा को पर ( नाथ शिव ) से मिलाने वाली है ॥ ३४-३५ ॥

श्वासाभ्यासं विना नाथ अष्टाङ्गाभ्यसनेन च ।
विना दमेन धैर्येण कुलमार्गो न सिद्ध्यति ॥ ३६ ॥
तथा पूरकयोगेन[1] रेचकेनापि तिष्ठति ।
विना कुम्भकसत्त्वेन यथैतौ नापि तिष्ठतः ॥ ३७ ॥

हे नाथ ! श्वास का अभ्यास तथा अष्टाङ्ग योग का अभ्यास तथा इन्द्रियों के दमन के बिना 'कुल मार्ग' सिद्ध नहीं होता । केवल पूरक के योग से तथा केवल रेचक से भी ये स्थिर नहीं रहती । जिस प्रकार कुम्भक के रहते हुये भी ये दोनों पूरक और रेचक नहीं रहते ॥ ३६-३७ ॥

तथा योगं विना नाथ अष्टाङ्गाभ्यसनं विना ।
कुलमार्गो महातत्त्वो न सिद्ध्यति कदाचन ॥ ३८ ॥

इसी प्रकार हे नाथ ! योग के बिना तथा अष्टाङ्ग के अभ्यास के बिना महा तत्त्ववान् 'कुलमार्ग' किसी प्रकार सिद्ध नहीं होता ॥ ३८ ॥

कुलमार्गं विना मोक्षं कः प्राप्नोति महीतले ।
कुलमार्गं न जानाति योगवाक्यागमाकुलम् ॥ ३९ ॥
स कथं पूजयेद्देवीं तस्य योगः कुतः प्रभो ।
अज्ञात्वा[2] वीरनाथानामाचारं यः करोति हि ॥ ४० ॥
तेषां[3] बहुदिने योगशिक्षा भवति निश्चितम् ।

कुलमार्ग की सिद्धि किए बिना इस पृथ्वी पर कौन ऐसा है, जिसे मोक्ष मार्ग प्राप्त हो

---

१. 'पूरकयोगेन' इत्युचितः पाठः, कुम्भकं चेति नित्यं पाठप्राप्तिः, अथवा पूरकादेर्न इति वार्तिकेन पाठनिषेधः ।

२. योगाभ्यासं सदा कुर्यात् कुलमार्गप्रसिद्धये ।
आदौ भूत्वा महायोगी कुलीनः प्रभवेत् ततः ॥
आदौ कुलाचारभावं यः करोति नराधमः ।
योगाभ्यासं विहायापि स भवेत् ब्रह्मराक्षसः ।—क० ।

३. अज्ञानले—ख० ।

जावे । जो कुलमार्ग नहीं जानता, योगवाक्य नहीं जानता अथवा आगम मार्ग के 'कुल' को नहीं जानता, भला वह किस प्रकार देवी की पूजा कर सकता है । हे प्रभो ! उसे योग भी कैसे प्राप्त हो सकता है ? जो इसको जाने बिना वीरनाथ के परम्परागत सदाचार को करता है, उनको योग की शिक्षा बहुत दिन में प्राप्त होती है यह निश्चित है ॥ ३९-४१ ॥

प्राणायामं महाधर्मं वेदानामप्यगोचरम् ॥ ४१ ॥
सर्वपुण्यस्य सारं हि पापराशितुलानलम्[१] ।
महापातककोटीनां तत्कोटीनाञ्च दुष्कृतम् ॥ ४२ ॥
पूर्वजन्मार्जितं पापं नानादुष्कर्मपातकम् ।
नश्यत्येव महादेव षण्मासाभ्यासयोगतः ॥ ४३ ॥

**प्राणायाम महिमा वर्णन**—प्राणायाम सबसे बड़ा धर्म है जिसे वेद भी जानने में असमर्थ है । यह प्राणायाम सभी पुण्यों का स्थिराश है । पापराशि रूपी रूई को जलाने के लिए अग्नि है । करोड़ों महापातकों का उसके भी करोड़ों गुना किए गये दुष्कृत, पूर्वजन्मार्जित पाप तथा अनेक प्रकार के दुष्कर्म जन्य पातक, हे महादेव ! प्राणायाम के छः महीने के अभ्यास के योग से नष्ट हो जाते हैं ॥ ४१-४३ ॥

**विमर्श**—पापराशिः तूलः, तूलः तत्रानलमिव अग्निरिव । अथ तुलशब्दे ह्रस्व-उकारश्छन्दोऽनुरोधात् ।

सन्ध्याकाले प्रभाते च यः करोत्यप्यहर्निशम् ।
वशी षोडशसंख्याभिः प्राणायामान् पुनः पुनः ॥ ४४ ॥
संवत्सरं वशी ध्यात्वा खेचरो योगिराड् भवेत् ।
योगी भूत्वा कौलमार्गं समाश्रित्यामरो भवेत् ॥ ४५ ॥
महाविद्यापतिर्भूत्वा विचाराद् साधकोत्तमः ॥ ४६ ॥

॥इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावार्थबोधनिर्णये पाशवकल्पे आज्ञाचक्रसारसङ्केते सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे षोडशः पटलः ॥ १६ ॥

जो साधक सन्ध्या काल में, प्रभात में अथवा दिन रात संयमशील होकर १६, १६ की संख्या में बारम्बार प्राणायाम करता है, वह संयमी मात्र संवत्सर काल में ध्यान से आकाश गामी योगिराज बन जाता है । योगी हो कर कौलमार्ग का आश्रय लेकर वह साधकोत्तम विचार करता हुआ विद्यापति बन कर देवता बन जाता है ॥ ४४-४६ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के भावार्थबोधनिर्णय में पाशवकल्प में आज्ञाचक्रसारसंकेत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरवीभैरव संवाद में सोलहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १६ ॥

# अथ सप्तदशः पटलः

आनन्दभैरवी[1] उवाच

अथ वक्ष्ये महादेव अथर्ववेदलक्षणम् ।
सर्ववर्णस्य सारं हि शक्त्याचारसमन्वितम् ॥ १ ॥
अथर्ववेदादुत्पन्नं सामवेदं तमोगुणम् ।
सामवेदाद्यजुर्वेदं महासत्त्वसमुद्भवम् ॥ २ ॥
रजोगुणमयं ब्रह्मा ऋग्वेदं यजुषः स्थितम् ।
मृणालसूत्रसदृशी [1] [2]अथर्ववेदरूपिणी ॥ ३ ॥

**आनन्दभैरवी ने कहा**—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर अथर्ववेद का लक्षण कहती हूँ, जो शक्त्याचार से समन्वित समस्त वर्णों का स्थिरांश है । अथर्ववेद से तमोगुण वाला सामवेद उत्पन्न हुआ । पुनः उस सामवेद से समस्त महासत्व का उत्पत्ति स्थान भूत यजुर्वेद उत्पन्न हुआ। उस यजुर्वेद से रजोगुणमय ऋग्वेद उत्पन्न हुआ, जहाँ ब्रह्मदेव की स्थिति है ॥ १-३ ॥

अथर्वे सर्ववेदाश्च जलखेचरभूचराः ।
निवसन्ति महा विद्या[3] कुलविद्या महर्षयः ॥ ४ ॥
समाप्तिपत्रशेषार्थं समीपं लोकमण्डले ।
शक्तिचक्रसमाक्रान्तं दिव्यभावात्मकं शुभम् ॥ ५ ॥

अथर्ववेद रूपिणी यह महाशक्ति मृणालतन्तु के सदृश है । इस अथर्व वेद में सभी वेद समस्त जलचर, खेचर तथा भूचर समाहित हैं । इसमें महाविद्यायें, अन्य विद्यायें, कुल विद्या तथा समस्त महर्षिगण निवास करते हैं । समाप्त होने वाले पत्र पर शेष सभी वस्तुयें हैं जो इस लोकमण्डल की सीमा से संयुक्त हैं । यह पत्र शक्तिचक्र से समाक्रान्त तथा कल्याण करने वाला दिव्यभावात्मक है ॥ ३-५ ॥

तत्रैव वीरभावञ्च तत्रैव पशुभावकम् ।
सर्वभावात् परं तत्त्वमथर्वं वेदपत्रकम् ॥ ६ ॥
द्विबिन्दुनिलयस्थानं ब्रह्माविष्णुशिवात्मकम् ।
चतुर्वेदान्वितं तत्त्वं शरीरं दृढनिर्मितम् ॥ ७ ॥

उसी पर वीरभाव तथा पशुभाव भी रहता है । इस प्रकार सबको उत्पन्न करने के

---

१. शूकसूत्रसदृशी—क० ।    २. विद्या—क० ख० ।
३. मृणालसूत्रेण कमलतन्तुना सदृशी ।

कारण वेद पत्र वाला यह अथर्व सबका तत्त्व है। यह दो बिन्दुओं के मिलन का स्थान, ब्रह्मा, विष्णु, शिवात्मक यह शरीर तत्त्व चारों वेदों से युक्त है, इसकी रचना दृढ़तापूर्वक की गई है ॥ ६-७ ॥

चतुर्विंशतितत्त्वानि सन्ति गात्रे मनोहरे ।
ब्रह्मा रजोगुणाक्रान्तः पूरकेणाभिरक्षति ॥ ८ ॥
विष्णुः सत्त्वगुणाक्रान्तः[४] कुम्भकैः स्थिरभावनैः ।
हरस्तमोगुणाक्रान्तो रेचकेणापि विग्रहम् ॥ ९ ॥

इस मनोहर शरीर में चौबीस तत्त्व हैं, इसकी रक्षा रजोगुण से आक्रान्त ब्रह्मदेव पूरक प्राणायाम से करते हैं। सत्त्वगुण से आक्रान्त विष्णुदेव स्थिरभावना वाले कुम्भक प्राणायाम से तथा तमोगुण से आक्रान्त सदाशिव रेचक के द्वारा इस शरीर की रक्षा करते हैं ॥ ८-९ ॥

अथर्ववेदचक्रस्था कुण्डली परदेवता ।
एतन्माया तु यो नैव ब्रह्मविष्णुशिवेन च ॥ १० ॥
शरीरं देवनिलयं भक्तं ज्ञात्वा प्रवक्ष्यति ।
सर्ववेदमयी देवी सर्वमन्त्रस्वरूपिणी ॥ ११ ॥

**कुण्डलिनी की महिमा**—अथर्ववेद के चक्र पर रहने वाली कुण्डलिनी परा शक्ति हैं। यही माया है जो ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव से अलग रहती है। यह शरीर देवताओं का निवास स्थान है, जिसे सर्ववेदमयी, सर्व मन्त्र स्वरूपिणी यह कुण्डलिनी अपने भक्त को ही प्रदान करती है ॥ १०-११ ॥

सर्वयन्त्रात्मिका विद्या वेदविद्याप्रकाशिनी ।
चैतन्या सर्वधर्मज्ञा स्वधर्मस्थानवासिनी ॥ १२ ॥
अचैतन्या ज्ञानरूपा हेमचम्पकमालिनी ।
अकलङ्का निराधारा शुद्धज्ञानमनोजवा ॥ १३ ॥

यह सर्व यन्त्रात्मिका है। यह विद्या है तथा वेद विद्या का प्रकाश इसी से होता है। यह चैतन्य है। यह सब प्रकार के धर्मों को जानने वाली है तथा अपने धर्मस्थान पर निवास करती है। यह अचैतन्या एवं ज्ञानरूपा है। यह सुवर्ण के समान पीत वर्ण की चम्पकमाला धारण करने वाली हैं और कलङ्क से रहित सर्वथा स्वच्छ एवं किसी के आधार पर न रहने वाली शुद्ध ज्ञान स्वरूपा तथा मन के समान वेगवती है ॥ १२-१३ ॥

सर्वसङ्कटहन्त्री च सा शरीरं प्रपाति हि ।
तस्याः कार्यमिदं विश्वं तस्याः पुण्यानि हन्ति हि ॥ १४ ॥
तस्याश्चैतन्यकरणे सदा व्याकुलचेतसः ।
महात्मानः प्रसिद्ध्यन्ति यदि कुर्वन्ति चेतनाम् ॥ १५ ॥

---

४. सत्त्वगुणंग्रक्रान्तः ।

यदि शीर्षे समागम्यामृतपानं करोति सा ।
वायवी सूक्ष्मदेहस्था सूक्ष्मालयप्रिया सती ॥ २४ ॥
तदेव[1] परमा सिद्धिर्भक्तिमार्गो न संशयः ।
चतुर्वेद ज्ञानसारं अथर्व परिकीर्तितम् ॥ २५ ॥

जब वह देवी मन को लीन करने वाले बाह्य चन्द्र में भ्रमण करती है तब योगारम्भ करना चाहिए, जिससे वह शिरः प्रदेश से सहस्र दल पङ्कज में गमन करे । यदि सूक्ष्म देह में रहने वाली सूक्ष्मालय प्रिया वह वायवी शक्ति शिरः स्थान के सहस्रदल पङ्कज में जाकर अमृत पान करती है, तभी साधक को परमा सिद्धि प्राप्त होती है । वही भक्ति मार्ग है । इसमें संशय नहीं । इसलिए अथर्व चारों वेदों के ज्ञान का सार कहा जाता है ॥ २३-२५ ॥

अथर्ववेदविद्या च देवता वायवी मता ।
तस्याः सेवनमात्रेण रुद्ररूपो भवेन्नरः ॥ २६ ॥
केवलं कुम्भकस्था सा एका ब्रह्मप्रकाशिनी ।

भैरव उवाच

केन वा वायवी शक्तिः[2] कृपा भवति पार्वति ॥ २७ ॥

अथर्व वेद विद्या की देवता वायवी शक्ति कही गई है । उसके सेवन मात्र से मनुष्य रुद्रस्वरूप बन जाता है । वह केवल कुम्भक प्राणायाम में अकेले रह कर ब्रह्मविद्या का प्रकाश करती है ॥ २६-२७ ॥

**भैरव ने कहा**—हे पार्वती ! यह वायवी शक्ति किससे उत्पन्न होती है और किस प्रकार कृपा करती है ? ॥ २७ ॥

स्थिरचेता भवेत् केन विवेकी वा कथं भवेत् ।
मन्त्रसिद्धिर्भवेत् केन कायसिद्धिः कथं भवेत् ॥ २८ ॥
विस्तार्य वद चामुण्डे आनन्दभैरवेश्वरी ।

आनन्दभैरवी उवाच

शृणुष्वैकमनाः शम्भो मम प्राणकुलेश्वर ॥ २९ ॥

साधक अपने चित्त को किस प्रकार स्थिर करता है ? और किस प्रकार विवेकी बनता है? किस प्रकार से मन्त्र की सिद्धि की जाती है तथा काय की सिद्धि कैसे होती है ? । हे आनन्द भैरवेश्वरि चामुण्डे ! विस्तार पूर्वक इसका वर्णन कीजिए । **आनन्द भैरवी ने कहा**—हे मेरे प्राणकुलेश्वर ! हे शम्भो ! अब सावधान होकर सुनिए ॥ २८-२९ ॥

एकवाक्येन सकलं कथयामि समासतः ।
श्रद्धया परया भक्त्या मनोनियमतत्परः ॥ ३० ॥

---

१. रूपिणी—ग० । २. आनन्दभैरव—ग० ।

वायवीं प्रजपन्तीह वायवी सुकृपा ततः ।
अल्पाहारी निरोगी च विजयानन्दनन्दितः ॥ ४० ॥

जो सभी पापों से विनिर्मुक्त है उस पर वायवी कृपा होती है, जो अन्तःकरण से महात्मा है और वायु को धारण करता है । देवता तथा गुरुजनों में सात्त्विक बुद्धि रखता है उस पर वायवी सुकृपा होती है, हे महेश्वर ! वायवी शक्ति को चित्त में धारण करने से जिसका एक काल भी व्यर्थ नहीं जाता, उस पर वायवी कृपा होती है, जो लोग योग शिक्षा से निपुणता प्राप्त कर पृथ्वी मण्डल में विचरण करते है, अथवा जो प्राणायाम में अभिलाषा रखते है उन पर वायवी कृपा होती है । जो एक-एक संवत्सर के क्रम से शक्ति के एक एक पीठ में निवास करते हैं और वायवी शक्ति का जप करते है उन पर वायवी शक्ति की कृपा समझनी चाहिए ॥ ३६-४० ॥

वायवीं भजतो योगी वायवी सुकृपा भवेत् ।
अन्तर्यागे पीठचक्रे चित्तमाधाय यत्नतः ॥ ४१ ॥
नामनिष्ठो धारणाख्यो वायवी सुकृपा ततः ।
पशुभाव समाक्रान्तः सदा रेतोविवर्जितः ॥ ४२ ॥

जो स्वल्प आहार करने वाला, नीरोग, विजया के आनन्द से मस्त रहने वाला योगी वायवी शक्ति का भजन करता है उस पर वायवी कृपा होती है । जो साधक यत्न पूर्वक अन्तर्याग रूप पीठचक्र में चित्त को स्थिर कर नाम में निष्ठा रखता हुआ धारण करता है, उस पर वायवी कृपा होती है ॥ ४०-४२ ॥

शुक्रमैथुनहीनश्च वायवी सुकृपा ततः ।
अकालेऽपि सकालेऽपि नित्यं धारणतत्परः ॥ ४३ ॥
योगिनामपि सङ्गी यो वायवी सुकृपा ततः ।
बन्धुबान्धवहीनश्च विवेकाक्रान्तमानसः ॥ ४४ ॥

जो पशुभाव से समाक्रान्त होकर रेतः का स्खलन नहीं करता तथा शुक्रपात वाला मैथुन नहीं करता उस पर वायवी सुकृपा होती है । अकाल में अथवा उत्तम काल में जो नित्य 'धारणा' में लगा रहता है और योगियों का साथ करता है, उस पर वायवी कृपा समझनी चाहिए ॥ ४२-४४ ॥

शोकाशोकसमं[1] भावं वायवी सुकृपा ततः ।
सर्वदानन्दहृदयः कालज्ञो भीतसाधनः ॥ ४५ ॥
मौनधारणजापश्च वायवी सुकृपा ततः ।
निर्जनस्थाननिरतो[2] निश्चेष्टो दीनवत्सलः ॥ ४६ ॥

---

१. शोकः, अशोकः शोकाभावः, उभाभ्यां समं भावमधिगच्छति वायवीकृपया इति भावः ।
२. सर्वशास्त्रार्थवेत्ता च विधिवेत्ता च धार्मिकः । सूक्ष्मवायुप्रसादज्ञो वायवी सुकृपा ततः ॥
सहसा बहु इष्टज्ञो निन्दाधर्मविवर्जितः । शिल्पकर्माभिमानी यो वायवी सुकृपा ततः ॥
इति क० अ० पु० पाठः ।

जो बन्धु-बान्धव से हीन तथा विवेक युक्त चित्त वाला है, शोक और हर्ष के भाव जिसके लिए समान है, उस पर वायवी कृपा समझनी चाहिए। जिसका हृदय सर्वदा आनन्द में परिपूर्ण है, जो काल का ज्ञाता है, पञ्चभूत शरीर जिसका साधन है, जो मौन धारण करने वाला तथा जप करने वाला है, उस पर वायवी कृपा समझनी चाहिए ॥ ४४-४६ ॥

बहुजल्पनशून्यश्च स्थिरचेताः प्रकीर्तितः ।
हास्य सन्तोषहिंसादिरहितः[१] पीठपारगः ॥ ४७ ॥
योगशिक्षासमाप्त्यर्थी स्थिरचेताः प्रकीर्तितः ।
मत्कुलागमभावो ज्ञो महाविद्यादिमन्त्रवित् ॥ ४८ ॥

निर्जन स्थान में रहने वाला, किसी प्रकार की चेष्टा न करने वाला, दीनों के ऊपर प्रेम करने वाला, अधिक न बोलने वाला पुरुष स्थिरचित्त कहा जाता है। हास्य, असंतोष, हिंसादि से रहित, पीठ ( आसन ) का पारवेत्ता योग शिक्षा की समाप्ति चाहने वाला साधक स्थिरचित्त कहा जाता है ॥ ४७-४८ ॥

शुद्धभक्तियुतः शान्तः स्थिरचेताः प्रकीर्तितः ।
मूलाधारे कामरूपे हृदि जालन्धरे तथा ॥ ४९ ॥

मेरे कुलागम के समस्त प्रक्रियाओं को जानने वाला महाविद्या आदि मन्त्रों का जानकार शुद्ध भक्ति से युक्त तथा शान्त साधक स्थिर चित्त वाला कहा जाता है ॥ ४८-४९ ॥

ललाटे पूर्णगिर्याख्ये उड्डीयाने तदूर्ध्वके ।
वाराणस्यां भ्रुवोर्मध्ये ज्वलन्त्यां लोचनत्रये ॥ ५० ॥
मायावत्यां सुखवृत्ते कण्ठे चाष्टपुरे तथा ।
अयोध्यायां नाभिदेशे कट्यां काञ्च्यां महेश्वर ॥ ५१ ॥
पीठेष्वेतेषु भूलोके चित्तमाधाय यत्नतः ।
उदरे पूरयेद् वायुं सूक्ष्मसङ्केतभाषया ॥ ५२ ॥

मूलाधार रूपी कामरूप पीठ में, हृदय रूपी जालन्धर पीठ में, ललाट रूपी पूर्णगिरि पीठ में, उससे ऊपर ( मूर्धा ) उड्डीयान में, भ्रू के मध्य रूपी वाराणसी में, लोचनत्रय रूपी ज्वालामुखी में, मुखवृत्त रूपी माया तीर्थ में, कण्ठ रूपी अष्टपुरी में, नाभिदेश रूपी अयोध्या में, कटिरूपी काञ्चीपुरी में हे महेश्वर ! जो भूलोक के इन पीठों में यत्न पूर्वक चित्त को लगाकर सूक्ष्म सङ्केत की भाषा से उदर में वायु को पूर्ण बनाता है ॥ ४९-५२ ॥

पादाङ्गुष्ठे च जङ्घायां जानुयुग्मे च मूलके ।
चतुर्दले षड्दले च तथा दशदले तथा ॥ ५३ ॥
दले द्वादशके चैव सिद्धिसिद्धान्तनिर्मले[२] ।
कण्ठे षोडशपत्रे च द्विदले पूर्णतेजसि ॥ ५४ ॥

---

१. हास्यसन्तोषहिंसादिभिः रहितः, दुर्गायातनपुरुषः ।
२. सिद्धिसिद्धान्ताभ्यां निर्मले ।

हे नाथ ! चित्त को स्थिर किए बिना मध्यमा सिद्धि भी नहीं होती । इसलिए कुम्भक रूप वायु के द्वारा उन उन स्थानों में मन को लगाना चाहिए । काल का ज्ञान रखते हुये मन्त्रज्ञ साधक किसी एकान्त निर्जन स्थान में रह कर वायु धारण ( प्राणायाम ) करे । ऐसा करने से वह निश्चय ही स्थिर चित्त वाला हो जाता है ॥ ६१-६२ ॥

स्थिरचित्तं विना शम्भो सिद्धिः स्यादुत्तमा कथम् ॥ ६३ ॥
निवाह्य पञ्चेन्द्रियसञ्ज्ञकानि यत्नेन धैर्यायतिरीश्वरस्त्वम् ।
प्राप्नोति मासत्रयसाधनेन विषासवं भोक्तुमसौ समर्थः ॥ ६४ ॥

हे शम्भो ! जब तक चित्त स्थिर न हो तब तक उत्तमा सिद्धि भी क्या किसी प्रकार प्राप्त हो सकती है ? पञ्चेन्द्रिय संज्ञक वालों को अपने वश में कर यति यत्नपूर्वक धैर्यता धारण करते हुये एक महीने पर्यन्त वायु का साधन करने से ईश्वरत्व प्राप्त कर लेता है, और वह विष के आसव को भी पान करने में समर्थ हो जाता है ॥ ६३-६४ ॥

मासत्रयाभ्यास-सुसञ्चयेन स्थिरेन्द्रियः स्यादधमादिसिद्धिः ।
सा खेचरी सिद्धिरत्र प्रबुद्धा चतुर्थये मासे तु भवेद्विकल्पनम् ॥ ६५ ॥

तीन महीने तक इस प्रकार के अभ्यास के सञ्चय से साधक की इन्द्रियाँ स्थिर हो जाती है और उसे अधम प्राणायाम की सिद्धि हो जाती है । फिर चार महीने में उसे प्रबुद्ध होने वाली खेचरी ( आकाशगमत्व ) सिद्धि भी प्राप्त होती है ऐसा विकल्प संभव है ॥ ६५ ॥

तदाधिकारी पवनाशनोऽसौ स्थिरासनानन्दसुचेतसा भुवि ।
प्रकल्पने सिद्धिं यथार्थगामिनीमुपैति शीघ्रं वरवीरभावम् ॥ ६६ ॥

इस भूमण्डल में वह अधिकारी तब हो सकता है जब स्थिरासन होकर आनन्द युक्त चित्त से वायु पीता रहे अर्थात् प्राणायाम करता रहे, ऐसा करते रहने से उसे यथार्थ गामिनी सिद्धि प्राप्त होती है, तथा वह शीघ्र ही श्रेष्ठ वीरभाव को प्राप्त कर लेता है ॥ ६६ ॥

सा वायवी शक्तिरनन्तरूपिणी लोमावलीनां कुहरे महासुखम् ।
ददाति सौख्यं गतिचञ्चलं जयं स्थिराशयत्वं सति शास्त्रकोविदम् ॥ ६७ ॥

यह वायवी शक्ति अनन्त स्वरूपिणी है, जो रोम समूहों से कुहर में रह कर साधक को महासुख प्रदान करती है, सौख्य देती है तथा गति चाञ्चल्य प्रदान करती है, जय देती है, अन्तःकरण में स्थिरता देती है तथा शास्त्र का ज्ञान प्रदान करती है ॥ ६७ ॥

षण्मासयोगासननिष्ठदेहा[१] वायुश्रमानन्दरसाप्तविग्रहः ।
विहाय कल्पान्वितयोगभावं श्रुत्यागमान् कर्तुमसौ समर्थः ॥ ६८ ॥

जो साधक छः महीने तक योगासन ( के अभ्यास ) में शरीर को लगा देता है, उसे वायु के श्रम से आनन्द रस की प्राप्ति होती रहती है, फिर वह कल्प युक्त योगभाव

---

१. सर्वत्रगामिनो भावात्—ग० ।

यदि साधक वायवी शक्ति की सुन्दर कृपा आदि के द्वारा सिद्धि प्राप्त कर ले तो वह सभी कामनाओं से स्थिर हो कर अपनी सिद्धि को इस प्रकार गोपनीय रखे जैसे कोई अपनी माता के जार ( उपपति ) को प्रगट नहीं करता ॥ ७६ ॥

यदा यदा महादेव योगाभ्यासं करोति यः ।
शिष्येभ्योऽपि सुतेभ्योऽपि दत्वा कार्यं करोति यः ॥ ७७ ॥
तदैव स महासिद्धिं प्राप्नोति नात्र संशयः ।
संवत्सरं चरेद्धर्मं योगमार्गं हि दुर्गमम् ॥ ७८ ॥

हे महादेव ! जो पुरुष जैसे-जैसे योगाभ्यास करता है । उसे वह अपने शिष्यों को तथा अपने पुत्रों को भी शिक्षित करते हुये साधना कार्य करता रहे । उस समय ही वह महासिद्धि प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं । यतः योगमार्ग बहुत दुर्गम है । अतः संवत्सर पर्यन्त धर्म का आचरण करते रहना चाहिए ॥ ७७-७८ ॥

प्रकाशयेन्न कदापि कृत्वा मृत्युमवाप्नुयात् ।
योगयोगाद् भवेन्मोक्षो मन्त्रसिद्धिरखण्डिता ॥ ७९ ॥
न प्रकाश्यमतो योगं भुक्तिमुक्तिफलाय च ।
नित्यं सुखं महाधर्मं प्राप्नोति वत्सराद् बहिः ॥ ८० ॥

योगमार्ग में सिद्धि प्राप्त कर लेने पर साधक उसे कदापि प्रगट न करे । यदि सबको प्रगट कर देता है तो वह मृत्यु को प्राप्त करता है । योग से युक्त हो जाने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है और मन्त्रसिद्धि भी खण्डित नहीं होती । यतः योग 'भोग और मोक्ष' दोनों प्रकार का फल देने वाला है, इसलिए उसे प्रकाशित न करे । एक संवत्सर से ऊपर बीत जाने पर साधक योगाभ्यास से सुख तथा महाधर्म प्राप्त करने लग जाता है ॥ ७९-८० ॥

आत्मसुखं नित्यसुखं मन्त्रं यन्त्रं तथागमम् ।
प्रकाशयेन्न कदापि कुलमार्गं कुलेश्वर ॥ ८१ ॥
यद्येवं कुरुते धर्मं तदा मरणमाप्नुयात् ।
योगभ्रष्टो विज्ञानज्ञोऽज्ञो मृत्युमवाप्नुयात् ॥ ८२ ॥

आत्मानन्द का सुख, नित्य सुख, मन्त्र, यन्त्र तथा आगम शास्त्र तथा कुलमार्ग कुण्डलिनी का ज्ञान हो जाने पर, हे कुलेश्वर ! उसे कदापि प्रकाशित नहीं करना चाहिए । यदि इस प्रकार के धर्म का आचरण करे तो उसकी मृत्यु नहीं होती । योग से भ्रष्ट हो जाने वाला एवं विधान को न जानने वाला चाहे कितना भी पण्डित हो वह मृत्यु अवश्य प्राप्त करता है ॥ ८१-८२ ॥

येन मृत्युवशो याति तत्कार्यं नापि दर्शयेत् ।
दत्तात्रेयो महायोगी शुको नारद एव च ॥ ८३ ॥
येन कृतं सिद्धिमन्त्रं वर्णजालं कुलार्णवम् ।
एकेन लोकनाथेन योगमार्गपरेण च ॥ ८४ ॥

तथा मङ्गलकार्येण ध्यानेन साधकोत्तमः[1] ।
उत्तमां सिद्धिमाप्नोति वत्सराद् योगशासनात् ॥ ८५ ॥

जिसके प्रकाशित करने से साधक मृत्यु के वश में जा सकता है उस मार्ग को कदापि प्रकाशित न करे । दत्तात्रेय, महायोगी शुक, और नारद इनमें से प्रत्येक लोगों ने कुलार्णव के समस्त मन्त्र जालों को सिद्ध किया था । योगमार्ग प्रदर्शित करने वाले, लोक को वश में करने वाले एवं समस्त मङ्गल प्रदान करने वाले केवल एक ही मन्त्र से साधकोत्तम अपने ध्यान की सहायता से योगशास्त्र के अनुसार एक संवत्सर में ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ८३-८५ ॥

आदौ वै ब्रह्मणो ध्यानं पूरकाष्टाङ्गलक्षणैः ।
कुर्यात् सकलसिद्ध्यर्थमम्बिकापूजनेन च ॥ ८६ ॥
ऋग्वेदं चेतसि ध्यात्वा मूलाधारे चतुर्दले ।
वायुना चन्द्ररूपेण धारयेन्मारुतं सुधीः ॥ ८७ ॥

सर्वप्रथम पूरक प्राणायाम कर ( अष्टाङ्ग विशिष्ट ) लक्षण योग से ब्रह्मदेव का ध्यान करना चाहिए । फिर समस्त प्रकार की सिद्धि की प्राप्ति के लिए अम्बिका का पूजन करे । मूलाधार स्थित चतुर्दल कमल में अपने चित्त में ऋग्वेद का ध्यान कर सुधी साधक चन्द्ररूप वायु से वायु धारण ( प्राणायाम ) करे ॥ ८६-८७ ॥

अथर्वान्निर्गतं सर्वं ऋग्वेदादि चराचरम् ।
तेन पूर्णचन्द्रमसा जीवेनार्यामृतेन च ॥ ८८ ॥
जुहुयादेकभावेन कुण्डलीसूर्यगोऽनले ।
कुम्भकं कारयेन्मन्त्री यजुर्वेदपुरःसरम् ॥ ८९ ॥

अथर्ववेद से समस्त ऋग्वेदादि चराचर निकले हुये हैं। इसलिए उस चन्द्रमा से निर्गत अमृत द्वारा कुण्डलिनी रूप सूर्याग्नि में होम करना चाहिए । मन्त्र वेत्ता यजुर्वेद को आगे रखकर कुम्भक प्राणायाम करे ॥ ८८-८९ ॥

सर्वसत्त्वाधिष्ठितं तत् सर्वविज्ञानमुत्तमम् ।
वायव्याः पूर्णसंस्थानं योगिनामभिधायकम् ॥ ९० ॥
पुनः पुनः कुम्भयित्वा सत्त्वे निर्मलतेजसि ।
महाप्रलयसारज्ञो[2] भवतीति न संशयः ॥ ९१ ॥
रेचकं शम्भुना व्याप्तं तमोगुणमनोलयम्[3] ।
सर्वमृत्युकुलस्थानं व्याप्तं धर्मफलाफलैः ॥ ९२ ॥

कुम्भक समस्त सत्त्वों से अधिष्ठित है, और वह सभी विज्ञानों में उत्तम है ।

---

१. साधकेषु उत्तमः, सुप्सुपेति समासः ।   २. महाप्रलयस्य सारं जानाति ।
३. तमोगुणविशिष्टस्य मनसो लयो यस्मिन् रेचके, तत् ।

करोड़ों सूर्य के समान प्रकाश करने वाली पैर के अंगूठे पर्यन्त देवमाता कुण्डलिनी का ध्यान कर साधक सर्वसिद्धिश्वर बन जाता है। यदि मनुष्य वारि चक्र मध्य में कुण्डली का ध्यान करे तो ये सत्त्व योग में स्थित होकर अमर हो जाते हैं और षट्चक्र के फल के भोग करने वाले हो जाते हैं ॥ ९७-९८ ॥

तच्चतुष्कं समावाप्य वारिव्याप्तं सुनिर्मलम् ।
वामावर्तस्थितं ध्यायेत् सप्तखण्डं महाबली ॥ ९९ ॥
सप्तवृत्तोपरि ध्यायेद् दलषोडशपङ्कजम् ।
दले दले महातीर्थं सिद्धो भवति निश्चितम् ॥ १०० ॥

महाबली साधक उन चारों चतुष्कों को पार कर जल से परिपूर्ण अत्यन्त निर्मल वामावर्त स्थित सप्त खण्ड का ध्यान करे। सप्त वृत्त के ऊपर सोलह पत्ते वाले कमल का ध्यान करे, जिसके प्रत्येक दल पर महातीर्थ स्थित है। ऐसा करने से साधक निश्चित रूप से सिद्ध हो जाता है ॥ ९९-१०० ॥

तीर्थमालावृतं नाथ दलं षोडश शोभितम् ।
तदेकपत्र(च)मध्ये तु भाति विद्युल्लतान्वितम् ॥ १०१ ॥
पूर्वादौ दक्षिणे पातु तीर्थमालाफलं शृणु ।
येषां दर्शनमात्रेण जीवन्मुक्तस्तु साधकः ॥ १०२ ॥

हे नाथ! तीर्थ समूहों से परिपूर्ण उसका सोलहों दल अत्यन्त शोभित है। वे दल उस एक पद्म के मध्य में बिजली के लता से आवृत की तरह शोभा पाते हैं। पूर्व से दक्षिण की ओर व्याप्त रहने वाले उन तीर्थ समूहों के फल को सुनिए। जिसके दर्शन मात्र से साधक जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ १०१-१०२ ॥

गङ्गा गोदावरी देवी गया गुह्या महाफला ।
यमुना कोटिफलदा बुद्धिदा च सरस्वती ॥ १०३ ॥
मणिद्वीपं श्वेतगङ्गा महापुण्या महाफला ।
श्वेतगङ्गा महापुण्या भर्गगङ्गा महाफला ॥ १०४ ॥

गङ्गा, गोदावरी, देवी, गया ये गुह्य हैं जो महाफल प्रदान करने वाले हैं। यमुना तथा बुद्धिदा सरस्वती करोड़ों तीर्थ का फल देने वाली हैं। मणिद्वीप एवं श्वेत-गङ्गा महापुण्यदायक एवं महाफल वाली हैं। जब श्वेत-गङ्गा महापुण्य वाली हैं तो भर्ग (शिव)-गङ्गा महान् फल देने वाली हैं ॥ १०३-१०४ ॥

स्वर्गगङ्गा महाक्षेत्रं पुष्करं तीर्थपारणम् ।
कावेरी सिन्धुपुण्या च नर्मदा शुभदा सदा ॥ १०५ ॥
अष्टकोणे अष्टसिद्धिं वारिपूर्णां फलोदयाम् ।
सप्तकोणे सप्तसिन्धुं पूर्वादौ भावयेद् यतिः ॥ १०६ ॥

स्वर्ग-गङ्गा तथा महाक्षेत्र पुष्कर सभी तीर्थों से श्रेष्ठ हैं। कावेरी, पुण्यदायिनी सिन्धु

तथा नर्मदा सर्वदा शुभ देने वाली है। आठ कोणों पर आठ सिन्धुयाँ हैं जो वारि से परिपूर्ण हैं और फल देने के लिए उदीयमान हैं। सात कोणों पर सप्त सिंधु हैं। यति को पूर्वादि दिशा में उनका ध्यान करना चाहिए ॥ १०५-१०६ ॥

लवणेक्षु[1]सुरासर्पिर्दधिदुग्धजलान्तकाः ।
सकारं व्याप्य तिष्ठन्ति महासत्त्वं स्मरेद् यतिः ॥ १०७ ॥
मध्ये चतुष्के शक्तिञ्च कोटिसौदामिनीतनुः ।
विभाव्य वारिचक्रे तु कोटिविद्यापतिर्भवेत् ॥ १०८ ॥

लवण, इक्षु, सुरा, सर्पि, दधि, दुग्ध तथा जल से परिपूर्ण रहने वाले ये सात समुद्र महासत्त्व सकार को व्याप्त कर स्थित रहते हैं। इस प्रकार यति को इनका ध्यान करना चाहिए। वारिचक्र के मध्य में रहने वाले चतुष्कोण में करोड़ों विद्युत् के समान देदीप्यमान शक्ति का ध्यान कर साधक करोड़ों विद्याओं का अधिपति हो जाता है ॥ १०७-१०८ ॥

शक्तिबीज वामभागे आद्या प्रकृतिसुन्दरी ।
विभाति कामनाशाय योगिनी सा सताङ्गतिः ॥ १०९ ॥
शक्तिबीजं दक्षिणे च पुङ्कला पुंशिवात्मकम् ।
सदा भावनरूपाभं यो भजेदीशसिद्धये ॥ ११० ॥

उसके बायें भाग में आद्या प्रकृति सुन्दरी नामक शक्ति बीज ( ह्रीं ) का निवास है जो काम के नाश करने के लिए शोभा पाती है, वही योगिनी सज्जनों की गति है। उसके दक्षिण में पुं शिवात्मक पुङ्कला नामक शक्ति बीज है। वह सदा भावना रूप आभा वाला है। अतः ईश्वर सिद्धि के लिए साधक उसका भजन करता है ॥ १०९-११० ॥

शक्तिबीजस्योद्र्ध्वभागे पूर्णचन्द्रमनोहरम् ।
भजन्ति साधवः सर्वे धर्मकामार्थसिद्धये ॥ १११ ॥
शक्तिबीजतले गेहे श्रीसूर्यं कालवह्निजम् ।
उल्काकोटिसमं ध्यात्वा वाञ्छातिरिक्तमाप्नुयात् ॥ ११२ ॥

शक्ति बीज के ऊपरी भाग में अत्यन्त मनोहर पूर्ण चन्द्र है। साधु लोग धर्म काम तथा अर्थ सिद्धि के लिए उन पूर्ण चन्द्र का ध्यान करते हैं। शक्ति बीज के नीचे करोड़ों उल्का के समान काल वह्नि से उत्पन्न श्री सूर्य देव हैं। उनका ध्यान करने से मनोरथों से भी अधिक फल की प्राप्ति होती है ॥ १११-११२ ॥

वारिचक्रप्रसादेन चिरजीवी भवेन्नरः ।
भूमौ महाकालरूपी मूलाधारे चतुर्द्दले ॥ ११३ ॥

---

१. लवणेक्षुसुरासर्पिर्दधिदुग्धजलानामन्तं कुर्वन्ति इति विग्रहः। तत्करोति इति ण्यन्तात् ण्वुल्—प्रत्ययः। अन्तशब्दोऽत्र बन्धनवाची। तेन समुद्रोऽर्थः फलति।

वायु, आसन, दृढ़ानन्द तथा परमानन्द में निर्भर साधक पूरक प्राणायाम के आह्लाद प्राप्ति हेतु सदैव प्रमित ( संतुलित ) आहार करना चाहिए । भक्षणादि नियम का पालन करने से पूरक प्राणायाम की सिद्धि होती है । उदर को कुम्भक प्राणायाम के द्वारा बारम्बार परिपूर्ण करते रहना चाहिए ॥ ६-७ ॥

निजहस्तप्रमाणाभि:[1] पूरयेत् पूर्णमेव च ।
तत्पूरयेत् स्थापयेन्नाथ विश्वामित्रकपालके ॥ ८ ॥
हंसद्वादशवारेण शिलायामपि घर्षयेत् ।
नित्यं तत्पात्रपूर्णं च [2]पाकेनैकेन भक्षयेत् ॥ ९ ॥
तण्डुलान् शालिसम्भूतान्कपालप्रस्थपूर्णकान् ।
दिने दिने क्षयं कुर्याद् भक्षणादिषु कर्मसु ॥ १० ॥

अपने हाथ का जितना प्रमाण हो उतने ही ग्रासों से उदर को पूर्ण करे । हे नाथ ! जितनी अञ्जलि पूर्ण करे उसे विश्वामित्रकपाल ( तावा ) में स्थापित करे । १२ बार हंस मन्त्र का जप करते हुये उस कपाल को शिला पर घर्षण करे । तदनन्तर उस पूर्ण पात्र को एक बार पका (?) कर भक्षण करे । शालिधान्य का तन्दुल ( चावल ) कपाल में एक प्रस्थ परिमाण में स्थापित कर प्रतिदिन उसका भक्षण करे और प्रतिदिन भक्षण कर उसे खाली कर दे ॥ ८-१० ॥

हंसद्वादशवारेण जपेन संक्षयं चरेत् ।
शिलायां तत्कपालं च वर्द्धयेत् पूरकादिकम्[3] ॥ ११ ॥
यावत्कालं क्षयं याति निजभक्षणनिर्णयम् ।
तत्कालं वायुनापूर्य [4]नोदरं काकचञ्चुभि: ॥ १२ ॥

नियमपूर्वक १२ बार हंस मन्त्र का जप कर कपालस्थ तण्डुल का भोजन करे । पूरकादि प्राणायाम से युक्त उस कपाल को नित्य शिला पर अभिवर्द्धित करे । जब तक भक्षण से उस कपाल का क्षय हो तब तक उदर को वायु से पूर्ण करे किन्तु काकचञ्चु के समान वायु का आकर्षण कर उसे पूर्ण न करे ॥ ११-१२ ॥

आकुञ्चयेत् सदा मूले कुण्डली भक्षधारणात्[5] ।
तत्र[6] सम्पूरयेद्योगी भक्षप्रस्थावनाशनात् ॥ १३ ॥
कालक्रमेण तत् सिद्धिमवाप्नोति जितेन्द्रिय:[7] ।
यत्स्थानं भक्षणस्यैव तत्स्थाने पूरयेत्सुखम् ॥ १४ ॥
पुन:[8] पुनर्भक्षणेन[9] भक्षसिद्धिमुपैति हि ।
विना पूरकयोगेन भक्षणं नापि सिद्ध्यति ॥ १५ ॥

---

१. प्रमाणेनाभिप्रस्थं पूर्णमेव च—क० । २. वायुनैकेन—क० ।
३. पूरकानिलम्—क० । ४. सोदरम्—क० । ५. वारणात्—क० ।
६. तत्र सम्पूरयेत् योगी भक्षणस्य विनाशनात्—अ० पा० क० ।
७. निजेन्द्रिय:—क० । ८. यत् स्थानं भक्षणस्यैव तत्स्थानं पूरयेत्सुखम्—क० ।
९. प्रमादेन—क० ।

अथवान्यप्रकारेण भक्षत्यागं विनिर्णयम् ।
येन हीना न सिद्ध्यन्ति [१]नाडीचक्रस्थदेवता: ॥ १६ ॥

योगी साधक भक्षण कर लेने पर सदैव मूलाधार में स्थित कुण्डली का सङ्कोचन करे और वायुप्राशन के द्वारा उसे पूर्ण करता रहे । यदि साधक भक्षण का जो नियत स्थान है उस स्थान में सुखपूर्वक वायु पूर्ण करता रहे तो ऐसा जितेन्द्रिय योगी धीरे-धीरे काल बीतने पर सिद्धि प्राप्त कर लेता है ।

इस प्रकार बारम्बार वायुभक्षण से भक्ष पदार्थ पच जाता है । क्योंकि बिना पूरक प्राणायाम के भक्षण किया गया पदार्थ नहीं पचता । अथवा इस प्रकार के भक्षण को त्याग कर अन्य प्रकार से भक्षण करना चाहिए । क्योंकि भक्षण के बिना नाड़ी समूह पर स्थित देवता तृप्त नहीं होते ॥ १३-१६ ॥

द्वात्रिंशद् [२] ग्रासमादाय त्रिपर्व्वणि यथास्थितम् ।
अर्द्धग्रासं विहायापि नित्यं भक्षणमाचरेत् ॥ १७ ॥
सदा सम्पूरयेद् वायुं भावको गतभीर्महान् ।
भक्षस्थाने समायोज्य पिबेद् वायुमहर्निशम् ॥ १८ ॥

साधक बत्तीस ग्रास अन्न तीन सन्ध्याओं में जैसा भी हो उसे लेकर आधा ग्रास छोड़कर नित्य भक्षण करे । फिर वह महान् एवं भावुक साधक निडर हो कर वायु से ( उदर ) पूर्ण करता रहे । उसकी विधि इस प्रकार है कि भक्ष स्थान में वायु को संयुक्त कर दिन रात वायु पान करता रहे ॥ १७-१८ ॥

चतु:षष्टिदिने [३] सर्वं क्षयं कृत्वा तत: सुधी: ।
पयोभक्षणमाकुर्यात् स्थिरचेता जितेन्द्रिय: ॥ १९ ॥
पय: प्रमाणं वक्ष्यामि हस्तप्रस्थत्रयं त्रयम् ।
शनै: शनैर्विजेतव्या: प्राणा मत्तगजेन्द्रवत् ॥ २० ॥

इस प्रकार चौसठ दिन लगातार करते हुए सुधी साधक सब का परित्याग कर स्थिर चित्त तथा जितेन्द्रिय हो दूध का भक्षण करे । अब दूध का प्रमाण कहता हूँ । दूध की मात्रा हाथ के द्वारा ३, ३ प्रस्थ होना चाहिए । इस प्रकार की प्रक्रिया से साधक पञ्च प्राणों को मत्त गजेन्द्र के समान अपने वश में करे ॥ १९-२० ॥

षण्मासाज्जायते सिद्धि: पूरकादिषु लक्षणम् ।
क्रमेणाष्टाङ्गसिद्धि: स्यात् यतीनां कामरूपिणाम् ॥ २१ ॥
बद्धपद्मासनं कृत्वा विजयानन्दनन्दित: ।
धारयेन्मारुतं मन्त्री मूलाधारे मनोलयम् [४] ॥ २२ ॥

---

१. चक्रस्थ—ग० ।
२. द्वात्रिंशत्संख्याको ग्रासि:, ग्रामसमुदाय:, अनया रीत्या अर्थबोध: कार्य: ।
३. चतु:षष्टिशब्द: चतु:षष्टितमपर:, अत एव दिनेति एकवचनान्तस्य प्रयोग: ।
४. नलोदयम्—क० ।

इस प्रकार की पूरक की प्रक्रिया से छः मास में सिद्धि हो जाती है यही ( प्राणायाम की पूर्णता का ) लक्षण है । ऐसा करने वाले कामरूप यतियों को क्रमशः योगमार्ग के प्राणायामादि अष्टाङ्ग योग सिद्ध हो जाते हैं । बद्ध पद्मासन कर विजया के आनन्द में मस्त साधक मूलाधार में वायु धारण करे और वहीं अपने मन का भी लय करे ॥ २१-२२ ॥

अथासनप्रभेदञ्च शृणु मत्सिद्धिकाङ्क्षिणाम् ।
येन विना पूरकाणां सिद्धिभाक् न महीतले ॥ २३ ॥
अधो मुण्डासनं वक्ष्ये सर्वेषां प्राणिनां सुखम् ।
ऊद्‌र्ध्वमार्गे पदं दत्त्वा धारयेन्मारुतं सुधीः ॥ २४ ॥

**आसन निरूपण**—हे महाभैरव ! अब मेरी सिद्धि चाहने वाले साधकों के लिए आसन के प्रभेदों को सुनिए जिन आसनों को बिना किए पूरक प्राणायाम करने वाले पृथ्वी पर सिद्धि के अधिकारी नहीं बनते । सर्वप्रथम मुण्डासन कहती हूँ जिससे सारे प्राणियों को सुख प्राप्त होता है । अपने पैर को ऊपर की ओर खड़ा करे, फिर नीचे मुख करके वायु का पान करे ॥ २३-२४ ॥

सर्वासनानां श्रेष्ठं हि ऊद्‌र्ध्वपादो यदा चरेत् ।
तदैव महतीं सिद्धिं ददाति वायवी कला ॥ २५ ॥
एतत्पद्मासनं कुर्यात् प्राणवायुप्रसिद्धये ।
शुभासनं तदा ध्यायेत्पूरयित्वा पुनः पुनः ॥ २६ ॥

पैर को ऊपर खड़ा करने वाला मुण्डासन का आचरण सभी आसनों में श्रेष्ठ है, क्योंकि वायवी कला उसी समय साधक को महती सिद्धि प्रदान करती है । प्राणवायु की सिद्धि के लिए **पद्मासन** उत्तम आसन है, इस आसन पर स्थित होकर पूरक प्राणायाम करते हुए ध्यान करे । इसे इस प्रकार करे ॥ २५-२६ ॥

ऊरुमूले वामपादं पुनस्तद्दक्षिणं पदम् ।
वामोरौ स्थापयित्वा च पद्मासनमितिस्मृतम् ॥ २७ ॥
सव्यपादस्य[1] योगेन आसनं परिकल्पयेत् ।
तदैकासनकाले तु द्वितीयासनमाभवेत् ॥ २८ ॥

दाहिने ऊरु के मूल में वामपाद, फिर दाहिना पैर बायें पैर के ऊरुमूल में स्थापित करे, तब उसी को पद्मासन कहते हैं । यह आसन प्रथम सव्यपाद को दाहिने पैर के ऊरुमूल में, तदनन्तर दाहिने पैर को बायें पैर के ऊरु पर रख कर करे अर्थात् एक पैर से आसन के बाद दूसरा पैर बदल कर आसन करे ॥ २७-२८ ॥

पृष्ठे करद्वयं नीत्वा वृद्धाङ्गुष्ठद्वयं सुधीः ।
कायसङ्कोचमाकृत्य[2] धृत्वा बद्धासनो भवेत् ॥ २९ ॥
बद्धपद्मासनं[3] कृत्वा वायुबद्धं पुनः पुनः ।
चिबुकं स्थापयेद्यत्नाद् ह्लादितेजसि भास्करे ॥ ३० ॥

---

१. सव्यापसव्य—क० । २. माकृत्य—क० । ३. इति बद्धपद्मासनम्—क० ।

साधक पद्मासन कर दाहिने हाथ से पृष्ठभाग में घुमाकर बायें पैर की अंगुली को पकड़े। इसी प्रकार बायें हाथ से पृष्ठभाग में घुमाकर दाहिने पैर की अंगुली को पकड़े तो सव्यापसव्य योग से यह आसन दुगुना हो जाता है, इसी प्रकार कार्मुकासन भी सव्यापसव्य से दुगुना हो जाता है, कार्मुकासन के द्वारा सीधे बाण की तरह वायु को भीतर ले जावे ॥ ३६-३८ ॥

कुक्कुटासनमावक्ष्ये नाडीनिर्मलहेतुना ।
मत्कुलागमयोगेन[1] कुर्याद् वायुनिषेवणम् ॥ ३९ ॥
निजहस्तद्वयं भूमौ पातयित्वा जितेन्द्रियः[2] ।
पद्भ्यां बद्धं यः करोति कूर्परद्वयमध्यतः ॥ ४० ॥
सव्यापसव्ययुगलं कुक्कुटं ब्रह्मणा कृतम् ।
बद्धं कृत्वा अधःशीर्षं यः करोति खगासनम् ॥ ४१ ॥
खगासन प्रसादेन श्रमलोपो[3] भवेद् द्रुतम् ।
पुनः पुनः श्रमादेव[4] विषयश्रमलोपकृत् ॥ ४२ ॥

अब नाड़ियों को निर्मल करने के लिए मैं **कुक्कुटासन** की विधि कहती हूँ। मेरे सम्प्रदाय के आगम के अनुसार कुक्कुटासन से वायु सेवन करे। साधक अपने इन्द्रियों को वश में कर, दोनों हाथों को भूमि पर स्थापित कर, फिर दोनों पैरों को दोनों हाथ के केहुनी में घुमा कर दोनों हाथों को उससे आबद्ध करे। सव्यापसव्य योग से यह आसन भी दो की संख्या में हो जाता है। इसे ब्रह्मदेव ने किया है। शिर के नीचे वाले भाग को अपने हाथ में बाँध कर जो किया जाता है वह **खगासन** है। खगासन की कृपा से निश्चय ही थकावट शीघ्रता से दूर हो जाती है। यह पुनः पुनः श्रम करने से तथा विषयों से होने वाले श्रम को विनष्ट करता है ॥ ३९-४२ ॥

लोलासनं सदा कुर्याद् वायुलोलापघातनात् ।
स्थिरवायुप्रसादेन स्थिरचेता भवेद्द्रुतम्[5] ॥ ४३ ॥
पद्मासनं समाकृत्य पादयोः सन्धिगह्वरे ।
हस्तद्वयं मध्यदेशं नियोज्य कुक्कुटाकृतिः ॥ ४४ ॥

वायु की चञ्चलता को दूर करने के लिए सर्वदा **लोलासन** का अभ्यास करना चाहिए क्योंकि वायु के स्थिर होने से ही शीघ्रता से चित्त स्थिर हो जाता है। दोनों पैरों के छिद्र के भीतर पद्मासन को समान रूप से करके हाथों को शरीर के मध्य भाग में नियुक्त करे तो **कुक्कुटाकृति आसन** होता है ॥ ४३-४४ ॥

निजहस्तद्वयद्वन्द्वं[6] निपात्य हस्तनिर्भरम् ।
कृत्वा शरीरमुल्लाप्य[7] स्थित्वा पद्मासनेऽनिलः ॥ ४५ ॥

---

१. मार्गेण—क० । २. द्विजोत्तमः—क० ।
३. लेन—ग० । ४. श्रयादेव—क० ।
५. ध्रुवम्—क० । ६. गमद्वन्द्वम्—क० ।
७. मुत्थाप्य—क० ।

स्थित्वैतदासने मन्त्री अधःशीर्षं करोति चेत् ।
उत्तमाङ्गासनं ज्ञेयं योगिनामतिदुर्लभम् ॥ ४६ ॥

दोनों हाथ के द्वन्द्व ( जोड़े ) को नीचे कर हाथ के बल शरीर को ऊपर उठाकर पद्मासन पर वायु के समान ऊपर उठ जावे । फिर इस आसन पर स्थित हो कर अपने शिर को नीचा करले तो वह **उत्तमाङ्गासन** हो जाता है, जो योगियों के लिए अत्यन्त दुर्लभ है ॥ ४५-४६ ॥

एतदासनमात्रेण शरीरं शीतलं भवेत् ।
पुनः पुनः प्रसादेन[1] चैतन्या कुण्डली भवेत् ॥ ४७ ॥
सव्यापसव्य[2]योगेन यः करोति पुनः पुनः ।
पूरयित्वा मूलपद्मे सूक्ष्मवायुं विकुम्भयेत्[3] ॥ ४८ ॥
कृत्वा कुम्भकमेवं हि सूक्ष्मवायुलयं विधौ ।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्ते स्थापयेल्लयगे पदे[4] ॥ ४९ ॥
एतत् शुभासनं कृत्वा सूक्ष्मरन्ध्रे मनोलयम् ।
सूचीरन्ध्रे[5] यथासूत्रं पूरयेत् सूक्ष्मवायुना ॥ ५० ॥

इस आसन के करने मात्र से शरीर शीतल हो जाता है । बारम्बार इस आसन को करने से कुण्डलिनी चेतनता को प्राप्त करती है । सव्यापसव्य योग से जो बारम्बार उत्तमाङ्गासन करता है और मूलाधार पद्म में सूक्ष्म वायु भर कर फिर कुम्भक करता है । इस प्रकार कुम्भक आणायाम करने से सूक्ष्मवायु को चन्द्र नाड़ी में लय कर उसे मूलाधार से लय करने वाले ब्रह्मरन्ध्र में स्थापित करना चाहिए । इस शुभासन को करने के बाद जिस प्रकार सुई के छिद्र को सूत डालकर पूर्ण किया जाता है, उसी प्रकार सूक्ष्म वायु से सूक्ष्म रन्ध्र को पूर्ण करे तब मन का लय हो जाता है ॥ ४७-५० ॥

एतत् क्रमेण षण्मासान् पूरकस्यापि लक्षणम् ।
महासुखं समाप्नोति योगाष्टाङ्गनिषेवणात् ॥ ५१ ॥
अथ वक्ष्ये महादेव पर्वतासनमङ्गलम् ।
यत्कृत्वा स्थिररूपी स्याद् षट्चक्रादिविलोपनम्[6] ॥ ५२ ॥

इसी क्रम से ६ महीने तक योग के आठों अङ्गों को करता हुआ साधक पूरक द्वारा सूक्ष्म रन्ध्र पूर्ण करे तो महान् सुख प्राप्त करता है । हे महादेव ! अब मैं मङ्गलकारी **पर्वतासन** कहता हूँ जिसके करने से साधक स्थिर स्वरूप हो जाता है । षट्चक्रादि का भेदन ही पर्वतासन है ॥ ५१-५२ ॥

योन्यासनं पर्वतेन योगं योगफलेऽनिलम्[7] ।
तत्कालफलमन्तावत्[8] खेचरो यावदेव हि ॥ ५३ ॥

---

१. प्रसादेन—क० ।
२. सव्यापसव्ययोर्योगः, तेनेत्यर्थः ।
३. निकुम्भयेत्—क० ।
४. लयगोपदे—क० ।
५. शूचिरन्ध्रे—क० ।
६. विलोडनम्—क० ।
७. फलोल्वणम्—क० ।
८. सफलस्तावत्—क० ।

पादयोगेन[1] चक्रस्य लिङ्गाग्रं यो नियोजयेत् ।
अन्यत्पदमूरौ दत्त्वा तत्र योन्यासनं भुवि ॥ ५४ ॥

पर्वत आसन के साथ योन्यासन का संयोग करने से योग के फलस्वरूप अनिल तब तक फल प्रदान करता है जब तक वह खेचर हो जाता है । जो पृथ्वी पर अपने लिङ्ग के अग्रभाग को एक पैर के अंगूठे से दबाकर रखता है तथा दूसरे पैर को दूसरे पैर के ऊरु पर स्थापित करता है, तो वह योन्यासन हो जाता है ॥ ५३-५४ ॥

तत्र मध्ये[2] महादेव बन्धयोन्यासनं शृणु ।
यत्कृत्वा खेचरो भूत्वा विचरेदीश्वरो यथा ॥ ५५ ॥
कृत्वा योन्यासनं नाथ लिङ्गगुह्यादिबन्धनम् ।
मुखनासा[3]नेत्रकर्णकनिष्ठाद्यङ्गुलिभिस्तथा ॥ ५६ ॥
ओष्ठाधरं कनिष्ठाभ्यामनामाभ्याञ्च नासिके ।
मध्यमाभ्यां[4] नेत्रयुग्मं तर्जनीभ्यां[5] परैः श्रुती[6] ॥ ५७ ॥

हे महादेव ! अब उसके मध्य में बद्धयोन्यासन सुनिए, जिसके करने से साधक खेचरता प्राप्त कर ईश्वर के समान सर्वत्र विचरण करता है । उक्त विधि से लिङ्ग गुह्यादि स्थान को बाँधकर योन्यासन कर मुख को दोनों कनिष्ठा से, नासिका को दोनों अनामिका से, दोनों नेत्रों को दोनों मध्यमा से और दोनों कानों को दोनों तर्जनी से आच्छादित करे । यह बद्ध योन्यासन है ॥ ५५-५७ ॥

कृत्वा योन्यासनं नाथ योगिनामति दुर्लभम् ।
कृत्वा यः पूरयेद् वायुं मूलमाकुञ्च्य स्तम्भयेत् ॥ ५८ ॥
सव्यापसव्ययोगेन सिद्धो भवति साधकः ।
शनैः शनैः समारुह्य कुम्भकं परिपूरयेत् ॥ ५९ ॥

हे नाथ ! योगियों को अत्यन्त दुर्लभ बद्ध योन्यासन कर जो शरीर में वायु को पूर्ण करता है तथा मूलाधार का सङ्कोच कर उसे स्तम्भित करता है । इस प्रकार बायें से दाहिने तथा दाहिने से बायें के क्रम से जो पूरक तथा स्तम्भन प्राणायाम करता है तो वह साधक सिद्ध हो जाता है ॥ ५८-५९ ॥

अरुणोदयकालाच्च वसुदण्डे[7] सदाशिव ।
सव्यापसव्ययोगेन [8]गृह्णीयाद्वायुगानिलम् ॥ ६० ॥

हे सदाशिव ! अरुणोदय काल से आठ दण्ड पर्यन्त धीरे-धीरे पूरक द्वारा वायु पूर्ण

---

१. पादाङ्गुष्ठेन चाक्रम्य—क० । २. एतन्मध्ये—क० ।
३. अथ—क० । ४. मध्यमाभ्याम्—क० ।
५. छादयित्वा परैः श्रुतिम्—क० ।
६. श्रूयते आभ्यामिति श्रुती । करणे स्त्रियां क्तिन् । प्रथमाद्विवचनान्तं पदम् ।
७. वसुदण्डे (दन्ते)—क० । ८. गृह्णात्वं वाङ्गानिलम्—क० ।

कर कुम्भक करे । बायें से दाहिने तथा दाहिने से बायें दोनों प्रकार से सव्यापसव्य योग से नासिका से वायु ग्रहण करे ॥ ५९-६० ॥

द्वितीयप्रहरे कुर्याद् वायुपूजां[1] मनोरमाम् ।
एतदासनमाकृत्य[2] सिद्धो भवति साधकः ॥ ६१ ॥
अथान्यदासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा सोऽमरो भवेत् ।
मत्साधकः शुचिः श्रीमान् कुर्याद्गत्वा निराविले ॥ ६२ ॥

इसके बाद द्वितीय प्रहर प्राप्त होने पर मन को रमण करने वाली वायु की पूजा करनी चाहिए । यह पूजा भी किसी आसन विशेष को करते हुए करनी चाहिए । अब इसके बाद अन्य आसन कहती हूँ, जिसके करने से साधक अमर हो जाता है । मेरा साधक पवित्र एवं शोभा सम्पन्न हो कर किसी निर्दोष स्थान में जाकर इन आसनों को करे ॥ ६१-६२ ॥

भेकानामासनं[3] योगं निजवक्षसि सम्मुखम्[4] ।
निधाय पादयुगलं स्कन्धे बाहू पदोपरि ॥ ६३ ॥
ध्यायेद्धि[5] चित्पदं भ्रान्तमासनस्थः सुखाय च ।
यदि सर्वाङ्गमुत्तोल्य गगने खेचरासनम् ॥ ६४ ॥

साधक अपने दोनों पैरों को आमने-सामने वक्षः स्थल पर स्थापित करे । तदनन्तर दोनों हाथों को पैर के ऊपर से ले जाकर अपने कन्धे पर रखे । इस प्रकार के भेकासन पर बैठकर सुख प्राप्ति के हेतु चक्करामान चित्पद का ध्यान करे । सभी अङ्गों को समान सनान भाग में ऊपर आकाश में स्थापित करे तो खेचरासन हो जाता है ॥ ६३-६४ ॥

महाभेकासनं[6] प्रोक्तं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
महाविद्यां महामन्त्रं प्राप्नोति जपतीह यः ॥ ६५ ॥
एतत् प्रभेदं वक्ष्यामि करोति यः स चामरः ।
एकपादमूरौ बद्ध्वा स्कन्धेऽन्यत्पादरक्षणम् ॥ ६६ ॥
एतत्प्राणासनं नाम सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
वायुमूले समारोप्य ध्यात्त्वाऽऽकुञ्च्य प्रकारयेत् ॥ ६७ ॥

सम्पूर्ण सिद्धियों को देने वाला भेकासन हम पहले कह आए हैं । इस आसन पर बैठकर जो महाविद्या के मन्त्र का जप करता है वह अवश्य ही महाविद्या को प्राप्त कर लेता है । अब इस ( भेकासन ) के भेद को कहती हूँ जो इसे करता है वह अमर हो जाता है । एक पैर को ऊरु पर और दूसरा पैर कन्धे पर रखे तो उसे प्राणासन कहते हैं । यह सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है । वस्तुतः वायु को मूलाधार में स्थापित कर ध्यान करते हुए उसे संकुचित कर प्राणासन करना चाहिए ॥ ६५-६७ ॥

---

१. बाहुपूजाम्—क० ।   २. माहृत्य—क० ।
३. भेकनामासनम्—क० ।   ४. षण्मुखम्—क० ।
५. ध्यायेदिष्टपदं श्रीमानासनस्थः—क० ।
६. महांश्चासौ भेकश्चेति महाभेकः, महान् दर्दुरः, तस्यासनम् ।

समानासनमाकृत्य बृद्धाङ्गुष्ठं करेण च ।
एकेन सोऽधिकारी स्यात् स्वरयोगादिसाधने ॥ ७६ ॥

हे महाकाल ! अब समानासन के साधन को कहती हूँ, जिसके भेदों को क्रमशः जान कर साधक योगेश्वर बन जाता है । समानासन कर एक हाथ से अंगूठा बाँध रखे । ऐसा करने से साधक स्वरयोगादि के साधन में अधिकारी बन जाता है ॥ ७५-७६ ॥

आसनं यो हि जानाति वायूनां हरणं तथा ।
कालादीनां निर्णयं तु स कदाचिन्न नश्यति ॥ ७७ ॥
कालेन लभ्यते सिद्धिः कालरूपो महोज्ज्वलः ।
साधकैर्योगिभिर्ध्येयः सिद्धवीरासनात्मना ॥ ७८ ॥

जो आसन करना जानता है, वायु का हरण करना जानता है तथा कालादि का निर्णय करना जानता है, वह कभी नष्ट नहीं होता । काल प्राप्त करने पर सिद्धि होती है । काल का स्वरूप उज्ज्वल ( प्रकाश करने वाला ) है । इसलिए साधक योगियों को सिद्ध वीरासन से उसका ध्यान करना चाहिए ॥ ७७-७८ ॥

अथ वक्ष्ये नीलकण्ठ ग्रन्थिभेदासनं शुभम् ।
ज्ञात्वा रुद्रो भवेत् क्षिप्रं सूक्ष्मवायुनिषेवणात् ॥ ७९ ॥
कृत्वा पद्मासनं मन्त्री जङ्घयोः हृदये करौ ।
कूर्परस्थान[१]पर्यन्तं विभेद्य स्कन्धधारणम् ॥ ८० ॥

अब हे नीलकण्ठ ! परम कल्याणकारी ग्रन्थि भेद नामक आसन कहती हूँ । जिसके द्वारा सूक्ष्म वायु ग्रहण कर साधक शीघ्रता से रुद्र बन जाता है । मन्त्रज्ञ साधक पद्मासन कर दोनों जंघा और हृदय में दोनों हाथों को कूर्पर ( केहुनी ) पर्यन्त उसमें डालकर कन्धे पर धारण करे ॥ ७९-८० ॥

भित्त्वा पद्मासनं मन्त्री सहस्रार्द्धेन[२] घाटनम् ।
येन शीर्षं भावनम्रं[३] सर्वाङ्गुलिभिराश्रमम् ॥ ८१ ॥
ग्रन्थिभेदासनञ्चैतत् खेचरादिप्रदर्शनम् ।
कृत्वा सूक्ष्मवायुलयं परमात्मनि भावयेत् ॥ ८२ ॥

मन्त्रवेत्ता साधक पद्मासन के भीतर हाथ डालकर ५०० बार सिर को नीचे की ओर झुका कर नम्र करे । यह ग्रन्थिभेद नामक आसन है । ऐसा करने से आकाश में रहने वाले समस्त खेचर दिखाई पड़ते हैं अतः साधक इससे सूक्ष्म वायु में मन का लय कर परमात्मा में ध्यान करे ॥ ८१-८२ ॥

---

१. कूर्परस्तनपर्यन्तम्—क० ।
२. हस्तोर्ध्वेन स्याघाटनम्—क० ।
३. येन शीर्षं भवेन्नम्रं सर्वाङ्गुलिभिराश्रयम्—क० ।

अथान्यासनमावक्ष्ये योगपूरकरक्षणात् ।
कृत्वा पद्मासनं पादा[१] अङ्गुष्ठजङ्घयोः स्थितम् ॥ ८३ ॥
हस्तमेकं तु जङ्घायाः कार्मुकं कूर्परोर्द्धकम् ।
पद्मासने समाधाय अङ्गुष्ठं परिधापयेत् ॥ ८४ ॥
कार्मुकासनमेतद्धि सव्यापसव्ययोगतः ।
पद्मासनं वेष्टयित्वा अङ्गुष्ठाग्रं प्रभावयेत्[२] ॥ ८५ ॥

इसके बाद अन्य आसन कहती हूँ यह योग में पूरक प्राणायाम के रक्षण में कारण है । पद्मासन कर दोनों पैर के अंगूठों को जङ्घा पर रक्खे । एक हाथ जङ्घा पर रखे, दूसरा हाथ धनुष के समान टेढ़ा कर कूर्पर के अग्रभाग पर और पद्मासन पर रक्खे अपने पैर के अंगूठों को चलाता रहे । सव्यापसव्य के योग से इसे **कार्मुकासन** कहते हैं ॥ ८३-८५ ॥

यः करोति सदा नाथ कार्मुकासनमुत्तमम् ।
तस्य रोगादिशत्रूणां क्षयं नीत्वा सुखी भवेत् ॥ ८६ ॥
अथ वक्ष्येऽत्र संक्षेपात् सर्वाङ्गासनमुत्तमम् ।
यत्कृत्वा योगनिपुणो विद्याभिः पण्डितो यथा ॥ ८७ ॥
अधो निधाय शीर्षं च ऊर्द्ध्वपादद्वयं चरेत् ।
पद्मासनं तु तत्रैव भूमौ कूर्परयुग्मकम् ॥ ८८ ॥

हे नाथ ! जो इस उत्तम कार्मुकासन को करता है, उसके रोगादि समस्त शत्रु नष्ट हो जाते हैं और वह सुखी हो जाता है । अब इसके अनन्तर संक्षेप में सर्वश्रेष्ठ **सर्वाङ्गासन** कहती हूँ । जिसके करने से साधक योगशास्त्र में इस प्रकार निपुण हो जाता है जैसे विद्या में पण्डित निपुण होता है । यह आसन नीचे शिर रख कर तथा दोनों पैरों को ऊपर कर करना चाहिए । भूमि में दोनों हाथों की केहुनियों को पद्मासन की तरह स्थापित करे ॥ ८६-८८ ॥

दण्डे दण्डे सदा कुर्यात् [३]श्रमशान्तिपरः सुधीः ।
नित्यं सर्वासनं हित्वा न कुर्याद् वायुधारणम् ॥ ८९ ॥
मासेन[४] सूक्ष्मवायूनां गमनं चोपलभ्यते ।
त्रिमासे[५] देवपदवीं त्रिमासे शीतलो भवेत् ॥ ९० ॥

बुद्धिमान् साधक को अपने श्रमापनोदन के लिए एक एक दण्ड के अनन्तर यह आसन करना चाहिए । सर्वाङ्गासन को छोड़कर नित्य वायु धारण न करे । ऐसा करने वाले

---

१. जंघा बहिःस्थितम्—क० । २. प्रभासयेत्—क० ।

३. श्रमश्च शान्तिश्च श्रमशान्ती, तयोः परः । अथवा—श्रमजनिता शान्तिः श्रमशान्तिः, मध्यमपदलोपिसमासः, तत्र परः ।

४. मासेन—क० । ५. द्विमासे—क० ।

साधक के शरीर में एक महीने में सूक्ष्म वायु चलने लगती है और वह तीन मास में देव पदवी प्राप्त कर शीतल हो जाता है ॥ ८९-९० ॥

अथ वक्ष्ये महादेव मयूरासनमुत्तमम् ।
भूमौ निपात्य हस्तौ द्वौ कूर्परोपरि देहकम् ॥ ९१ ॥
कूर्परोपरि संस्थाप्य सर्वदेहं स्थिराशयः ।
केवलं हस्तयुगलं निपात्य भुवि सुस्थिरः ॥ ९२ ॥

हे महादेव ! अब इसके अनन्तर सर्वश्रेष्ठ **मयूरासन** कहती हूँ । दोनों हाथों को पृथ्वी पर स्थापित करे तथा दोनों केहुनी पर समस्त शरीर स्थापित करे और आशय ( उदर ) को केहुनी पर स्थिर रखे तो मयूरासन हो जाता है ॥ ९१-९२ ॥

एतदासनमात्रेण नाडीसम्भेदनं भवेत् ।
पूरकेण दृढो याति सर्वत्राङ्गाश्रयेण च ॥ ९३ ॥
अथान्यदासनं कृत्वा[1] सर्वव्याधिनिवारणम् ।
योगाभ्यासी भवेत्क्षिप्रं ज्ञानासनप्रसादतः ॥ ९४ ॥

केवल दोनों हाथों को पृथ्वी पर रखकर सुस्थिर होकर बैठ जावे । इस आसन के करने मात्र से सभी नाड़ियाँ परस्पर एक हो जाती हैं । पूरक प्राणायाम के द्वारा सर्वाङ्ग का आश्रय हो जाने से साधक दृढ़ता प्राप्त करता है । इसके बाद अन्य ज्ञानासन करने से सभी व्याधियों का विनाश हो जाता है और साधक शीघ्रता से योगाभ्यासी बन जाता है ॥ ९३-९४ ॥

दक्षपादोरुमूले[2] च वामपादतलंतथा ।
दक्षपादतलं दक्षपार्श्वे संयोज्य धारयेत् ॥ ९५ ॥
एतज्ज्ञानासनं नाथ ज्ञानाद्विद्याप्रकाशकम् ।
निरन्तरं यः करोति तस्य ग्रन्थिः श्लथी भवेत् ॥ ९६ ॥

दाहिने पैर के ऊरुमूल पर बायें पैर का तलवा रखे । फिर दाहिने पैर के तलवे को दाहिने बगल के पार्श्वभाग से संयुक्त कर धारण करे । हे नाथ ! इसे **ज्ञानासन** कहा जाता है । इस ज्ञानासन से विद्या का प्रकाश होता है । अतः जो इस आसन का अभ्यास निरन्तर करता है उसकी अज्ञान ग्रन्थि ढीली पड़ जाती है ॥ ९५-९६ ॥

सव्यापसव्ययोगेन मुण्डासनमिति स्मृतम् ।
कृत्वा ध्यात्वा स्थिरो भूत्वा लीयते परमात्मनि ॥ ९७ ॥
गरुडासनमत्वक्ष्ये येन ध्यानं स्थिरं मुनि ।
सर्वदोषादिनिर्मुक्तो भवतीह महाबली ॥ ९८ ॥

---

१. वक्ष्ये—क०

२. दक्षपादस्य ऊरुमूले इत्यर्थः ।

सव्यापसव्य के योग से इसे मुण्डासन भी कहा जाता है । इसको करने से, ध्यान करने से और स्थिर रखने से साधक परमात्मा में लीन हो जाता है । अब मैं गरुडासन कहती हूँ जिसके करने से पृथ्वी पर ध्यान स्थिर रहता है, साधक सारे दोषों से मुक्त हो जाता है और महाबलवान् हो जाता है ॥ ९७-९८ ॥

एकपादमुरौ बद्ध्वा एकपादेन दण्डवत् ।
जङ्घापादसन्धिदेशे ज्ञानव्यग्रं व्यवस्थितम् ॥ ९९ ॥
एतदासनमाकृत्य पृष्ठे संहारमुद्रया ।
आराध्य योगनाथं च सदा सर्वेश्वरस्य च ॥ १०० ॥

एक पैर को ऊरु पर रखे दूसरे पैर से दण्ड के समान खड़ा रहे तो गरुडासन होता है । एक पैर को जंघा और पैर के सन्धि स्थान में रखे दूसरे को डण्डे के समान खड़ा रखे तो वह व्यवस्थित किन्तु ज्ञानव्यग्र होता है । इस आसन को करने के पश्चात् पीछे से संहार मुद्रा द्वारा योगनाथ की तथा सर्वेश्वर की आराधना करनी चाहिए ॥ ९९-१०० ॥

अथान्यदासनं वक्ष्ये येन सिद्धो भवेन्नरः ।
अकस्माद् वायुसञ्चारं कोकिलाख्यासनेन[1] च ॥ १०१ ॥
ऊर्ध्वे हस्तद्वयं कृत्वा तदग्रे पादयोः सुधीः ।
वृद्धाङ्गुष्ठद्वयं नाथ शनैः शनैः प्रकारयेत् ॥ १०२ ॥

अब मैं अन्य आसन कहती हूँ जिससे मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है । वह है **कोकिल** नामक आसन, जिससे शरीर में अकस्मात् वायुसञ्चार होता है । पैर को आगे पसार कर उस पर दोनों हाथ रख कर पैर के आगे का अंगूठा पकड़े, इस क्रिया को धीरे-धीरे सम्पन्न करे ॥ १०१-१०२ ॥

पद्मासनं समाकृत्य कूर्परोपरि संस्थितः[2] ।
अथ[3] वक्ष्ये वीरनाथ आनन्दमन्दिरासनम् ॥ १०३ ॥
यत्कृत्वा अमरो धीरो भवत्येवेह साधकः ।
हस्तयुग्मं पाददेशे पादयुग्मं प्रदापयेत् ॥ १०४ ॥
प्रकृत्य दण्डवत् कौल नितम्बाग्रे प्रतिष्ठति ।
खञ्जनासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा सुस्थिरो भवेत् ॥ १०५ ॥

अथवा पद्मासन कर दोनों कूर्पर के बल स्थित हो जावे तो **कोकिलासन** होता है । हे वीरनाथ ! अब मैं **आनन्दमन्दिरासन** कहती हूँ, जिसके करने से धीर साधक अमर बन जाता

---

१. कोटिलाख्यामलेन च—ख० ।

२. स्कन्दसम्—क० ।

३. स्थापयेत् कौलिकानाथ कौलिकासनमुत्तमम् ।
एतदासनमाकृत्य वायुरभ्यासान्निर्मलम् ॥
तिष्ठेत् ऊर्ध्वमुखो धीरः लिकिकासनमुत्तमम् ॥ क० अ० पा० ।

है । हे कौल ! दोनों पैरों के ऊपर किसी देश पर क्रमशः दोनों हाथों को रखकर फिर उन्हें दण्डे के समान खड़ा कर नितम्ब के अग्रभाग में स्थापित करे ॥ १०३-१०५ ॥

पृष्ठे पादद्वयं बद्ध्वा हस्तौ भूमौ प्रधारयेत् ।
भूमौ हस्तद्वयं नाथ पातयित्वानिलं पिबेत् ॥ १०६ ॥
पृष्ठे पादद्वयं बद्ध्वा खञ्जनेन जयी भवेत् ।
अथान्यदासनं वक्ष्ये साधकानां हिताय वै ॥ १०७ ॥

अब खञ्जनासन कहते हैं, जिसके करने से साधक सुस्थिर हो जाता है । दोनों पैरों को पीठ पर बाँधकर दोनों हाथ पृथ्वी पर रखे । हे नाथ ! भूमि पर दोनों हाथों को रख कर वायु पान करे । पीठ पर दोनों पैर को बाँध कर खञ्जनासन करने से साधक जयी हो जाता है ॥ १०५-१०७ ॥

पवनासनरूपेण खेचरो योगिराड्भवेत् ।
स्थित्वा बद्धासने[1] धीरो नाभेरधःकरद्वयम् ॥ १०८ ॥
ऊर्ध्वमुण्डः पिबेद् वायुं निरुद्ध्येत[2] यमाविले ।

अब साधकों के लिए अन्य आसन कहते हैं । पवनासन करने से साधक खेचर तथा योगिराज हो जाता है । धीर हो कर पद्मासन पर स्थित हो कर नाभि के नीचे दोनों हाथ रखकर शिर को ऊपर उठा कर वायु पान करे और दो छिद्र वाले इन्द्रियों ( कान, आँख, नासिका ) को रोके ॥ १०८-१०९ ॥

अथ सर्पासनं वक्ष्ये वायुपानाय केवलम् ॥ १०९ ॥
शरीरं दण्डवत्तिष्ठेद्रज्जुबद्धस्तु[3] पादयोः ।
वायवी कुण्डली देवी कुण्डलाकारमङ्गुले ॥ ११० ॥
मण्डिता भूषणाद्यैश्च वक्ष्ये सर्पासनस्थितम् ।
निद्रालस्यभयान् त्यक्त्वा रात्रौ कुर्यात्पुनः पुनः ॥ १११ ॥

अब केवल वायु पान के लिए सर्पासन कहते हैं । दोनों पैरों में रस्सी बाँधकर शरीर को दण्डे के समान खड़ा रखे । कुण्डली देवी वायवी हैं । उनका आकार कुण्डल के समान गोल है । वे भूषणादि से मण्डित हैं तथा सर्पासन पर स्थित रहने वाली है इसे आगे कहूँगा । साधक निद्रा आलस्य तथा भय का त्याग कर बारम्बार इस सर्पासन को करे ॥ १०९-१११ ॥

सर्वान् विघ्नान् वशीकृत्य निद्रादीन् वायुसाधनात् ।
अथ वक्ष्ये [4]काकरूपस्कन्धासनमनुत्तमम् ॥ ११२ ॥

---

१. पद्मासने—क० ।

२. निरुद्धेन्द्रियमार्गेणे—क० ।

३. रज्वा—क० ।

४. कालरूप कल्पदासनमनुत्तमम्—क० ।
—काकरूपं यत्स्कन्धासनम्, इत्यर्थः ।

# अथ चतुर्विंश: पटल:

आनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्ये महादेव योगशास्त्रार्थनिर्णयम् ।
येन विज्ञानमात्रेण षट्चक्रग्रन्थिभेदक: ॥ १ ॥

योगसाधननिरूपणम्

पर्व्वातिरिक्तदिवसे कुर्यात् श्रीयोगसाधनम् ।
कालिकाकुलसर्वस्वं कला[1] कालसमन्वितम् ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर योगशास्त्र के अर्थ का निर्णय कहती हूँ जिसके ज्ञानमात्र से पुरुष षट्चक्र का भेदन करने वाला बन जाता है । पर्व के दिनों को छोड़कर श्रीविद्या के योग का साधन करना चाहिए । यह श्रीयोग महाकाल से युक्त कालिका कुल सर्वस्व की कला है ॥ १-२ ॥

आसनं विधिना ज्ञानं कोटिकोटिक्रियान्वितम् ।
शतलक्षसहस्राणि आसनानि महीतले ॥ ३ ॥
स्वर्गे पातालमध्ये तु सम्मुक्तानि महर्षिभि: ।
भेदाभेदक्रमेणैव कुर्यान्नित्यं सदासनम् ॥ ४ ॥

करोड़ों करोड़ों क्रियाओं से युक्त आसन का ज्ञान विधिपूर्वक करना चाहिए । इस पृथ्वी पर ही सौ लाख हजार आसन कहे गए हैं । जिन्हें महर्षियों ने स्वर्ग में एवं पाताल में किया था । अत: भेदाभेद के क्रम से उन अच्छे अच्छे आसनों को सर्वदा करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

तत्प्रकारं च विविधं यत्कृत्वा सोऽमरो भवेत् ।
अमर: सिद्ध इत्याहुरष्टैश्वर्यसमन्वितम् ॥ ५ ॥
प्रतिभाति स एवार्थो मूलमन्त्रार्थवेदिन:[2] ।
अमरास्ते प्रशंसन्ति सर्वलोकनिरन्तरम् ॥ ६ ॥

अष्टैश्वर्य समन्वित उस आसन के अनेक प्रकार हैं, जिन्हें करने पर साधक अमर हो जाता है । ऐसा लोग कहते हैं कि देवता लोग आसन के प्रभाव से सिद्ध हो गए हैं । यही बात मूलमन्त्र के अर्थवेत्ताओं को भी भासित होती है । देवता लोग भी सभी लोकों में निरन्तर आसन की प्रशंसा करते हैं ॥ ५-६ ॥

---

१. काली (?)—क० ।

२. मूलमन्त्रार्थं विदन्ति, तच्छीला मूलमन्त्रार्थवेदिन:, तच्छीले णिनि: ।

स्थापयित्वा उद्ध्र्वमुखो वायुपानं समाचरेत् ।
अथ वक्ष्ये महादेव कुञ्जरासनमुत्तमम् ॥ १६ ॥

अब मकरासन कहती हूँ जिससे वायुपान के लिए कुम्भक किया जाता है। पीठ पर दोनों पैर रखकर दोनों हाथों से पीठ को बाँध लेवे—यह मकरासन है। अब सिंहासन कहती हूँ। क्रमशः दोनों हाथ की केहुनी पर दोनों पैर का जानु स्थापित करे। तदनन्तर मुख को ऊपर कर वायु पान करे। यह सिंहासन है ॥ १४-१६ ॥

करेणैकेन पादाभ्यां भूमौ तिष्ठेत् शिरः करः ।
व्याघ्रासनमथो वक्ष्ये [1]क्रोधकालविनाशनम् ॥ १७ ॥
एकपादं शीर्षमध्ये मेरुदण्डोपरि स्थितम् ।
भल्लूकासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा योगिराड् भवेत् ॥ १८ ॥

हे महादेव ! अब इसके बाद सर्वश्रेष्ठ कुञ्जरासन कहती हूँ—एक हाथ तथा दोनों पैरों के सहारे पृथ्वी पर स्थित रह कर शिर पर दूसरा पैर रखे तो सिंहासन होता है। अब क्रोधरूपी काल को विनाश करने वाले व्याघ्रासन को कहती हूँ। मेरुदण्ड के ऊपर से ले जाकर एक पैर शिर के मध्य में स्थापित करे तो व्याघ्रासन हो जाता है ॥ १७-१८ ॥

नितम्बे च पादगोष्ठी [2]हस्ताभ्यामङ्गुलीयकम् ।
अथ कामासनं वक्ष्ये कामसद्मेन[3] हेतुना ॥ १९ ॥
गरुडासनमाकृत्य कनिष्ठाग्रं स्पृशोद्भवम्[4] ।
वर्त्तुलासनमावक्ष्ये यत्कृत्वा भैरवो भवेत् ॥ २० ॥
आकाशस्थितपादाभ्यां पृष्ठदेशं निबन्धयेत् ।

अब भल्लूकासन कहती हूँ जिसके करने से साधक योगिराज बन जाता है। दोनों नितम्ब पर पैर रखकर हाथों से ( पैर की ) अंगुली पकड़ रखे—यह भल्लूकासन है।

अब काम का मर्दन करने वाले कामासन को कहती हूँ। गरुडासन ( द्र०. २३. ९९ ) कर उसे कनिष्ठा अंगुली से पकड़े रहे। अब वर्तुलासन कहती हूँ जिसके करने से साधक साक्षात् भैरव बन जाता है। दोनों पैर को आकाश में खड़ाकर पीठ को बाँध लेवे।

अथ मोक्षासनं वक्ष्ये यत्कृत्वा मोक्षमन्दिरम्[5] ॥ २१ ॥
दक्षहस्तं दक्षपादं केवलं स्थापयेत्सुधीः ।
अथ मालासनं नाथ यत्कृत्वा वायवीप्रियः ॥ २२ ॥
शुभयोगं समाप्नोति एकहस्तस्थितो नरः ।
अथ दिव्यासनं वक्ष्ये पृष्ठं हस्तेन बन्धयेत् ॥ २३ ॥

अब मोक्षासन कहती हूँ जिसके करने से मोक्षाधिकारी बन जाता है।

---

१. क्रोध एव कालस्तस्य विनाशनं विनाशकमित्यर्थः ।
२. अङ्गुलीद्वयम्—क० । ३. काममर्दनम्—क० ।
४. भुवि—क० । ५. क्षेम—क० ।

मनुष्य चिरञ्जीवी बन जाता है ॥ ३४-३८ ॥

संवत्सरं साधनाद्वै जीवन्मुक्तो भवेद् ध्रुवम् ।
श्रीविद्यासाधनं पश्चात् कथितव्यं तव प्रभो ॥ ३९ ॥
आसनं योगसिद्ध्यर्थं [1]कायशोधनहेतुना ।
इदानीं शृणु देवेश रहस्यं कोमलासनम् ॥ ४० ॥
योगसिद्धिविचाराय [2] रहस्यं चर्मासनं शुभम् ।
अथ नरासनं वक्ष्ये षोडशादिप्रकारकम् ॥ ४१ ॥
येन साधनमात्रेण योगी भवति साधक: ।
प्रकारं षोडशप्रोक्तं मत्कुलागमसम्भवम् ॥ ४२ ॥

किं बहुना एक संवत्सर की साधना से निश्चित रूप से मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाता है। हे प्रभो ! अब इसके आगे श्री विद्या के आसन का साधन आपसे कहूँगी। आसन कायशुद्धि के लिए है। कायशुद्धि से योगसिद्धि होती है। हे देवेश ! अब कोमलासन के गुप्त रहस्य को श्रवण कीजिए। योगसिद्धि के लिए चर्मासन शुभकारक गोपनीय रहस्य है।

अब मैं सोलह प्रकार वाले नरासन को कहती हूँ, जिसके साधन से साधक योगी बन जाता है। नरासन का उक्त सोलह प्रकार हमारे शाक्तागम से उत्पन्न हुआ है ॥ ३९-४२ ॥

येन साधनमात्रेण साक्षाद्योगी महीतले ।
एकमासाद् भवेत्कल्पो[3] द्विमासे द्रुतकल्पनम्[4] ॥ ४३ ॥
त्रिमासे योगकल्प:[5] स्याच्चतुर्मासे स्थिराशय:[6] ।
पञ्चमासे सूक्ष्मकल्पे[7] षष्ठमासे विवेकग: ॥ ४४ ॥
सप्तमासे ज्ञानयुक्तो भावको भवति ध्रुवम् ।
अष्टमासेऽन्नसंयुक्तो[8] जितेन्द्रियकलेवर: ॥ ४५ ॥
नवमे सिद्धिमिलनो दशमे चक्रभेदवान् ।
एकादशे महावीरो द्वादशे खेचरो भवेत् ॥ ४६ ॥

इसके साधन से पृथ्वी पर साधक एक मास में योगी के समान हो जाता है। दो मास मे योग कल्पक, तीन मास में योगीकल्प, चार मास में स्थिराशय, पाँच मास में सूक्ष्मकल्प तथा षष्ठमास मे ज्ञान का पात्र हो जाता है।

भावक सात मास में निश्चित रूप से ज्ञानवान् हो जाता है। आठ महीने मे सत्त्वसम्पन्न तथा इन्द्रिय विजेता बन जाता है। नव महीने मे सिद्धि का मिलन होता है, दश मास मे चक्रों का भेदन करने वाला, एकादश में महावीर तथा द्वादश मास में खेचर हो जाता है ॥ ४५-४६ ॥

---

१. कायसाधन—क० ।　२. योगशिक्षा—क० ।
३. कम्पो—क० ।　४. कम्पनम्—क० ।　५. कम्प:—क० ।
६. स्थिर आशयोऽन्त:करणं यस्यासौ । आ समन्तात् शेते यस्मिन्नसौ आशय: ।
७. सूक्ष्मकम्पो—क० ।　८. अष्टमे सत्त्वसंयुक्तो—क० ।

इति योगासनस्थश्च[1] योगी भवति साधकः ।
नरासनं यः करोति स सिद्धो नात्र संशयः ॥ ४७ ॥
तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि येन सिद्धो भवेत्प्रभो ।
अधोमुखं महादेव नरासनस्य साधने ॥ ४८ ॥

इस प्रकार योग और आसन से संयुक्त साधक योगी बन जाता है, जो नरासन करता है वह सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ४७ ॥

**शवसिद्धिकथन**—हे प्रभो ! अब नरासन का प्रकार कहती हूँ, जिससे साधक सिद्ध बन जाता है । नरासन के साधन काल में अधोमुख रहना चाहिए ॥ ४८ ॥

करणीयं साधकेन्द्रैर्योगशास्त्रार्थसम्मतैः ।
अक्षीणं यौवनोद्दामं सुन्दरं [2]चारुकुन्तलम् ॥ ४९ ॥
लोकानां श्रेष्ठमेवं हि पतितं रणसम्मुखे ।
तत्सर्वं[3] हि समानीय मङ्गले वासरे निशि ॥ ५० ॥
चन्द्रसूर्यासनं कृत्वा साधयेत्तत्र कौलिकः ।
अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि सर्वसिद्धिप्रकारकम्[4] ॥ ५१ ॥
भेकासनं यः करोति स एव योगिनीपतिः ।

योगशास्त्र में निष्ठा रखने वाले साधकेन्द्रों को जिस प्रकार नरासन करना चाहिए उसका प्रकार कहती हूँ । जिसकी उत्कृष्ट जवानी क्षीण न हुई हो, जिसके केश अत्यन्त सुन्दर हों, जो शरीर से सुन्दर हो, युद्धभूमि में सामने मारा गया है, ऐसे लोक श्रेष्ठ युवक के शरीर को सन्निहितया लाकर मङ्गलवार के दिन रात्रि के समय चन्द्रासन और सूर्यासन कर कौलिक ( शाक्त ) साधक उसकी सिद्धि करे । इसके अतिरिक्त एक और सर्वसिद्धि का प्रकार कहती हूँ । जो उक्त शव पर बैठकर भेकासन करता है वही योगिनीपति होता है ॥ ४९-५२ ॥

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि यत्कृत्वा योगिराड् भवेत् ॥ ५२ ॥
तत्सर्वोत्तरशिरसि[5] स्थित्वा चन्द्रासने जपेत् ।
अथान्यत् तत्प्रकारञ्च महाविद्यादिदर्शनात् ॥ ५३ ॥
मत्सरे[6] गौरवर्णे च तत्र शैलासने जपेत् ।
अथान्यत्तत्प्रकारं च योगिकौलो न संशयः ॥ ५४ ॥
यद्येवं म्रियते सोऽपि तदा भद्रासने जपेत् ।
तत्तत्साधनकाले च एवं कुर्याद्दिने दिने ॥ ५५ ॥

अब दूसरा आसन कहती हूँ जिसको करके साधक योगिराज बन जाता है । उस शव के शिर के पीछे चन्द्रासन पर स्थित हो जप करे । अब उसका और प्रकार कहती हूँ, जो महाविद्या के दर्शन में कारण है ॥ ५२-५३ ॥

---

१. योगासनद्वन्द्वम्—क० । २. मण्डलम्—क० । ३. शवम्—क० ।
४. सर्वसिद्धिप्रकारणात्—क० ।—सर्वासां सिद्धीनां प्रकृष्टं कारणम्, तस्मात् ।
५. शवोत्तरशिरसि—क० । ६. यत् शवे—क० ।

मत्सर युक्त किन्तु गौरवर्ण के शवासन पर शैलासन से जप करे । अब उसका एक और प्रकार कहती हूँ, जिससे निस्सन्देह योगी शाक्त बन जाता है । जो उक्त प्रकार से मरा हुआ शव है उस पर भद्रासन से स्थित हो कर जप करे । उसकी सिद्धिकाल में प्रतिदिन ऐसा करे ॥ ५४-५५ ॥

नृत्यवाद्यगीतरागभोगोनविंशतौ [1] दिने ।
चतुर्दशं न वीक्ष्येत [2] भैरवाणां भयाद्दर्शनात् ॥ ५६ ॥
मनोनिवेशमात्रेण योगी भवति भैरव ।
स्वेच्छासनं [3] समाकृत्य मन्त्रं जपति यो नरः ॥ ५७ ॥
महासारो [4] वीतरागः सिद्धो भवति निश्चितम् ।

शवसाधनानिरूपणम्

अथान्यत् शवमाहात्म्यं शृणुष्वावहितो मम ॥ ५८ ॥

उन्नीसवें दिन साधक नृत्य, वाद्य, गीत, राग तथा भोग इन १४ का दर्शन न करे क्योंकि दर्शन से भैरवों का भय होता है । हे भैरव ! इस प्रकार मन के सन्निवेश मात्र से साधक योगी हो जाता है । स्वेच्छासन करके जो मनुष्य जप करता है, दृढ़ सत्त्ववान्, वीतराग तथा निश्चित रूप से योगी होता है । अब हे सदाशिव ! सावधान हो कर अन्य प्रकार के शव माहात्म्य को सुनिए ॥ ५६-५८ ॥

तत्सर्वं [5] गृहमानीयाच्छाद्य शार्दूलचर्मणा ।
तत्र मन्त्री महापूजां कृत्वा [6] प्रविश्य संजपेत् ॥ ५९ ॥
पद्मासनस्थस्तस्यैव [7] झटिद् योगी न संशयः ॥ ६० ॥
एतत्प्रकाररासनमाशु कृत्वा
जितेन्द्रियो योगफलार्थविज्ञः ।
भवेन्मनुष्यो मम चाज्ञया हि
सिद्धो गणोऽसौ [8] जगतामधीशः ॥ ६१ ॥

उस शव को घर पर लाकर व्याघ्र चर्म से उसे आच्छादित करे । फिर उसकी महापूजा कर उस पर बैठ कर जप करे । पद्मासन लगाकर जप करने से शीघ्र ही योगी बन जाता है इसमें संशय नहीं । इस प्रकार शवसिद्धि का प्रकार सम्पादन कर साधक जितेन्द्रिय और योगफल के अर्थ का ज्ञाता हो जाता है । मेरी आज्ञा से ऐसा साधक सिद्ध हो जाता है, शिवगण हो जाता है तथा जगत् का स्वामी बन जाता है ॥ ५९-६१ ॥

---

१. भोगोन—क० ।—नृत्यवादित्र ।
२. न वेक्षेत् (ना रक्षेत्)—क० ।
३. देहासनम्—क० ।
४. महाशवे—क० ।
५. तत् शवं गृहमानीयच्छाद्यं शार्दूलचर्मणा—क० ।—शार्दूलस्य चर्मणा, इति षष्ठीतत्पुरुषः ।
६. कृत्वोपविश्य—क० ।
७. पद्मासनस्थस्तु सैव—क० ।
८. गणेशो—क० ।

मूलखड्ग[१] यष्टिपरडितरवारादिना युतम् ।
.... भूतसर्पराज[२] व्याघ्रं सद्यो मृतं यजेत् ॥ ६२ ॥
यस्य मृत्युर्भवेन्नाथ भैरवस्य सुरापतेः ।
रणे सम्मुखयुद्धस्य तदानीय जपं चरेत् ॥ ६३ ॥
तत्र कौलासनं कृत्वा अथवा कमलासनम् ।
महाविद्यामहामन्त्रं जप्त्वा लिङ्गमवाप्नुयात्[३] ॥ ६४ ॥

मरे हुए भूत सर्प, राजा और व्याघ्र के शव पर मूल, खड्ग, यष्टि, परडि ?, तलवार लेकर जप करे । हे नाथ ! सुरा पीने वाले जिस भैरवोपासक की सम्मुख युद्ध करते हुए मृत्यु हो गई हो उसे लाकर जप किया जा सकता है । उस पर कौलासन अथवा कमलासन (=पद्मासन) से बैठकर महाविद्या के महामन्त्र का जप करे तो स्पष्ट रूप से महाविद्या के चिन्ह दिखाई पड़ने लगते हैं ॥ ६२-६४ ॥

एतत्सर्वं[४] न गृह्णीयाद् यदीच्छेदात्मनो हितम्[५] ।
कुव्याधिमरणं [६]कुष्ठं स्त्रीवश्यं पतितं [७]मृतम् ॥ ६५ ॥
दुर्भिक्षमृतमुन्मत्तमव्यक्तलिङ्गमेव च ।
हीनाङ्गं भूचरवृद्धं[८] पलायनपरं तथा[९] ॥ ६६ ॥
अन्यदुयो[१०] यद् विचारेण हत्वा लोकं जपन्ति ये ।
ते सर्वे व्याघ्रभक्षा[११] स्युः खादन्ति व्याघ्ररूपिणः ॥ ६७ ॥

**शवसाधना में त्याज्य शव**—यदि साधक अपना कल्याण चाहे तो निम्न प्रकार के शवों को जप के लिए न ग्रहण करे । जिसकी कुव्याधि से मृत्यु हो, जो कोढ़ी हो, स्त्री-वश्य हो अथवा पतित होकर मरा हो, जो दुर्भिक्ष में मरा हो, उन्मत्त हो कर मरा हो, जो स्त्री पुरुष के लिङ्ग से रहित ( नपुंसक ) होकर मरा हो, हीनाङ्ग होकर मरा हो, पृथ्वी पर विचरण करने वाला वृद्ध तथा युद्ध में भागते हुए मरा हो अथवा जिसने जिस विचार से किसी की हत्या कर दी हो, ऐसे शव पर बैठकर जो जप करते हैं वे सब व्याघ्र के भक्ष्य हो जाते हैं, उन्हें शेर बाघ का रूप धारण कर खा जाते हैं ॥ ६५-६७ ॥

पर्युषितं तथाश्वस्यमधिकाङ्ग[१२] कुकिल्बिषम् ।
ब्राह्मणं गोमयं वीरं धार्मिकं सन्त्यजेत् सुधीः ॥ ६८ ॥
स्त्रीजनं योगिनं त्यक्त्वा साधयेद्वीरसाधनम् ।
तदा सिद्धो भवेन्मन्त्री आज्ञया मे न संशयः ॥ ६९ ॥

---

१. ग० नास्ति । २. शृणु शत्रु तव शारादिनायुतम् वृद्ध अथवा बहु—क० । ३. सिद्धिम्—क० । ४. शवम्—क० । ५. यदिच्छेत्—क० । ६. कुष्ठिम्—क० । ७. गुरुम्—क० । ८. तु वरं वृद्धम्—क० । ९. तरायणं—क० । १०. अन्यायादविचारेण—क० । ११. व्याघ्रभक्षाः स्यात्—मूले क० । १२. तथास्पृश्यम्—क० ।

जो शव बासी हो गया हो, अश्व पर स्थित होकर मरा हो, अधिकाङ्ग हो, बुरे से बुरा पाप किया हो, ब्राह्मण हो, गोबर पर स्थित हो, वीरमार्ग में रहने वाला हो, धार्मिक हो ऐसे शव का परित्याग कर देना चाहिए। स्त्रीजन का शव और योगी का शव इन्हें छोड़कर वीर साधन करना चाहिए। तब मन्त्रज्ञ मेरी आज्ञा से सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ६९ ॥

तरुणं सुन्दरं शूरं मन्त्रविद्यं समुज्ज्वलम् ।
गृहीत्वा जपमाकृत्य सिद्धो भवति नान्यथा ॥ ७० ॥
मनुष्यशवहृत्पद्मे सर्वसिद्धिकुलाकुलाः[1] ।
तत्र सर्वासनान्येव सिद्ध्यन्ति नात्र संशयः ॥ ७१ ॥
अथान्यत्तत्प्रकारं तु यत्कृत्वा योगिराट्[2] भवेत् ।
कोमलाद्यासने स्थित्वा धारयन्[3] मारुतं सुधीः ॥ ७२ ॥

तरुण, सुन्दर, शूर, मन्त्रवेत्ता, प्रकाश से उज्ज्वल शव को ग्रहण कर उस पर जप करने से साधक सिद्ध हो जाता है, अन्यथा नहीं। मनुष्य के हृत्पद्म में कुल अथवा अकुल सभी सिद्धियाँ रहती हैं। उन पर उन-उन आसनों से जप करने से सिद्धि होती है इसमें संशय नहीं। इसके अतिरिक्त एक अन्य प्रकार है। कोमलादि आसन पर स्थित रहने वाला सुधी साधक वायु को धारण करने से योगिराज हो जाता है ॥ ७०-७२ ॥

तत्कोमलासनं[4] वक्ष्ये शृणुष्व मम तद्वचः ।
अवृद्धकं[5] मृतं बालं षण्मासात् कोमलं परम् ॥ ७३ ॥
तद्विभेदं प्रवक्ष्यामि गर्भच्युत महाशवम् ।
तद्धि व्याघ्रत्वचारूढं कृत्वा तत्र जपेत् स्थितः ॥ ७४ ॥

अब मैं उस कोमलासन को कहती हूँ, मेरी बात सुनिए। जो बहुत बड़ा न हुआ हो ऐसा ६ महीने के भीतर का मरा हुआ बालक अत्यन्त कोमल कहा जाता है। उनके भेदों को कहती हूँ। गिरे हुए गर्भ वाला बालक महाशव कहा जाता है। उसे बाघ के चमड़े के ऊपर रख कर सुधी साधक जप करे ॥ ७३-७४ ॥

षण्मासानन्तरं यावद्दशमासाच्च पूर्वकम् ।
मृतं चारुमुखं बालं गर्भाष्टमपुरःसरम् ॥ ७५ ॥
एकहस्ते द्विहस्ते वा चतुर्हस्ते समन्ततः ।
विशुद्ध आसने कुर्यात् संस्कारं पूजनं ततः ॥ ७६ ॥

६ महीने के बाद दश महीने की अवस्था वाले सुन्दर मुख वाले मरे बालक को जो आठवें गर्भ से उत्पन्न हो, उसे लाकर एक हाथ दो हाथ, अथवा चार हाथ वाले विशुद्ध आसन पर बैठकर उसका संस्कार तथा पूजन करे ॥ ७५-७६ ॥

---

१. सर्वसिद्धिकलाकुला—क० । २. योगिनी—मूले क० ।
३. धारयेन् मारुतं सुधीः—क० । ४. तत्कोमलादिमाहात्म्यं शृणुष्वासनं तत्त्वतः—क० ।
५. अवृद्धकम्—क० ।

पूर्णे पञ्चमवर्षे च साधको वीतभीः स्वयम् ।
हीनवीतोपनयनो[१] यो मृतस्तं हि कोमलम् ॥ ७७ ॥
गर्भच्युतफलं नाथ शृणु तत्फलसिद्धये ।
अणिमाद्यष्टसिद्धिः स्यात् संवत्सरस्य साधनात् ॥ ७८ ॥

पाँच वर्ष पूर्ण हो जाने पर साधक सर्वथा निर्भय हो जाता है । बिना यज्ञोपवीत हुए अथवा वीतोपनयन ( ? ) वाला मरा हुआ बालक भी कोमल कहा जाता है । हे नाथ ! अब गिरे हुए गर्भ वाले बालकों के विषय में होने वाले फलों को सुनिए । जिस पर एक संवत्सर पर्यन्त साधन करने से अणिमा आदि अष्टसिद्धियों की सिद्धि होती है ॥ ७७-७८ ॥

मृतासने जपेन्मन्त्री महाविद्याममुं शुभम् ।
अचिरात्तस्य सिद्धिः स्यान्नात्र कार्या विचारणा ॥ ७९ ॥
अथान्यत् शवमाहात्म्यं शृणु सिद्धिश्च[२] साधनात् ।
साधको योगिराट् भूत्वा मम पादतले वसेत् ॥ ८० ॥

गर्भच्युत मरे हुए बालक के आसन पर बैठकर साधक महाविद्या के मन्त्र का जप करे तो उसे शीघ्र ही सिद्धि होती है इसमें विचार की आवश्यकता नहीं है । अब हे नाथ ! अन्य प्रकार से शव माहात्म्य का श्रवण कीजिए, जिसकी साधना से सिद्धि होती है । ऐसा साधक योगिराज बन कर मेरे पैर के नीचे निवास करता है ॥ ७९-८० ॥

दशसंवत्सरे पूर्णे यो म्रियेत शुभे दिने ।
शनौ मङ्गलवारे च तमानीय प्रसाधयेत् ॥ ८१ ॥
तत्र वीरासनं कृत्वा यो जपेद् भद्रकालिकाम् ।
अथवा बद्धपद्मे च स सिद्धो भवति ध्रुवम् ॥ ८२ ॥

ठीक दश वर्ष बीत जाने पर जो किसी शुभ दिन में मरा हो साधक उसे शनिवार अथवा मङ्गलवार के दिन लाकर सिद्ध करे । इस प्रकार के शव पर वीरासन लगाकर भद्रकाली मन्त्र का जप करे अथवा पद्मासन लगाकर जप करे तो वह निश्चित रूप से सिद्ध हो जाता है ॥ ८१-८२ ॥

अथ भावफलं वक्ष्ये येन शवादिसाधनम् ।
अकस्मात् प्राप्तिमात्रेण शवस्य विहितस्य च ॥ ८३ ॥
यं पञ्चदशवर्षीयं सुन्दरं पतितं रणे ।
तमानीय जपेद्विद्यां निशि वीरासने स्थितः ॥ ८४ ॥

शव के अकस्मात् प्राप्त होने पर उसकी साधना से होने वाले फल कहती हूँ, जो शवादि के साधन से प्राप्त होता है । सुन्दर १५ वर्ष की अवस्था वाला जो रणभूमि में मारा गया हो, ऐसे शव को लाकर वीरासन पर स्थित हो रात्रि के समय महाविद्या मन्त्र का जप करे ॥ ८३-८४ ॥

---

१. हीनवृद्धोपनयनम्—क० । २. तत् सिद्धिसाधनात्—क० ।

धारण करते हुए जप करे । ऐसा करने से ब्राह्मण साधक गुणी, पवित्र और योगी बन जाता है । युवावस्था वाले शव पर जप करने से सूक्ष्म वायु के धारण का ज्ञान हो जाता है ॥ ९१-९२ ॥

शवसाधनकालेन[1] यद्यत् कर्म करोति हि ।
तत्कर्मसाधनादेव योगी स्यादमरो नरः ॥ ९३ ॥

आनन्दभैरवी[2] उवाच

कालक्रियादिकं ज्ञात्वा सूक्ष्मानिलनिधारणम् ।
साधको विचरेद्वीरो वीराचारविवेचकः ॥ ९४ ॥

शव साधन काल से लेकर साधक जो जो कर्म करता है उस कर्म की साधना से मनुष्य योगी तथा अमर हो जाता है ॥ ९३ ॥

आनन्दभैरवी ने पुनः कहा—काल-किया का ज्ञानकर सूक्ष्म वायु धारण करना चाहिए । ऐसा वीराचार का विवेचन करने वाला वीर साधक भूमण्डल में विचरण करे ॥ ९४ ॥

शवादे[3] रणयातस्य क्रियामाहात्म्यमुत्तमम् ।
शृणु सङ्केतभाषाभिः शिवेन्द्रचन्द्रशेखर ॥ ९५ ॥
एकहस्तार्द्धमाने[4] तु भूम्यधोविधिमन्दिरे[5] ।
संस्थाप्य सुशवं नाथ मायादवगतः प्रभो ॥ ९६ ॥

अब हे शिवेन्द्र ! हे चन्द्रशेखर ! रण में मरे हुए शव की उत्तम क्रिया के माहात्म्य को सुनिए । पृथ्वी में डेढ़ हाथ नीचे खने हुए गड्ढे में विधिपूर्वक मन्दिर बनाकर उसमें शव स्थापन कर हे प्रभो ! माया मन में निम्न धारणा करे ॥ ९५-९६ ॥

एकाहं जगदाधारा आधारान्तर्गता सती ।
पतिहीना सूक्ष्मरूपादधरादिचराचरम् ॥ ९७ ॥
मदीयं साधकं पुण्यं धर्मकामार्थमोक्षगम् ।
प्रकरोमि[6] सदा रक्षां धात्रीरूपा सरस्वती ॥ ९८ ॥

आधार के अन्तर्गत रहने वाली जगत् की आधारभूता केवल मैं ही हूँ । मेरा कोई स्वामी नहीं है । यह सारा चराचर जगत सूक्ष्मरूप से मेरा ही है । मेरा साधक बहुत पुण्य वाला है । वह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का अधिकारी है । सरस्वती रूप से मैं उसकी धात्री बनकर रक्षा करती हूँ ॥ ९७-९८ ॥

केवलं तदभावेन[7] शम्भो योगपरायण ।
मग्ना संसारकरणात्त्वयि त्वज्याहमेव च ॥ ९९ ॥

---

१. वै—क० । २. इति श्रीरुद्रयामले विंशतिपटलः समाप्तः—क० ।
३. रणघातस्य—क० । ४. हस्तोर्ध्व—क० ।
५. भूमेरधः स्थिते विधिमन्दिरे इत्यत्र षष्ठीतत्पुरुषः । विधिर्ब्रह्मा।
६. एकनामि—क० । ७. तवभावेन—क० ।

यद्यत्पदार्थनिकरे तिष्ठसि त्वं सदा मुदा ।
तत्रैव संस्थिरा हृष्टा चाहमेव न संशय: ॥१००॥

हे योगपरायण शम्भो ! केवल मेरा ज्ञान न होने से आपके द्वारा संसार बनाने के कारण लोग आप मे मग्न हो जाते है, ऐसे जो आप हैं वही मैं भी हूँ । हे सदाशिव ! जिन पदार्थ समूहों में आप प्रसन्नता से निवास करते हो, उन-उन पदार्थों में प्रसन्नता पूर्वक मैं भी निवास करती हूँ, इसमें संशय नहीं ॥ ९९-१०० ॥

एतद्भावं त्वं करोषि कस्य हेतोस्तव प्रिया ।
वामाङ्के संस्थिरा नित्यं कामक्रोधविवर्जिता ॥१०१॥

आनन्दभैरव उवाच

किं प्रयोजनमेवं हि शवादीनाञ्च साधनात् ।
यदि ते श्रीपदाम्भोजमधून्मत्तो भवेद्यति: ॥१०२॥

आप भी यही भावना करते हो, इसी हेतु से मैं भी आपको प्यारी हूँ, और काम क्रोधादि दोषों से वर्जित रहकर नित्य आपके वामाङ्ग में स्थित रहती हूँ ॥ १०१ ॥

**आनन्दभैरव ने कहा**—हे भद्रे ! शवादि के साधन से क्या प्रयोजन है ? साधक यदि तुम्हारे चरण कमलों के मधु को पीकर उन्मत्त बना रहे ॥ १०२ ॥

त्रैलोक्यपूजिते भीमे वाग्वादिनीस्वरूपिणी ।
शवसाधनमात्रेण केन योगी भवेद्वद ॥१०३॥
आनन्दरस [1]लावण्यमन्द हासमुखाम्बुजे ।
योगी भजति योगार्थ केन तत्फलमावद ॥१०४॥

हे त्रैलोक्यपूजिते ! हे भीमे ! हे वाग्वादनस्वरूपिणि ! किस प्रकार शव साधन मात्र से साधक योगी बन जाता है उसे कहिए । आनन्द रस के लावण्य से युक्त मुखाम्बुज से मन्द हास्य करने वाली हे देवी ! साधक लोग योग के लिए जब योगी होते हैं, फिर किस प्रकार शव साधन करते हैं उसका फल कहिए ॥ १०३-१०४ ॥

आनन्दभैरवी [2] उवाच

यदि शङ्कर भक्तोऽसि मम जापपरायण: ।
तथापि शवभावेन शववत् शवसाधनम् ॥१०५॥
रात्रियोगे प्रकर्त्तव्यं दिवसे न कदाचन ।
शवे स्थिरो यो बभूव स भक्तो मे न संशय: ॥१०६॥

**आनन्द भैरवी ने कहा**—हे शङ्कर ! यद्यपि आप मेरे भक्त है, मुझ शक्ति के जप में परायण हैं फिर भी शव भाव से शव के समान बनकर शव साधन करना चाहिए । शव

---

१. आनन्दरसलावण्यं च मन्दहासश्च मुखाम्बुजे यस्या: सा ।
२. आनन्दभैरवी—क० ।

साधन रात्रि में ही करे । दिन में कदापि न करे जो शव पर स्थिर रह गया वह मेरा भक्त है इसमें संशय नहीं ॥ १०५-१०६ ॥

मे [1]शवाकृतिमद्द्रव्यं मम तुष्टिनिबन्धनम् ।
ममाज्ञापालने योग्यः कुर्याद् वीरः शवासनम् ॥ १०७ ॥
यदाहं तत्र गच्छामि तदैव स शिवो भवेत् ।
निःशेषत्यागमात्रेण शवत्वं प्रलयं तनोः ॥ १०८ ॥

शव के समान आकृति वाली वस्तु सदैव मेरे संतुष्टि का साधन है । मेरी आज्ञा पालन की योग्यता रखने वाला वीर साधक शव साधन करे । मैं जिस समय उसके पास जाती हूँ, उसी समय वह शिव स्वरूप बन जाता है । शरीर का सब कुछ त्याग देने पर अथवा प्रलय कर देने पर शवत्व प्राप्त होता है ॥ १०७-१०८ ॥

यः करोति भावराशिं मयि देव्यां महेश्वर ।
त्रैलोक्यपूजितायां तु स शिवः शवमाश्रयेत् ॥ १०९ ॥
अधिकारी[2] तु भक्तस्य पालनं [3]परपृष्ठतः ।
करोमि कामिनीनाथ सन्देहो नात्र भूतले[4] ॥ ११० ॥

हे महेश्वर ! त्रैलोक्य पूजित मुझ देवी में जो साधक अपनी समस्त भावराशि समर्पित कर देता है और शव का आश्रय ले लेता है, वह शिव है । हे कामिनी नाथ ! मैं पृथ्वी पर भक्त पर अधिकार रखती हूँ और शव की पीठ से उसका पालन करती हूँ इसमें संदेह नहीं ॥ १०९-११० ॥

यदाहं त्यज्यते गात्रं पशूनां मारणाय च ।
तदैते च मृताः सर्वे [5]जीवन्ते केन हेतुना ॥ १११ ॥
तदाहुतिमहाद्रव्यं[6] शवेन्द्रं रणहानिगम् ।
आनीय साधयेद्यस्तु स स्थिरो मे सुभक्तिगः ॥ ११२ ॥

पशुमारण के लिए जब शरीर उपस्थित किया जाता है तभी वह अहङ्कार त्याग देता है । इसी प्रकार सभी मरे हुए अपना अहङ्कार त्याग देते हैं वे किस हेतु के बल पर जीवित रहें । रण में प्राण त्याग करने वाला शवेन्द्र हमारी आहुति का महान् द्रव्य है । अतः उसको लाकर जो साधक उससे साधन करता है वह स्थिर रूप से मेरी भक्ति का अधिकारी हो जाता है ॥ १११-११२ ॥

सदा क्रोधी भवेद्यस्तु स क्रूरो नात्र संशयः ।
स कथं [7]वीररात्रौ च साधयेद् विह्वलः शवम् ॥ ११३ ॥
भयविह्वलचेता यः स क्रोधी नात्र संशयः ।

---

१. मे शवा इति सद्द्रव्यम्—क० । २. अधिकालाय भक्तस्य—क० ।
३. शव—क० । ४. नात्र विद्यते इति—क० ।
५. केवलाकृतिहेतुना—क० । ६. तदाकृति—क० । ७. घोररात्रौ—क० ।

नास्ति क्रोधसमं पापं पापात् क्षिप्तो भवेत् शवे ॥ ११४ ॥

जो सर्वदा क्रोध करता है वही क्रूर है इसमें संशय नहीं । ऐसा विह्वल ( क्रूर ) वीर साधक रात्रि में किस प्रकार शव साधन करने में समर्थ हो सकता है ? । जिसका चित्त भय से विह्वल है वही क्रोधी है इसमें संशय नहीं । क्रोध के समान कोई पाप नहीं है अतः पाप से शव साधन करने वाला साधक विक्षिप्त हो जाता है ॥ ११३-११४ ॥

यो भक्तः पापनिर्मुक्तः सिद्धरूपी निराश्रयः ।
विवेकी ध्याननिष्ठश्च स्थिरः संसाधयेत् शवम् ॥ ११५ ॥
यावत्कालं स्थिरचित्तं न प्राप्नोति जितेन्द्रियः ।
तावत्कालं नापि कुर्यात् शवेन्द्रस्यापि साधनम् ॥ ११६ ॥

**शवसाधना के अधिकारी**—जो भक्त पाप से निर्मुक्त है और किसी ( क्रोधादि ) का आश्रय नहीं लेता वह सिद्ध का स्वरूप है, विवेकी है और ध्यान निष्ठ है । अतः स्थिर रहने के कारण वह शव साधन का अधिकारी है । जब तक चित्त स्थिर न हो जब तक इन्द्रियाँ अपने वश में न हों तब तक शवेन्द्र का साधन कदापि नहीं करना चाहिए ॥ ११५-११६ ॥

शवमानीय तद्द्वारे तेनैव परिखन्य च ।
तद्दिनात्तद्दिनं यावत् यद्बद्ध्वा[१] व्याप्य साधयेत् ॥ ११७ ॥
एवं कृत्वा हविष्याशी महाविद्यादिसाधनम् ।
जितेन्द्रियो मुदा कुर्याद् अष्टाङ्गसाधनेन च ॥ ११८ ॥

साधक उस शव को द्वार पर ले आवे, उसे खन कर पृथ्वी में गाड़ देवे, फिर उसी से उस दिन से आरम्भ कर उसी दिन पर्यन्त अर्थात् संवत्सर पर्यन्त साधना करनी चाहिए । इस प्रकार जितेन्द्रिय होकर हविष्यान्न भोजन करते हुए प्रसन्नता के साथ अष्टाङ्ग साधन द्वारा महाविद्या की साधना करे ॥ ११७-११८ ॥

### शवसाधनाफलश्रुतिकथनम्

तदष्टाङ्गफलं ह्येतत् यत्कृत्वा सिद्धिभाग् भवेत् ।
नाडीमुद्राभेदकञ्च कुलाचारफलान्वितम् ॥ ११९ ॥
अष्टाङ्गसाधनादेव सिद्धरूपो महीतले ।
पश्चादन्य[२]स्वर्गगामी भवेन्न भूतलं विना ॥ १२० ॥

**शवसाधन की फलश्रुति**—अष्टाङ्ग साधन योग की साधना का यही फल है कि साधक सिद्धि का सत्पात्र हो जावे । अष्टाङ्ग साधना से कुलाचार के फल से संयुक्त नाडी भेद तथा मुद्रा भेद का ज्ञान हो जाता है । इसी पृथ्वी पर साधक सिद्ध हो जाता है । इसके पश्चात् वह भूलोक को छोड़कर स्वर्गगामी हो जाता है ॥ ११९-१२० ॥

---

१. वत्सरं व्याप्य साधयेत्—क० । बद्ध्वा इति पाठे बन्धनार्थकबन्धधातोः क्त्वाप्रत्ययः । अनिदितामिति नलोपः।  २. शून्य—क० ।

आदौ भूतलसिद्धिः[1] स्याद्भुवोलोकस्य सिद्धिभाक् ।
जनलोकस्य[2] सिद्धीशस्तपोलोकस्य सिद्धिभाक् ॥ १२१ ॥
सत्यलोकस्य सिद्धीशः पश्चाद् भवति साधकः ।
एवं क्रमेण सिद्धिः स्यात् स्वर्गादीनां महेश्वर ॥ १२२ ॥

प्रथम भूलोक में सिद्धि, फिर भुवर्लोक में सिद्धि, फिर जनलोक में सिद्धि, फिर तपोलोक में वह सिद्धि का पात्र बन जाता है । इसके बाद वही साधक सत्यलोक में सिद्धेश्वर हो जाता है । हे महेश्वर ! इसी प्रकार स्वर्गादि लोकों में वह साधक सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १२१-१२२ ॥

अष्टाङ्गसाधनार्थाय देवा भवन्ति भूतले ।
भूतले सिद्धिमाहृत्य गच्छन्ति ब्रह्ममन्दिरे ॥ १२३ ॥
क्रमेणैवं विलीनास्ते अतो भूतलसाधनम् ।

शवसाधकस्य विधिनिषेध—कथनम्

भूतले शवमास्थाय ब्रह्मचारी दिवा शुचिः ॥ १२४ ॥

इस अष्टाङ्ग योग की सिद्धि के लिए देवता भी पृथ्वी तल पर अवतार लेते हैं फिर भूतल में सिद्धि प्राप्त कर वे ब्रह्मलोक चले जाते हैं । इस प्रकार क्रमशः वे ब्रह्मलोक में विलीन हो जाते हैं । अतः भूतल ही भूतलसाधन के लिए श्रेष्ठ है । साधक दिन में ब्रह्मचारी और पवित्र रहे ॥ १२३-१२४ ॥

निशायां पञ्चतत्त्वेन दिवसेऽष्टाङ्गसाधनम् ।
जितेन्द्रियो [3]निर्विकारो वित्तवानपरो नरः ॥ १२५ ॥
शवं संसाधयेद्धीरश्चिन्तालस्यविवर्जितः ।
चिन्ताभिर्जायते लोभो लोभात् कामः प्रपद्यते ॥ १२६ ॥
कामाद्भवति सम्मोहो मोहादालस्य सञ्चयः ।
आलस्यदोषजालेन निद्रा भवति तत्क्षणात्[4] ॥ १२७ ॥

रात्रि के समय शव पर बैठकर पञ्चतत्त्व की साधना करे और दिन में अष्टाङ्ग योग करे । जितेन्द्रिय एवं विकाररहित पुरुष चाहे वह धनवान् हो चाहे दरिद्र हो धीर होकर चिन्ता आलस्य का त्याग कर शव सिद्धि करे । चिन्ता से लोभ, लोभ से काम उत्पन्न होता है । काम से मोह, मोह से आलस्य का सञ्चय होता है, आलस्य दोष समूहों से सद्यः तत्क्षण निद्रा उत्पन्न होती है ॥ १२५-१२७ ॥

महानिद्राविपाकेन मृत्युर्भवति निश्चितम् ।
अपक्वनिद्राभङ्गेन[5] क्रोधो भवति निश्चितम् ॥ १२८ ॥

---

१. भुवोलोकस्य—क० ।
२. पश्चात् स्वरलोकसिद्धिः स्यात् महालोकस्य सिद्धिभाक्—क० ।
३. नित्यध्यानपरो—क० । ४. स चासौ क्षणश्चेति कर्मधारयसमासः ।
५. अपक्व—क० ।

तत्क्रोधाच्चित्तविकलो विकलात् श्वासवर्द्धन:।
वृथायु: क्षयमाप्नोति विस्तरे श्वाससंक्षये ॥ १२९ ॥
बलबुद्धिक्षयं याति बुद्धिहीनो जडात्मक: ।
जडभावेन मन्त्राणां जपहीनो भवेन्नर: ॥ १३० ॥
जपहीने[1] श्वासनाश: श्वासनाशे तनुक्षयम् ।
अतस्तनु समाश्रित्य जपनिष्ठो भवेत् शुचि: ॥ १३१ ॥

महानिद्रा के परिणाम स्वरूप निश्चित रूप से मृत्यु होती है । असमय में निद्रा भङ्ग होने से निश्चित रूप से क्रोध उत्पन्न होता है । क्रोध से चित्त विकल होता है, चित्त विकल होने से श्वास की वृद्धि होती है, फिर जो अधिक श्वास के संक्षय होते ही आयु का क्षय होने लगता है ॥ १२८-१२९ ॥

श्वास की अधिकता से बल एवं बुद्धि का क्षय होने लगता है । बुद्धि के नष्ट होने से जड़ता आती है । जड़ता से मन्त्र का जप नहीं हो पाता । जपहीन होने से श्वास का नाश और श्वसन प्रश्वसन का नाश होने पर मृत्यु होती है । इसलिए शरीर की रक्षा करते हुए पवित्रता पूर्वक जप करना चाहिए ॥ १३०-१३१ ॥

अष्टाङ्गधारणेनैव सिद्धो भवति नान्यथा ।
अष्टाङ्गलक्षणं वक्ष्ये साक्षात् सिद्धिकरं परम् ॥ १३२ ॥
जन्मकोटिसहस्राणां फलेन कुरुते नर: ।
यमेन लभ्यते ज्ञानं ज्ञानात् कुलपतिर्भवेत् ॥ १३३ ॥

अष्टाङ्गयोग निरूपण—मनुष्य अष्टाङ्ग योग से ही सिद्ध होता है । सिद्ध होने का और कोई दूसरा उपाय नहीं है । अब साक्षात् सिद्धि देने वाले अष्टाङ्ग योग के विषय में कहता हूँ । मनुष्य करोड़ों जन्म के पुण्य के फल से अष्टाङ्ग योग में प्रवृत्त होता है अष्टाङ्ग योग के प्रथम सोपानभूत यम से ज्ञान उत्पन्न होता है । ज्ञान से कुलपति बनता है ॥ १३२-१३३ ॥

यो योगेश: स कुलेश: शिशुभावस्थनिर्मल: ।
नियमेन भवेत् पूजा पूजया लभते शिवम् ॥ १३४ ॥
यत्र कल्याण[2] सम्पूर्णा सम्पूर्ण: शुचिरुच्यते ।
आसनेन दीर्घजीवी रोगशोकविवर्जित: ॥ १३५ ॥

वही कुलेश्वर योगेश्वर बनता है, जो शिशुभावापन्न होकर सर्वथा निर्मल रहता है । द्वितीय सोपानभूत **नियम** का फल यह है कि नियम से ठीक प्रकार से पूजा होती है और पूजा से कल्याण होता है । **जहां पूर्ण रूप से कल्याण होता है वहां संपूर्ण शुचिता होती है ।** **आसन** का यह फल है कि आसन से दीर्घ जीवन प्राप्त होता है । रोग और शोक सन्निकट नहीं आते ॥ १३४-१३५ ॥

---

१. बलहीने—क० ।
२. यत्र कन्या न सम्पूर्ण: सम्पूर्ण: शुचिरुच्यते—ख० ।

ग्रन्थिभेदनमात्रेण साधकः शीतलो भवेत् ।
प्राणायामेन शुद्धः स्यात् प्राणवायुवशेन च ॥१३६॥
वशी भवति देवेश आत्मारामेऽपि[1] लीयते ।
प्रत्याहारेण चित्तं तु चञ्चलं कामनाप्रियम् ॥१३७॥
तत्कामनाविनाशाय स्थापयेत् पदपङ्कजे ।
धारणेन वायुसिद्धिरष्ट[2]सिद्धिस्ततः परम् ॥१३८॥

साधक जब नाड़ियों की ग्रन्थि तोड़ देता है तो वह शीतल हो जाता है । चतुर्थ सोपानभूत प्राणायाम से प्राणवायु को वश में कर लेने से वह शुद्ध हो जाता है । हे देवेश ! वह जितेन्द्रिय हो जाता है और आत्माराम होकर आत्मा में रमण करता है । चित्त स्वभावतः चञ्चल और कामना चाहता रहता है ॥ १३६-१३७ ॥

अतः उस काम के विनाश के लिए प्रत्याहार द्वारा भगवत्पादपङ्कज में चित्त को स्थापित करें । षष्ठ सोपानभूत धारणा से वायुसिद्धि, फिर वायुसिद्धि से अष्टसिद्धि प्राप्त होती है ॥ १३८ ॥

अणिमासिद्धिमाप्नोति अणुरूपेण वायुना ।
ध्यानेन लभते मोक्षं मोक्षेण लभते सुखम् ॥१३९॥
सुखेनानन्दवृद्धिः स्यादानन्दो ब्रह्मविग्रहः ।
समाधिना महाज्ञानी सूर्याचन्द्रमसोर्गतिः ॥१४०॥

इतना ही नहीं, अणुरूप वायु से अष्टसिद्धियाँ प्राप्त होती हैं । सप्तम सोपान ध्यान से मोक्ष प्राप्ति होती है । मोक्ष से सुख प्राप्त होता है । सुख से आनन्द की वृद्धि होती है और आनन्द साक्षात् ब्रह्म का स्वरूप है । अष्टम सोपान समाधि से महा ज्ञानी होता है । सूर्य तथा चन्द्रमा तक समाधि के बल से जा सकता है ॥ १३९-१४० ॥

महाशून्ये लयस्थाने श्रीपदानन्दसागरः ।
तत्तरङ्गे मनो दत्त्वा परमार्थविनिर्मले ॥१४१॥
श्रीपादमूर्तिमाकल्प्य ध्यायेत् कोटिरवीन्दुवत् ।
श्रीमूर्तिं कोटिचपलां समुज्ज्वलां सुनिर्मलाम् ॥१४२॥

महाशून्य में जहाँ लय का स्थान है वहाँ महाश्री के चरणों में आनन्द का सागर प्रवाहित होता है, उस परमार्थ विनिर्मल आनन्द सागर की तरंगों में मन को स्थापित करना चाहिए । करोड़ों सूर्य एवं चन्द्रमा के समान प्रकाशमान् भगवती महाश्री के पादारविन्द की कल्पना करे तथा करोड़ों विद्युत के समान प्रभा से उज्ज्वल शुभ्र श्री मूर्ति की भी कल्पना करे ॥ १४१-१४२ ॥

ध्यायेद्योगी सहस्रारे कोटिसूर्येन्दुमन्दिराम् ॥१४३॥

---

१. आत्मारामोऽपि—क० ।

२. रिष्टसिद्धि—क० ।—अष्टसंख्याका सिद्धिरष्टसिद्धिः, मध्यमपदलोपिसमासः ।

# अथ पञ्चविंशः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते रहस्यं मे तत्त्वावधानपूर्वकम् ।
यद् यज्ज्ञात्वा महायोगी प्रविशत्यनलाम्बुजे ॥ १ ॥
यदि स्नेहदृष्टिरस्ति मम ब्रह्मनिरूपणम् ।
योगसारं तत्त्वपथं निर्मलं वद योगिने ॥ २ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे कान्ते ! निश्चयपूर्वक तत्त्वों के रहस्यों को कहिए, जिसे जानकर महायोगी वायुरूप में पद्म में प्रवेश करता है । यदि मुझमें आपका स्नेह है, तो योग का सारभूत तत्त्व का प्रदर्शक सर्वथा निर्मलब्रह्म निरूपण मुझ योगी के लिए कहिए ॥ १-२ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु प्राणेश वक्ष्यामि योगनाथ क्रियागुरो ।
योगाङ्गं योगिनामिष्टं तत्त्वब्रह्मनिरूपणम् ॥ ३ ॥
एतत्[1] सृष्टिप्रकारञ्च प्रपालनविधिं तथा ।
असंख्यसृष्टिसंहारं वदामि तत्त्वतः शृणु ॥ ४ ॥

सूक्ष्मसृष्टिस्थितिसंहारकथनम्

त्वमेव संहारकरो[2] वरप्रियः प्रधानमेषु त्रितयेषु शङ्कर ।
संहारभावं मलभूतिनाशनं[3] प्रधानमाद्यस्य जगत्प्रपालनम् ॥ ५ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे योगनाथ ! हे क्रियागुरो ! हे प्राणेश ! योगिजनों के लिए इष्टसाधनभूत योग का अङ्गतत्त्व ब्रह्म निरूपण करती हूँ, सुनिए । इस जगत् की सृष्टि का प्रकार, उसके प्रकृष्ट रूप से पालन का विधान तथा इस असंख्य सृष्टि का संहार तत्त्वतः कहती हूँ, इसे सुनिए ॥ ३-४ ॥

हे शङ्कर ! सृष्टि, पालन और संहार इन तीनों के क्रम में आप ही संहार करने वाले वरदाता तथा प्रधान हैं । त्रिलोक के मलभूत विभूतियों का विनाश ही संहार का लक्षण है । इसके बाद जगत् का पालन प्रधान है ॥ ५ ॥

तत्राधनं[4] मेरुभुजङ्गमङ्गं सृष्टिप्रकारं खलु तत्र मध्यमम् ।
तत्पालनञ्चेति[5] मयैव रज्ये संहाररूपं प्रकृतेर्गुणार्थकम् ॥ ६ ॥

---

१. तत्र दृष्टिप्रकारञ्च—क० ।   २. कलेवरप्रियः—क० ।
३. भवभूतिनाशनात्—क० । जननाशनात् सदा—इति जीव० पाठः ।
४. तत्राधमम्—क० ।   ५. तत्पालनं चोक्तमेव याद्धे—क० ।

एतत्त्रयं नाथ भयादिकारणं तन्नाशनाम्ने[1] प्रणवं गुणात्मकम् ।
त्रयं गुणातीतमनन्तमक्षरं सम्भाव्य योगी भवतीह साधकः ॥ ७ ॥

मेरु के समान अङ्ग को भुजङ्ग के समान रखना यह सृष्टि का प्रकार अधम है । उसका पालन करना मध्यम है प्रकृति के गुणों के अर्ग को बाहर कर देना 'संहार' है ॥ ६ ॥

हे नाथ ! सृष्टि, पालन और संहार ये तीनों ही योगियों के लिए भयप्रद हैं इसके नाश हो जाने पर गुणात्मक प्रणव ही शेष रहता है । यह तीन अक्षरों वाला प्रणव गुणातीत है, अनन्त है और अक्षर है । अतः उस प्रणव का ध्यान करने से योगी सच्चा साधक बन जाता है ॥ ७ ॥

अव्यक्तरूपात् प्रणवाद्धि सृष्टिस्तल्लीयते व्यक्ततनोः समासा ।
सूक्ष्माद्यकारात् प्रतिभान्ति खे सदा प्रणश्यति स्थूलकलान्निरक्षरात् ॥ ८ ॥

अव्यक्त रूप प्रणव से ही सृष्टि होती है उस प्रणव के व्यक्त आकार होने पर सृष्टि संक्षिप्त होकर उसी में लीन हो जाती है । आदि में रहने वाले 'अ उ म' ये तीनों अक्षर आकाश में सर्वदा भासित होते हैं, निरक्षर स्थूल कला से वह 'ॐ' नष्ट हो जाता है ॥ ८ ॥

अतीव चित्रं जगतां विचित्रं नित्यं चरित्रं कथितुं न शक्यते ।
हंसाश्रितास्ते भववासिनो जना ज्ञात्वा न देहस्थमुपाश्रयन्ते ॥ ९ ॥

जगत् के इस विचित्र नित्य चरित्र का वर्णन करना अशक्य है । संसारी मनुष्य इस हंस मन्त्र का आश्रय ले लेने पर पुनः देहबन्धन के झञ्झट में नहीं पड़ते ॥ ९ ॥

देहाधिकारी प्रणवादिदेव मायाश्रितो निद्रित एष[2] कालः ।
प्रलीयते दीर्घपथे च काले तदा प्रणश्यन्ति जगत् स्थिता जनाः ॥ १० ॥
कालो[3] जगद्भक्षक ईशवेशो तरी तु जीर्णा पतिहीनदीना ।
स एव मृत्युर्विहितं चराचरं प्रभुञ्जति श्रीरहितं पलायनम् ॥ ११ ॥
पञ्चेन्दुतत्त्वेन महेन्द्रसृष्टिः प्रतिष्ठिता यज्ञविधानहेतुना ।
सदैव यज्ञं कुरुते भवार्णवे निःसृष्टिकाले वरयज्ञसाधनम् ॥ १२ ॥

प्रणव रूप ये आदिदेव ही इस देह के अधिकारी हैं, जब देहधारी जीव माया का आश्रय ले लेता है तब वह काल उसके निद्रा का काल कहा जाता है । जब जीव इस दीर्घमार्ग वाले ( माया रूप ) काल में अपने को लीन कर लेता है तब उसके लिए जगत् में स्थित समस्त जन लीन हो जाते हैं । जब 'आप डूबे तो जग डूबा' ईश्वर रूप धारण करने वाला यह काल जगत् का भक्षक हो जाता है । स्वामी विहीन मेरी जीर्ण नाव दीन हीन है और वही चराचर जगत् का मृत्यु है । श्री से हीन, अहितकारी एवं भगने वाले को वह माया खा जाती है ॥ ११ ॥

यज्ञों के विधान के लिए महेन्द्र से लेकर मनुष्य पर्यन्त यह सारी सृष्टि पञ्च शून्य तत्त्व से रची गई है । योगी जन इस संसार सागर में नित्य यज्ञ करते रहते हैं, क्योंकि निःसृष्टि काल में यज्ञ ही उत्तम साधन कहा गया है ॥ १२ ॥

---

१. तन्नाशनाख्ये—क० ।          २. एव—क० ।
३. कालो जगद्भक्षक ईश्वरोपात् विस्तीर्णनावो गतिहीनमीनः—क० । अयमेव पाठो युक्तः ।

गुणेन भक्तेन्द्रगणाधिकानां साक्षात् फलं योगजपाख्यसङ्गतिम् ।
अष्टाङ्गभेदेन शृणुष्व कामप्रेमाय भावाय जयाय[1] वक्ष्ये ॥ १९ ॥
मायादिकं यः प्रथमं वशं नयेत् स एव योगी जगतां प्रतिष्ठितः ।
रविप्रकारं यमवासनावशे शृणुष्व तं कालवशार्थकेवलम् ॥ २० ॥

भक्तेन्द्र गुणों में सब से श्रेष्ठ होने वाला फल योगजप की सङ्गति है। अब उस योग के अष्टाङ्ग भेद से होने वाले फलों को सुनिए। यह काम प्रेम के लिए, भावना के लिए तथा जय के लिए कहती हूँ ॥ १९ ॥

जो इस जगत् में रह कर सर्वप्रथम माया को अपने वश में कर लेता है, वही योगी प्रतिष्ठा का पात्र है। निम्नलिखित १२ प्रकार के यम से ( द्र० २५. २३-२५ ) माया को अपने वश में करना चाहिए। अब उन यमों का समय आने पर केवल श्रवण करना चाहिए ॥ २० ॥

सर्वत्र कामादिकमाशु जित्वा जेतुं समर्थो यमकर्मसाधकः ।
कामं तथा क्रोधमतीव लोभं मोहं मदं मात्सरितं[2] सुदुष्टकृतम् ॥ २१ ॥
अतो मया द्वादश शब्द घातकं वशं समाकृत्य महेन्द्रतुल्यम् ।
सर्वत्र वायोर्वशकारणाय करोति योगी सचलान्यथा भवेत् ॥ २२ ॥

यम क्रिया को सिद्ध करने वाला साधक ही कामादि दोषों को अपने वश में कर माया पर विजय प्राप्त कर सकता है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद ( अहङ्कार ), मत्सरादि—ये सभी बड़े दुर्घट पाप हैं ॥ २१ ॥

इनको विनष्ट करने वाला द्वादश प्रकार का यम ही है। ये इन्द्र के समान बलवान् हैं, अतः इन्हें अपने वश में करे। शरीर में सर्वगाम वायु को वश में करने के लिए यम का अनुष्ठान अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा योगी अस्थिर हो जाता है ॥ २२ ॥

अहिंसनं सत्यसुवाक्यसुप्रियमस्तेयभावं कुरुते वसिष्ठवत् ।
सुब्रह्मचर्यं सुदृढार्ज्जवं सदा क्षमाधृतिं सेवसुसूक्ष्मवायुनः ॥ २३ ॥
तथा मिताहारमसंशयं मनः शौचं प्रपञ्चार्थविवर्जनं प्रभो ।
करोति यः साधकचक्रवर्ती वाद्योत्सवाज्ञानविवर्जनं[3] सदा ॥ २४ ॥

प्रथम यम अहिंसा है, दूसरा सत्य और प्रिय वाक्य है, तीसरा अस्तेय 'अदत्तानामुपादानम्' है। साधक को इन्हें वशिष्ठ के समान संयम करना चाहिए। चौथा ब्रह्मचर्य, पाँचवा अत्यन्त ऋजुता, छठवाँ क्षमा, सातवाँ धैर्य, आठवाँ सुसूक्ष्मवायु की सेवा ( प्राणायाम ), नवाँ मिताहार का सेवन, दसवाँ मन में किसी प्रकार का संशय न आने देना, ग्यारहवाँ शौच, बारहवाँ प्रपञ्चार्थ का विवर्जन—ये द्वादश संख्या वाले यम हैं। जो इनका अनुष्ठान करता है, वह साधक चक्रवर्ती है। इसके अतिरिक्त उस साधक को वाद्य, उत्सव तथा अज्ञान का त्याग करना चाहिए ॥ २३-२४ ॥

---

१. यमाय—क० । २. त्वहङ्कृतम्—क० ।
३. वाद्योत्सवम्—क० ।

वशी यमद्वादशसंख्ययेति करोति चाष्टाङ्गफलार्थसाधनम् ।
वरानना श्रीचरणारविन्दं[1] सत्वादशाच्छन्नत्रिनेत्रगोचरम् ॥ २५ ॥
तपश्च सन्तोषमनस्थिरं सदा आस्तिक्यमेव द्विजदानपूजनम् ।
नितान्तदेवार्चनमेव भक्त्या सिद्धान्तशुद्धश्रवणं च ह्रीर्मतिः ॥ २६ ॥
जपोहुतं तर्पणमेव सेवनं तद्भावनं चेष्टनमेव नित्यम् ।
इतीह शास्त्रे नियमाश्चतुर्दशा भक्तिक्रियामङ्गलसूचनानि ॥ २७ ॥

जितेन्द्रिय साधक जो योग के अष्टाङ्ग के फल की प्राप्ति के लिए उसके साधन भूत १२ यमों का अभ्यास करना चाहिए । ऐसा करने से वरानना महाश्री के चरणारविन्द उसके नेत्र के सामने प्रकट हो जाते हैं ॥ २५ ॥

१. तप, २. संतोष, ३. मन की स्थिरता, ४. आस्तिक्य, ५. द्विजदम्पती की पूजा, ६. मन लगाकर देवार्चन, ७. भक्तिपूर्वक शुद्ध सिद्धान्त का श्रवण, ८. लज्जा, ९. बुद्धि, १०. जप, ११. होम, १२. तर्पण, १३. भगवान् की सेवा और १४. भावनापूर्वक चेष्टा—ये १४ नियम हैं, जो शास्त्र प्रतिपादित है और भक्ति, क्रिया तथा मङ्गल के सूचक हैं ॥ २६-२७ ॥

पूर्वोक्तयोन्यासनमेव सत्यं भेकासनं बद्धमहोत्पलासनम् ।
वीरासनं भद्रसुभकासनं[2] च पूर्वोक्तमेवासनमाशु कुर्यात् ॥ २८ ॥
सर्वाणि तन्त्राणि कृतानि नाथ सूक्ष्माणि[3] नालं वशहेतुना मया ।
तथापि मूढो यदि वायुपानं[4] माहत्य योनौ भ्रमतीह पातकी ॥ २९ ॥

पूर्व में कहा गया योन्यासन भेकासन, बद्धपद्मासन, वीरासन, भद्रासन, सुभकासन तथा अन्य पूर्वोक्त आसनों को करना चाहिए । हे नाथ ! मैंने सभी सूक्ष्म तन्त्रों का निर्माण किया, किन्तु कोई भी मन को वश में करने के लिए समर्थ नहीं है, फिर भी मूर्ख व पापी वह है जो वायु पान को छोड़कर ८४ लक्ष योनियों में भटकता रहता है ॥ २८-२९ ॥

प्राणानिलानन्दवशेन मत्तो गजेन्द्रगामी[5] पुरुषोत्तमं[6] स्मृतम् ।
तस्यैव[7] सेवानिपुणो भवेद्वशी ब्रह्माण्डलोकं परिपाति यो बली ॥ ३० ॥
वदामि देवादिसुरेश्वर प्रभो सूक्ष्मानिलं प्राणवशेन धारयेत् ।
सिद्धो भवेत् साधकचक्रवर्ती सर्वान्तरस्थं परिपश्यति प्रभुम् ॥ ३१ ॥

जो प्राण वायु के आनन्द के वश में हो कर मस्ती में गजेन्द्र के समान चलता है वही पुरुषोत्तम है । ब्रह्माण्ड लोक का परिपालन करने वाला, महाबलवान् वशी परमात्मा उसी की सेवा सर्वोत्तम मानता है ॥ ३० ॥

हे देवादि सुरेश्वर ! हे प्रभो ! मैं कहती हूँ कि सूक्ष्मवायु को अपने प्राण द्वारा धारण

---

१. सत्त्वादशाच्छन्नत्रिनेत्रगोचरम्—क० ।
२. भद्रसु भद्रकासनम्—क० ।
३. सूक्ष्मानिलानाम्—क० ।
४. माहत्य योनौ—क० ।
५. गजेन्द्र इव गच्छति, तच्छीलो गजेन्द्रगामी, ताच्छील्ये णिनिः ।
६. पुरुषोत्तमः स्मृतः—क० ।
७. तस्यैवमेवानिपुणो—मूले ।

करे । ऐसा साधक साधन चक्रवर्ती तथा सिद्ध हो जाता है और सभी की अन्तरात्मा में परमात्मा प्रभु को देखता है ॥ ३१ ॥

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते महाब्रह्मज्ञानं सर्वत्र शोभनम् ।
येन वायुवशं कृत्वा खेचरो भूभृतां पतिः ॥ ३२ ॥
साधको ब्रह्मरूपी स्यात् ब्रह्मज्ञानप्रसादतः ।
ब्रह्मज्ञानात् परं ज्ञानं कुत्रास्ति वद सुन्दरि ॥ ३३ ॥

**श्री आनन्दभैरव ने कहा**—हे कान्ते ! अब सर्वत्र शोभा देने वाले उस महा ब्रह्मज्ञान को कहिए, जिससे साधक वायु को अपने वश में कर राजाधिराज बन जाता है । जिस ब्रह्मज्ञान की कृपा से ब्रह्मज्ञान द्वारा ब्रह्मरूप हो कर साधक पर ज्ञान प्राप्त कर लेता है, हे सुन्दरि ! ऐसा ज्ञान कहाँ प्राप्त होता है ॥ ३२-३३ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

शृणुष्व योगिनां नाथ धर्मज्ञो ब्रह्मसञ्ज्ञक[1] ।
अज्ञानध्वान्तमोहानां निर्मलं ब्रह्मसाधनम् ॥ ३४ ॥
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ।
यदि[2] ब्रह्मज्ञानधर्मी स सिद्धो नात्र संशयः ॥ ३५ ॥

**श्री आनन्दभैरवी ने कहा**—आप धर्मज्ञ हैं । अतः हे योगेश्वर ! हे ब्रह्म संज्ञा वाले ! अज्ञान रूपी अन्धकार से मोहित होने वालों के लिए ब्रह्मसाधन अत्यन्त निर्मल मार्ग है । ब्रह्मज्ञान के धर्म के समान अन्य धर्म का कहीं कोई विधान नहीं प्राप्त होता । यदि साधक ब्रह्मज्ञान का धर्मवेत्ता हो गया तो वह सिद्ध है इसमें संशय नहीं ॥ ३४-३५ ॥

कोटिकन्याप्रदानेन कोटिजापेन किं फलम् ।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ॥ ३६ ॥
सरोवरसहस्रेण कोटिहेमाचलेन च ।
कोटिब्राह्मणभोज्येन कोटितीर्थेन किं फलम् ॥ ३७ ॥

करोड़ों कन्यादान से, करोड़ों संख्या के जप से क्या फल है, जब कि ब्रह्मज्ञान की बराबरी करने वाला कोई अन्य धर्म नहीं है । हजारों तीर्थों में करोड़ों सुवर्ण पर्वत से, करोड़ों ब्राह्मण के भोजन से, तथा करोड़ों तीर्थों से क्या फल है, जबकि ब्रह्मज्ञान सबसे श्रेष्ठ है ॥ ३६-३७ ॥

---

१. ब्रह्मसाधक—इति क० पुस्तके पाठः ।
२. गयायां पिण्डदानेन वाराणस्यां मृतेन किम् । किं कुरुक्षेत्रदानेन प्रयागे वपनं यदि ॥
अश्वमेधसहस्रेण राजसूयशतेन किम् । ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ॥—क० ।

कामरूपे महापीठे साधकैर्लभ्यते यदि ।
ब्रह्मज्ञानसमो धर्मो नान्यधर्मो विधीयते ॥ ३८ ॥
ब्रह्मज्ञानं तु द्विविधं प्राणायामजमव्ययम् ।
भक्तिवाक्यं शब्दरसं स्वरूपं ब्रह्मणः पथम्[1] ॥ ३९ ॥
प्राणायामं तु द्विविधं सुगर्भञ्च निगर्भकम् ।
जपध्यानं सगर्भं तु तदा[2] युक्तं निगर्भकम् ॥ ४० ॥
अव्यया[3] लक्षणाक्रान्तं प्राणायामं परात् परम् ।
ब्रह्मज्ञानेन जानाति साधको विजितेन्द्रियः ॥ ४१ ॥

कामरूप महापीठ में साधक को भले ही लाभ प्राप्त हो जावे, फिर भी ब्रह्मज्ञान के समान कोई अन्य धर्म का विधान नहीं है । ब्रह्मज्ञान दो प्रकार का है—एक अव्यय प्राणायाम जन्य है तथा दूसरा भक्ति वाक्य जो शब्द रस से परिप्लुत ब्रह्म का स्वरूप है । प्राणायाम भी दो प्रकार का है—पहला सुगर्भ तथा दूसरा अगर्भ । मन्त्र, जप, ध्यान सहित प्राणायाम सगर्भ है । बिना जप ध्यान के जो प्राणायाम है वह अगर्भ है । अव्ययालक्षण से आक्रान्त प्राणायाम सबसे श्रेष्ठ है । जितेन्द्रिय साधक ब्रह्मज्ञान होने पर उसका ज्ञान कर पाता है ॥ ३८-४१ ॥

तत्प्रकारद्वयं नाथ [4] मालावृत्तिं जपक्रमम् ।
मालावृत्ति[5] द्वादशकं जपक्रमं तु षोडश ॥ ४२ ॥
नासिकायां महादेव लक्षणत्रयमनुत्तमम्[6] ।
पूरकं कुम्भकं तत्र रेचकं देवतात्रयम् ॥ ४३ ॥
एतेषामप्यधिष्ठाने ब्रह्मविष्णुशिवाः प्रजाः ।
त्रिवेणी सङ्गमे यान्ति सर्वपापपहारकाः ॥ ४४ ॥

उस प्राणायाम के भी दो भेद है—पहला मालावृत्ति तथा दूसरा जपक्रम । मालावृत्ति में द्वादश संख्या तथा जपक्रम में षोडश संख्या होती है । हे महादेव ! नासिका में प्राणायाम के तीन लक्षण हैं—पहला पूरक, दूसरा कुम्भक तथा तीसरा रेचक है । इनके भी तीन देवता हैं । ब्रह्मा, विष्णु तथा सदाशिव इन प्राणायामों के अधिष्ठातृ देवता हैं । जिस प्रकार प्रजा अपने समस्त पापों को विनष्ट करने के लिए त्रिवेणी सङ्गम में जाती है, उसी प्रकार साधक को इस त्रिवेणी में जाना चाहिए ॥ ४२-४४ ॥

योगिनां सूक्ष्मतीर्थानि

ईडा च भारती गङ्गा पिङ्गला यमुना मता ।
ईडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्ना च सरस्वती ॥ ४५ ॥

योगियों के शरीर में ईडा भागीरथी गङ्गा है । पिङ्गला यमुना है । ईडा और पिङ्गला के मध्य में सुषुम्ना भारती सरस्वती है ॥ ४५ ॥

---

१. पदम्—क० ।
२. तदयुक्तम्—क० ।
३. अव्ययलक्षणाक्रान्तम्—क० ।
४. मालावर्ति—क० ।
५. मालावर्ति—क० ।
६. लक्षणत्रयमुत्तमम्—क० ।

उस वज्रा में अत्यन्त सूक्ष्मा चित्रिणी है । उसी में से कुण्डली जाती है । वह कुण्डलिनी उस नाडी से अत्यन्त मनोहर षट् पद्मों को ग्रहण कर चलती है । उन षट् पद्मों पर शक्ति से संयुक्त ६ शिव निवास करते हैं । ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव तथा परशिव ये ६ शिव हैं । डाकिनी, राकिणी, शक्ति, लाकिनी, काकिनी तथा साकिनी ये षट् पद्मों पर षट् शिव के साथ निवास करने वाली उनकी शक्तियाँ हैं ॥ ५२-५५ ॥

अनाहतं [1]विशुद्धाख्यमाज्ञाचक्रं महोत्पलम् ।
आज्ञाचक्रादिमध्ये तु चन्द्रं शीतलतेजसम् ॥ ५६ ॥
प्रपतन्तं मूलपद्मे तं ध्यात्वा[2] पूरकानिलम् ।
यावत्कालं स्थैर्यगुणं तत्कालं कुम्भकं स्मृतम् ॥ ५७ ॥
पिङ्गलायां प्रगच्छन्तं रेचकं तं वशं नयेत् ।
अङ्गुष्ठैकपर्वणा[3] च दक्षनासापुटं वशी ॥ ५८ ॥
धृत्वा[4] षोडशवारेण प्रणवेन जपं चरेत् ।
एतत्पूरकमाकृत्य कुर्यात्कुम्भकमद्भुतम्[5] ॥ ५९ ॥

मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञाचक्र ये ६ महाचक्र रूप पद्म हैं । आज्ञाचक्र के आदि से लेकर मध्य के पद्मों में होते हुए शीतल तेज वाले चन्द्रमा को नीचे के मूलाधार में आते हुए ध्यान करे तथा पूरक प्राणायाम करे । जब तक वायु को खींचकर स्थिर रखे तब तक कुम्भक प्राणायाम कहा जाता है ॥ ५६-५७ ॥

साधक पिङ्गला में जाते हुए रेचक को अपने वश में करे । अंगूठे के किसी एक पर्व से दाहिने नासिका का छिद्र पकड़कर सोलह बार प्रणव का जप करते हुए वायु को खींचे । यह पूरक प्राणायाम है । इसके बाद अत्यन्त अद्भुत कुम्भक प्राणायाम करे ॥ ५८-५९॥

चतुःषष्टिप्रणवेन जपं ध्यानं समाचरेत् ।
कुम्भकानन्तरं नाथ रेचकं कारयेद् बुधः ॥ ६० ॥
द्वात्रिंशद्वारजापेन मूलेन प्रणवेन वा ।
द्विनासिकापुटं बद्ध्वा कुम्भकं सर्वसिद्धिदम् ॥ ६१ ॥

चौसठ बार प्रणव का जप तथा ध्यान करते हुए वायु को रोके । हे नाथ ! इस प्रकार कुम्भक प्राणायाम करने के बाद बुद्धिमान् साधक रेचक प्राणायाम करे । यह प्राणायाम बत्तीस बार प्रणव का जप करते हुए अथवा ध्यान करते हुए करना चाहिए । कुम्भक प्राणायाम के समय दोनों नासिकाच्छिद्र बन्द रखे, यह प्राणायाम सब प्रकार की सिद्धियों को देने वाला है ॥ ६०-६१ ॥

---

१. अनाख्यं षण्मनोहरम्—क० । २. ध्यायेत्—क० ।
३. अङ्गुष्ठस्य एकं पर्व इति षष्ठीतत्पुरुषगर्भः कर्मधारयसमासः ।
४. ध्यात्वा—क० । ५. मुत्तमम्—क० ।

कनिष्ठानामिकाभ्यां तु वाममङ्गुष्ठदक्षिणम् ।
पुनर्दक्षिणनासाग्रे[1] वायुमापूरयेद् बुधः ॥ ६२ ॥
मनुषोडशजापेन[2] कुम्भयेत् [3]पूर्ववत्ततः ।
ततो वामे रेचकञ्च द्वात्रिंशत्प्रणवेन तु ॥ ६३ ॥

पुनः कनिष्ठा और अनामिका से बायें नासिका छिद्र को बन्द कर दाहिने हाथ के अंगूठे से दाहिना नासिका पुट पकड़े हुए दाहिनी नासिका से वायु को पूर्ण कर पूरक करे । तदनन्तर १६ बार मन्त्र का जप करते हुए पूर्ववत् कुम्भक करें, फिर बत्तीस बार प्रणव का जप करते हुए बायीं नासिका से रेचक प्राणायाम करे ॥ ६२-६३ ॥

पुनर्वामेन सम्पूर्य षोडशप्रणवेन तु ।
पुनर्दक्षिणनासाग्रे द्वादशाङ्गुलमानतः ॥ ६४ ॥
कुम्भयित्वा रेचयेद्यः सर्वत्र पूर्ववत् प्रभो ।
प्राणायामत्रयेणैव प्राणायामैकमुत्तमम् ॥ ६५ ॥
द्विवारं मध्यमं प्रोक्तं मध्यमं चैकवारकम् ।
त्रिकालं कारयेद्यत्नात् अनन्तफलसिद्धये ॥ ६६ ॥

इसके बाद फिर सोलह प्रणव का जप कर बाईं नासिका से वायु खींचे फिर दाहिनी नासिका से बारह अंगुल पर्यन्त वायु को रोक कर हे प्रभो ! पूर्ववत् रेचक करे ( द्र० २५, ६०-६१ ) । तीन बार पूरक, कुम्भक, रेचक प्राणायाम से एक उत्तम प्राणायाम होता है । केवल दो बार का ( पूरक कुम्भक ) प्राणायाम मध्यम तथा केवल एक बार मात्र पूरक प्राणायाम अधम कहा जाता है । किन्तु साधक को अनन्त फल की सिद्धि के लिए तीन बार वाला उत्तम प्राणायाम यत्नपूर्वक करना चाहिए ॥ ६४-६६ ॥

प्रातर्मध्याह्नकाले च सायह्ने नियतः शुचिः ।
जपध्यानादिभिर्मु(यु)क्तं सगर्भं यः करोति हि ॥ ६७ ॥
मासात् सल्लक्षणं प्राप्य षण्मासे पवनाशनः ।
तालुमूले समारोप्य जिह्वाग्रं योगसिद्धये ॥ ६८ ॥

साधक को प्रातः काल, मध्याह्न काल तथा सायङ्काल, नियमपूर्वक पवित्र हो कर प्राणायाम करना चाहिए । जो जप ध्यान से युक्त सगर्भ प्राणायाम करता है, एक महीने के बाद उसे प्राणायाम सिद्धि के लक्षण मालूम पड़ने लगते हैं । इसके बाद योगसिद्धि प्राप्त करने के लिए वायु पान करना चाहिए । जिह्वा के अग्रभाग को तालु के मूल में स्थापित करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

त्रिकाले सिद्धिमाप्नोति प्राणायामेन षोडश ।
सदाभ्यासी वशीभूत्वा पवनं[4] जनयेत् पुमान् ॥ ६९ ॥

---

१. सम्पूरयेत् ततः—क० ।
२. मनोः षोडशजापेन—क० ।
३. पूरयेत्ततः—क० ।
४. पवनः नाशयेत्—क० ।

षण्मासाभ्यन्तरे सिद्धिरिति योगार्थनिर्णयः ।
योगेन लभ्यते सर्वं योगाधीनमिदं जगत् ॥ ७० ॥

**योगाभ्यास प्रशंसा**—६८-६६ प्राणायाम तीनों काल में करने से साधक सिद्ध हो जाता है । इस प्रकार जितेन्द्रिय हो कर सदाभ्यास करने के बाद मनुष्य वायु पान करे । ऐसा करने से ६ महीने में सिद्धि प्राप्त हो जाती है । यह योगशास्त्र का निर्णय है । क्योंकि योग से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है, यह सारा जगत् योग के आधीन है ॥ ६९-७० ॥

तस्माद् योगं परं कार्यं यदा योगी तदा सुखी ।
बिना योगं न सिद्धेऽपि कुण्डली परदेवता ॥ ७१ ॥
अथ योगं सदा कुर्यात् ईश्वरीपाददर्शनात् ।
योगयोगाद् भवेन्मोक्ष इति योगार्थनिर्णयः ॥ ७२ ॥

इसलिए सर्वश्रेष्ठ योग सदैव करना चाहिए । इससे योगी सर्वदा सुखी रहता है । बिना योग के परदेवता कुण्डली सिद्ध नहीं होती । यह योग ईश्वर पद प्राप्ति कराने वाला है । इस कारण सर्वदा योग करना चाहिए । योग से युक्त होने पर ही मोक्ष होता है—ऐसा योग के अर्थ का निर्णय है ॥ ७१-७२ ॥

मन्त्रसिद्धीच्छुको यो वा सैव योगं सदाभ्यसेत् ।
मात्रावृत्तिं प्रवक्ष्यामि काकचञ्चुपुटं तथा ॥ ७३ ॥
सूक्ष्मवायु भक्षणं तत् चन्द्रमण्डलचालनम् ।
त्र्यावृत्तिश्चैव[1] विविधं तन्मध्ये उत्तमं त्रयम् ॥ ७४ ॥

जो मन्त्र के सिद्धि की इच्छा रखता हो उसे योगाभ्यास सदैव करते रहना चाहिए । अब ( प्राणायाम के अन्य प्रकार ) मात्रावृत्ति ( द्र० . २५ . ४२ ) तथा काकचञ्चुपुट कहती हूँ । मात्रावृत्ति वह है जिसमें सूक्ष्म वायु का भक्षण किया जाता है, वायु भक्षण से चन्द्रमण्डल का संचालन होता है । उसकी तीन आवृत्तियाँ हैं तथा प्रकार अनेक हैं, उसमें भी तीन उत्तम हैं ॥ ७३-७४ ॥

वर्णं सचन्द्रं संयुक्तं मूलं त्र्यक्षरमेव वा ।
जानुजङ्घामध्यदेशे तत्तत्सर्वासनस्थितः ॥ ७५ ॥
वामहस्ततालुमूलं भ्रामयेद् द्वादशक्रमात् ।
द्वादशक्रमशः कुर्यात् प्राणायामं हि पूर्ववत् ॥ ७६ ॥

१ . अनुस्वार युक्त वर्ण, मूलमन्त्र का जप, अथवा त्र्यक्षर ( ॐकार ) का जप ये तीन उत्तम हैं । जानु, जंघा के मध्य में जो जो आसन है, उनमें से किसी एक पर स्थित होकर इसका जप करना चाहिए ॥ ७५ ॥

२ . बायाँ हाथ तथा तालु का मूल भाग क्रमशः बारी बारी से घुमावें और इसी क्रम से बायें से दाहिनें तथा दाहिने से बायें १२ प्राणायाम भी करे ॥ ७६ ॥

---

१ . मात्रावृत्तिश्च—क० ।

मनोरम फल की समृद्धि के लिए मुख से वर्णों का ( वैखरी ) उच्चारण न करे, कामना फल सिद्धि के लिए केवल जिह्वा से ही जप करे । नाभि में अग्निरूप से सूर्य का निवास है, ललाट में चन्द्रमा का निवास है । प्राणवायु की अग्नि शिखा के स्पर्श से चन्द्रमण्डल द्रवित होता है । उस चन्द्र मण्डल से चूने वाली अमृतधारा से सूर्य प्रकाशित होता है । जब वह संतुष्ट रहता है तो पूरक से योगी की रक्षा करता है ॥ ९१-९३ ॥

ततः पूरकयोगेन अमृतं श्रावयेत् सुधीः ।
कुर्यात्प्रज्वलितं वह्निं रेचकेन वराग्निना ॥ ९४ ॥
अथ मौनजपं कृत्वा ततः सूक्ष्मानिलं मुदा ।
सहस्रारे गुरुं ध्यात्वा योगी भवति भावकः ॥ ९५ ॥
प्राणवायुस्थिरो यावत् तावन्मृत्युभयं कुतः ।
ऊर्ध्वरेता भवेद्यावत्तावत्कालभयं कुतः ॥ ९६ ॥
यावद्बिन्दुः स्थितो देहे विधुरूपी सुनिर्मलः ।
सदागलत्सुधाव्याप्तस्तावन्मृत्युभयं कुतः ॥ ९७ ॥

तदनन्तर पूरक प्राणायाम के द्वारा सुधी साधक अमृत को गिराये और रेचक रूप श्रेष्ठ अग्नि से वह्नि को प्रज्वलित करे । इसके बाद मौन हो कर जप करे फिर सूक्ष्म वायु को सहस्रार चक्र में ले आकर गुरु का ध्यान करे, ऐसा करने से साधक योगी हो जाता है । जब तक प्राणवायु स्थिर है तब तक भला मृत्यु का भय किस प्रकार हो सकता है । जब तक ऊर्ध्वरेता है तब तक भला काल का भय किस प्रकार हो सकता है ॥ ९४-९६ ॥

जब तक चन्द्रमण्डल से गिरे हुए अमृत से व्याप्त वीर्य शरीर में स्थित है, तब तक किस प्रकार मृत्यु का भय हो सकता है ॥ ९७ ॥

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते कुलानन्दरसिके ज्ञानरूपिणि ।
सर्वतेजोऽग्रदेवेन येन सिद्धो भवेन्नरः ॥ ९८ ॥
महामृता खेचरी च सर्वतत्त्वस्वरूपिणी[१] ।
कीदृशी शाङ्करीविद्या श्रोतुमिच्छामि तत्क्रियाम् ॥ ९९ ॥
अध्यात्म[२]विद्यायोगेशी कीदृशी भवितव्यता ।
कीदृशी परमा देवी तत्प्रकारं वदस्व मे ॥ १०० ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे कुलानन्दरसिके ! हे ज्ञान स्वरूपिणि ! हे कान्ते ! जिस सर्वगा सर्वतेजोग्र देवता से मनुष्य सिद्ध होता है उसे कहिए । सर्वतत्त्वस्वरूपिणी महामृता खेचरी तथा शाङ्करी विद्या क्या है मैं उसकी क्रिया सुनना चाहता हूँ । समस्त योगों की अधीश्वरी वह अध्यात्म विद्या क्या है ? परमा देवी भवितव्यता क्या है ? उसका प्रकार मुझ से कहिए ॥ ९८-१०० ॥

---

१. सर्वाणि च तानि तत्त्वानि च सर्वतत्त्वानि, पूर्वकालैकसर्वजरदित्यादिना समासः, तेषां स्वरूपमस्ति यस्यामिति नित्ययोगे इनिः । २. अध्याय—ग० ।

आनन्दभैरवी उवाच

यस्य नाथ मनस्थैर्यं महासत्त्वे सुनिर्मले ।
भक्त्या सम्भावनं यत्र विनावलम्बनं प्रभो ॥ १०१ ॥
यस्या मनश्चित्तवशं स्वमिन्द्रियं
स्थिरा स्वदृष्टिर्जगदीश्वरीपदे ।
न खेन्दुशोभे च विनावलोकनं
वायुः स्थिरो यस्य विना निरोधनम् ॥ १०२ ॥
त एव मुद्रा विचरन्ति खेचरी पापाद्विमुक्ताः प्रपिबन्ति वायुम् ।
यथा हि बालस्य च तस्य चेष्टी निद्राविहीनाः प्रतियान्ति निद्राम् ॥ १०३ ॥

खेचरी मुद्रा—आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ ! जो साधक बिना अवलम्बन वाले मन को भक्तिपूर्वक सुनिर्मल महासत्त्व में भक्तिपूर्वक स्थापित कर उसका ध्यान करता है, जगदीश्वर पद में उस भक्ति से मन, चित्त तथा समस्त इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं, आकाश स्थित इन्दु के बिना जो देखने में समर्थ है तथा वायु के निरोध के बिना ही जिसका वायु स्थिर है, वही खेचरी मुद्रा है । पाप से निमुक्त साधक उसी खेचरी मुद्रा में वैसे ही विचरण करता है और वायु का पान करता है जिस प्रकार बालक ( विचरण करता है ) ॥ १०१-१०३ ॥

शाङ्करी-विद्यानिरूपणम्

पथापथज्ञानविवर्जिता ये धर्मार्थकामादि विहीनमानसाः ।
विनावलम्बं जगतामधीश्वर एवैव मुद्रा विचरन्ति शाङ्करी ॥ १०४ ॥

आध्यात्मनिरूपणम्

ज्ञाने साध्यात्मविद्यार्थं जानाति कुलनायकम् ।
अध्याज्ञाचक्रपद्मस्थं शिवात्मानं सुनिश्चया ॥ १०५ ॥
अध्यात्मज्ञानमात्रेण सिद्धो योगी न संशयः ।
षट्चक्रभेदको यो हि अध्यात्मज्ञः स उच्यते ॥ १०६ ॥
अध्यात्मशास्त्रसङ्केतमात्मना मण्डितं शिवम् ।
कोटिचन्द्राकृतिं शान्तिं यो जानाति षडम्बुजे ॥ १०७ ॥

शाङ्करी मुद्रा—हे जगत् के अधीश्वर ! जिन्हें मार्ग कुमार्ग का ज्ञान नहीं है तथा जिनका मन धर्म, अर्थ तथा काम से रहित है, ऐसे लोग जिसमें बिनावलम्ब के विचरण करते हैं, वही शाङ्करी मुद्रा है ॥ १०४ ॥

**विमर्श**—जिस प्रकार बक निद्राविहीन होकर जगत् के प्रति जागरूक नहीं रहता उसी प्रकार शाङ्करी मुद्रा में योगी हो जाता है । ( पथापथज्ञानविवर्जिता- ) पथे गतौ इत्यस्मात् कर्त्तरि पचाद्यच्, पथम् इति सिध्यति, तच्चापथं चेति पथापथे, ताभ्यां विहीनाः ॥ १०४ ॥

अध्यात्म के सहित महाविद्या के लिए ज्ञान सम्पन्न होने पर साधक आज्ञा चक्र रूप पद्म में रहने वाले कुल नायक शिव स्वरूप आत्मा को जान लेता है । ऐसा योगी मात्र

अध्यात्म के ज्ञान से सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं । अध्यात्म का ज्ञाता वह है जो षट्चक्र का भेदन करना जानता है । वह षट्चक्र रूप समुद्र में रहने वाले, अध्यात्म शास्त्र के सङ्केत से जानने योग्य, आत्मा से मण्डित, करोड़ों चन्द्रमा के समान शीतल सदाशिव को जान लेता है और अन्ततः वह शान्ति प्राप्त कर लेता है ॥ १०५-१०७ ॥

स ज्ञानी सैव योगी स्यात् सैव देवो महेश्वरः ।
स मां जानाति हे कान्त विस्मयो नास्ति शङ्कर ॥ १०८ ॥
मम सर्वात्मकं रूपं जगत्स्थावरजङ्गमम् ।
सृष्टिस्थितिप्रलयगं[1] यो जानाति स योगिराट् ॥ १०९ ॥

हे कान्त ! हे सदाशिव ! वही ज्ञानी है । वही योगी है । वही महेश्वर देव है और वही मुझे जानता है इसमें विस्मय नहीं करना चाहिए । स्थावर जङ्गमात्मक सारा जगत् मेरा सर्वात्मक रूप है, जो सृष्टि में उसकी स्थिति में तथा उसके प्रलय काल में भी विद्यमान रहता है, ऐसा जो जानता है, वह योगिराज है ॥ १०८-१०९ ॥

आध्यात्मज्ञाननिरूपणम्

अध्यात्मविद्यां विज्ञाप्य[2] नानाशास्त्रं प्रकाशितम् ।
तच्छास्त्रजालयुग्मा[3] ये तेऽध्यात्मज्ञाः कथं नराः ॥ ११० ॥
त्रिदण्डी स्यात्सदाभक्तो[4] वेदाभ्यासपरः कृती ।
वेदादुद्भवशास्त्राणि त्यक्त्वा मां भावयेद्यदि ॥ १११ ॥

अध्यात्म विद्या को उद्देश्य कर अनेक शास्त्र प्रकाशित किए गए हैं । किन्तु जो उस शास्त्र जाल में उलझ गए हैं वे मनुष्य किस प्रकार अध्यात्म ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं । जो त्रिदण्ड धारण करे सर्वदा मुझ में भक्ति रखे, वेदाभ्यास करे, कृतज्ञ हो, ऐसा पुरुष यदि वेद से उत्पन्न समस्त शास्त्रों का त्याग कर मेरा ध्यान करे, तो वह अध्यात्मज्ञ हो सकता है ॥ ११०-१११ ॥

वेदाभ्यासं समाकृत्य नानाशास्त्रार्थनिर्णयम् ।
समुत्पन्नां महाशक्तिं समालोक्य भजेद्यतिः ॥ ११२ ॥
सर्वत्र व्यापिकां शक्तिं कामरूपां[5] निराश्रयाम् ।
व्यक्ताव्यक्तां स्थिरपदां वायवीं मां भजेद्यतिः ॥ ११३ ॥

वेदाभ्यास का आचरण करते हुए नाना शास्त्रों के अर्थ के निर्णय से उत्पन्न मुझ महाशक्ति को जान कर यति मेरा भजन करे । सब जगह व्यापक रूप से रहने वाली बिना किसी आधार के अधिष्ठित इच्छानुसार रूप धारण करने वाली, व्यक्त तथा अव्यक्त सर्वथा स्थिर मुझ वायवी शक्ति का यति भजन करे ॥ ११२-११३ ॥

---

१. सृष्टिश्च स्थितिश्च प्रलयश्चेति सृष्टिस्थितिप्रलयाः, तान् गच्छति, इति गमेर्डप्रत्ययः ।
२. संगोप्य—क० ।
३. मुग्धा—क० ।
४. सदा भोक्ता—क० ।
५. कालरूपाम—क० ।

यस्या आनन्दमतुलं [1]ज्ञानं यस्य फलाफलम् ।
योगिनां निश्चयज्ञानमेकमेव न संशयः ॥ ११४ ॥
यस्याः प्रभावमात्रेण [2] तत्त्वचिन्तापरो नरः ।
तामेव परमां देवीं सर्पराजसु कुण्डलीम् ॥ ११५ ॥
तामेव वायवीं शक्तिं सूक्ष्मरूपां स्थिराशयाम् ।
आनन्दरसिकां गौरीं ध्यायेत् श्वासनिवासिनीम् ॥ ११६ ॥

जिसके आश्रय में अतुल आनन्द है, जिसमें ज्ञान है, जो फलाफल देने वाली है, जो योगियों मे निश्चय ज्ञान देने वाली है, वह तत्त्व एक ही है । जिसके प्रभाव मात्र से मनुष्य तत्त्व की चिन्ता में लग जाता है । सर्पराज पर अधिष्ठित वह परमा देवी कुण्डली वायवीशक्ति है, सूक्ष्मस्वरूपा है, स्थिर रहने वाली है और आनन्द की रसिका है । ऐसी श्वास में रहने वाली उस गौरी का ध्यान करे ॥ ११४-११६ ॥

आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तत्त्वदेहे [3] व्यवस्थितम् ।
तस्याभिव्यञ्जकं द्रव्यं योगिभिः परिपीयते ॥ ११७ ॥

आनन्द ही ब्रह्म का स्वरूप है, वह तत्त्व साक्षात्कर्ता के देह में निवास करता है । उस आनन्द के अभिव्यञ्जक द्रव्य को योगीजन पान करते हैं ॥ ११७ ॥

तद्द्रव्यस्थां महादेवीं नीलोत्पलदलप्रभाम् ।
मानवीं परमां देवीमष्टादशभुजैर्युताम् ॥ ११८ ॥
कुण्डलीं चेतनाकान्तिं चैतन्यां परदेवताम् ।
आनन्दभैरवीं नित्यां घोरहासां [4] भयानकाम् ॥ ११९ ॥
तामेव परमां देवीं सर्ववायुवशङ्करीम् ।
मदिरासिन्धुसम्भूतां मत्तां रौद्रीं वराभयाम् ॥ १२० ॥
योगिनीं योगजननीं ज्ञानिनां मोहिनीसमाम् [5] ।
सर्वभूत[6]सर्वपक्षस्थितिरूपां महोज्ज्वलाम् ॥ १२१ ॥
षट्चक्रभेदिकां सिद्धिं तासां नित्यां मतिस्थिताम् ।
विमलां निर्मलां ध्यात्वा योगी मूलाम्बुजे यजेत् ॥ १२२ ॥

उन द्रव्यों में रहने वाली, नीलकमल पत्र के समान कान्ति वाली, मन्त्रस्वरूपा, अष्टादश भुजा से युक्त परमा महादेवी ही हैं । उस चैतन्या, चेतना से संयुक्त कान्ति वाली, परदेवतास्वरूपा कुण्डली आनन्दभैरवी नित्य घोर हास करने वाली, भयानक, समस्त वायु मण्डल को अपने वश में करने वाली, मदिरा समुद्र से उत्पन्न मस्ती से युक्त, रुद्र स्वरूपा, वर तथा अभय धारण करने वाली योगिनी, योगीजनों की जननी, ज्ञानियों को

१. ज्ञानात्—क० (ज्ञानाज्ञस्य)—क० ।
२. प्रसाद—क० ।
३. तत्त्व—क० ।
४. घोरहासाम्—ग० ।
५. मोहिनीसुमाम्—क० । ६. सर्वभूतेषु सर्वपक्षेषु च या स्थितिः, सा रूपं यस्याः सा ताम् ।

# अथ षड्विंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

शृणु प्राणेश सकलं प्राणायामनिरूपणम् ।
प्राणायामे जपं ध्यानं तत्त्वयुक्तं वदामि तत् ॥ १ ॥
प्रकारयेय[1]मुल्लासं प्राणायामेषु शोभितम् ।
देवताविधिविष्णवीशास्ते तु मध्यममध्यमाः ॥ २ ॥
रजस्तमोगुणं नाथ सत्त्वे संस्थाप्य यत्नतः ।
कामक्रोधादिकं त्यक्त्वा योगी भवति योगवित् ॥ ३ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे प्राणेश ! अब सब प्रकार के प्राणायाम का निरूपण कर रही हूँ उसे सुनिए । जिस प्राणायाम में तत्त्वयुक्त जप और ध्यान है उसे कहती हूँ । प्राणायाम क्रिया में शोभा पाने वाले इस उल्लास के कई प्रकार हैं । इसके ब्रह्मा, विष्णु और ईश्वर—ये देवता ने तो मध्यम से भी मध्यम है । हे नाथ ! साधक सत्त्व में रज तम गुणों को स्थापित कर तथा काम क्रोधादि दोषों को त्याग कर प्राणायाम करे तो वह योगी योगवेत्ता हो जाता है ॥ १-३ ॥

रजोगुणं नृपाणां तु तमोगुणमतीव च ।
अधिकं तु पशूनां हि साधूनां सत्त्वमेव च ॥ ४ ॥
सत्त्वं विष्णुं वेदरूपं[2] निर्मलं द्वैतवर्जितम् ।
आत्मोपलब्धिविषयं त्रिमूर्तिमूलमाश्रयेत् ॥ ५ ॥

राजाओं में रजोगुण रहता है उससे भी अधिक तमोगुण रहता है, उससे भी अधिक तमोगुण पशुओं में रहता है, किन्तु साधुओं में मात्र सतोगुण की स्थिति रहती है । विष्णु में सत्त्वगुण है वे वेद के स्वरूप निर्मल तथा द्वैत से वर्जित हैं । आत्मोपलब्धि के विषय हैं, तीनों मूर्तियों के मूल हैं, अतः उनका ही आश्रय लेना चाहिए ॥ ४-५ ॥

सत्त्वगुणाश्रयादेव निष्पापी सर्वसिद्धिभाक् ।
जितेन्द्रियो भवेत् शीघ्रं ब्रह्मचारिव्रतेन च ॥ ६ ॥
प्राणवायुवशेनापि वशीभूताश्चराचराः ।
तस्यैव[3] कारणे नाथ जपं ध्यानं समाचरेत् ॥ ७ ॥

---

१. प्रकारत्रयमुल्लासम्—क० ।
२. विष्णु वेदरूपम्—क० ।
३. कारणे—क० ।

वक्ष्यामि तत्प्रकारं जपध्यानं विधिद्वयम् ।
एतत्करणमात्रेण योगी स्यान्नात्र संशयः ॥ ८ ॥

सत्त्वगुण का आश्रय लेने से साधक पाप रहित और सभी सिद्धियों का पात्र होता है, किं बहुना ब्रह्मचर्य व्रत से वह शीघ्र जितेन्द्रिय हो जाता है । हे नाथ ! प्राणवायु को भी वश में कर लेने से संसार के सभी चराचर वश में हो जाते हैं । इसलिए प्राणवायु को वश में करने के लिए जप और ध्यान भी करते रहना चाहिए । प्राणवायु को वश में करने के लिए जप और ध्यान दो ही विधियाँ हैं । उनका प्रकार आगे कहूँगी । इनके कारण ही साधक योगी बन जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ६-८ ॥

जपं च त्रिविधं प्रोक्तं व्यक्ताव्यक्तातिसूक्ष्मगम् ।
व्यक्तं वाचिकमुपांशुमव्यक्तं[1] सूक्ष्ममानसम् ॥ ९ ॥
तत्र ध्यानं प्रवक्ष्यामि प्रकारमेकविंशतिम् ।
ध्यानेन जपसिद्धिः स्यात् जपात् सिद्धिर्न संशयः ॥ १० ॥

जप के प्रकार - १. व्यक्त रूप से होने वाला, २. अव्यक्त रूप से होने वाला तथा ३. अत्यन्त सूक्ष्म रूप से होने वाला—ये जप के तीन भेद हैं । व्यक्त जप वह है जिसे वचन रूप से उच्चारण किया जाए, उपांशु ( जिह्वा संचालन ) से जो जप किया जाए वह अव्यक्त है और मन से किया जाने वाला जप अत्यन्त सूक्ष्म है । अब ध्यान के विषय में कहती हूँ । उस ध्यान के २१ प्रकार हैं । ध्यान से जप कर सिद्धि होती है और जप से वास्तविक सिद्धि होती है इसमें संशय नहीं ॥ ९-१० ॥

आदौ विद्यामहादेवीध्यानं वक्ष्यामि शङ्कर ।
एषा देवी कुण्डलिनी [2]यस्या मूलाम्बुजे मनः ॥ ११ ॥
मनः करोति सर्वाणि धर्मकर्माणि सर्वदा ।
यत्र गच्छति स श्रीमान् तत्र वायुश्च गच्छति ॥ १२ ॥

हे शङ्कर ! सर्वप्रथम मैं विद्यामहादेवी का ध्यान कहती हूँ । यह कुण्डलिनी, ही महाविद्या है जिनके मूलाधार रूप कमल में मन का निवास है । यह मन ही समस्त धर्म कर्म सर्वदा किया करता है जहाँ-जहाँ वह जाता है वायु भी उसी स्थान पर उसके साथ जाता है ॥ ११-१२ ॥

अतो मूले समारोप्य मानसं वायुरूपिणम् ।
द्वादशाङ्गुलकं बाह्ये नासाग्रे चावधारयेत् ॥ १३ ॥
मनःस्थं रूपमाकल्प्य मनोधर्मं मुहुर्मुहुः ।
मनस्तत् [3]सदृशं याति गतिर्यत्र[4] सदा भवेत् ॥ १४ ॥
मनोविकाररूपं तु एकमेव न संशयः ।
अज्ञानिनां हि देवेश ब्रह्मणो रूपकल्पना ॥ १५ ॥

---

१. स व्यक्तम्—ग० । २. अस्या—क० ।
३. सहस्वम्—ग० । ४. मतिर्यत्र—ग० ।

अव्यक्तं ब्रह्मरूपं हि तच्च देहे व्यवस्थितम् ।
धर्मकर्मविनिर्मुक्तं मनोगम्यं भजेद्यतिः ॥ १६ ॥

अतः मूलाधार में वायु स्वरूप मन को स्थापित कर नासा के अग्रभाग के बाहर १२ अंगुल पर्यन्त वायु धारण करे । मन में रहने वाले धर्म के स्वरूपभूत ( इष्टदेव ) की मन में कल्पना करे । मन भी उस स्वरूप के अनुसार ही चलता है जहाँ उसकी गति है । मन में रहने वाला विकार एक ही है, इसमें संशय नहीं । हे देवेश ! परब्रह्म के रूप की कल्पना तो अज्ञानियों की है । वस्तुतः ब्रह्म का स्वरूप अव्यक्त है और वह ब्रह्म शरीर में व्यवस्थित रूप से वर्तमान है । वह धर्म कर्म से सर्वथा निर्लेप है । अतः मनोगम्य होने से साधक यति को उसका भजन करना चाहिए ॥ १३-१६ ॥

पद्मं चतुर्दलं मूले स्वर्णवर्णं मनोहरम् ।
तत्कर्णिकामध्यदेशे स्वयम्भूवेष्टितां भजेत् ॥ १७ ॥
कोटिसूर्यप्रतीकाशां सुषुम्नारन्ध्रगामिनीम्[1] ।
ऊर्द्ध्वं गलत्सुधाधारामण्डितां कुण्डलीं भजेत् ॥ १८ ॥

मूलाधार में स्थित कमल चार दलों वाला है, जो मनोहर तथा सुवर्ण के समान वर्ण वाले हैं उसकी कर्णिका के मध्य में स्वयंभू लिङ्ग को वेष्टित करने वाली कुण्डलिनी का भजन करना चाहिए । वह कुण्डलिनी करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमती है जो सुषुम्ना रन्ध्र से ऊपर जाती है और बहते हुए सुधा धारा से मण्डित है । यति साधक को उस कुण्डलिनी का भजन करना चाहिए ॥ १७-१८ ॥

स्वयम्भूलिङ्गं परमं ज्ञानं[2] चिरविवर्द्धनम् ।
सूक्ष्मातिसूक्ष्ममाकाशं कुण्डलीजडितं भजेत् ॥ १९ ॥
पूर्वोक्तयोगपटलं तत्र मूले विभावयेत् ।
कुण्डलीध्यानमात्रेण षट्चक्रभेदको भवेत् ॥ २० ॥
ध्यायेद् देवीं कुण्डलिनीं परापरगुरुप्रियाम् ।
आनन्दां[3] भुवि मध्यस्थां योगिनीं योगमातरम् ॥ २१ ॥

उससे परिवेष्टित स्वयंभू लिङ्ग है, जो सूक्ष्म से भी अति सूक्ष्म है और आकाश के समान निर्लेप है तथा जो परम ज्ञान को निरन्तर बढ़ाता रहता है, उसका भजन करना चाहिए । साधक उस मूलाधार में कुण्डली तथा तत् परिवेष्टित स्वयंभू लिङ्ग के उभय योग का ध्यान करे । इस प्रकार के कुण्डलिनी के ध्यान मात्र से वह सिद्ध साधक षट्चक्रों का भेदक हो जाता है । पर और अवर गुरुओं की प्रेमास्पदा, आनन्दस्वरूपा, मूलाधार रूप भूलोक में रहने वाली योगी जनों की योगमाता कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ १९-२१ ॥

---

१. वज्रगामिनीम्—ग० । सुषुम्नाया रन्ध्रे गच्छति तच्छीला, ताम् ।
२. ज्ञानाङ्कुर—क० । ३. आनन्दार्णव—क० ।

कोटिविद्युल्लताभासां सूक्ष्मातिसूक्ष्मवर्त्मगाम्[1] ।
ऊर्ध्वमार्गव्याचलन्तीं प्रथमारुणविग्रहाम् ॥ २२ ॥
प्रथमोद्गमने कौलीं[2] ज्ञानमार्गप्रकाशिकाम् ।
प्रति[3] प्रयाणे प्रत्यक्षाममृतव्याप्तविग्रहाम् ॥ २३ ॥
धर्मोदयां भानुमतीं जगत्स्थावरजङ्गमाम् ।
सर्वान्तस्थां निर्विकल्पाञ्चैतन्यानन्दनिर्मलाम् ॥ २४ ॥

करोड़ों विद्युल्लता के समान देदीप्यमान, सूक्ष्म से भी अतिसूक्ष्म मार्ग में गमन करने वाली, ऊपर की ओर के चलने वाली और सर्वश्रेष्ठ अरुण वर्ण के शरीर वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । प्रथम गमन के समय कौलीय रूप धारण करने वाली, ज्ञान मार्ग का प्रकाश करने वाली और ऊपर से नीचे की ओर आने के समय अमृत से व्याप्त विग्रह वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । धर्म से उदय होने वाली, किरणों से व्याप्त, जगत् के स्थावर-जङ्गम स्वरूप वाली, सभी के अन्तःकरण में निवास करने वाली, निर्विकल्पा चैतन्य एवं आनन्द से सर्वथा निर्मल स्वरूप वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ २२-२४ ॥

आकाशवाहिनीं नित्यां [4]सर्ववर्णस्वरूपिणीम् ।
महाकुण्डलिनीं ध्येयां ब्रह्मविष्णुशिवादिभिः ॥ २५ ॥
प्रणवान्तःस्थितां शुद्धांशुद्धज्ञानाश्रयां शिवाम् ।
कुलकुण्डलिनीं सिद्धिं चन्द्रमण्डलभेदिनीम् ॥ २६ ॥

आकाश में उड़ने वाली नित्य स्वरूपा, समस्त वर्ण स्वरूपा, ब्रह्मा, विष्णु, शिवादि, देवताओं से ध्यान करने योग्य श्रीकुण्डली का ध्यान करना चाहिए । प्रणव के मध्य में रहने वाली, शुद्ध स्वरूपा, शुद्ध ज्ञानाश्रया, सबका कल्याण करने वाली, चन्द्र मण्डल का भेदन करने वाली एवं सिद्धि स्वरूपा कुल कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ २५-२६ ॥

मूलाम्भोजस्थितामाद्यां जगद्योनिं जगत्प्रियाम् ।
स्वाधिष्ठानादिपद्मस्थां सर्वशक्तिमयीं पराम् ॥ २७ ॥
आत्मविद्यां शिवानन्दां पीठस्थामतिसुन्दरीम् ।
सर्पाकृतिं रक्तवर्णां [5]सर्वरूपविमोहिनीम् ॥ २८ ॥

मूलाधार के कमल पर निवास करने वाली, आद्या जगत् की कारणभूता, समस्त जगत् से प्रेम करने वाली, स्वाधिष्ठानादि पद्मों में रहने वाली, सर्वशक्तिमयी परा कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । आत्म विद्या, शिवानन्दा पीठ में निवास करने वाली, अत्यन्त सुन्दरी, साँप के समान आकृति वाली, रक्तवर्णा रूप से सबको संमोहित करने वाली कुल कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

---

१. सूक्ष्मवर्णगाम्—क० ।—सूक्ष्मातिसूक्ष्मं यद् वर्त्म (मार्गः) तद् गच्छति—इति । गमेर्डप्रत्ययः ।
२. प्रथमोद्गमने कौला—ग० ।
३. प्रति प्रमाणे प्रत्यक्षाममृतव्याप्तविग्रहाम्—ग० ।
४. निर्विवर्णा—ग० ।
५. सर्व—ग० ।

कामिनीं कामरूपस्थां [1]मातृकामात्मदायिनीम् ।
कुलमार्गानन्दमयीं कालीं कुण्डलिनीं भजेत् ॥ २९ ॥
इति ध्यात्वा मूलपद्मे निर्मले योगसाधने ।
धर्मोदये ज्ञानरूपां साधयेत् परकुण्डलीम् ॥ ३० ॥

कामिनी, कामरूप में रहने वाली मातृका स्वरूपा, आत्मविद्या देने वाली, कुलमार्ग के उपासकों को आनन्द देने वाली महाकाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । पवित्र योगसाधन काल में इस प्रकार मूलपद्म में कुण्डलिनी का ध्यान कर धर्म के उदय हो जाने पर ज्ञानरूपी पर कुण्डलिनी की सिद्धि करनी चाहिए ॥ २९-३० ॥

कुण्डलीभावनादेव खेचरत्वाष्टसिद्धिभाक् ।
ईश्वरत्वमवाप्नोति साधको भूपतिर्भवेत् ॥ ३१ ॥
योगाभ्यासे भावसिद्धो स्मृतो वायुर्महोदयः ।
प्राणानामादुर्निवार्यो यत्नेन तं प्रचालयेत् ॥ ३२ ॥
प्रतिक्षणं समाकृष्य मूलपद्मस्थ कुण्डलीम् ।
तदा प्राणमहावायुर्वशी भवति निश्चितम् ॥ ३३ ॥

कुण्डलिनी की भावना के करने से ही खेचरता तथा अष्टसिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं और साधक ईश्वरत्व प्राप्त कर लेता है, । किं बहुना वह राजा भी हो जाता है । योगाभ्यास में महोदय वायु भावना से सिद्ध होता है । इन प्राण नाम के वायु को रोकना बड़ा कठिन कार्य है । अतः धीरे-धीरे इनका संचालन करे । मूलपद्म में रहने वाली कुण्डली को प्रतिक्षण ऊपर की ओर खींचते रहना चाहिए तभी प्राणरूप महावायु निश्चित रूप से वश में हो जाती है ॥ ३२-३३ ॥

ये देवाश्चैव ब्रह्माण्डे क्षेत्रे पीठे सुतीर्थके ।
शिलायां [2]शून्यगे नाथ सिद्धाः स्युः प्राणवायुना ॥ ३४ ॥
ब्रह्माण्डे यानि संसन्ति तानि सन्ति कलेवरे ।
ते सर्वे प्राणसंलग्नाः प्राणातीतं निरञ्जनम् ॥ ३५ ॥
यावत्प्राणः स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुतः ।
गते प्राणे समायान्ति देवताश्चेतनास्थिताः ॥ ३६ ॥

ब्रह्माण्ड में, क्षेत्र में, पीठ में तथा उत्तम तीर्थ में, शिला में, शून्य स्थान में रहने वाले जितने तत्त्व भी हैं वे सभी प्राणवायु से सिद्ध हो जाते हैं । वस्तुतः जितने तीर्थ ब्रह्माण्ड में है उतने ही तीर्थ इस शरीर में भी हैं, वे सभी प्राण से जुड़े हुए हैं, किन्तु निरञ्जन परब्रह्म प्राण से सर्वथा परे हैं । जब तक इस शरीर में प्राण हैं, तब तक मरने का भय किस प्रकार हो सकता है । प्राण के जाते ही चेतना में रहने वाले सभी देवता भी ( शरीर से ) चले जाते हैं ॥ ३४-३६ ॥

---

१. मातृकामर्थदायिनीम्—क० ।
२. मृण्मये—क० ।—'मृन्मये' इति पाठान्तरमुचितम्, न तु मृण्मये इति । णत्वस्याप्राप्तेः ।

सर्वेषां मूलभूता सा कुण्डली भूतदेवता[१] ।
वायुरूपा पाति सर्वमानन्दचेतनामयी ॥ ३७ ॥
जगतां चेतनारूपी कुण्डली योगदेवता ।
आत्ममनःसमायुक्ता ददाति मोक्षमेव सा ॥ ३८ ॥
अतस्तां भावयेन्मन्त्री भावज्ञानप्रसिद्धये ।
भवानीं भोगमोक्षस्थां यदि योगमिहेच्छसि ॥ ३९ ॥

सभी का मूलभूत कुण्डलीभूत देवता है, जो आनन्द युक्त एवं चेतनामयी है इस प्रकार वही वायु रूपा कुण्डलिनी सबकी रक्षा करती है । समस्त जगत् में चेतना रूपी कुण्डलिनी योग की अधिष्ठातृ देवता है जो आत्मा और मन से संयुक्त रह कर मोक्ष प्रदान करती है । इसलिए मन्त्रज्ञ साधक भावज्ञान की सिद्धि के लिए उसका ध्यान करे । यदि कोई योग चाहता हो तो वह भोग और मोक्ष में रहने वाली उस भवानी का ध्यान करें ॥ ३७-३९ ॥

वायुरोधनकाले च कुण्डली चेतनामयी[२] ।
ब्रह्मरन्ध्रावधि ध्येया योगिनं पाति कामिनी ॥ ४० ॥
वायुरूपां[३] परां देवीं नित्यां योगेश्वरीं जयाम् ।
निर्विकल्पां त्रिकोणस्थां[४] सदा ध्यायेत् कुलेश्वरीम् ॥ ४१ ॥
अनन्तां कोटिसूर्याभां ब्रह्मविष्णुशिवात्मिकाम् ।
अनन्तज्ञाननिलयां यां भजन्ति मुमुक्षवः ॥ ४२ ॥
अज्ञानतिमिरे घोरे सा लग्ना मूढचेतसि ।
सुप्ता सर्पासना मौला पाति साधकमीश्वरी ॥ ४३ ॥

वायु के रोकने के समय चेतनामयी कुण्डली का ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त ध्यान करे क्योंकि वह कामिनी योगी की रक्षा करती है । वायुरूपा, परादेवी, नित्या, योगीश्वरी, जया, निर्विकल्पा, त्रिकोण में रहने वाली कुलेश्वरी कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए । वह अनन्ता करोड़ों सूर्य के समान आभा वाली और ब्रह्मा, विष्णु, शिव स्वरूपा वह अनन्तज्ञान निलया है । मुमुक्षु जन उसी का भजन करते हैं । वह मूर्खों के चित्त में घोर अज्ञानान्धकार में पड़ी रहती है । सर्पासन पर सवार रहती है, सोई रहती है और मूलाधार में स्थित रहने वाली वह ईश्वरी साधक का पालन करती है ॥ ४०-४३ ॥

ईश्वरीं सर्वभूतानां ज्ञानाज्ञानप्रकाशिनीम् ।
धर्माधर्मफलव्याप्तां करुणामयविग्रहाम् ॥ ४४ ॥
नित्यां ध्यायन्ति योगीन्द्राः काञ्चनाभाः कलिस्थिताः ।
कुलकुण्डलिनीं देवीं चैतन्यानन्दनिर्भराम् ॥ ४५ ॥

उस सर्व प्राणियों की ईश्वरी, ज्ञान और अज्ञान का प्रकाशन करने वाली, धर्म और

---

१. परदेवता—क० । २. चेतनपुखी—ग० । ३. जयारूपाम्—क० ।
४. त्रिलोकस्थाम्—क० ।—त्र्यवयवोलोकस्त्रिलोकस्तत्रस्थिताम् । मध्यमपदलोपिसमासगर्भाऽत्पुरुषः ।

दंष्ट्राकरालदुर्धर्षां जटामण्डलमण्डिताम् ।
घोररूपां महारौद्रीं सहस्रकोटिचञ्चलाम् ॥ ५३ ॥
कोटिचन्द्रसमस्निग्धां सर्वत्रस्थां भयानकाम् ।
अनन्तसृष्टिसंहारपालनोन्मत्तमानसाम् ॥ ५४ ॥
सर्वव्यापकरूपाद्यामादिनीलाकलेवराम् ।
अनन्तसृष्टिनिलयां ध्यायन्ति तां मुमुक्षवः ॥ ५५ ॥

करोड़ों चन्द्रमा के समान सुशीतल, तेज का बिम्ब, सर्वथा स्थिर सहस्रों ज्वालामाला से युक्त, सैकड़ों कालाग्नि के समान भयङ्कर, कराल दाँतों से एवं महाभयानक जटामण्डल से मण्डित, घोर रूपा, महारौद्री सहस्र करोड़ विद्युत के समान चञ्चल, करोड़ों चन्द्रमा के समान मनोहर, सर्वत्र व्याप्त रहने वाली, महाभयानक, अनन्त जगत् की सृष्टि एवं अनन्त सृष्टि का पालन तथा अनन्त सृष्टि के संहार में उन्मत्त रहने वाली सर्व व्यापक रूप से रहने वाली, आद्या, आदि नील कलेवर वाली तथा अनन्त सृष्टि की निलयभूता उस महाविद्या का मुमुक्षु जन ध्यान करते हैं ॥ ५२-५५ ॥

वीरध्यानं प्रवक्ष्यामि यत्कृत्वा वीरवल्लभः ।
वराणां वल्लभो यो हि मुक्तो[1] भोगी स उच्यते ॥ ५६ ॥
वीराचारे[2] सत्त्वगुणं निर्मलं दिव्यमुत्तमम् ।
सम्प्राप्य च महावीरो योगी भवति तत्क्षणात् ॥ ५७ ॥

अब वीर ध्यान कहती हूँ, जिसके करने से वीर वल्लभ होता है और जो वीरों का वल्लभ हो जाता है, वह योगी भी मुक्त कहा जाता है । वीराचार में सत्त्वगुण की प्रधानता रहती है, दिव्यभाव से साधक निर्मल होता है । इन भावों को प्राप्त कर योगी तत्क्षण महावीर बन जाता है ॥ ५६-५७ ॥

वीराचारं बिना नाथ दिव्याचारं न लभ्यते ।
ततो वीराचारधर्मं कृत्वा दिव्यं समाचरेत् ॥ ५८ ॥
वीराचारं कोटिफलं वारैकजपसाधनम् ।
कोटिकोटिजन्मपापदुःखनाशं स भक्तकः ॥ ५९ ॥

हे नाथ ! बिना वीराचार के दिव्याचार प्राप्त नहीं होता, इसलिए वीराचार करने के बाद दिव्यभाव का आचरण करना चाहिए । वीराचार करोड़ गुना फल देने वाला है और उसका साधन एकमात्र जप है जिससे करोड़ों करोड़ों जन्म के पापों एवं दुःखों का नाश हो जाता है । अन्ततः वही भक्त भी होता है ॥ ५८-५९ ॥

---

१. मुक्तिभागी—क० ।
२. यदि वीराचारभावं करोति भुभृतां पतिः ।
स योगी भोगवक्ता स्यादानन्दपूर्णभावकः ॥
भुवि दाता विधाता विधाता वेदवाचकैः ।
वेदवक्ता महारुद्रो वीराचारेण सम्भवेत् ॥ क० अधिकः ।

अभिव्यक्ति से वर्जित, ज्ञान एवं चैतन्य में निरत रहने वाली उक्त महाविद्या का ध्यान वीराचार के लोग करते हैं ॥ ६३-६६ ॥

अस्या ध्यानप्रसादेन त्वं तुष्टो भैरवः स्वयम् ।
अहं च तुष्टा संसारे सर्वे तुष्टा न संशयः ॥ ६७ ॥
प्राणायामान् स करोति साधकः स्थिरमानसः ।
ध्यात्वा देवीं मूलपद्मे वीरो योगमवाप्नुयात् ॥ ६८ ॥
वीरभावं सूक्ष्मवायुधारणेन महेश्वर ।
साधको भुवि जानाति स्वमृत्युं जन्मसङ्कटम् ॥ ६९ ॥

हे प्रभो ! इस देवी के ध्यान से स्वयं आप भैरव संतुष्ट होते हैं और मैं भी संतुष्ट होती हूँ, फिर तो सारा संसार ही संतुष्ट रहता है इसमें संशय नहीं । जो वीर साधक स्थिर चित्त से प्राणायाम करता है और मूलाधार पद्म में देवी का ध्यान करता है वह योग प्राप्त कर लेता है । हे महेश्वर ! सूक्ष्म वायु के धारण करने से वीरभाव को प्राप्त करने वाला साधक इस पृथ्वी पर अपनी मृत्यु तथा जन्म में होने वाले सङ्कटों को जान लेता है ॥ ६७-६९ ॥

मासादाकर्षणीसिद्धिर्वाक्सिद्धिश्च द्विमासतः ।
मासत्रयेण[1] संयोगाज्जायते देववल्लभः[2] ॥ ७० ॥
एवञ्चतुष्टये मासि भवेद्दिकपालगोचरः ।
पञ्चमे पञ्चबाणः स्यात् षष्ठे रुद्रो न संशयः ॥ ७१ ॥

एक महीने में आकर्षण की सिद्धि, दो महीने में वाक्सिद्धि तथा तीन महीने में वायु के संयोग से साधक देवताओं का वल्लभ हो जाता है । इसी प्रकार ऐसा करते रहने से उसे दिक्पालों के दर्शन हो जाते हैं । पाँचवें महीने में वह काम के समान सुन्दर, छठें महीने में ( साक्षात् ) रुद्र हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ७०-७१ ॥

वीरभावस्य माहात्म्यं कोटिजन्मफलेन च ।
जानाति साधकश्रेष्ठो [3]देवीभक्तः स योगिराट् ॥ ७२ ॥
वीराचारं महाधर्मं चित्तस्थैर्यस्य कारणम् ।
यस्य प्रसादमात्रेण दिव्यभावाश्रितो भवेत् ॥ ७३ ॥

जो साधक श्रेष्ठ एवं करोड़ों जन्मों के फल से वीरभाव का माहात्म्य जान लेता है वही देवी का भक्त तथा योगिराज है । चित्त को स्थिर रखने में कारणभूत वीराचार महान् धर्म है, जिसकी कृपा होने पर साधक दिव्यभाव का आश्रित बन जाता है ॥ ७२-७३ ॥

स्वयं रुद्रो महायोगी महाविष्णुः कृपानिधिः ।
महावीरः स एवात्मा[4] मोक्षयोगी न संशयः ॥ ७४ ॥

---

१. संयोगी—ग० ।
२. देवानां वल्लभः प्रिय इत्यर्थः ।
३. देव—ग० ।
४. स तु वात्मा—ग० ।

अथ नाथ महावीर भावस्नानं कुलाश्रयम् ।
यत्कृत्वा शुचिरेव स्यात् शुचिश्चेत् किं न सिद्ध्यति ॥ ७५ ॥

वीराचार के प्रभाव से रुद्र स्वयं महायोगी हुए और महाविष्णु कृपा के निधान हो गए। इस प्रकार वही आत्मा महावीर है, वही मोक्ष का भोक्ता है, इसमें संशय नहीं। हे नाथ ! हे महावीर ! कुल ( = शाक्तों ) का यह आश्रय है और भाव स्नान है जिसके करने से साधक शुचि हो जाता है और शुचि होने पर क्या नहीं सिद्ध होता ॥ ७४-७५ ॥

कुलस्नानं महास्नानं योगिनामतिदुर्लभम् ।
कृत्वा जितेन्द्रियो वीरः कुलध्यानं समाचरेत् ॥ ७६ ॥
स्नानं तु त्रिविधं प्रोक्तं मज्जनं गात्रमार्जनम् ।
मन्त्रज्ञानादिभिः[1] स्नानमुत्तमं परिकीर्तितम् ॥ ७७ ॥

कुल ( शाक्तों ) का स्नान ( वीराचार ) है। यह महास्नान योगियों को भी अत्यन्त दुर्लभ है। अतः जितेन्द्रिय वीर साधक इसे कर के कुल का ध्यान करे। स्नान तीन प्रकार का कहा गया है—पहला डुबकी लगाकर, दूसरा शरीर का मार्जन कर, तीसरा मन्त्र और ज्ञान पूर्वक स्नान जो सर्वोत्तम कहा गया है ॥ ७६-७७ ॥

तत्प्रकारं शृणु प्राणवल्लभ प्रियकारक ।
स्नानमात्रेण मुक्तः स्यात् पापशैलादनन्तगः ॥ ७८ ॥
स्नानञ्च[2] विमले तीर्थे हृदयाम्भोजपुष्करे ।
बिन्दुतीर्थेऽथवा स्नायात् सर्वजन्माघमुक्तये ॥ ७९ ॥

हे प्राण वल्लभ ! हे प्रिय करने वाले ! अब उस स्नान का प्रकार सुनिए, जिस स्नान मात्र से स्नानकर्ता पाप के पहाड़ से मुक्त हो जाता है और अनन्त को प्राप्त कर लेता है। सभी जन्म के पापों से छुटकारा पाने के लिए, हृदय रूपी कमल में होने वाले निर्मल पुष्कर नाम वाले तीर्थ में स्नान करे अथवा बिन्दुतीर्थ में स्नान करना चाहिए ॥ ७८-७९ ॥

इडासुषुम्ने शिवतीर्थकेऽस्मिन् ज्ञानाम्बुपूर्णे वहतः शरीरे ।
ब्रह्मादिभिः[3] स्नाति तयोस्तु नीरे किं तस्य गाङ्गैरपि पुष्करैर्वा ॥ ८० ॥

इस शरीर में कल्याणकारी तीर्थ ईडा और सुषुम्ना नाड़ियाँ विद्यमान हैं जिसमें ज्ञान का जल बह रहा है, ब्रह्मादि देवता भी उस जल में स्नान करते हैं, जिसने इसमें स्नान कर लिया उसे गङ्गा जल में अथवा पुष्कर में स्नान से क्या लाभ ? ॥ ८० ॥

इडामलस्थान[4]निवासिनी या सूर्यात्मिकायां यमुना प्रवाहिका[5]।
तथा सुषुम्ना मलदेशगामिनी[6] सरस्वती मज्जति[7] भक्षणार्थकम् ॥ ८१ ॥

---

१. मन्त्रजलादिभिः—क० ।—मन्त्रश्च ज्ञानं च मन्त्रज्ञाने, ते आदिर्येषां तैः ।
२. स्नायान्न—क० ।
३. ब्रह्माम्बुभिः—क० ।
४. इडामलश्यामम्बुनि नाथकन्या—क० ।
५. प्रकाशिका—क० ।
६. वासिनी—क० ।
७. रक्षति मज्जनात्मकम्—क० ।

ईडा जो सर्वथा पवित्र स्थान से निकलने वाली गङ्गा है तथा पिङ्गला सूर्य से उत्पन्न होने वाली यमुना है, उनके बीच में ब्रह्मलोक तक जाने वाली सरस्वती है । अतः जो उसमें स्नान करता है, वह उसके पापों को खा जाती है ॥ ८०-८१ ॥

मनोगतस्नानपरो मनुष्यो मन्त्रक्रियायोग विशिष्ट तत्त्ववित् ।
महीस्थतीर्थे विमले जले मुदा मूलाम्बुजे स्नाति च मुक्तिभाग् भवेत् ॥ ८२ ॥
सर्वादितीर्थे सुरतीर्थपावनी गङ्गा महासत्वविनिर्गता सती ।
करोति पापक्षयमेव मुक्तिं ददाति साक्षादतुलार्थपुण्यदा ॥ ८३ ॥

मन में ही स्नान करने वाला मनुष्य मन्त्र की क्रिया के योग का जानने वाला है, जो मूलाधार कमल रूप मही में रहने वाले इस तीर्थ में प्रसन्नता पूर्वक स्नान करता है वह मुक्ति का भागी हो जाता है । देवताओं के तीर्थ को पवित्र करने वाली गङ्गा इस सर्वादि तीर्थ में महासत्त्व से निकली हुई है । जो पापों का क्षय करती है और मुक्ति प्रदान करती हैं । किं बहुना वे साक्षात् इतना पुण्य प्रदान करती हैं, जिसकी कोई तुलना नहीं है ॥ ८२-८३ ॥

सर्गस्थं यावदातीर्थं स्वाधिष्ठाने सुपङ्कजे ।
मनो निधाय योगीन्द्रः स्नाति गङ्गाजले तथा[१] ॥ ८४ ॥
मणिपूरे देवतीर्थे[२] पञ्चकुण्डं सरोवरम् ।
एतत् श्रीकामनातीर्थं स्नाति यो मुक्तिमिच्छति ॥ ८५ ॥

इस सृष्टि में जहाँ तक जितने तीर्थ हैं वे सभी तीर्थ स्वाधिष्ठान के कमल में निवास करते हैं, योगीन्द्र उसी में अपना मन उस प्रकार लगाकर स्नान करते हैं जैसे गङ्गा जल में स्नान किया जाता है । देवताओं के तीर्थरूप मणिपूर हैं जो पाँच कुण्डों वाला सरोवर है । इसे श्रीकामना तीर्थ भी कहते हैं । जो मुक्ति चाहता है वह इस तीर्थ में स्नान करता है ॥ ८४-८५ ॥

अनाहते सर्वतीर्थं सूर्यमण्डलमध्यगम्[३] ।
विभवः[४] सर्वतीर्थानि स्नाति यो मुक्तिमिच्छति ॥ ८६ ॥
विशुद्धाख्ये महापद्मे अष्टतीर्थं समुद्भवम्[५] ।
कैवल्यमुक्तिदं ध्यात्वा स्नाति वीरो विमुक्तये ॥ ८७ ॥

सूर्य मण्डल के मध्य में रहने वाला अनाहत तीर्थ है जिसमें सभी तीर्थ रहते हैं । किं बहुना वहाँ सभी विभव तथा सभी तीर्थ हैं जो साधक मुक्ति चाहता है वह इसमें स्नान करता है । विशुद्ध नामक महापद्म में आठ तीर्थ उत्पन्न हुए हैं, वीराचार वाला पुरुष विमुक्ति के लिए कैवल्य मुक्ति देने वाले परमात्मा का ध्यान कर इसमें स्नान करता है ॥ ८६-८७ ॥

---

१. यथा—क० ।
२. देवतीर्थम्—क० ।
३. सूर्यस्य मण्डलं सूर्यमण्डलम्, तस्य मध्यं गच्छति—इति सूर्यमण्डलमध्यगम् ।
४. विभाव्य—क० ।
५. हस्ततीर्थमधुद्भवम्—क० ।

मानसं बिन्दुतीर्थञ्च कालीकुण्डं[1] कलात्मकम् ।
आज्ञाचक्रे[2] सदा ध्यात्वा स्नाति निर्वाणसिद्धये ॥ ८८ ॥
एतत् कुले प्रियस्नानं कुर्वन्ति योगिनो मुदा ।
अतो वीराः सत्त्वयुक्ताः सर्वसिद्धियुताः सुराः ॥ ८९ ॥

आज्ञाचक्र में मानस तीर्थ, बिन्दु तीर्थ, कलात्मक कालीकुण्ड नामक तीर्थों का निवास है । अतः निर्वाण चाहने वाला उनका ध्यान करते हुए स्नान करता है । योगी लोग कुल में रहने वाले इन तीर्थों में प्रसन्नता पूर्वक स्नान करते हैं, इसलिए वीराचार वाले सत्त्व से संयुक्त हैं और देवतागण समस्त सिद्धियों से युक्त हैं ॥ ८८-८९ ॥

नाना पापं सदा कृत्वा ब्रह्महत्याविनिर्गतम् ।
कृत्वा स्नानं महातीर्थे सिद्धाः स्युरणिमादिगाः ॥ ९० ॥
स्नानमात्रेण निष्पापी शक्तः स्याद्वायुसङ्ग्रहे ।
तीर्थानां दर्शनं येषां शक्तो योगी भवेद् ध्रुवम् ॥ ९१ ॥

सदैव ब्रह्म हत्यादि से होने वाले अनेक प्रकार के महा पापों को सदैव करके भी इस महातीर्थ में स्नान कर मनुष्य अणिमादि से उत्पन्न होने वाली सिद्धि प्राप्त कर लेता है । वह इस तीर्थ में स्नान मात्र से पाप रहित हो जाता है और वायु ग्रहण करने में समर्थ हो जाता है । जिन्हें इन तीर्थों का दर्शन भी हो गया है, वे सर्वसमर्थ योगी बन जाते हैं यह निश्चय है ॥ ९०-९१ ॥

अथ सन्ध्यां महातीर्थे कुलनिष्ठः समाचरेत् ।
कुलरूपां योगविद्यां योगयोगाद् यतीश्वरः ॥ ९२ ॥
शिवशक्तौ समायोगो यस्मिन् काले प्रजायते ।
सा सन्ध्या कुलनिष्ठानां समाधिस्थे प्रजायते ॥ ९३ ॥
शिवं सूर्यं हृदि ध्यात्वा भालशक्तीन्दुसङ्गमम् ।
सा सन्ध्या कुलनिष्ठानां समाधिस्थे प्रजायते ॥ ९४ ॥

**कुलमार्ग के साधक की सन्ध्या**—इस प्रकार स्नान करने के बाद कुलमार्ग का अधिकारी सन्ध्या करे । कुलरूपा महाविद्या रूप योग में युक्त होने के कारण साधक यतीश्वर हो जाता है । जिस समय शिव की महाशक्ति से साधक युक्त हो जाता है, शाक्तों की समाधि में होने वाली वही महासन्ध्या है । हृदय में शिव का तथा सूर्य का ध्यान कर भाल प्रदेश में शक्ति तथा चन्द्रमा के सङ्गम का ध्यान करे तो शाक्तों की समाधि में होने वाली यही सन्ध्या है ॥ ९३-९४ ॥

अथवेन्दुं[3] शिवं ध्यात्वा हृत्सूर्यशक्तिसङ्गमम् ।
संयोगविद्या सा सन्ध्या समाधिस्थे प्रजायते ॥ ९५ ॥

---

१. कलाधरम्—क० । २. आज्ञाचक्रम्—क०
३. अथ बिन्दुम्—क० ।

सुधासिन्धोर्मध्यदेशे कुलकन्यां प्रतर्पयेत् ।
मदिरामृतधाराभिः सिद्धो भवति योगिराट् ॥ १०३ ॥

मूलाधार रूप पात्र के ललाटस्थ चन्द्रमण्डल से निर्गत अमृत से ज्ञानमार्ग द्वारा पूर्ण करे । फिर उससे खेचरी देवता का तर्पण करे । सुधा-सिन्धु के मध्य देश में कुल कन्या का तर्पण मदिरा रूप अमृत धारा से करे तो वह योगिराज सिद्ध हो जाता है ॥ १०२-१०३ ॥

तत्र तीर्थे महाज्ञानी ध्यानं कुर्यात्[1] प्रयत्नतः ।
तद्गर्भमध्य[2]सेन्नित्यं ध्यानमेतद्धि योगिनाम् ॥ १०४ ॥
स्वीयां कन्यां भोजयेद्वै परकीयामथापि वा ।
परितोषाय सर्वेषां युवतीं वा प्रतोषयेत् ॥ १०५ ॥

उस तीर्थ में महाज्ञानी प्रयत्नपूर्वक ध्यान करे और उसके बाद सगर्भ प्राणायाम करे - यही योगियों का ध्यान है । अपनी कन्या को अथवा दूसरों की कन्या को भोजन करावे । अथवा सबको तृप्त करने के लिए युवती को संतुष्ट करे ॥ १०४-१०५ ॥

स्तोत्रेणानेन[3] दिव्येन तोषयेत् शङ्कर प्रभो ।
सहस्रनाम्ना कौमार्याः स्तुत्वा देवीं प्रतोषयेत् ॥ १०६ ॥
यः करोति पूर्णयज्ञं पञ्चाङ्गं जपकर्मणि ।
पुरश्चरणकार्यं च प्राणायामेन[4] कारयेत् ॥ १०७ ॥
प्राणवायुः स्थिरो गेहे पूजाग्रहणहेतुना ।
येऽन्तरस्थं न कुर्वन्ति तेषां सिद्धिः कुतः स्थिता ॥ १०८ ॥

फिर हे प्रभो शङ्कर ! दिव्य कुमारों के सहस्रनाम वाले स्तोत्र से स्तुति कर देवी को संतुष्ट करे । जो जप कर्म में पञ्चाङ्ग पूर्ण यज्ञ ( द्र० . २५ . ७८-१०६ ) स्नान, सन्ध्या, तर्पण, ध्यान एवं कुमारी भोजनपूर्वक सहस्रनाम से स्तुति करता है तथा प्राणायाम के साथ पुरश्चरण कार्य करता है उनके शरीर रूपी गृह में पूजा ग्रहण करने के कारण प्राणवायु स्थिर रहता है । हे प्रभो ! जो अन्तरस्थ इस कर्म को नहीं करता उन्हें सिद्धि कैसे मिले ? ॥ १०६-१०८ ॥

अतोऽन्तर्यजनेनैव[5] कुण्डलीतुष्टमानसा ।
यदि तुष्टा महादेवी तदैव सिद्धिभाक् पुमान् ॥ १०९ ॥

---

१. तद्गर्निशम्—क० ।
२. प्राणायामपरो भूत्वा एतत्सर्वं विभावयेत् ।
किरणस्थं तदग्निस्थं चन्द्रभास्करमध्यगम् ॥
महाशून्ये लयं कृत्वा पूर्णः तिष्ठति योगिराट् ।
निरालम्बे पदे शून्ये यत्तेज उपपद्यते ॥ क० ।
३. पूर्वोक्तस्तोत्रसारेण कवचाढ्येन शङ्कर—क० ।
४. प्राणायामम्—ग० ।
५. जलेनापि—क० ।

अभिषिच्य जगद्धात्रीं प्रत्यक्षपरदेवताम् ।
मूलाम्भोजात् सहस्रारे पूजयेद् बिन्दुधारया ॥ ११० ॥

इससे यह सिद्ध होता है कि कुण्डलिनी अन्तर्यजन से ही संतुष्ट मन वाली होती है, जब कुण्डली महादेवी संतुष्ट हो गई तो उसी समय मनुष्य सिद्धि का भाजन बन जाता है । प्रत्यक्ष रूप से पर देवता स्वरूपा जगद्धात्री का अभिषेचन कर मूलाम्भोज से सहस्रार चक्र में जाने वाली उस कुण्डलिनी का बिन्दुधारा द्वारा पूजन करे ॥ १०९-११० ॥

गलच्चन्द्रामृतोल्लासिधारयासिच्य[1] पार्वतीम् ।
पूजयेत् परया भक्त्या मूलमन्त्रं स्मरन् सुधीः ॥ १११ ॥
अर्च्चयन्विषयैः पुष्पैस्तत्क्षणात्तन्मयो भवेत् ।
न्यासस्तन्मयताबुद्धिः सोऽहंभावेन पूजयेत् ॥ ११२ ॥

चन्द्रमा के द्वारा गिरती हुई, अमृत से सुशोभित धारा से पार्वती को अभिषिक्त कर मूलमन्त्र का स्मरण करते हुए सुधी साधक उनका पूजन करे । उनके पूजा के विषय में एकत्रित किए गए पुष्पों से ध्यान कर तत्क्षण तन्मय हो जावें, उनमें तन्मय हो जाने वाली बुद्धि को न्यास कहते हैं । इसलिए जो वह है, वही मैं हूँ । अतः इस सोऽहं भाव से उनका पूजन करे ॥ १११-११२ ॥

मन्त्राक्षराणि चिच्छक्तौ प्रोतानि परिभावयेत् ।
तामेव[2] परमे व्योम्नि परमानन्दसंस्थिते ॥ ११३ ॥
दर्शयत्यात्मसद्भावं[3] पूजाहोमादिभिर्विना[4] ।
तदन्तर्यजनं ज्ञेयं योगिनां शङ्कर प्रभो ॥ ११४ ॥

परमानन्द स्वरूप उस पराकाश में रहने वाली उस महाशक्ति का ध्यान करे जिस चिच्छक्ति में समस्त मन्त्राक्षर ओत प्रोत है । ऐसा करने से वह महाविद्या, पूजा, होमादि, के बिना ही अपनी आत्मीयता प्रगट कर देती है । हे शङ्कर ! हे प्रभो ! योगियों का यही अन्तर्याग है ॥ ११३-११४ ॥

अन्तरात्मा महात्मा च परमात्मा स उच्यते ।
तस्य स्मरणमात्रेण साधुयोगी भवेन्नरः ॥ ११५ ॥
अमायमनहङ्कारमरागममदं तथा ।
अमोहकमदम्भञ्च [5]अनिन्दाक्षोभकौ तथा ॥ ११६ ॥
अमात्सर्यमलोभश्च दशपुष्पाणि योगिनाम् ।
अहिंसा परमं पुष्पं पुष्पमिन्द्रियनिग्रहः ॥ ११७ ॥

---

१. ल्लास—ग० । २. मासेव—ग० ।
३. दर्शयेत्यात्म—ग० ।
४. ध्यानपूजादिभिर्विना—क० ।
५. अद्वेष्टा—क० ।—निन्दा च क्षोभश्च (क्षोभकश्च) निन्दाक्षोभकौ, स्वार्थे कप्रत्ययः, ततो नञ्तत्पुरुषः ।

सुनिए। हे नाथ ! पञ्चमकार के द्वारा किए जाने वाले अन्तर्याग में दृढ़तापूर्वक आपकी और हमारी एकता का इस प्रकार ध्यान करे, जिस प्रकार दिन और रात्रि की एकता का। पञ्चमकार में प्रथम सुरा ( मद्य ) शक्ति है। मांस शिव हैं, उनका भक्त स्वयं भैरव है, जब शिव-शक्ति रूप मांस और सुरा एक में हो जाते हैं तो आनन्द रूप मोक्ष उत्पन्न होता है, ऐसा निर्णय है ॥१३०-१३२॥

आनन्दं ब्रह्मकिरणं देहमध्ये व्यवस्थितम् ।
तदभिव्यञ्जकैर्द्रव्यैः कुर्याद् ब्रह्मादितर्पणम्[1] ॥१३३॥
आनन्दं जगतां सारं ब्रह्मरूपं तनुस्थितम् ।
तदभिव्यञ्जकं द्रव्यं योगिभिस्तैः प्रपूजयेत्[2] ॥१३४॥

इस शरीर के मध्य में आनन्द रूप में ब्रह्म की किरण व्यवस्थित है। इसलिए आनन्द रूप ब्रह्मकिरण के अभिव्यञ्जक द्रव्य से ब्रह्मादि का तर्पण करना चाहिए। आनन्द सारे जगत् का सार है, शरीर में रहने वाला ब्रह्म का स्वरूप है, उसका अभिव्यञ्जक द्रव्य है, योगी जन उन्हीं द्रव्यों से ब्रह्म का पूजन करते हैं ॥१३३-१३४॥

लिङ्गत्रयं[3] च षट्पद्माधारमध्येन्दुभेदकः[4] ।
पीठस्थानानि चागत्य महापद्मवनं व्रजेत् ॥१३५॥
मूलाम्भोजो ब्रह्मरन्ध्रं चालयेदसुचालयेत्[5] ।
गत्वा पुनः पुनस्तत्र चिच्चन्द्रः परमोदयः ॥१३६॥

साधक षट् पद्माधार के मध्य में रहने वाले तीनों लिंगों के तथा इन्दुमण्डल ( चन्द्रमण्डल ) को भेदन करते हुए पीठ स्थान में पहुँच कर सहस्रदल कमल रूप महापद्मवन में प्रवेश करे। वहाँ जा कर मूलाम्भोज युक्त ब्रह्मरन्ध्र को संचालन करते हुए प्राण वायु का भी संचालन करे। इस प्रकार बारम्बार करते हुए चिच्चन्द्र ( ज्ञान रूप चन्द्र ) का परमोदय होता है ॥१३५-१३६॥

चिच्चन्द्रः कुण्डलीशक्तिः सामरस्यमहोदयः ।
व्योमपङ्कजनिस्यन्दसुधापानरतो नरः ॥१३७॥
मधुपानमिदं नाथ बाह्ये चाभ्यन्तरे सताम् ।
इतरं मद्यपानं तु योगिनां योगघातनात् ॥१३८॥
इतरं तु महापानं भ्रान्तिमिथ्याविवर्जितः ।
महावीरः सङ्करोति योगाष्टाङ्गसमृद्धये ॥१३९॥

कुण्डलिनी शक्ति चिच्चन्द्र है। उसकी सामरस्यता महान् अभ्युदयकारक है। साधक व्योम पङ्कज से चूते हुए आनन्द पान में निरत हो जावे। हे नाथ ! सज्जन योगियों के लिए

---

१. ब्रह्मामृततर्पणम्—क० । २. प्रपूजयेत्—क० । ३. लिङ्गत्रयकः—क० ।
४. भेदनः—क० ।—षट्पद्माधारमध्येन्दुं भिनत्ति इति फलितार्थः ।
५. दसुचालयेत्—क० ।

बाह्य और अभ्यन्तर में होने वाला यही **मधु पान** है और बाह्य मद्यपान तो योगियों के योग का घातक है । इतर ( दूसरा ) तो मद्यपान है । भ्रान्ति तथा मिथ्या दोष से विवर्जित महावीर तो योग के अष्टाङ्ग की समृद्धि के लिए प्रथम ( = योग पङ्कजनिष्यन्दपरामृत ) सुधा का पान करता है ॥ १३७-१३९ ॥

पुण्यापुण्यपशुं हत्वा ज्ञानखड्गेन[1] योगवित् ।
परशिवेन[2] यश्चित्तं नियोजयति साधकः ॥ १४० ॥
मांसाशी[3] स भवेदेव इतरे[4] प्राणिघातकाः ।
शरीरस्थे महावह्नौ दग्धमत्स्यानि पूजयेत् ॥ १४१ ॥
शरीरस्थजलस्थानि इतराण्यशुभानि च ।
महीगतस्निग्धसौम्योद्भवमुद्रामहाबलाः ॥ १४२ ॥
तत्सर्वं ब्रह्मकिरणे आरोप्य तर्पयेत्[5] सुधीः ।
तत्र मुद्राभोजनानि[6] आनन्दवर्द्धकानि च ॥ १४३ ॥

योगवेत्ता साधक तो ज्ञान खड्ग से पुण्यापुण्य रूप पशु को मार कर अपने चित्त को परशिव में समर्पण करता है । वही मांसाशी है । इतर तो पशुओं के हत्यारे हैं । शरीर में रहने वाली महावह्नि में शरीरस्थ जल में रहने वाली जलती हुई मानस इन्द्रिय गणों को रोके—यही **मत्स्य-भोजन** ( अलौकिक ) है और प्रकार का मत्स्य भोजन तो अशुभ है ।

महीगत स्निग्ध सौम्य से उत्पन्न होने वाली **मुद्रा** महाबल प्रदान करती है । उन सभी को ब्रह्म किरण में आरोपित कर सुधी साधक कुण्डलिनी को तृप्त करे । इस प्रकार की मुद्रा के द्वारा किया जाने वाला भोजन आनन्द का वर्द्धक होता है ॥ १४०-१४३ ॥

**इतराणि च भोगार्थे एतद्धि योगिनां परम् ।**
**परशक्त्यात्ममिथुनसंयोगानन्दनिर्भराः ॥ १४४ ॥**
**मुक्तास्ते मैथुनं तत्स्यादितरे स्त्रीनिषेवकाः ।**
**एतत्पञ्चमकारेण पूजयेत् परनायिकाम् ॥ १४५ ॥**

और ( लौकिक ) मुद्रायें तो भोग के लिए बनाई गई हैं, योगियों के लिए तो उक्त मुद्रा ही है । परशक्ति के साथ आत्मा को मिथुन में संयुक्त करने वाले आनन्द से मस्त हो जाते हैं वही ( **अलौकिक** ) **मैथुन** है जिसे मुक्त साधक लोग करते हैं और ( लौकिक ) मैथुन तो स्त्री का सहवास करने वाले करते हैं । इस प्रकार कहे गए पञ्चमकार से कुण्डलिनी का पूजन करे ॥ १४४-१४५ ॥

---

१. ज्ञानलभ्यो—क० । २. परे शिवे प्रगं चित्तं मांसाशी स महीतले—क० ।
३. बाह्यस्थानां पशूनान्तु नासं वीरेन्द्रभोजनम् ।
यदि तद्बुद्धिमाप्नोति तदा तत्कर्म प्राचरेत् ॥
मानसेन्द्रियगणं संगम्यात्मनि विनियोजयेत्—क० ।
४. प्राण—ग० । ५. तर्पयेत्—क० । ६. एतत्रमुद्रा—क० ।

पुरश्चरणगूढार्थसारमन्त्रप्रपूजनम् ।
एतद्योगं[1] सदाभ्यसेद् निद्रालस्यविवर्जितः ॥ १४६ ॥
प्राणवायुरयं[2] कुर्यात्[3] कालकारणवारणात् ।
एतत्क्रियां प्राणवशे यः करोति निरन्तरम् ॥ १४७ ॥
तस्य योगसमृद्धिः स्यात् कालसिद्धिमवाप्नुयात् ॥ १४८ ॥

**॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने भावनिर्णये सूक्ष्मयोगसिद्ध्यधिकरणे पाशवकल्पे षट्चक्रसारसङ्केते सिद्धिमन्त्रप्रकरणे भैरवभैरवीसंवादे षड्विंशः[4] पटलः ॥ २६ ॥**

यहीं तक पुरश्चरण के गूढार्थ का सारभूत मन्त्र प्रपूजन है—निद्रालस्य को त्याग कर इस योग का सदाभ्यास करे। कालरूपी महामत्त गजराज से बचने के लिए यह प्राण वायु करे। निरन्तर इस क्रिया द्वारा जो प्राणवायु को अपने वश में कर लेता है वह योग में समृद्ध होता है तथा कालसिद्धि प्राप्त करता है ॥ १४६-१४८ ॥

**॥ इस प्रकार श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में भावार्थनिर्णय में, पाशव-कल्प में, षट्चक्रसङ्केत में सिद्धमन्त्रप्रकरण में सूक्ष्मयोगसिद्ध्यधिकरण में भैरवी-भैरव संवाद के छब्बीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २६ ॥**

---

१. एतद्योगसदाभ्यासात्—ग० ।
२. प्राणश्चासौ वायुश्च, तस्य रयो वेगः, तम् ।
३. वारणकारणात्—ग० ।—कालकारणस्य वारणम्, तस्मात् ।
४. अष्टाविंशः पटलः—क० ।

चतुर्थीं पञ्चमीं षष्ठीं वामे व्याप्य प्रतिष्ठति ।
सप्तमीमष्टमीं वायुर्नवमीं दक्षिणे ततः ॥ १५ ॥

कृष्णपक्ष में प्रतिपदा, द्वितीया तथा तृतीया तक पिङ्गला में व्याप्त हो कर वायु निकलता रहता है । फिर कृष्णपक्ष के चतुर्थी, पञ्चमी तथा षष्ठी, तिथि को बायें नासिका के छिद्र से वायु संचरण होता है, इसके बाद सप्तमी, अष्टमी, नवमी, तिथि पर्यन्त दक्षिण नासिका से वायु सञ्चार होता है ॥ १४-१५ ॥

दशम्येकादशीं वायुर्व्याप्य भ्रमति[1] सर्वदा ।
वामे च दक्षिणेऽन्यानि तिथ्यादीनि सदानिशम् ॥ १६ ॥
यदा[2] एतद्व्यस्तभावं समाप्नोति नरोत्तमः ।
तदैव मरणं रोगं बन्धुनाशं विपक्षके ॥ १७ ॥

इसके बाद दशमी एकादशी पर्यन्त वायु सर्वदा वामनासापुट से चलता है अन्य तिथियों में सर्वदा दक्षिण नासापुट से वायु प्रवाहित होती है । जब मनुष्य इससे विपरीत वायु का सञ्चार प्राप्त करता है तब उस विपक्ष की अवस्था में उसे मरण रोग तथा बन्धुनाश प्राप्त होता है ॥ १६-१७ ॥

भिन्नजन्मतिथिं ज्ञात्वा तस्मिन् काले विरोधयेत् ।
आरभ्य जन्मनाशाय प्राणायामं समाचरेत् ॥ १८ ॥
यदा प्रत्ययभावेन देहं त्यक्त्वा प्रयच्छति[3] ।
तदा निरुध्य श्वसनं कालाग्नौ धारयेदधः ॥ १९ ॥

इस लक्षण को देखकर अपनी जन्म तिथि से भिन्न तिथि में उसे रोकने का प्रयत्न करे और जन्म नाश के लिए प्राणायाम करने का प्रयत्न करे । जब मरण का ज्ञान निश्चित हो जाय और देह त्याग कर जाने की बारी आ जाय तब अपनी श्वास रोक कर कालाग्नि में नीचे वायु धारण करें ॥ १८-१९ ॥

यावत् स्वस्थानमायाति तावत्कालं[4] समभ्यसेत् ।
यावन्न चलते देहं यावन्न चलते मनः ॥ २० ॥
क्रमादभ्यसतः पुंसो देहे स्वेदोद्गमोऽधमः ।
मध्यमं कम्पसंयुक्तो भूमित्यागः परस्य तु ॥ २१ ॥
षण्मासाद्भूतदर्शी स्यात् दूरश्रवणमेव च ।
संवत्सराभ्यासयोगात् योगविद्याप्रकाशकृत् ॥ २२ ॥

---

१. जप्त्वा—क० । २. दलाभावम्—क० ।

३. प्रगच्छति—क० ।—'प्रयच्छति' इति पाठे दाण्—दाने इत्यस्य रूपम्, यच्छादेश घटितम् । 'प्रगच्छति' इति पाठे तु गम्धातो रूपम् । प्रकृष्टगमनेऽर्थे प्रयोगः ।

४. तत्त्वमस्य—गं० ।

जब तक वायु अपने स्थान पर न आ जाय तब तक इस क्रिया का अभ्यास करे, जिससे देह चलायमान न हो और न तो मन ही चञ्चल हो। प्राणायाम के धीरे धीरे अभ्यास करने से पुरुष के देह में स्वेद का उद्गम होने लगता है - यह **अधम प्राणायाम** है। इसके बाद जब शरीर में कम्पन होने लगे तो **मध्यम प्राणायाम** होता है। जबकि भूमित्याग कर ऊपर उठने की अवस्था तो **उत्तम** प्राणायाम का लक्षण है। ६ महीने के अनन्तर उसे समस्त भूत तत्वों के दर्शन हो जाते हैं। इतना ही नहीं वह दूर की भी बात सुनने में समर्थ हो जाता है। इस प्रकार एक संवत्सर के अभ्यास से वह योग विद्या प्रकाश करने लगता है ॥ २०-२२ ॥

**योगी जानाति सर्वाणि तन्त्राणि स्वक्रमाणि च ।**
**यदि दर्शनदृष्टिः स्यात्तदा योगी न संशयः ॥ २३ ॥**
**प्रत्याहारफलं वक्ष्ये यत्कृत्वा खेचरो भवेत् ।**
**ईश्वरे भक्तिमाप्नोति धर्मज्ञानी भवेन्नरः ॥ २४ ॥**

योगी को सूक्ष्म दर्शन दृष्टि प्राप्त होने लगे तो वह वास्तव में योगी बन जाता है। ऐसा योगी सारे तन्त्रों का तथा अपने क्रमों का जानकार हो जाता है। इस प्रकार प्राणायाम का फल कहा। अब प्रत्याहार का फल कहती हूँ, जिसके करने से साधक खेचर बन जाता है। वह ईश्वर में भक्ति प्राप्त करता है और सारे धर्मों का साक्षात्कार करने लगता है ॥ २३-२४ ॥

**उत्तमस्य गुणप्राप्तिर्यावच्छीलनमिष्यते ।**
**तावज्जपेत् सूक्ष्मवायुः प्रत्याहारप्रसिद्धये ॥ २५ ॥**
**इन्द्रियाणां विचरतां [1]विषयेषु निवर्तनम् ।**
**बलादाहरणं तेभ्यः प्रत्याहारो विधीयते ॥ २६ ॥**

जब तक अभ्यास करने से उत्तम गुणों की प्राप्ति हो तब तक प्रत्याहार की प्राप्ति के लिए सूक्ष्म वायु धारण करे। विषयों में चलायमान इन्द्रियों को विषयों से हठपूर्वक निवृत्त करना या हटा लेना यही प्रत्याहार का लक्षण है ॥ २५-२६ ॥

**नान्यकर्मसु धर्मेषु शास्त्रधर्मेषु योगिराट् ।**
**पतितं चित्तमानीय स्थापयेत् पादपङ्कजे ॥ २७ ॥**
**दुर्निवार्यं दृढचित्तं दुरत्ययमसम्मतम् ।**
**बलादाहरणं तस्य प्रत्याहारो विधीयते ॥ २८ ॥**

योगिराज अपने चित्त को अन्य कर्मों में अन्य धर्मों में तथा अन्य शास्त्र धर्मों में न लगावे। किन्तु उसमें आसक्त हुए चित्त को वहाँ से हटाकर भगवती के चरण कमलों में लगावे। यह चित्त बहुत दृढ़ एवं दुर्निवार्य है। इसको रोकना बड़ा कठिन काम है। अपने वश के बाहर है। फिर भी हठपूर्वक उसे विषयों से हटाना प्रत्याहार कहा जाता है ॥ २७-२८ ॥

**एतत् प्रत्याहारबलात् योगी स्वस्थो भवेद् ध्रुवम् ।**
**अकस्माद् भावमाप्नोति भावराशिस्थिरो नरः ॥ २९ ॥**

---

१. विधाय चनिवर्तणम्—क० ।

भावात् परतरं नास्ति भावाधीनमिदं जगत् ।
भावेन लभ्यते योगं तस्माद्भावं समाश्रयेत् ॥ ३० ॥

इस प्रत्याहार के बल से निश्चित रूप से योगी स्वस्थ हो जाता है उसे अकस्मात् भाव की प्राप्ति होने लगती है । इस प्रकार वह भाव राशि से स्थिर हो जाता है । इस जगत् में भाव से बढ़कर कोई भी श्रेष्ठ पदार्थ नहीं है । यह सारा जगत् भावाधीन है । भाव से ही योग प्राप्त होता है । अतः भाव प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते रहना चाहिए ॥ २९-३० ॥

अथ धारणमावक्ष्ये यत्कृत्वा धैर्यरूपभाक् ।
त्रैलोक्यमुदरे कृत्वा पूर्णः तिष्ठति[1] योगिराट् ॥ ३१ ॥
अङ्गुष्ठगुल्फजानूरुसीमनि लिङ्गनाभिषु ।
हृद्ग्रीवाकण्ठदेशेषु लम्बिकायां तथा नसि[2] ॥ ३२ ॥
भ्रूमध्ये मस्तके मूर्ध्नि द्वादशान्ते यथाविधि ।
धारणं प्राणमरुतो धारणेति निगद्यते ॥ ३३ ॥
सर्वनाडीग्रन्थिदेशे षट्चक्रे देवतालये ।
ब्रह्ममार्गे धारणं यद् धारणेति निगद्यते ॥ ३४ ॥

अब धारणा कहती हूँ जिसके करने से साधक धीर हो जाता है । धारणा वाला योगी सारे त्रैलोक्य को अपने उदर में रख कर पूर्णता प्राप्त कर लेता है । १. अँगूठा, २. गुल्फ, ३. जानु, ४. ऊरु, ५. आण्डकोश, ६. लिङ्ग, ७. नाभि, ८. हृदय, ९. ग्रीवा, १०. कण्ठ प्रदेश में, ११. जिह्वा में एवं १२. नासिका इन द्वादश स्थानों के बाद मस्तक के भ्रूमध्य में अथवा शिरःप्रदेश में प्राणवायु के धारण करने को धारणा कहा जाता है । अथवा सभी नाडियों के ग्रन्थि स्थल में, षट्चक्र में जहाँ देवताओं का स्थान है अथवा ब्रह्ममार्ग ( सहस्रारचक्र ) में प्राणवायु को धारण करना ही धारणा कहा जाता है ॥ ३१-३४ ॥

धारणं मूलदेशे तु कुण्डलीं नासिकातटे ।
प्राणवायोः प्रशमनं[3] धारणेति निगद्यते ॥ ३५ ॥
तत्र श्रीचरणाम्भोजमङ्गले चारुतेजसि ।
भावेन स्थापयेच्चित्तं धारणाशक्तिमाप्नुयात् ॥ ३६ ॥
अथ ध्यानं प्रवक्ष्यामि यत् कृत्वा सर्वगो भवेत् ।
ध्यानयोगाद् भवेन्मोक्षो मत्कुलागमनिर्गमः ॥ ३७ ॥

अथवा, मूलाधार में, कुण्डली में तथा नासिका प्रदेश में प्राणवायु को शान्त रखना धारणा कहा जाता है । अथवा अत्यन्त सुन्दर तेज वाले श्री भगवती के मङ्गलदायी चरणाम्भोज में भावपूर्वक चित्त को स्थापित करना चाहिए, जिससे धारणा शक्ति प्राप्त हो । अब ध्यान कहती हूँ, जिसके करने से साधक सर्वज्ञ हो जाता है । ध्यान योग से साधक को मोक्ष मिलता है और वह मेरे कौलिक आगम का ज्ञाता हो जाता है ॥ ३५-३७ ॥

---

१. स्वप्यति—ग० । २. निशि—क० । ३. प्रसम्बन्धो—क० ।

त्रैलोक्यातीतशास्त्राणि योगाङ्गविविधानि च ।
ज्ञात्वा या[1] पश्यति क्षिप्रं नानाध्यायेन शङ्कर ॥ ४६ ॥

ऐसे तो त्रैलोक्य में अतीत काल में कितने शास्त्र बने हुए हैं, अनेक प्रकार के योगाङ्ग भी बताए गए हैं, किन्तु योग शास्त्र से बढ़कर अन्य कोई दूसरा शास्त्र नहीं है। हे शङ्कर ! योग के अङ्गभूत इन नाना प्रकार के ध्यानों से साधक मेरा दर्शन शीघ्र ही प्राप्त कर लेता है ॥ ४५-४६ ॥

कामादिदोषनाशाय कथितं ज्ञानमुत्तमम् ।
इदानीं शृणु वक्ष्यामि मन्त्रयोगार्थनिर्णयम् ॥ ४७ ॥
विश्वं [2]शरीरमाक्लेशं पञ्चभूताश्रयं प्रभो ।
चन्द्रसूर्याग्नितेजोभिः जीवब्रह्मैकरूपकम् ॥ ४८ ॥

कामादि दोषों के नाश के लिए हमने यहाँ तक उत्तम योग का ज्ञान ( प्राणायाम प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि ) कहा । अब मन्त्र के **योगार्थ निर्णय** को सुनिए । हे प्रभो ! पञ्चभूतों का आश्रयभूत यह सारा शरीर क्लेश से व्याप्त है । इसमें चन्द्रमा, सूर्य एवं अग्नि के तेज से ब्रह्म का अंशभूत जीव निवास करता है ॥ ४७-४८ ॥

तिस्रः कोट्यस्तदर्धेन शरीरे[3] नाड्यो[4] मताः ।
तेषु मुख्या दश प्रोक्तास्तासु तिस्रो व्यवस्थिताः ॥ ४९ ॥
प्रधाना मेरुदण्डेऽत्र सोमसूर्याग्निरूपिणी ।
नाडीत्रयस्वरूपेण योगमाता प्रतिष्ठिता ॥ ५० ॥

इस शरीर में साढ़े तीन करोड़ नाड़ियाँ हैं । उसमें भी दश मुख्य हैं । उन दशों में भी तीन व्यवस्थित हैं । ये तीन नाड़ियाँ मेरुदण्ड में रहने वाली सोम, सूर्य तथा अग्नि स्वरूपा हैं । इन तीन नाड़ियों के रूप में इस शरीर में योगमाता प्रतिष्ठित हैं ॥ ४९-५० ॥

इडा वामे स्थिता नाडी शुक्ला तु चन्द्ररूपिणी ।
शक्तिरूपा च सा नाडी साक्षादमृतविग्रहा ॥ ५१ ॥
दक्षिणे पिङ्गलाख्या तु [5]पुंरूपा सूर्यविग्रहा ।
दाडिमीकुसुमप्रख्या विषाख्या परिकीर्तिता ॥ ५२ ॥

मेरुदण्ड के वामभाग में चन्द्ररूपा शुक्लवर्णा इड़ा नाड़ी है जो साक्षात् शक्ति का स्वरूप एवं अमृतमय शरीर वाली है । मेरु के दक्षिण भाग में पिङ्गला नाम की नाड़ी, पुरुष रूप में सूर्य विग्रह स्वरूप से स्थित है, जो अनार के पुष्प के समान लालवर्ण वाली है । इसे विष भी कहा जाता है ॥ ५१-५२ ॥

---

१. सम्प्राप्यते क्षिप्तम् इति—क० ।

२. माकाशम् इति—ग० । आक्लेशमिति पाठे आ समन्तात् क्लेशो यस्य तदिति बहुव्रीहिसमासो बोध्यः ।

३. दक्षिणात इति—ग० ।

४. शरीरिणं तयोः इति—ग० ।

५. स इति—ग० ।

शब्द का अर्थ है । उसके ऊपर नाभि देश में महाकान्तिमान् मणिपूर नामक चक्र है । मेघ की आभा वाला तथा विद्युत् की आभा वाला अनेक वर्ण के तेजों वाली मणियों से युक्त वह मणिपूर नामक पद्म चन्द्रमा के समान कान्तिमान् है ॥ ५९-६० ॥

कथितं [1]सकलं नाथ हृदयाब्जं शृणु प्रिय ।
दशभिश्च दलैर्युक्तं डादिफान्ताक्षरान्वितम् ॥ ६१ ॥
शिवेनाधिष्ठितं पद्मं विश्वालोकनकारकम् ।
तदूर्ध्वेऽनाहतं पद्मं हृदिस्थं [2]किरणाकुलम् ॥ ६२ ॥

वह पद्म 'ड ढ ण त थ द ध न प और फ' इन दश वर्णों वाले दश दलों से युक्त है । हे नाथ ! उसके विषय में सब कुछ कह दिया । अब हृदय पर विराजमान पद्म चक्र के बारे में सुनिए । हे नाथ ! उस पद्म पर शिव अधिष्ठित हैं, जो चारों ओर अपना प्रकाश विकीर्ण करते रहते हैं । वहीं पर किरणों से युक्त अनाहत नाम का पद्म है ॥ ६१-६२ ॥

उद्यदादित्यसङ्काशं कादिठान्ताक्षरान्वितम् ।
दलद्वादशसंयुक्तमीश्वराद्यसमन्वितम् ॥ ६३ ॥
तन्मध्ये बाणलिङ्गं तु सूर्यायुतसमप्रभम् ।
शब्दब्रह्ममयं [3]वक्ष्येऽनाहतस्तत्र दृश्यते ॥ ६४ ॥

जो उदीयमान सूर्य के समान प्रकाश वाला तथा 'क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट और ठ' इन द्वादश वर्णों से युक्त द्वादश पत्तों वाला है । उस पद्म के मध्य में हजारों सूर्य के समान आभा वाला बाणलिङ्ग है वह शब्द ब्रह्ममय है और अनाहत रूप में दिखाई पड़ता है ॥ ६३-६४ ॥

तेनानाहतपद्माख्यं योगिनां योगसाधनम् ।
आनन्दसदनं तत्तु सिद्धेनाधिष्ठितं परम् ॥ ६५ ॥
तदूर्ध्वं तु विशुद्धाख्यं दलषोडशपङ्कजम् ।
वर्णैः षोडशभिर्युक्तं धूम्रवर्णं महाप्रभम् ॥ ६६ ॥

वह अनाहत होने के कारण **'अनाहत पद्म'** नाम से कहा जाता है, जो योगियों के योग का साधन है, आनन्द का सदन है और सिद्धों से अधिष्ठित है । उसके ऊपर **विशुद्धाख्य** नामक पद्म है जिसके दल में १६ पत्ते हैं, वे दल १६ वर्णों से विराजमान हैं । धूम्र के समान उनका वर्ण है तथा महाकान्तिमान् है ॥ ६५-६६ ॥

योगिनामद्भुतस्थानं [4]सिद्धिवर्णं समभ्यसेत् ।
विशुद्धं तनुते यस्मात् जीवस्य हंसलोकनात् ॥ ६७ ॥

---

१. सफलम् इति—क० ।
२. विकलाकुलम् इति—ग० । किरणाकुलमिति पाठे किरणैः आकुलमिति तृतीयासमासः ।
३. शब्दो । ४. वर्ग यः इति—ग० ।

विशुद्धं पद्ममाख्यातमाकाशाख्यं महाप्रभम् ।
आज्ञाचक्रं तदूर्ध्वे तु अर्थिनाधिष्ठितं परम् ॥ ६८ ॥

योगियों के अद्भुत स्थानभूत उन सिद्ध वर्णों का सर्वदा अभ्यास करना चाहिए । हंस का परम प्रकाश होने के कारण वह जीव को विशुद्ध ज्ञान देता है । इसलिए उसे विशुद्ध कहते हैं । वह आकाश के समान निर्मल है और अत्यन्त कान्तिमान् है । उसके ऊपर आज्ञाचक्र है जो अनेक प्रकार के अर्थों से अधिष्ठित है ॥ ६७-६८ ॥

आज्ञासंक्रमणं तत्र गुरोराज्ञेति कीर्तितम् ।
कैलासाख्यं तदूर्ध्वे तु तदूर्ध्वे बोधनं ततः ॥ ६९ ॥
एवंविधानि चक्राणि कथितानि तव प्रभो ।
तदूर्ध्वस्थानममलं सहस्रारम्बुजं परम् ॥ ७० ॥

वहाँ से आज्ञा का संक्रमण होता है । वह आज्ञा गुरु के द्वारा होती है । ऐसा कहा गया है और उसके ऊपर कैलास है उसके ऊपर ज्ञान का निवास है । हे प्रभो ! इस प्रकार हमने चक्रों के विषय में आपसे कहा । उन सबसे ऊपर अत्यन्त निर्मल सर्वश्रेष्ठ सहस्रदल कमल है ॥ ६९-७० ॥

बिन्दुस्थानं परं ज्ञेयं गणानां मतमाशृणु ।
बौद्धा वदन्ति चात्मानमात्मज्ञानी न ईश्वरः ॥ ७१ ॥
सर्वं नास्तीति चार्वाका नानाकर्मविवर्जिताः ।
वेदनिन्दापराः सर्वे बौद्धाः शून्याभिवादिनः[1] ॥ ७२ ॥

वहाँ सर्वश्रेष्ठ बिन्दु स्थान है, अन्य मतावलम्बियों का मत सुनिए । ज्ञानीजन उसी को आत्मा कहते हैं और आत्मज्ञानी उसी को ईश्वर कहते हैं । नाना कर्म न करने वाले मात्र शरीरवादी चार्वाक 'कुछ भी नहीं है' ऐसा कहते हैं । वेद की निन्दा करने वाले सभी बौद्ध शून्य वादी हैं । वे किसी की सत्ता नहीं मानते ॥ ७१-७२ ॥

मम ज्ञानाश्रिताः कान्ताश्चीनभूमिनिवासिनः ।
आत्मानमपरिच्छिन्नं विभाव्य भाव्यते मया ॥ ७३ ॥
श्रीपदाब्जे बिन्दुयुग्मं नखेन्दुमण्डलं शुभम् ।
शिवस्थानं प्रवदन्ति शैवाः शाक्ता महर्षयः ॥ ७४ ॥

ये बौद्ध चीनभूमि में निवास करने वाले मेरे ज्ञानाश्रित होने के कारण मुझे प्रिय हैं । मैं तो अपने को अपरिच्छिन्न समझकर उस बिन्दु स्थान का ध्यान करती हूँ । भगवती महाश्री के चरण कमलों में नखेन्दु मण्डल के रूप में उन दो बिन्दुओं को शैव, शाक्त तथा महर्षिगण शिव का स्थान देते हैं ॥ ७३-७४ ॥

---

१. शून्यमभिवदन्ति तच्छीलाः शून्याभिवादिनः, शून्योपासनारता इत्यर्थः ।

परमं पुरुषं नित्यं वैष्णवा:[1] प्रीतिकारका: ।
हरिहरात्मकं रूपं संवदन्ति परे जना: ॥ ७५ ॥
देव्या: पदं नित्यरूपाश्चरणानन्दनिर्भरा: ।
वदन्ति मुनयो मुख्या: पुरुषं प्रकृतात्मकम् ॥ ७६ ॥
पुंप्रकृत्याख्यभावेन मग्ना भान्ति महीतले ।
इति ते कथितं नाथ मन्त्रयोगमनुत्तमम् ॥ ७७ ॥

सबसे प्रेम करने वाले वैष्णव उस बिन्दु मण्डल को परम पुरुष के रूप में मानते हैं । अन्य जन उन दोनों बिन्दुमण्डलों को हरिहरात्मक रूप में मानते हैं । भगवती के चरणानन्द में निर्भर भक्त उस बिन्दु को देवी का साक्षात् पद मानते हैं । मुख्य मुख्य मुनिगण उसे प्रकृत्यात्मक पुरुष मानते हैं । इस पृथ्वीतल में प्राय: सभी उस बिन्दु को प्रकृत्यात्मक भाव से मान कर उसी में निमग्न हैं । हे नाथ ! इस प्रकार हमने सर्वश्रेष्ठ मन्त्रयोग कहा ॥ ७५-७७ ॥

योगमार्गानुसारेण भावयेत् सुसमाहित: ।
आदौ [2]महापूरकेण मूले संयोजयेन्मन: ॥ ७८ ॥
गुदमेढ्रान्तरे शक्तिं तामाकुञ्च्य प्रबुद्धयेत् ।
लिङ्गभेदक्रमेणैव आपयेद्बिन्दुचक्रकम् ॥ ७९ ॥
शम्भुना तां परां [3]शक्तिमेकीभावैर्विचिन्तयेत् ।
तत्रोत्थितामृतरसं द्रुतलाक्षारसोपमम् ॥ ८० ॥
पाययित्वा परां शक्तिं कृष्णाख्यां योगसिद्धिदाम् ।
षट्चक्रभेदकस्तत्र सन्तर्प्यामृतधारया ॥ ८१ ॥

योग मार्ग के अनुसार साधक समाहित चित्त से उस बिन्दु का ध्यान करे । सर्वप्रथम महापूरक के द्वारा मूलाधार में अपने मन को लगावे । गुदा और मेढ्र के मध्य में रहने वाली शक्ति को संकुचित कर जागृत करे । इस प्रकार तत्तच्चिन्हों का भेदन कर उसे सहस्रार स्थित बिन्दु चक्र में ले जावे । वहाँ से उस पर शक्ति का शिव के साथ एकीभाव के रूप में ध्यान करे । वहाँ से पिघले हुए द्राक्षारस के समान उत्पन्न हुए अमृत रस का उसे पान करावें । इस प्रकार षट्चक्र का भेदन करने वाला साधक अमृत धारा के द्वारा योग में सिद्धि प्रदान करने वाली उस महाकाली शक्ति को तृप्त करावे ॥ ७८-८१ ॥

आनयेत्तेन मार्गेण मूलाधारं तत: सुधी: ।
एवमभ्यस्यमानस्य अहन्यहनि मारुतम् ॥ ८२ ॥
जरामरणदु:खाद्यैर्मुच्यते भवबन्धनात् ।
तन्त्रोक्तकथिता मन्त्रा:[4] सर्वे सिद्ध्यन्ति नान्यथा ॥ ८३ ॥

---

१. प्रतिकारका: इति—क० । २. प्रकरणे इति—ग० ।
३. भावम् इति—क० । ४. दूषिता इति—क० ।

वह गार्हपत्य अग्नि में निवास करने वाली चन्द्रिका स्वरूपा, सुन्दर लता स्वरूपा हैं। जाड्य का अपहरण करने वाली, राग प्रदान करने वाली हैं, सबको दलन करने के कारण दाया, गोधन, कारिणी, मृ ( वन ) में गमन करने वाली, ब्रह्माण्ड मार्ग को प्रकाशित करने वाली हैं ऐसी कुण्डलिनी हमारी रक्षा करें ॥ २६ ॥

माता मानसगोचरा हरिचरा सिंहासनेकारणा ।
यामा[१] दासगणेश्वरी गुणवती छायापथस्थायिनी[२] ॥ २७ ॥
निद्रा क्षुब्धजनप्रिया वरतृषा भाषाविशेषस्थिता ।
स्थित्यन्तप्रलयापहा नरशिरोमालाधरा[३] कुण्डली ॥ २८ ॥

जो पालन करने के कारण माता हैं, जिनका प्रत्यक्ष मन से होता है, जो हरि की परिचारिका है, राजसिंहासन की कारणभूता है, यामा ( रात्रि ) स्वरूपा, दास गणों की ईश्वरी, गुणवती तथा छायापथ में निवास करती हैं वह हमारी रक्षा करें ॥ २७ ॥

जो निद्रा, दुःखी मनुष्यों से प्रेम करने वाली, श्रेष्ठ तृष्णा स्वरूपा, भाषा विशेष में स्थित रहने वाली, स्थिति करने वाली तथा अत्यन्त प्रलयकाल में अपहरण करने वाली, नर शिरो माला को धारण करने वाली कुण्डलिनी हैं वे हमारी रक्षा करें ॥ २८ ॥

गाङ्गेशी[४] यमुनेश्वरी गुरुतरी गोदावरी भास्करी ।
भक्तार्तिक्षयकारिणी समशिव[५] यद्येकभावान्विता ॥ २९ ॥

जो गाङ्गेशी, यमुनेश्वरी, गुरुतरी, गोदावरी, भास्करी, भक्तों के आर्ति का विनाश करने वाली, एकभाव में सम्मिलित हो जाने पर शिव की समता वाली हैं ऐसी कुण्डलिनी हमारी रक्षा करें ॥ २९ ॥

त्वं शीघ्रं कुरु कौलिके मम[६] शिरोरन्ध्रं तदब्जं मुदा ।
तत्पत्रस्थितदेवतं कुलवती मातृस्थलं पाहिकम् ॥ ३० ॥
भालोर्द्ध्वे धवला[७] कलारसकला कालाग्निजालोज्ज्वला ।
फेरुप्राणनिकेतने गुरुतरा गुर्वी सुगुर्वी सुरा ॥ ३१ ॥

हे कौलिके ! हे कुलवती ! आप मेरे शिरोरन्ध्र रूप कमल के पत्रों पर स्थित मातृका वर्णों के स्थल को तथा मेरे शिर की रक्षा कीजिए। जो माथे के ऊपर धवल वर्ण वाली हैं, समस्त कलारसों की कला हैं, कालाग्नि समूहों से प्रकाशित रहने वाली है फेरु प्राण निकेतन में गुरुतरा है गुर्वी सुगुर्वी तथा देवता है ऐसी कुण्डलिनी हमारे शिरो भाग की रक्षा करें ॥ ३०-३१ ॥

हालोल्लाससमोदया यतिनया माया[८] जगत्तारिणी ।

---

१. खाशा इति—ग० । २. गाथा गगस्थायिनी इति—ग० ।
३. रण इति—ग० । नराणां शिरांसि तेषां माला तस्या धरा, धरतीति धरा—पञ्चाद्यन्तु ।
४. गंगेशीं इति—क० । ५. मम इति—ग० ।
६. समशिवं वीरेन्द्र तच्छम् इति—ग० ।
७. भालोर्ध्व धवला करालसकला ज्वाला इति—क० । ८. दया इति—ग० ।

निद्रामैथुननाशिनी मम हरा[1] मोहापहा पातुकम् ॥ ३२ ॥
भालं नीलतनुस्थिता मतिमतामर्थप्रिया मैथिली[2]।
भालानन्दकरा महाप्रियजना पद्मानना कोमला ॥ ३३ ॥

उल्लास के साथ जिनका उदय होता है, जो यतियों को नय मार्ग में ले जाती हैं माया तथा जगत् का तरण तारण करने वाली हैं, निद्रा एवं मैथुन का नाश करती हैं, मोह का अपहरण करने वाली हैं ऐसी कुण्डलिनी हमारे शिरोभाग की रक्षा करें । जो शरीर से नीलवर्ण वाली मतिमानों को अर्थ सिद्धि प्रदान करने के कारण प्रिय हैं, मिथिला में उत्पन्न होने वाली, मस्तक ( सहस्रार चक्र ) में प्रविष्ट हो कर आनन्द देने वाली, मनुष्यों से अत्यन्त प्रेम करने वाली, कमल के समान मुखवाली कोमला हैं वे हमारे शिरःप्रदेश की रक्षा करें ।

नानारङ्गसुपीठदेशवसना[3] सिद्धासना घोषणा ।
त्राणस्थावररूपिणी[4] कलिहनी[5] श्रीकुण्डली पातुकम् ॥ ३४ ॥

अनेक प्रकार के रूपों से सुन्दर पीठों में निवास करने वाली, सिद्धासना तथा घोषणा है, जगज्जनों के संत्राण के लिए स्थावर ( पृथ्वी ) रूप से रहने वाली, कलिकाल में बचाने वाली ऐसी श्री कुण्डलिनी हमारे शिर की रक्षा करें ॥ ३४ ॥

भ्रूमध्यं बगलामुखी शशिमुखी विद्यामुखी सम्मुखी ।
नागाख्या नगवाहिनी महिषहा पञ्चाननस्थायिनी ॥ ३५ ॥
पारावार विहारहेतुसफरी सेतुप्रकारा परा ।
काशीवासिनमीश्वरं प्रतिदिनं श्रीकुण्डली पातुकम् ॥ ३६ ॥

बगलामुखी जो भ्रूमध्य में चन्द्रमा के समान मुख वाली, विद्यामुख वाली, भक्तों के सम्मुख रहने वाली, नागा नाम से प्रसिद्ध नग ( पर्वत एवं वृक्ष ) को अपना वाहन बनाने वाली महिषमर्दिनी सिंह पर स्थित रहने वाली श्री कुण्डलिनी मेरे शिरो भाग की रक्षा करें । समुद्र में विहार करने के लिए सफरी मछली के समान तथा सेतु स्वरूप वाली परा भगवती श्री कुण्डलिनी, काशीवासी ईश्वर स्वरूप हमारे शिरोभाग की प्रतिदिन रक्षा करें ॥ ३५-३६ ॥

या [6]कुण्डोद्भवसारपाननिरता मोहादिदोषापहा ।
सा नेत्रत्रयमम्बिका सुवलिका श्रीकालिका कौलिका ॥ ३७ ॥
काकस्था द्विकचञ्चुपारणकरी संज्ञाकरी सुन्दरी ।
मे पातु प्रियया तया विशदया सच्छायया छादिता ॥ ३८ ॥

जो कुण्ड में उत्पन्न हुए सार ( हविष्य धूम ) के पान में निरत रहने वाली भक्तों के मोहादि दोषों को विनाश करने वाली, सुन्दर वलि वाली, कौलिका ( महाशक्ति स्वरूपा ) श्री कालिका हमारे तीन नेत्रों की रक्षा करें । जो काक पर स्थित रहने वाली अपने दो चञ्चुपुटों से पारण करने वाली, संज्ञाकरी अर्थात् चेतना प्रदान करने वाली तथा सुन्दरी है अपने प्रिय उस

---

१. महा इति—ग० । २. मैथुनी इति—ग० । ३. दशना इति—ग० ।
४. भालस्थाव्यय इति—क० । ५. कलहली इति—ग० ।
६. कुण्डे उद्भवो यस्य सारस्य सः, तस्य पाने निरता इत्यर्थः ।

विशद श्री छाया ( माया ) से आच्छादित श्री कुण्डलिनी मेरी रक्षा करें ॥ ३७-३८ ॥

श्रीकुण्डे रणचण्डिका सुरतिका कङ्कालिका बालिका ।
साकाशा परिवर्जिता सुगतिका ज्ञानोर्मिका चोत्सुका ॥ ३९ ॥
सौकासूक्ष्मसुखप्रिया गुणनिका दीक्षा च सूक्ष्माख्यका[1]।
मानन्द्यं[2] मम कन्दवासिनि शिवे सन्त्राहि सन्त्राहिकम् ॥ ४० ॥

जो श्रीकुण्ड में रण चण्डिका सुरति प्रदान करने वाली, कङ्काल रूप धारण करने वाली बालिका हैं, सर्वथा एकान्त में, आकाश में निवास करने वाली, सुन्दर गति ( मोक्ष ) देने वाली, ज्ञान की लहर रूप तथा उत्सुक रहने वाली हैं वे हमारे शिरोभाग की रक्षा करें । जो सौका, सूक्ष्म, सुखप्रिया, गुणनिका ( माला की दाना ) दीक्षा स्वरूपा तथा सूक्ष्म रूप वाली हैं ऐसी हे कन्दवासिनि शिवे ! मेरी मन्दता को विनष्ट कीजिए और शिर की रक्षा कीजिए ॥ ३९-४० ॥

एतत्स्तोत्रं पठित्वा त्रिभुवनपवनं पावनं लौकिकानाम् ।
राजा स्यात् किल्विषाग्नि: क्रतुपतिरिह य: क्षेमदं योगिनां वा ॥ ४१ ॥
सर्वेश: सर्वकर्ता भवति निजगृहे योगयोगाङ्गवक्ता ।
शाक्त: शैव: स एक: परमपुरुषगो निर्मलात्मा महात्मा ॥ ४२ ॥

समस्त लौकिक जनों को तथा त्रिलोकी को पवित्र करने वाले इस स्तोत्र को पढ़कर साधक राजा बन जाता है । पापों को नष्ट कर अग्नि के समान तेजस्वी हो जाता है और क्रतुओं का पति तथा योगियों का कल्याणकर्ता हो जाता है । वह सर्वेश, सर्वकर्ता हो जाता है । अपने घर पर योग एवं योगाङ्ग का उपदेष्टा होता है । वह अकेला शक्ति का उपासक एवं शिव का उपासक होकर परम पुरुष को प्राप्त करने वाला निर्मलात्मा महात्मा बन जाता है ॥ ४१-४२ ॥

प्रणवेन पुटितं कृत्वा य: स्तौति नियत: शुचि: ।
स भवेत् कुण्डलीपुत्रो भूतले नात्र संशय: ॥ ४३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने मूलचक्रसारसङ्केते भैरवभैरवीसंवादे कन्दवासिनीस्तोत्रं नाम [3]द्वात्रिंश: पटल: ॥ ३२ ॥

जो प्रणव से सम्पुटित कर पवित्रतापूर्वक नियम से इस स्तोत्र का पाठ करता है, वह पृथ्वी में कुण्डलिनी का पुत्र हो जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ ४३ ॥

**॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन के मूलचक्रसारसङ्केत में भैरवीभैरव संवाद में कन्दवासिनीस्तोत्र नामक बत्तीसवें पटल की डॉ सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३२ ॥**

---

१. शीक्षाख्यक्षका—क० । २. सानन्दम्—ग० । ३. चतुस्त्रिंश:—क० ।

# अथ त्रयस्त्रिंशः पटलः

श्री आनन्दभैरवी उवाच[1]

अथ वक्ष्ये महादेव कुण्डलीकवचं शुभम् ।
परमानन्ददं सिद्धं सिद्धवृन्दनिषेवितम् ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महादेव ! अब इसके अनन्तर कल्याणकारी कुण्डलिनी कवच कहती हूँ । यह कवच परमानन्द देने वाला तथा सिद्ध है और सिद्ध समूहों से सुसेवित है ॥ १ ॥

यत्कृत्वा योगिनः सर्वं धर्माधर्मप्रदर्शकाः ।
ज्ञानिनो मानिनो धर्मा विचरन्ति यथामराः ॥ २ ॥
सिद्धयोऽप्यणिमाद्याश्च करस्थाः सर्वदेवताः ।
एतत् कवचपाठेन देवेन्द्रो योगिराड् भवेत् ॥ ३ ॥

इसके पाठ करने से सभी योगी, धर्म-अधर्म का ज्ञान करने वाले, ज्ञानी, मानी तथा धर्मवान् हो जाते हैं और देवताओं के समान पृथ्वी पर विचरण करते हैं । उनके हाथ में सभी अणिमादि सिद्धियाँ तथा सभी देवता हो जाते हैं । इस कवच के पाठ से पाठकर्ता देवेन्द्र तथा योगिराज बन जाता है ॥ २-३ ॥

ऋषयो योगिनः सर्वे जटिलाः कुलभैरवाः ।
प्रातःकाले त्रिवारं च मध्याह्ने वारयुग्मकम् ॥ ४ ॥
सायाह्ने वारमेकं तु पठेत् कवचमेव च ।
पठेदेवं महायोगी कुण्डलीदर्शनं भवेत् ॥ ५ ॥

सभी योगीजन इसका पाठ करने से ऋषि एवं जटा धारण करने वाले भैरव बन जाते हैं । प्रातः काल में तीन बार, मध्याह्नकाल में दो बार, सायङ्काल में एक बार यदि महायोगी इस कवच का पाठ करें तो उन्हें साक्षात् कुण्डलिनी का दर्शन प्राप्त हो जाता है ॥ ४-५ ॥

कुलकुण्डलीकवचस्य ब्रह्मेन्द्र ऋषिर्गायत्री छन्दः, कुलकुण्डली
देवता सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थे विनियोगः ॥

इस कुलकुण्डलीकवच के ब्रह्मेन्द्र ऋषि हैं; गायत्री छन्द है और कुलकुण्डली देवता है, सभी अभीष्टसिद्धि के लिए इनका विनियोग है ।

---

१. पुस्तके नास्ति—क० ।

कुलकुण्डलीकवचम्

ॐ ईश्वरी जगतां धात्री ललिता सुन्दरी परा ।
कुण्डली कुलरूपा च पातु मां कुलचण्डिका ॥ ६ ॥

**विधि**—हाथ में जल लेकर 'अस्य कुलकुण्डलीकवचस्य ब्रह्मेन्द्र ऋषिर्गायत्री छन्दः, कुलकुण्डली देवता सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' पर्यन्त वाक्य पढ़कर पाठकर्ता उस जल को पृथ्वी पर अथवा किसी पात्र में गिरा देवे ।

ॐ ईश्वरी, कुलरूपा, जगत् का पालन करने वाली परा, सुन्दरी, ललिता, कुण्डलिनी कुल चण्डिका मेरी रक्षा करें ॥ ६ ॥

शिरो मे ललिता देवी पातूग्राख्या कपोलकम् ।
ब्रह्ममन्त्रेण[१] पुटिता भ्रूमध्यं पातु मे सदा ॥ ७ ॥
नेत्रत्रयं महाकाली कालाग्निभक्षिका शिखाम् ।
दन्तावलीं विशालाक्षी ओष्ठमिष्टानुवासिनी ॥ ८ ॥

ललिता देवी मेरे शिर की रक्षा करें । उग्रनाम वाली देवी मेरे कपोल की तथा ब्रह्ममन्त्र से सम्पुटित देवी मेरे भ्रूमध्य की रक्षा करें । महाकाली तीनों नेत्रों की, कालाग्नि भक्षिका देवी शिखा की, विशालाक्षी दन्त समूहों की एवं इष्ट ( पञ्चकर्म में ) में निवास करने वाली मेरे ओष्ठ की रक्षा करें ॥ ७-८ ॥

कामबीजात्मिका विद्या अधरं पातु मे सदा ।
लृयुगस्था गण्डयुग्मं माया विश्वा रसप्रिया ॥ ९ ॥
भुवनेशी कर्णयुग्मं चिबुकं क्रोधकालिका ।
कपिला मे गलं पातु सर्वबीजस्वरूपिणी ॥ १० ॥

कामबीजात्मिका महाविद्या सर्वदा मेरे अधर की रक्षा करें । दो प्रकार के लृकार में रहने वाली, रस से प्रेम करने वाली, विश्वा एवं माया दोनों गण्डस्थलों की रक्षा करें । भुवनेशी दोनों कानों की, क्रोधकालिका देवी चिबुक की और सर्व बीजस्वरूपिणी कपिला मेरे गले की रक्षा करें ॥ ९-१० ॥

मातृकावर्णपुटिता कुण्डली कण्ठमेव च ।
हृदयं कालपृथ्वी[२] च कङ्काली पातु मे मुखम् ॥ ११ ॥
भुजयुग्मं चतुर्वर्गा चण्डोद्दण्डखण्डिनी ।
स्कन्धयुग्मं स्कन्दमाता हालाहलगता मम ॥ १२ ॥

मातृका वर्णों से सम्पुटित कुण्डलिनी कण्ठ की और कालपृथ्वी हृदय की तथा कङ्काली देवी मेरे मुख की रक्षा करें । चण्ड के दोनों बाहुओं को खण्ड खण्ड करने वाली चतुर्वर्गा

---

१. ब्रह्मरन्ध्रेण—क० ।   २. कौल—क० ।

वैष्णवी परमा माया पातु मे वैष्णवं पदम् ॥ २२ ॥

छेदिनीदेवी दक्षिण दल की, महातपा, चण्डा, चण्डघण्टा एवं योगिनी पश्चिम दल की रक्षा करें। उत्तर दल की, इन्द्र पालिता पृथ्वी ( भूपुर ) की, कामविद्या चतुष्कोणों की तथा ब्रह्मविद्या कमलरूप कोणों की रक्षा करें ॥ १८-१९ ॥

सर्ववाहन वाहना चतुर्भुजा कुलपञ्चला डाकिनी सदैव मेरे अष्टशूल की रक्षा करें। मेढ्र पर रहने वाली मदनाधारा मेरे सुन्दर कमल की रक्षा करें। चार्वाका स्वयंभू लिङ्ग की तथा कोटराक्षी मेरे आसन की रक्षा करें। कदम्ब वनवासिनी कदम्बवन की रक्षा करें तथा वैष्णवी परमा माया मेरे वैष्णव पद की रक्षा करें ॥ २०-२२ ॥

षड्दलं[1] राकिणी पातु राकिणी कामवासिनी।
कामेश्वरी कामरूपा श्रीकृष्णं पीतवाससम् ॥ २३ ॥
वनमालां वनदुर्गा शङ्खं मे शङ्खिनी[2] शिवा।
चक्रं चक्रेश्वरी पातु कमलाक्षी गदां मम ॥ २४ ॥
पद्मं मे पद्मगन्धा च पद्ममाला मनोहरा।
रादिलान्ताक्षरं[3] पातु लाकिनी लोकपालिनी ॥ २५ ॥
षड्दले[4] स्थितदेवांश्च पातु कैलासवासिनी।
अग्निवर्णा सदा पातु गणं[5] मे परमेश्वरी ॥ २६ ॥

कामवासना वाली राकिणी देवी षड्दल की तथा कामरूपा कामेश्वरी उस पर रहने वाले पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण की रक्षा करें। मेरी वनमाला की रक्षा वनदुर्गा करें। शिवा शङ्खिनी शङ्ख की, चक्रेश्वरी चक्र की तथा कमलाक्षी मेरे गदा की रक्षा करें ॥ २३-२४ ॥

पद्मगन्धा पद्म की, मनोहरा पद्ममाला की, ब भ म य र ल इन छः अक्षरों की लोकपालिनी लाकिनी रक्षा करें। कैलास वासिनी षड्दल पर स्थित देवताओं की, अग्निवर्णा परमेश्वरी मेरे गणों की सदैव रक्षा करें ॥ २५-२६ ॥

मणिपूरं सदा पातु मणिमालाविभूषणा।
दशपत्रं दशवर्णं डादिफान्तं त्रिविक्रमा ॥ २७ ॥
पातु नीला महाकाली भद्रा भीमा सरस्वती।
अयोध्यावासिनी देवी महापीठनिवासिनी ॥ २८ ॥
वाग्भवाद्या महाविद्या कुण्डली कालकुण्डली।
दशच्छदगतं[6] पातु रुद्रं रुद्रात्मकं मम ॥ २९ ॥

मणिमाला विभूषणा मणिपूर की सदा रक्षा करें। त्रिविक्रमा मणिपूर में रहने वाले ड ढ ण त थ द ध न प फ इन दश वर्णों से युक्त दश पत्ते वाले पद्म की रक्षा करें ॥ २७ ॥

नीला, महाकाली, भद्रा, भीमा, सरस्वती, अयोध्यावासिनी देवी, महापीठाधिवासिनी,

---

१. षड्वर्गम्—ग० । २. शङ्खिधणी—ग० । ३. वादि—क० ।
४. षड्वर्गस्थितदेवांश्च—ग० । ५. जलम्—ग० । ६. शतम्—क० ।

पातु मे [२]डाकिनीशक्तिर्लाकिनी राकिणी कला ।
साकिनी हाकिनी देवी षट्चक्रादीन् प्रपातु मे ॥ ४९ ॥

बहुरूपा, विश्वरूपा, संस्थिता हाकिनी, हरा परशिव की रक्षा करें तथा पञ्चमी मेरे मन की रक्षा करें । षट्चक्रों में रहने वाली एवं षट्चक्र कुल में निवास करने वाली बिन्दु तथा सर्ग अर्थात् विसर्ग युक्त अकारादि से लेकर क्षकारान्त वर्ण समुदाय की रक्षा करें ॥ ४५-४६ ॥

ज्ञान का कुण्डल धारण करने वाली कुण्डली मातृका वर्णों की रक्षा करें । देवकाली, गतिश्रमा तथा पूर्ण शिवा गिरितट से रक्षा करें । उड्डीयानेश्वरी देवी सर्वदा हमारे सम्पूर्ण वस्तुओं की रक्षा करें । कैलास गिरिवासिनी देवी कैलास पर्वत की रक्षा करें । डाकिनी, लाकिनी, राकिणी, साकिनी, हाकिनी तथा कला ये छः शक्ति देवी हमारे षट्चक्रों की सर्वदा रक्षा करें ॥ ४७-४९ ॥

कैलासाख्यं सदा पातु पञ्चानन[१]तनूद्भवा ।
हिरण्यवर्णा रजनी चन्द्रसूर्याग्निभक्षिणी ॥ ५० ॥
सहस्रदलपद्मं मे सदा पातु कुलाकुला ।
सहस्रदलपद्मस्था दैवतं पातु खेचरी ॥ ५१ ॥
काली तारा षोडशाख्या मातङ्गी पद्मवासिनी ।
शशिकोटिगलद्रूपा पातु मे सकलं तमः ॥ ५२ ॥
वने [२] घोरे जले देशे युद्धे वादे [३] श्मशानके ।
सर्वत्र गमने ज्ञाने सदा मां पातु शैलजा ॥ ५३ ॥

पञ्चाननतनूद्भवा देवी कैलास नाम की रक्षा करें, हिरण्यवर्णा रजनी चन्द्र सूर्याग्नि भक्षिणी तथा कुलाकुला हमारे सहस्रदल पद्म की सदा रक्षा करें । खेचरी सहस्रदल पद्म पर रहने वाले समस्त देवताओं की रक्षा करें ॥ ५०-५१ ॥

काली, तारा, षोडशी, मातङ्गी, महालक्ष्मी जिनका स्वरूप करोड़ों चन्द्रमा के समान कान्तिमान् है वे मेरे समस्त अज्ञान रूप अन्धकार की रक्षा करें । घोर वन में, जल प्रदेश में, युद्ध में, विवाद में, श्मशान में और सभी स्थानों की यात्रा में तथा ज्ञान में शैलजा मेरी रक्षा करें ॥ ५२-५३ ॥

पर्वते विविधायासे विनाशे पातु कुण्डली ।
पादादिब्रह्मरन्ध्रान्तं सर्वाकाशं सुरेश्वरी ॥ ५४ ॥
सदा पातु सर्वविद्या सर्वज्ञानं सदा मम ।
नवलक्षमहाविद्या दशदिक्षु प्रपातु माम् ॥ ५५ ॥

पर्वत पर, अनेक प्रकार के आयास साध्य कार्य में तथा विनाश में कुण्डली हमारी रक्षा

---

१. मानं गन—ग० । २. रणे— क० ।
३. युद्धे वा देश शानेके—ग० ।

करें । पैर से लेकर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त तथा सभी सर्वाकाश में सुरेश्वरी हमारी रक्षा करें । सर्वविद्या सदैव मेरे सर्वज्ञान की रक्षा करें । नव लाख की संख्या में होने वाली महाविद्या देवियाँ दशों दिशाओं में हमारी रक्षा करें ॥ ५४-५५ ॥

इत्येतत् कवचं देवि कुण्डलिन्याः प्रसिद्धिदम् ।
ये पठन्ति ध्यानयोगे योगमार्गव्यवस्थिताः ॥ ५६ ॥
ते यान्ति मुक्तिपदवीमैहिके नात्र संशयः ।
मूलपद्मे मनोयोगं कृत्वा हृदासनस्थितः ॥ ५७ ॥
मन्त्रं ध्यायेत् कुण्डलिनीं मूलपद्मप्रकाशिनीम् ।
धर्मोदयां दयारूढामाकाशस्थानवासिनीम्[1] ॥ ५८ ॥

**फलश्रुति**—प्रकृष्ट सिद्धि देने वाले कुण्डलिनी देवी के इस कवच का जो लोग योगमार्ग का पालन करते हुए ध्यान पूर्वक पाठ करते हैं वे इसी लोक में मुक्त हो जाते हैं इसमें संशय नहीं । मूलाधार के चतुर्दल पद्म में हृदयासन पर स्थित हो मन लगाकर मन्त्र का जप करते हुए मूलाधार पद्म को प्रकाशित करने वाली, धर्म की अभ्युदयकारिणी दयावती आकाश स्थान में रहने वाली कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ ५६-५८ ॥

अमृतानन्दरसिकां विकलां सुकलां शिताम् ।
अजितां[2] रक्तरहितां विशक्तां रक्तविग्रहाम् ॥ ५९ ॥
रक्तनेत्रां कुलक्षिप्तां ज्ञानाञ्जनजयोज्ज्वलाम् ।
विश्वाकारां मनोरूपां मूले ध्यात्वा प्रपूजयेत् ॥ ६० ॥

वह कुण्डलिनी देवी अमृतानन्द की रसिक कला रहित ( निराकार ) सुकला ( साकार ) शुभ्रवर्णा, अजिता, राग रहित, विशेष आसक्ति वाली, रक्तवर्ण की विग्रह वाली, रक्तनेत्रा, कुल में निवास करने वाली, ज्ञान रूप अञ्जन से विजयोज्ज्वला, विश्वाकारा, मनोरूपा है । मूलाधार में स्थित इस प्रकार के स्वरूप वाली उन कुण्डलिनी का ध्यान कर साधक को पूजा करनी चाहिए ॥ ५९-६० ॥

यो योगी कुरुते एवं स सिद्धो नात्र संशयः ।
रोगी रोगात् प्रमुच्येत बद्धो मुच्येत बन्धनात् ॥ ६१ ॥
राज्यं श्रियमवाप्नोति राज्यहीनः पठेद्यदि ।
पुत्रहीनो लभेत् पुत्रं योगहीनो भवेद्वशी ॥ ६२ ॥

जो योगी ऐसा करता है वह सिद्ध हो जाता है इसमें संशय नहीं । इसका पाठ करने से रोगी रोग से मुक्त हो जाता है, बन्धन में पड़ा हुआ व्यक्ति बन्धन मुक्त हो जाता है । यदि राज्य भ्रष्ट इसका पाठ करे तो वह राज्य तो प्राप्त करता ही है श्री भी प्राप्त करता है पुत्रहीन पुत्र प्राप्त करता है, योग न जानने वाला जितेन्द्रिय हो जाता है ॥ ६१-६२ ॥

---

१. वाहिनीम्—ग० । —आकाशस्थाने वसति तच्छीला ताम् ।

२. असिताम्—ग० । —कृष्णामित्यर्थः ।

३. शिखाकाराम्—ग० ।

कवचं धारयेद्यस्तु शिखायां[२] दक्षिणे भुजे ।
वामा वामकरे धृत्वा सर्वाभीष्टमवाप्नुयात् ॥ ६३ ॥
स्वर्णे रौप्ये तथा ताम्रे स्थापयित्वा प्रपूजयेत् ।
सर्वदेशे सर्वकाले पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ६४ ॥
स भूयात् कुण्डलीपुत्रो नात्र कार्या विचारणा ॥ ६५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिविद्याप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे कन्दवासिनीकवचं नाम त्रयस्त्रिंशः[१] पटलः ॥ ३३ ॥

— ❧ ❖ ☙ —

जो साधक शिखा में अथवा दक्षिण भुजा में इस कवच को धारण करता है अथवा स्त्री बाईं भुजा में धारण करे तो उनके सारे अभीष्टों की तत्काल सिद्धि हो जाती है । स्वर्ण के या चाँदी के अथवा ताम्रपात्र में देवी की स्थापना कर पूजा करनी चाहिए । सभी स्थान पर सभी काल में ( कवच ) पढ़ने से सिद्धि प्राप्त होती है । ऐसा पुरुष कुण्डली का पुत्र बन जाता है, इसमें विचार की आवश्यकता नहीं ॥ ६३-६५ ॥

**॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन के सिद्धि विद्या प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवी भैरव संवाद में कन्दवासिनी कवच नामक तैंतीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३३ ॥**

— ❧ ❖ ☙ —

---

१. पञ्चत्रिंशत्—क० ।

# अथ चतुस्त्रिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच[1]

अथ भेदान् प्रवक्ष्यामि हिताय जगतां प्रभो ।
निर्मलात्मा शुचिः श्रीमान् ध्यानात्मा[2] च सदाशिवः ॥ १ ॥

**आनन्दभैरवी ने कहा**—हे प्रभो ! इसके अनन्तर जगत् के हित के लिए ( योग को ) कहती हूँ । सदाशिव निर्मलात्मा शुचि श्रीमान् ध्यानात्मा है ॥ १ ॥

स मोक्षगो ज्ञानरूपी स षट्चक्रार्थभेदकः[3] ।
त्रिगुणज्ञानविकलो[4] न पश्यति दिवानिशम् ॥ २ ॥
दिवारात्र्यज्ञानहेतोर्न पश्यति कलेवरम् ।
इति कृत्वा हि मरणं नृणां जन्मनि जन्मनि ॥ ३ ॥

वही मोक्ष देने वाले ज्ञान स्वरूप तथा षट्चक्रों का भेदन करने वाले हैं । किन्तु मनुष्य दिन रात त्रिगुणात्मक ज्ञान ( सत्त्व, रज, तम ) से विकल रहने के कारण उनको नहीं देख पाता । दिन रात का ज्ञान न रहने के कारण वह अपने शरीर का भी ध्यान नहीं करता । इसी कारण वह प्रत्येक जन्म में मृत्यु को प्राप्त होता रहता है ॥ २-३ ॥

तज्जन्मक्षयहेतोश्च[5] मम योगं समभ्यसेत् ।
पञ्चस्वरं[6] महायोगं कृत्वा स्यादमरो नरः ॥ ४ ॥

इसलिए जन्म के क्षय के लिए हमारे द्वारा बताए गए योग का अभ्यास करना चाहिए। उस महायोग का नाम पञ्चस्वर है, जिसके करने से मनुष्य अमर हो जाता है ॥ ४ ॥

तत्प्रकारं शृणुष्वाथ[7] वल्लभ प्रियदर्शन ।
तव भावेन[8] कथये न कुत्र वद शङ्कर ॥ ५ ॥

हे वल्लभ ! हे प्रिय दर्शन ! हे शङ्कर ! अब उस पञ्चस्वर नामक महायोग के प्रकार को सुनिए । मैं आपके ऊपर स्नेह के कारण उसे कहती हूँ । अतः उसे अन्यत्र प्रकाशित न कीजिये ॥ ५ ॥

---

१. श्रीभैरवी उवाच—क० । २. ध्यानाचार—ग० । ३. विभेदकः—ग० ।
४. त्रिगुणो विकुलो देवोऽनुपश्यति दिवानिशम्—ग० ।
५. तज्जन्म—ग० ।—तज्जन्मनः क्षयस्य हेतुः, तस्येत्यर्थः ।
६. पञ्चान्तरा—क० । ७. प्राण—ग० ।
८. तदभावेन कायेन कुत्रापि वद शङ्कर—ग० ।

यदि लोकस्य निकटे कथ्यते योगसाधनम्[1] ।
विघ्ना घोरा वसन्त्येव गात्रे योगादिकं कथम् ॥ ६ ॥
योगयोगाद् भवेन्मोक्षः[2] तत्प्रकाशाद्विनाशनम् ।
अतो न दर्शयेद् योगं यदीच्छेदात्मनः शुभम् ॥ ७ ॥

यदि लोगों के सामने योग साधन प्रकाशित हो जाता है तो साधक को महान् विघ्न होने लगते हैं फिर शरीर से किस प्रकार योग संभव हो सकता है । योग से युक्त हो जाने पर मोक्ष प्राप्ति संभव है । यदि योग प्रकाशित हो जाता है तो साधक का विनाश हो जाता है । इसलिए यदि अपना कल्याण चाहे तो अपना योग किसी के सामने प्रगट न करे ॥ ६-७ ॥

कृत्वा पञ्चामरा[3] योगं प्रत्यहं भक्तिसंयुतः ।
पठेत् श्रीकुण्डलीदेवीसहस्रनाम चाष्टकम् ॥ ८ ॥
महायोगी भवेन्नाथ षण्मासे नात्र संशयः ।
पञ्चमे वा[4] योगविद्या सर्वविद्याप्रकाशिनी ॥ ९ ॥

पञ्चामरयोग प्रतिदिन भक्तिपूर्वक निष्पन्न कर श्री कुण्डली देवी के एक हजार आठ नाम का पाठ करना चाहिए । हे नाथ ! ऐसा करने से साधक छः महीने में अथवा पाँच महीने में महायोगी बन जाता है इसमें संशय नहीं । वस्तुतः योगविद्या समस्त विद्याओं को प्रकाशित करने वाली है ॥ ८-९ ॥

कृत्वा पञ्चस्वरा सिद्धिं ततोऽष्टाङ्गादिधारणा ।
आदौ पञ्चस्वरा सिद्धिस्ततोऽन्या योगधारणा ॥ १० ॥

पञ्चस्वरों की सिद्धि कर तब अष्टाङ्ग योग वर्णित धारणा करनी चाहिए । अर्थात् पञ्चस्वर की सिद्धि प्रथमतः करके, तदनन्तर अन्य योग धारणा का विधान कहा गया है ॥ १० ॥

तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि सावधानावधारय ।
अहं जानामि संसारे केवलं योगपण्डितान् ॥ ११ ॥
तत् साक्षिणी ह्यहं नाथ भक्तानामुदयाय च ।
इदानीं कथये तेऽहं मम वा योगसाधनम् ॥ १२ ॥

हे नाथ ! उसका प्रकार कहती हूँ, सावधान होकर धारण कीजिए । क्योंकि सभी योग पण्डितों में केवल मैं ही उसका विधान जानती हूँ । हे नाथ ! मैं उसकी साक्षिणी हूँ, इसलिए इस समय भक्तों के कल्याण के लिए उसे कहती हूँ, क्योंकि योग साधन आपके पास है अथवा हमारे पास है ॥ ११-१२ ॥

एवं कृत्वा नित्यरूपी योगानामष्टधा यतः ।
ततः कालेन पुरुषः सिद्धिमाप्नोति निश्चितम् ॥ १३ ॥

---

१. योगधारणम्—ग० ।
२. योगानां योगस्तस्मादित्यर्थः ।
३. स्वरा—ग० ।
४. स्वरा—ग० ।

इसे नित्य करके तब अष्टाङ्ग योग करना चाहिए । फिर तो कुछ काल के अनन्तर पुरुष को निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त होती है ॥ १३ ॥

पञ्चामरा विधानानि क्रमेण शृणु शङ्कर ।
नेतीयोगं हि सिद्धानां महाकफविनाशनम् ॥ १४ ॥
दन्तियोगं[1] प्रवक्ष्यामि[2] पश्चाद् हृदयभेदनात् ।
धौतीयोगं ततः पश्चात् सर्वमलविनाशनात्[3] ॥ १५ ॥

हे शङ्कर ! अब पञ्चामर विधान को एक एक के क्रम से सुनिए ! नेती योग सिद्धों के समस्त कफ को विनष्ट करने वाला है । उसके पश्चात् हृदय का भेदन करने वाले दन्तीयोग कहूँगी । इसके पश्चात् सम्पूर्णमल के विनाश करने वाले धौती योग कहूँगी ॥ १४-१५ ॥

नेउलीयोगमपरं सर्वाङ्गोदरचालनात् ।
क्षालनं परमं योगं नाडीनां क्षालनात्[4] स्मृतम् ॥ १६ ॥
एतत् पञ्चामरायोगं यमिनामतिगोचरम्[5] ।
यमनियमकाले[6] तु पञ्चामराक्रियां यजेत् ॥ १७ ॥

फिर सर्वाङ्ग तथा उदर को संचालित करने वाले नेउली योग इसके बाद क्षालन नामक परमयोग को कहूँगी । नाडियों का प्रक्षालन करने के कारण इसका नाम क्षालन है । यह पञ्चामर योग संयम करने वाले योगियों की जानकारी से बाहर है । इसलिए यम नियम के समय योगी को पञ्चामर क्रिया करनी चाहिए ॥ १६-१७ ॥

अमरा साधनादेव[7] अमरत्वं लभेद् ध्रुवम् ।
एतत्करणकाले च तथा पञ्चामरासनम्[8] ॥ १८ ॥
पञ्चामराभक्षणेन[9] अमरो योगसिद्धिभाक् ।

अमरा के साधन से साधक अवश्य ही अमरता प्राप्त कर लेता है, इसके करने के समय पञ्चामरासन तथा पञ्चामरा का भक्षण करने से योग की सिद्धि प्राप्त हो जाती है और साधक अमर हो जाता है ॥ १८-१९ ॥

तानि द्रव्याणि वक्ष्यामि तवाग्रे परमेश्वर ॥ १९ ॥
येन हीना न सिद्ध्यन्ति कल्पकोटिशतेन च ।
एका तु अमरा दूर्वा तस्या ग्रन्थिं समानयेत् ॥ २० ॥

हे परमेश्वर ! अब भक्षण के लिए आपके आगे उन पञ्चामर द्रव्यों को कहती हूँ ।

---

१. दन्ती—क० । २. ततः पश्चात् हृदयग्रन्थिभेदनात्—ग० ।
३. विनाशनम्—ग० । ४. क्षालनम्—ग० ।
५. स्मरा—ग० । ६. यमाश्च नियमाश्च यमनियमाः, तेषां काले इति भावः ।
७. त्वराक्रियाञ्चरेत्—ग० । ८. पञ्चाक्षर—ग० । ९. पञ्चमद्या—ग० ।

जिनके बिना सेवन किए कोई सैकड़ों करोड़ कल्प में भी सिद्ध नहीं हो सकता । एक अमरा दूर्वा है उसकी ग्रन्थि ले आनी चाहिए ॥ १९-२० ॥

अन्या तु विजया देवी सिद्धिरूपा सरस्वती ।
अन्या तु बिल्वपत्रस्था शिवसन्तोषकारिणी ॥ २१ ॥
अन्या तु योगसिद्ध्यर्थे निर्गुण्डी[1] चामरा मता ।
अन्या तु कालितुलसी श्रीविष्णो: परितोषिणी ॥ २२ ॥

दूसरी अन्य विजया देवी है जो सिद्धि स्वरूपा सरस्वती है, तीसरी अमरा बिल्वपत्र में रहने वाली है, जो सदाशिव को तृप्त करने वाली हैं। इसके अतिरिक्त योगसिद्धि के लिए चौथी निर्गुण्डी अमरा कही गई है । इसके बाद पाँचवीं अमरा काली तुलसी है, जो श्री विष्णु को संतुष्ट करने वाली है ॥ २१-२२ ॥

एता: पञ्चस्वरा: ज्ञेया योगसाधनकर्मणि ।
एतासां द्विगुणं ग्राह्यं विजयापत्रमुत्तमम्[2] ॥ २३ ॥

इन्हें पञ्चस्वरा भी कहते हैं, योगसाधन कर्म में इनका उपयोग करना चाहिए । इन सभी का दुगुना उत्तम विजया पत्र ग्रहण करना चाहिए ॥ २३ ॥

ब्राह्मणी क्षत्रिया वैश्या शूद्रा: सर्वत्र पूजिता: ।
एतद्द्रव्याणि सङ्ग्राह्य भक्षयेच्चूर्णमुत्तमम् ॥ २४ ॥
तच्चूर्णभक्षसमये एतन्मन्त्रादिपञ्चमम् ।
पठित्वा भक्षणं कृत्वा नरो मुच्येत सङ्कटात् ॥ २५ ॥

ब्राह्मणी, क्षत्रिया, वैश्या और शूद्रा जाति की सभी विजया सर्वत्र पूजनीय हैं । इन द्रव्यों को एकत्रित कर इनका श्रेष्ठ चूर्ण भक्षण करना चाहिए । इनके चूर्ण का भक्षण करते समय इन पाँच मन्त्रों को पढ़कर भक्षण करना चाहिए ऐसा करने से मनुष्य सङ्कटों से छूट जाता है ॥ २४-२५ ॥

ॐ त्वं दूर्वेऽमरपूज्ये त्वं अमृतोद्भवसम्भवे ।
अमरं मां सदा भद्रे कुरुष्व नृहरिप्रिये ॥ २६ ॥
ॐ दूर्वायै नम: स्वाहा इति दूर्वाया: ।
पुनर्विजयामन्त्रेण शोधयेत् सर्वकन्यका: ।
ॐ सविदे ब्रह्मसम्भूते ब्रह्मपुत्रि सदाऽनघे ।
भैरवाणां च तृप्त्यर्थे पवित्रा भव सर्वदा ॥ २७ ॥
ॐ ब्राह्मण्यै नम: स्वाहा ।
ॐ सिद्धिमूलकरे देवि हीनबोधप्रबोधिनि ।

---

१. नृत्यन्ती—ग० ।
२. विजयाया भङ्गाया: पत्रम् । भङ्गा इति तु 'भाँग' इति लोके प्रसिद्धम् ।

राजपुत्रीश्वरशङ्करि शूलकण्ठत्रिशूलिनि ॥ २८ ॥
ॐ क्षत्रियायै नमः स्वाहा ।
ॐ अज्ञानेन्धनदीप्ताग्नि ज्ञानाग्निज्ज्वालरूपिणि[1] ।
आनन्दाद्याहुतिं कृत्वा[2] सम्यक्ज्ञानं प्रयच्छ मे ॥ २९ ॥
ह्रीं ह्रीं वैश्यायै नमः स्वाहा
ॐ नमस्यामि नमस्यामि योगमार्गप्रदर्शिनि ।
त्रैलोक्यविजये मातः समाधिफलदा भव ॥ ३० ॥
श्रीं शूद्रायै नमः स्वाहा ।
ॐ काव्यसिद्धिकरी[3] देवी बिल्वपत्रनिवासिनि ।
अमरत्वं सदा देहि शिवतुल्यं कुरुष्व माम् ॥ ३१ ॥
ॐ शिवदायै नमः स्वाहा ।
निर्गुण्डि परमानन्दे योगानामधिदेवते ।
सा मां रक्षतु अमरे भावसिद्धिप्रदे नमः ॥ ३२ ॥
ॐ शोकापहायै नमः स्वाहा ।
ॐ विष्णोः प्रिये महामाये महाकालनिवारिणी[4] ।
तुलसी मां सदा रक्ष मामेकममरं कुरु ॥ ३३ ॥
ॐ ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं अमरायै नमः स्वाहा ।
पुनरेव समाकृत्य सर्वासां शोधनञ्चरेत् ॥ ३४ ॥

१. 'ॐ त्वं दूर्वे ... ... ... नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र दूर्वा के लिए है । फिर विजया मन्त्र पढ़कर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र जाति वाली विजया कन्याओं का इस प्रकार शोधन करें ।

२. 'ॐ सम्विदे ... ... ... ॐ ब्राह्मण्यै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर ब्राह्मण जाति वाली विजया का संशोधन करे । तदनन्तर 'ॐ सिद्धिमूल करे ... ... क्षत्रियायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर क्षत्रिय जाति वाली विजया का शोधन करे । इसके बाद 'ॐ अज्ञानेन्धन ... ... वैश्यायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर वैश्य जाति वाली विजया का शोधन करना चाहिए । इसके पश्चात् 'ॐ नमस्यामि ... ... शूद्रायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर शूद्रा जाति वाली विजया का संशोधन करे ।

३. तदनन्तर 'ॐ काव्यसिद्धिकरी ... .. शिवदायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर बिल्वपत्र का संशोधन करे ।

४. फिर 'निर्गुण्डि परमानन्दे ... ... शोकापहायै नमः स्वाहा' पर्यन्त मन्त्र पढ़ कर निर्गुण्डी का संशोधन करे ।

५. फिर 'ॐ विष्णोः प्रिये ... ... मामेकममरं कुरु' पर्यन्त पढ़कर काली तुलसी का

---

१. ज्ञानाग्निज्वल—ग० । २. दत्वा—ग० ।
३. काम—ग० ।
४. कालजालविदारिणी—ग० ।—महाकालं निवारयति, तच्छीला ।

तत: प्रक्षाल्य तोयेन शनैर्गिलनमाचरेत् ॥ ४८ ॥
शनैः शनैः प्रकर्त्तव्यं कायावाक्चित्तशोधनम् ।

योगी इस प्रकार के दन्त काष्ठ को लेकर नित्य उसको चबाना चाहिए । दन्त काष्ठ का अग्रभाग कानी अंगुली के पर्व के समान होना चाहिए । ऐसे दन्तकाष्ठ को दाँतों के बल चबाते रहना उत्तम प्रक्रिया है, उसे जल से धो कर धीरे धीरे निगलते रहना चाहिए । इस प्रकार धीरे धीरे शरीर, वाणी एवं चित्त का शोधन करना चाहिए ॥ ४७-४९ ॥

यावदभिन्नकाष्ठाग्रं[1] नाभिमूले त्वनाक्षतम् ॥ ४९ ॥
तावत् सूक्ष्मतरं ग्राह्यमवश्यं प्रत्यहञ्चरेत् ।
हृदये जलचक्रञ्च यावत् खण्डं न जायते ॥ ५० ॥
तावत्कालं सर्वदिने प्रभाते दन्तधावनम्[2] ।
हृदये कफभाण्डस्य खण्डनं जायते ध्रुवम् ॥ ५१ ॥

जब तक काष्ठ का अग्रभाग बिना टूटे हुए बिना क्षति के नाभिमूल में पहुँच न जाए तब तक सूक्ष्मतर दन्त धावन प्रतिदिन आवश्यक रूप से करते रहना चाहिए । जब तक हृदय में रहने वाला जलचक्र खण्डित न हो, तब तक प्रतिदिन प्रभात समय में उक्त दन्तधावन करे, जिससे हृदय में स्थित कफभाण्ड निश्चित रूप से खण्डित हो जाए ॥ ४९-५१ ॥

पवनागमने सौख्यं प्रयाति योगनिर्भरम् ।
खेचरत्वं[3] स लभताम् अम्लानञ्च कटूद्भवम् ॥ ५२ ॥
मिष्टान्नं शाकदध्यन्नं द्विवारं रात्रिभोजनम् ।
अवश्यं सन्त्यजेद्योगी यदि योगमिहेच्छति ॥ ५३ ॥

ऐसा करने से वायु के मुख से वायु का आना सुखपूर्वक होता है, वह आकाश गमन में समर्थ हो जाता है ऐसा करने वाले योगी को खट्टा, कडुआ, मीठा, शाक तथा दधि से मिला हुआ अन्न, दो बार भोजन तथा रात्रि भोजन अवश्यमेव त्याग देना चाहिए ॥ ५२-५३ ॥

एकभागं मुद्गबीजं द्विभागं तण्डुलं मतम् ।
उत्तमं पाकमाकृत्य घृतदुग्धेन भक्षयेत् ॥ ५४ ॥
अथवा केवलं दुग्धं तर्पणं कारयेद् बुधः ।
कुण्डलीं कुलरूपाञ्च दुग्धेन परितर्पयेत् ॥ ५५ ॥

यदि वह योग चाहता हो तो एक भाग मूँग का बीज, उसका दूना चावल मिलाकर उत्तम पाक बनावे, फिर घृत मिश्रित दूध से उसका भक्षण करे । अथवा केवल

---

१. यावन्नायाति काष्ठाग्रं नाभिमूले त्वनाकुलम्--क० ।—न भिन्नं छिन्नं यत् काष्ठं तस्य अग्रमित्यर्थः ।

२. वद् धारणम्—ग० ।

३. खेचरान्नं लवणजं अम्लानं कटूद्भवम् —क० ।

दूध से ही बुद्धिमान् साधक उदर की तृप्ति करे क्योंकि कुलरूपा कुण्डलिनी दुग्ध से ही संतुष्ट रहती है ॥ ५२-५५ ॥

कुण्डलीतर्पणं योगी यदि जानाति शङ्कर ।
अनायासेन योगी स्यात् स ज्ञानीन्द्रो भवेद्ध्रुवम् ॥ ५६ ॥

हे शङ्कर ! यदि योगी कुण्डली का तर्पण जान ले तो वह अनायास ही योगी बन जाता है और निश्चित रूप से ज्ञानियों में सर्वश्रेष्ठ हो जाता है ॥ ५६ ॥

यमनियमपरो यः कुण्डलीसेवनस्थो
विभवविरहितो वा भूरिभाराश्रितो[1] वा ।
स भवति परयोगी सर्वविद्यार्थवेदी
गुणगणगगनस्थो मुक्तरूपी गणेशः ॥ ५७ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे पञ्चामरासाधनं[2] नाम चतुस्त्रिंशः[3] पटलः ॥ ३४ ॥

जो यम नियम का अभ्यास करते हुए कुण्डलिनी का सेवन करता है, वह भले ही वैभव रहित हो अथवा भूमिभार से आक्रान्त हो, वह अवश्य ही सर्वश्रेष्ठ योगी बन जाता है, सभी विद्याओं का अर्थ उसे भासित होने लगता है और गुणगणों में सबसे ऊँचा मुक्त स्वरूप तथा गणेश बन जाता है ॥ ५७ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन के षट्चक्रप्रकाश प्रकरण में भैरवीभैरव संवाद में चौंतीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३४ ॥

१. भूति—ग० ।—भूरिभारमाश्रित इत्यर्थः ।
२. पञ्चस्वरायोग—ग० ।
३. षट्त्रिंशः—क० ।

# अथ पञ्चत्रिंश: पटल:

आनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्ये महाकाल रहस्यं चातिदुर्लभम् ।
यस्य विज्ञानमात्रेण नरो ब्रह्मपदं लभेत् ॥ १ ॥
आकाशे तस्य राज्यञ्च खेचरेशो भवेद् ध्रुवम् ।
धनेशो भवति क्षिप्रं ब्रह्मज्ञानी भवेन्नर: ॥ २ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल ! अब अत्यन्त दुर्लभ रहस्य कहती हूँ जिसके जान लेने मात्र से मनुष्य ब्रह्मपद प्राप्त कर लेता है । उसका राज्य आकाश मण्डल में हो जाता है अवश्यमेव वह खेचरगामी हो जाता है । ऐसा मनुष्य शीघ्र ही धनपति बन जाता है तथा ब्रह्मज्ञानी हो जाता है ॥ १-२ ॥

योगानामधिपो राजा वीरभद्रो यथाकवि: ।
विरिञ्चिगणनाथस्य[1] कृपा भवति सर्वदा ॥ ३ ॥

वह वीरभद्र के समान योगेश्वर तथा शुक्र के समान हो जाता है । उसके ऊपर सर्वदा विरिञ्चि ( ब्रह्मा ) तथा गणनाथ ( गणेश ) की कृपा रहती है ॥ ३ ॥

य: करोति पञ्चयोगं स स्यादमरविग्रह: ।
धौतीयोगं प्रवक्ष्यामि यत्कृत्वा निर्मलो भवेत् ॥ ४ ॥

जो पञ्चयोग ( नेती आदि ) की क्रिया करता है वह शरीर से अमर हो जाता है । अब मैं धौत योग कहूँगी, जिसके करने से साधक निष्पाप हो जाता है ॥ ४ ॥

अत्यन्तगुह्यं योगं च समाधिकरणं नृणाम् ।
यदि न कुरुते योगं तदा मरणमाप्नुयात् ॥ ५ ॥

यह योग अत्यन्त, गुप्त है, मनुष्यों को समाधि प्रदान करता है । यदि इस योग का अनुष्ठान नहीं किया गया तो मृत्यु की प्राप्ति होती है ॥ ४-५ ॥

धौतीयोगं विना नाथ क: सिद्ध्यति महीतले ।
सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं वस्त्रं द्वात्रिंशद्धस्तमानत:[2] ॥ ६ ॥

---

१. गोविन्द—क० ।

२. कुम्भमानकम्—ग० ।

एकहस्तक्रमेणैव यः करोति शनैः शनैः ।
यावद् द्वात्रिंशद्धस्तञ्च[1] तावत्कालं क्रियाञ्चरेत् ॥ ७ ॥

हे नाथ ! इस भूतल पर धौती योग के बिना कौन सिद्ध हो सकता है ? पतला से पतला वस्त्र जो प्रमाण में ३२ हाथ लम्बा हो उसे ग्रहण करे । एक एक हाथ के क्रम से धीरे-धीरे जो प्रतिदिन निगलता है जब तक ३२ हाथ का निगलन न कर ले तब तक इस क्रिया को करते रहना चाहिए ॥ ६-७ ॥

एतत्क्रिया[2] प्रयोगेण योगी भवति तत्क्षणात् ।
क्रमेण मन्त्रसिद्धिः स्यात् कालजालवशं नयेत् ॥ ८ ॥
एतन्मध्ये चासनानि शरीरस्थानि चाचरेत् ।
दृढासने योगसिद्धिरिति तन्त्रार्थनिर्णयः[3] ॥ ९ ॥

इस क्रिया के अनुष्ठान से साधक तत्क्षण योगी बन जाता है, उसे मन्त्र की सिद्धि हो जाती है तथा वह काल समूहों को अपने वश में कर लेता है । इस क्रिया के करते समय शरीर में होने वाले आसनों को करता रहे । क्योंकि आसन के दृढ होने पर ही योगसिद्धि होती है, ऐसा तन्त्र शास्त्रों के द्वारा अर्थ निर्णय किया गया है ॥ ८-९ ॥

सिद्धे मनौ परावाप्तिः पञ्चयोगासनेन च ।
पार्श्वे चाष्टाङ्गुलं वस्त्रं दीर्घे द्वात्रिंशदीश्वर ॥ १० ॥
एतत् सूक्ष्मं सुवसनं गृहीत्वा कारयेद् यतिः ।
जितेन्द्रियः सदा कुर्याद् ज्ञानध्याननिषेवणः ॥ ११ ॥
कुलीनः पण्डितो मानी विवेकी सुस्थिराशयः ।
धौतीयोगं सदा कुर्यात्तदैव शुचिगो भवेत् ॥ १२ ॥

पञ्चयोगासन से मन्त्र सिद्ध होता है और मन्त्र सिद्ध होने पर तत्व प्राप्त होता है । हे ईश्वर ! आठ अंगुल चौड़ा तथा ३२ अंगुल लम्बा अत्यन्त पतला सुन्दर वस्त्र ले कर यति को इस क्रिया का आरम्भ करना चाहिए । जितेन्द्रिय, ज्ञान और ध्यान में परायण कुलीन, पण्डित, मानी, विवेकी तथा स्थिर अन्तःकरण वाले साधक को धौतीयोग सर्वदा करना चाहिए, इसके करने से वह सर्वथा पवित्र हो जाता है ॥ १०-१२ ॥

अनाचारेण हानिः स्यादिन्द्रियाणां बलेन च ।
महापातकमुख्यानां सङ्गदोषेण हानयः ॥ १३ ॥

अनाचार करने से हानि तो होती ही है इन्द्रियों के बलवान् होने से तथा प्रधान महापातकों के सङ्ग दोष से भी अनेक हानियाँ उठानी पड़ती है ॥ १३ ॥

सम्भवन्ति महादेव कालयोगं सुकर्म च ।
वृद्धो वा यौवनस्थो वा बालो वा जड एव च ॥ १४ ॥

---

१. धात्रि कुम्भकञ्च—ग० ।
२. एषा चासौ क्रिया च, तस्याः प्रयोगः, तेनेत्यर्थः । ३. मन्त्रार्थ—ग० ।

करणाद्दीर्घजीवी स्यादमरो लोकवल्लभः ।
मन्त्रसिद्धिरष्टसिद्धिः स सिद्धीनामधीश्वरः ॥ १५ ॥

हे महादेव ! उत्तम काल में इस पुण्यधर्म को करना चाहिए । चाहे वृद्ध हो, चाहे जवानी की अवस्था में, चाहे बालक अथवा जड़ ही क्यों न हो, इस क्रिया के करने से दीर्घजीवी, अमर तथा लोकप्रिय होता है, मन्त्रसिद्धि ( और अणिमा, महिमा आदि ) अष्टसिद्धि प्राप्त करता है तथा सिद्धों का अधीश्वर बन जाता है ॥ १४-१५ ॥

शनैः शनैः सदा कुर्यात् कालदोषविनाशनात् ।
हृदयग्रन्थिभेदेन[१] सर्वावयववर्धनम्[२] ॥ १६ ॥

यह क्रिया धीरे-धीरे और सर्वदा करते रहना चाहिए, फिर काल के दोषों के विनष्ट हो जाने पर तथा हृदयान्तर्गत ग्रन्थि के नष्ट हो जाने पर साधक के शरीरावयवों की वृद्धि होने लगती है ॥ १७ ॥

तदा महाबलो ज्ञानी चारुवर्णो महाशयः ।
धौतीयोगोद्भवं कामं महामरणकारणम् ॥ १७ ॥

वह महाबलवान्, ज्ञानी, मनोहर वर्ण का तथा महाशय हो जाता है । धौती योग का अनुष्ठान करते समय यदि कामवासना उत्पन्न हो गई तो उसे महामरण का कारण समझना चाहिए ॥ १७ ॥

तस्य त्यागं यः करोति स नरो देवविक्रमः ।
श्वासं त्यक्त्वा स्तम्भनञ्च मनो दद्यान्महानिले ॥ १८ ॥

जो उस कामवासना का परित्याग कर देता है, वह साधक साक्षात् देवता के समान पुरुषार्थी है । श्वास का परित्याग कर उसे स्थिर रखे तथा मन को महानिल ( प्राणायाम ) में लगावे ॥ १८ ॥

श्वासादीनाञ्च गणनमवश्यं भावयेद् गृहे ।
प्राणायामविधानेन सर्वकालं सुखी भवेत् ॥ १९ ॥
वायुपानं सदा कुर्यात् ध्यानं कुर्यात्सदैव हि ।
प्रत्याहारं सदा कुर्यात् मनोनिवेशनं सदा ॥ २० ॥

घर पर प्राणायाम करते समय श्वास की गणना अवश्य करते रहना चाहिए । इस प्रकार के प्राणायाम के विधान से साधक सभी कालों में सुखी रहता है । सर्वदा वायुपान करें तथा सदैव ध्यान करे । इसी प्रकार इन्द्रियों को समेट कर सदा प्रत्याहार करें । जिससे मन परमात्मा में सन्निविष्ट हो जावे ॥ १९-२० ॥

---

१. हृदयस्य ग्रन्थिस्तस्य भेदेनेत्यर्थः ।
२. सर्वे च ते अवयवास्तेषां वर्धनम् ।

एतस्यानन्तरं नाथ क्षालनं परिकीर्तितम् ॥ २८ ॥
नाडीनां क्षालनादेव सर्वविद्यानिधिर्भवेत् ।
सर्वत्र जयमाप्नोति कालिकादर्शनं भवेत् ॥ २९ ॥

अब इसके बाद क्षालन की क्रिया करनी चाहिए । नाड़ियों के प्रक्षालन से साधक सभी विद्याओं का निधि बन जाता है । वह सर्वत्र विजय प्राप्त करता है तथा कालिका का दर्शन उसको होता है ॥ २८-२९ ॥

वायुसिद्धिर्भवेत्तस्य पञ्चभूतस्य सिद्धिभाक् ।
तस्य कीर्तिस्त्रिभुवने कामदेवबलोपमः ॥ ३० ॥
सर्वत्रगामी स भवेदिन्द्रियाणां पतिर्भवेत् ।
मुण्डासनं[1] हि सर्वत्र सर्वदा कारयेद् बुधः ॥ ३१ ॥

उस साधक को वायुसिद्धि हो जाती है तथा वह पञ्चभूतों के साधन का अधिकारी हो जाता है उसकी त्रिभुवन में कीर्ति होती है तथा कामदेव के समान बलवान् होता है । उसकी सर्वत्र अबाध गति हो जाती है, वह अपने इन्द्रियों का स्वामी हो जाता है । बुद्धिमान् साधक सर्वत्र सर्वदा मुण्डासन ( शीर्षासन ) करे ॥ ३०-३१ ॥

ऊर्द्ध्वे मुण्डासनं[2] कृत्वा अधोहस्ते जपं चरेत् ।
यदि त्रिदिनमाकर्तुं समर्थो मुण्डिकासनम् ॥ ३२ ॥
तदा हि सर्वनाड्यश्च वशीभूता न संशयः ।
नाडीक्षालनयोगेन मोक्षदाता स्वयं भवेत् ॥ ३३ ॥

ऊपर की ओर पैर, नीचे अपने शिर का आसन ( द्र०. २३, २४, २५ ) बनावे तदनन्तर नीचे की ओर रहने वाले हाथ से जप करे । यदि साधक मात्र तीन दिन तक मुण्डिकासन करने में समर्थ हो तो उसके शरीर की सभी नाडियाँ वशीभूत हो जाती हैं इसमें संशय नहीं । नाड़ी क्षालन नामक योग करने से वह स्वयं मोक्ष का अधिकारी हो जाता है ॥ ३२-३३ ॥

नाडीयोगेन सर्वार्थसिद्धिः स्यान्मुण्डिकासनात् ।
मुण्डासनं यः करोति नेऊलि-सिद्धिगो यदि ॥ ३४ ॥
नेऊलीसाधनगतो नेऊलीसाधनोत्तमः ।
तदा क्षालनयोगेन सिद्धिमाप्नोति साधकः ॥ ३५ ॥

मुण्डिकासन करने से तथा नाडी क्षालन योग से सभी अर्थों की सिद्धि हो जाती है । नेउली की सिद्धि करने वाला जो पुरुष है, वही मुण्डासन करे । नेउली साधन करने वाला जब नेउली साधन में निपुण हो जाय तब वह साधक नाडियों का क्षालन योग कर सिद्धि प्राप्त करता है ॥ ३४-३५ ॥

---

१. मुद्रासनम् इति—क० । २. पद्मासनम् इति—ग० ।

अन्यकाल में सर्वदा वायु ग्रहण करे । जब तक नेउली का ज्ञान न हो तब तक वायुपान न करे । अधिक संख्या में वायु का आगमन ग्रहण न करें । जब तक नेउली सिद्ध न हो तब तक केवल श्वास गणना ( प्राणायाम ) ही करे ॥ ४२-४३ ॥

पञ्चस्वरा[1] प्रकथिता[2] योगिनी सिद्धिदायिका ।
पञ्चस्वरसाधनादेव[3] पञ्चवायुर्वशो भवेत् ॥ ४४ ॥
प्रतापे सूर्यतुल्य: स्यात् शोकदोषापहारक: ।
सर्वयोगस्थिरतरं संप्राप्य योगिराड् भवेत् ॥ ४५ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवी संवादे पञ्चस्वरयोगसाधनं नाम पञ्चत्रिंश:[4] पटल: ॥ ३५ ॥

योगिनी सिद्ध करने वाले पञ्चस्वरों का वर्णन हमने पूर्व में कर दिया है । पञ्चस्वरों की साधना से ही पञ्च प्राणवायु वशीभूत हो जाते हैं । पञ्चवायु को वश में करने वाला साधक प्रताप में सूर्य के समान शोक और दोषों को दूर कर देता है तथा सर्वयोग से स्थिर वायु को प्राप्त कर योगिराज बन जाता है ॥ ४४-४५ ॥

**॥ श्री रुद्रयामल के उत्तर तन्त्र में महामन्त्रोद्दीपन प्रकरण के षट्चक्र प्रकाश वर्णन में भैरवीभैरव संवाद में साधन नामक पैंतीसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३५ ॥**

१. श्वासोच्छ्वासं प्रगणयेत यावन्नेऊली न सिध्यति इति—क अधिक: पाठ: ।
२. पञ्चामरा इति—क० ।　　　३. पञ्चमे साधनादेव इति—ग० ।
४. सप्तत्रिंश: इति—क० ।

मणिपुर नामक महालय में स्वदेवता का पूजन करे । फिर मणिपुर में रहने वाली १. रौद्री, २. महाशक्ति, ३. महोदया, ४. सर्वसञ्चारिणी, ५. योग्या, ६. महायोगिप्रिया एवं ७. परादेवी का भी अपने इष्टदेवता के चरण कमलों के समान ही पूजन करे ॥ १९-२० ॥

पूजां समाप्य विधिना स्तोत्रं देव्याः समाचरेत् ।
तत्प्राणवायुरूपेण[1] सिद्धीनां नाशहेतवे ॥ २१ ॥

विधिपूर्वक पूजा करने के अनन्तर प्राणवायु रूप से स्थित समस्त ( सिद्धियों ? ) विघ्नों के विनाश के लिए देवी के स्तोत्र का पाठ करना चाहिए ॥ २१ ॥

कृतं स्तोत्रं कोटिनाम ब्रह्मणा गुणकात्मना ।
तत्सर्वं प्रकरोष्येतत् प्रकारं ज्ञानशङ्कर ॥ २२ ॥
एतत्स्तोत्रप्रसादेन योगिनस्ते महौजसः ।
अहङ्कारघटी[2] ज्ञानं महाव्याधिनिवारणम् ॥ २३ ॥
महास्तवनमेवं हि साक्षादानन्दवर्धनम् ।
नय[3] भक्तिप्रदं शुद्धं [4]शुद्धानामप्यगोचरम् ॥ २४ ॥

गुणों की प्राप्ति की इच्छा से ब्रह्मदेव ने करोड़ो नाम से युक्त इस स्तोत्र का पाठ किया था । हे ज्ञानशङ्कर ! यह प्रकार सब कुछ कर देता है । इस स्तोत्र के प्रभाव से वे महायोगी महातेजस्वी बन गए । जिससे उन्हें आत्मज्ञान प्राप्त हो गया और उनके महाव्याधियों का निवारण भी हो गया । ऐसे भी यह सहस्रनाम महास्तोत्र साधक के साक्षात् आनन्द को बढ़ाने वाला है । यह नय ( नीति ) है, भक्ति प्रदान करने वाला है तथा शुद्ध साधक को आत्म दर्शन कराने वाला है ॥ २२-२४ ॥

त्रितत्त्वलाकिनीस्तवनम्

शिवां शक्यामाद्यां दशदलगतां रुद्रमहिषीं
विशालाक्षीं[5] सूक्ष्मां[6] शशियुतजटाजूटमुकुटाम्[7] ।
महाविद्युत्कोटिप्रियजडितपीठे त्रिनयनां
महालाकिन्याख्यां दशदल[8]कलां भावयति कः ॥ २५ ॥

शिवा, सब कुछ करने में समर्थ, आद्या, दशदल पर निवास करने वाली रुद्र महिषी, जिनके नेत्र विशाल हैं, जो अत्यन्त सूक्ष्म हैं, जिनके जटाजूट में चन्द्रमा रूप मुकुट का निवास है, जो करोड़ों विद्युत् के समान जटित अपने पीठ पर विराजमान हैं, जिनके तीन

---

१. तद्वायुप्रागसदने — क० । २. अहङ्कारपराणाव्य — क० ।
३. लय — क०, भक्तिप्रदमिति च — क० । ४. शुद्धानामात्मगोचरमिति — क० ।
५. विशालाक्षीम् — ख०, ग० । ६. शत — ख०, ग० ।
७. शशिना युतानि जटाजूटमुकुटानि यस्याः सा, अत्यन्तं प्रकाशमयी भास्वरा इति तात्पर्यम् । ८. गते — ग० ।

## तन्त्रशास्त्र - ग्रन्था :

१. **कुण्डलिनी शक्ति** । (योग तांत्रिक साधना प्रसंग) । अरुणकुमार शर्मा

२. **तन्त्रसारः** । हिन्दी टीका सहित । परमहंस मिश्र । १-२ भाग

३. **त्रिपुरा रहस्यम्** । ज्ञानखण्ड । जगदीश चन्द्र मिश्र

४. **दुर्गासप्तशती** । दुर्गाप्रदीप-गुप्तवती-चतुर्धरी- शान्तनवी-नागोजीभट्टी-जगच्चन्द्रचन्द्रिका-दंशोद्धार-सप्तटीकायुक्त । हरिकृष्ण शर्मा संग्रहित ।

५. **श्रीदेवीरहस्यम्** । सम्पादक - रामचन्द्र काक एवं हरभट्ट शास्त्री कृत

६. **नीलसरस्वती-तन्त्रम्** । हिन्दी अनुवाद कृत एस. एन. खण्डेवाल

७. **पुरश्चर्यार्णवः** । श्री ५ नेपालमहाराजाधिराज प्रतापसिंह साहदेव विरचित । सम्पादक-म.म.पण्डित-मुरलीधर झा महादेव

८. **प्राणतोषिणी** । श्री रामतोषण भट्टाचार्य

९. **बृहन्नीलतन्त्रम्** । सम्पादक - मधुसुदन कौल

१०. **ललितासहस्रनाम** । श्री भारतभूषण कृत हिन्दी व्याख्या सहित ।

११. **विज्ञानभैरवः** । हिन्दी व्याख्या सहित । श्रीबापूलाल 'आञ्जना'

१२. **रूद्रयामलतन्त्रम्** ।(उत्तरतन्त्र) । हिन्दी टीका सहित । सुधाकर मालवीय

१३. **सिद्धनागार्जुनतन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेवाल

१४. **भुतडामरतन्त्रम्** ।हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेवाल

१५. **मन्त्र और मातृकाओं का रहस्य** । शिवशङ्कर अवस्थी

१६. **परलोक विज्ञान** । अरूण कुमार शर्मा

१७. **दुर्गासप्तशती** । **मूलमात्र** । नवचण्डी-शतचण्डी-सहस्रचण्डी-पल्लव-योजनाविधी-कवचार्गला-कीलक-कुञ्जिकास्तोत्रधनेक विषयालङ्कृता

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी